व० केल्ले और म० कोवालजोन

ऐतिहासिक भौतिकवाद

समाज के मार्क्सवादी सिद्धांत की रूपरेखा

अनुवादक अली अशरफ

В КЕЛЛЕ и М КОВАЛЬЗОН

Исторический материализм

Очерк марксистской теории общества

На языке хинди

К $\frac{10503-539}{014(01)-74}$ 345—73

विषय सूची

सामाजिक सज्ञान की विशिष्टताए और कठिनाइया

मनुष्य समाज मे केवल रहते और काम ही नही करते बल्कि उसका ज्ञान भी प्राप्त करते हैं, ठीक उसी तरह जैसे वे प्रकृति का ज्ञान प्राप्त करते हैं। समाज का सज्ञान मनुष्यो द्वारा उनके निकटतम सामाजिक वातावरण का बोध भर ही नही, बल्कि सम्पूण सामाजिक जीवन की छानबीन है। मानव समाज एक पचीदा वस्तु है, जो मनुष्य तथा प्रकृति की और मनुष्यो म एक दूसरे की पारस्परिक क्रिया से उत्पन्न होती है। मनुष्य, उनका क्रियाकलाप तथा उनके सबध वे सामाजिक तथ्य है, जो सामाजिक सज्ञान के विषय ह।

समाज स्थान मे व्याप्त होता है, क्योकि प्रागैतिहासिक समय मे भी मनुष्य सारी धरती पर फैल गय थे और उनके कमावेश अलग अलग, स्थानीय समूह बन गये थे, जैसे गण और कबीले, जो फिर विकसित होकर जाति बने और राज्यो का रूप धारण कर लिया। इसका अस्तित्व काल मे भी है और इसका एक निश्चित इतिहास होता है। अलग अलग मानव समुदायो के इतिहास तथा उनके आपस के सबध से मानवजाति का इतिहास अथवा समाज का इतिहास बनता है। सामाजिक सज्ञान मानव इतिहास की समस्त विविधता मे उसका सज्ञान है।

अकेले विज्ञान मे ही यह क्षमता है कि पूरे समाज के पैमाने पर मनुष्यो के कायकलाप तथा उनके सबधो के सारतत्व का तथा उसके इतिहास का परिज्ञान कर सके। सभी सज्ञान की तरह समाज का वैज्ञानिक सज्ञान भी तथ्यो तथा घटनाओ के वणन से आरम्भ होता है। परन्तु तथ्य विज्ञान की सामग्री से अधिक नही, और स्वय विज्ञान नही ह। विज्ञान का आरम्भ

सामान्यीकरण से होता है, जब नियमों का प्रकटन होता है और सिद्धांत सामने आता है, जिससे तथ्यों की विश्वस्त व्याख्या होती है। सामाजिक संज्ञान पर लागू किया जाये तो इसका अर्थ यह होता है कि मनुष्यों के कार्यकलाप तथा उनके संबंधों की व्याख्या करने में सिद्धांत का काम यह दिखाना है कि मनुष्य इतिहास का निर्माण जिस ढंग से करते हैं उसी ढंग से क्यों करते हैं, किसी और ढंग से क्यों नहीं करते। लेकिन क्या यह सम्भव भी है? मनुष्य तो बहरहाल आजाद है कि चाहे तो कोई और कार्य पद्धति अपना ले। अक्सर ऐसा होता है कि एक आदमी यह नहीं बता सकता कि उसने अमुक ढंग से क्यों काम किया, अन्य ढंग से क्यों नहीं किया। हम मनुष्यों के कार्यकलापों की व्याख्या, खासकर जब करोड़ों का सवाल हो तो कैसे कर सकते हैं? इसमें संदेह नहीं कि इतिहास में मनुष्यों के कार्यकलाप की वैज्ञानिक व्याख्या करना बहुत ही जटिल सैद्धांतिक कार्य है। क्या ऐसा करना सम्भव भी है? नवकांटवादियों* की तरह कुछ दार्शनिक इसे सम्भव नहीं समझते। उनका ख्याल है कि विज्ञान न केवल प्रकृति घटनाओं तथा प्रक्रियाओं की व्याख्या करने की क्षमता सिद्ध की है। जहां तक ऐतिहासिक प्रक्रिया का, समाज में मनुष्य के कार्यकलाप का सवाल है, उसकी वैज्ञानिक व्याख्या की ही नहीं जा सकती। इस प्रकार नवकांटवादी एच० रिक्ट ने लिखा है "प्राकृतिक तथा ऐतिहासिक विज्ञानों द्वारा स्थापित धारणाओं में सदा एक दूसरे के प्रति मौलिक तार्किक विरोध रहेगा।"** यह कोई आकस्मिक बात नहीं बल्कि एक निश्चित मत है। रिक्ट, विंडलबांड तथा बाडेन मत के अन्य प्रतिनिधि प्राकृतिक तथा सामाजिक

---

* नवकांटवाद—पूंजीवादी दर्शनशास्त्र की एक प्रवणता, जिसका उदय १९वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में इस प्रयास के रूप में हुआ कि प्रमुख जर्मन दार्शनिक इमानुइल कांट (१७२४–१८०४) के विचारों को पूंजीवादी समाज की नई सामाजिक तथा सैद्धांतिक आवश्यकताओं पर लागू करते हुए, विकसित किया तथा सुधारा जाये। नवकांटवाद में कई प्रवृत्तियां तथा मत शामिल हैं, जैसे बाडेन मत (१९वीं शती का अंत तथा २०वीं का प्रारम्भ) जिसने इतिहास के पद्धतिशास्त्र पर अपना ध्यान संकेंद्रित किया।

** Heinrich Rickert *Die Grenzen der naturwissenschaftlichen Begriffsbildung Eine Logische Einleitung in die historischen Wissenschaften* Tübingen 1921 s 145

विज्ञानो मे भेद का कारण यह बताते है कि प्रकृति के विपरीत समाज की सभी परिघटनाए व्यक्तिगत तथा अनन्य है, और इसी लिये प्राकृतिक विज्ञान सामान्यीकरण का तरीका अपना सकते है जबकि ऐतिहासिक विज्ञान विशिष्टीकरण के तरीके का प्रयोग करने के सिवा कुछ नही कर सकते। पूर्वोक्त प्रकृति मे निहित नियमो तथा कार्य कारणो की खोज निकालते ह (इसी लिये उनको विधिकर्ता अथवा नियम बनानेवाला कहा जाता है) और प्राकृतिक प्रक्रियाओ की व्याख्या तथा भविष्यवाणी करते ह, जबकि अवराक्त का हाल यह है कि उन्ह अपने आपको ठोस इतिहास की अलग अलग तथा अनन्य घटनाओ के वर्णन तक ही सीमित रखना पडता है। नवकाटवादियो ने सामाजिक विज्ञानो को भावचित्रीय (वर्णनात्मक) की सज्ञा दी। यह धारणा समाजविज्ञान को आज तक प्रभावित करती आ रही है। बहुत से लोग अभी भी सामाजिक सज्ञान की सभावना को अविश्वास की दृष्टि से देखते ह। इसके विपरीत दूसरे लोगो ने सामाजिक विज्ञान की सज्ञानात्मक क्षमताओ तथा अतर्वेधी शक्ति म अविश्वास पर आश्चर्य और यहा तक कि रोष भी प्रकट किया है। लेकिन मनोभाव यहा कुछ तर्कसगत नही। प्रश्न के सारतत्व की छानबीन करनी चाहिये। वास्तव म क्या हमे समाज तथा प्रकृति मे, और सामाजिक सज्ञान तथा प्राकृतिक विज्ञानो मे नवकाटवादियो द्वारा बताया हुआ अतर स्वीकार करना होगा? प्रत्यक्ष रूप से ऐसा लगेगा कि चूकि समाज वास्तव मे प्रकृति से भिन्न है इसलिये उनके विचार के पक्ष मे भी तर्क मौजूद है और यह विचार इसलिये और भी तर्कसगत लगेगा कि वह प्राकृतिक और सामाजिक परिघटनाओ की प्रकृतिवादी एकरूपता के प्रति अनुक्रिया का प्रतिफल है। परन्तु ध्यान देने योग्य बात यह है कि विज्ञान मे अपरोक्ष इद्रियबोध, इस प्रसग मे समाज तथा प्रकृति के बीच प्रत्यक्ष अन्तर बिलकुल पर्याप्त नही है। आखिर आज का स्वसिद्ध विचार भी कि पृथ्वी गोल है, किसी समय म इसलिये अमान्य था कि प्रत्यक्ष रूप से देखने म बात उलटी लगती थी। इसलिये समाज तथा प्रकृति के बीच का प्रत्यक्ष अतर भी नवकाटवादी विचार के पक्ष मे प्रत्यायक प्रमाण नही माना जा सकता। अत हमे प्रारम्भ सामाजिक सज्ञान की विशिष्टताओ की तथा उसको जिन कठिनाइयो का सामना करना पडता है उनकी छानबीन से करना चाहिये। आगे हम देखेगे कि समाजशास्त्र ने उन कठिनाइयो को दूर करने के लिये क्या किया।

प्रकृति के मुकाबले में सामाजिक जीवन की विशिष्टताओं तथा परिणामस्वरूप सामाजिक मकान की कठिनाइयों का 'सामान्यीकरण' निम्नलिखित ढंग से किया जा सकता है

प्रथम प्रकृति में जो कुछ होता है उसके प्राकृतिक कारण होते हैं। प्रकृति में अंधी, स्वतःस्फूर्त शक्तियां एक दूसरे पर अमल करती रहती हैं। किसी पेड़ पर बिजली गिरती है, हवा से आग की लपट तेज होती है, जंगल की आग वृक्षों को जलाकर राख कर देती है, राख में भूमि को खाद मिलती है—और इस प्रकार प्राकृतिक कारणों तथा परिणामों का अनवरत तारतम्य है जिसका कारण बताया जा सकता है, वैज्ञानिक विश्लेषण किया जा सकता है व्याख्या की जा सकती है। इनमें से कोई भी चीज पूर्वनिर्धारित उद्देश्य अथवा चेतन इरादे से नियंत्रित नहीं है।

मानव समाज का मामला भिन्न है। यहां जो कुछ भी होता है उसका कारण मनुष्यों का कार्यकलाप तथा एक दूसरे पर उनका अमल है। परंतु मनुष्य चेतन प्राणी है और प्रत्येक मनुष्य जो कुछ करता है, वह चाहे किसी भी ढंग से हो, पहले उसके मन से होकर गुजरता है। मनुष्य मनोवेग, चिंतन अथवा, कितना ही बुरा हो जाये तो, मन की तरंग के प्रभाव में काम करता है। ऐसी स्थिति में यही स्वाभाविक लगता है कि प्रकृति की तरह समाज का वैज्ञानिक विश्लेषण करना असम्भव है। सच तो यह है कि उन सभी विचारों तथा सिद्धांतों, आकांक्षाओं तथा कामनाओं, मनोवेग तथा मनतरंगों का, जिनसे मनुष्य को कुछ करने तथा निश्चित सामाजिक परिणाम उत्पन्न करने की प्रेरणा मिलती है, ध्यान में रखना असम्भव है। प्रसिद्ध फ्रांसीसी दार्शनिक पाल द हाल्बाख ने लिखा "उन भयंकर उपद्रवों में जो समय समय पर राजनीतिक समाजों की नींव हिला देते हैं और जिनसे अकसर साम्राज्यों का तख्ता उलट जाया करता है क्रांति के अभिकर्ताओं का, चाहे विध्वंसकों के रूप में हो या आहतों के, एक भी काम, एक भी शब्द, कोई विचार, कोई मनतरंग कोई मनोवेग ऐसा नहीं है जो अपने द्वारा उत्पन्न होनेवाले परिणामों के कारणों के रूप में अचूक ढंग से इस नैतिक चक्र में इन अभिकर्ताओं के स्थान के अनुसार काम न करते हों। यह बात उस मानस के लिये बिल्कुल प्रत्यक्ष होगी, जिसमें यह क्षमता हो कि इस क्रांति में भाग लेनेवालों के मन तथा शरीर की सभी

क्रियाओ तथा प्रतिक्रियाओ का बोध तथा अनुभव कर सके।"* निस्सन्देह हाल्बाख गलती पर है। भौतिक कणो की परस्पर क्रिया के मामले मे भी भौतिकविद सभी परिणामो की बिल्कुल ठीक ठीक भविष्यवाणी करने से इनकार करते है क्योकि उनकी परस्पर क्रिया मे न केवल अनिवार्यता, बल्कि सयोग भी सन्निहित होता है। समाज के मामले मे यह काम व्यावहारिक तथा सैद्धातिक दोनो दृष्टियो से असम्भव है क्योकि केवल यही नही कि प्रकृति की तरह समाज मे भी सयोग हुआ करता है और क्योकि किसी भी सामाजिक प्रक्रिया मे विविध प्रकार के नाते, सबध, परस्पर क्रियाए तथा कारक अपार सख्या मे सन्निहित होते, काम करते और घुलमिल जाते है, बल्कि इसलिये भी कि यहा चेतना, सकल्प, मनोवेग इत्यादि का प्रभाव भी पडता है। इन सब के कारण समाज के सज्ञान के लिये कुछ विशेष बातो को पूरा करना जरूरी हो जाता है। सामाजिक क्रिया के सज्ञान मे ध्यान देने की बात यह है कि सामाजिक क्रिया के सज्ञान मे हमेशा आत्मनिष्ठ तत्व मौजूद है। इसी मे सामाजिक सज्ञान की विशिष्टता तथा कठिनाई निहित है, जो कठिनाई वस्तुनिष्ठ तथा आत्मनिष्ठ के सबध की समस्या के समाधान द्वारा ही दूर की जा सकती है।

दूसरे, प्रकृति मे हर जगह पुनरावृत्ति होती है। प्रतिदिन पूरब से सूरज निकलता है तथा हर बसत मे वृक्ष हरे भरे हो जाते है। भौतिक पदार्थ गर्म होने पर फैलते है तथा प्रत्येक प्राणी जन्म लेता, जीवन व्यतीत करता और फिर मर जाता है। यद्यपि प्रकृति मे भी बिल्कुल समान रूप से पुनरावृत्ति नही होती, तो भी किसी हद तक भिन्न प्रक्रियाओ तथा वस्तुओ मे प्रत्यावर्त्ती तत्वो का अवलोकन सापेक्षतया आसान है। प्राकृतिक परिघटनाओ मे प्रत्यावर्त्ती तत्वो के अध्ययन से—चाहे यह अध्ययन प्राकृतिक स्थिति मे किया जाय अथवा प्रयोगशाला मे—देर सवेर उन नियमो का प्रकटन होता है, जो प्रकृति का नियन्त्रण करते है। आखिर नियम तो परिघटनाओ मे सामान्य, आवश्यक, अनिवार्य, स्थायी तथा प्रत्यावर्त्ती के सिवा और कुछ नही है।

मानव समाज मे मामला भिन्न है। यहा ठाम क्रियाए तथा ऐतिहासिक घटनाए सचमुच प्रगाढ रूप म विशिष्टीकृत होती है और यही उनका पुनरावृत्ति नही हाती। किसी भी ऐतिहासिक घटना का लीजिये, चाहे यूनान फारस के युद्ध हो अथवा सिकन्दर महान के सैनिक अभियान हो, या फ्रास का महान पूजीवादी क्राति, अथवा रूस मे महान अक्तूबर समाजवादी क्राति दूसरा विश्व युद्ध हो, या साम्राज्यवाद की औपनिवेशिक व्यवस्था का विघटन—ये सभी वास्तव म अद्वितीय है और अपन ठाम रूप म इनकी पुनरावृत्ति कभी नही हाती। इमस यह बात निकलती मालूम हागी कि समाज म कोई नियम नही ह कि पुनरावृत्ति के सामान्य वैज्ञानिक मानदड समाज पर लागू नही हो सकत और यह कि सामाजिक विज्ञान नाम की काई चीज नही हा सकती। लेकिन इस अनोखेपन का अबाधित नही समझना चाहिये। सामाजिक जीवन मे भी बहुत कुछ ऐसा है, जिसकी पुनरावृत्ति हाती है। आदमी जन्म लेते ह, बहुत सी बात सीखत ह, काम करत, परिवार बनाने मित्रा से भेंट मुलाकात करते, अपने उद्देश्य निर्धारित करते ह, इत्यादि इत्यादि। इसका अर्थ यह ह कि विभिन्न जिला, इलाका देशा, राष्ट्रा तथा राज्या मे जीवन स्थितिया, लोकाचार की अपार विविधता इतिहास की विशिष्टता के बावजूद सामाजिक जीवन को निकट से देखने पर मालूम होगा कि उसम भी बहुत अधिक ऐसा है, जो सामान्य है तथा प्रत्यावर्ती हे पर जो पहली नजर मे ऐसा लगता नही है और परिणामस्वरूप सामाजिक विज्ञान की सम्भावनाए उतनी बेरग तथा निराशाजनक नही है। मूल बात यहा **सामान्य तथा विशिष्ट का सबध** है, जिस रूप मे इतिहास पर उसे लागू किया जाये।

आगे चल। नक्षत्र मडला का विकास तथा सूक्ष्म ब्रह्माड मे गति, भूगर्भ सबधी प्रक्रियाए और वनस्पति तथा जान्तव जातिया का विकास, अर्थात प्रकृति म गति तथा विकास के सभी रूप अपेक्षाकृत स्थायी परिस्थिति मे होते ह, जिसस प्रभेद तुलना तथा मापन सम्भव होता है।

समाज म स्थिति इससे बिल्कुल भिन्न है। इसका विश्लेषण हम शुरू कैसे कर? कुछ लोगा का कहना है कि मानव समाज का इतिहास निरतर बहाव की स्थिति मे है। करोडा अरबा आदमी, मर्द और औरते, जीवन बिताते और काम करते घर बसाते और बच्चे पालते, नगर बनाते और नई भूमि का विकास करत, पढत तथा खेलते, दोस्ती करते, लडाई झगडा

इन ऐतिहासिक मिसाला से यह जाहिर हाता है कि वर्गीय हिता का प्रभाव प्राकृतिक विज्ञाना द्वारा मुहैया की गयी सामग्री की दाशनिक व्याख्या पर तथा उन निष्कर्षों पर जा वैज्ञानिक आविष्कारा स दाशनिक उद्देश्य स निकाल जाते हैं पडता है।

हमारे अपने जमाने म धम ने बहुत अधिक सावधानी का रास्ता अपना लिया है और पुराहित वग के लाग खुल्लमखुल्ला इससे ज्यादा कुछ नही कहते कि विज्ञान का चाहिये कि जो भगवान का है उसे भगवान के लिय छोड दे अर्थात उसे धार्मिक विचारा की आलाचना नही करनी चाहिये। भौतिकी, रसायनशास्त्र, गणितविज्ञान, साइबरनेटिक्स, प्राणिविज्ञान तथा चिकित्साविज्ञान की महान उपलब्धिया ने प्राकृतिक विज्ञाना को किसी भी आधुनिक समाज का "प्रिय पात्र" बना दिया है, यद्यपि उनका प्रयोग हर जगह समान साथकता से अथवा एक ही सामाजिक उद्देश्य के लिये नही किया जाता।

समाज का सज्ञान बिल्कुल दूसरी चीज है। विराधपूण समाजा म लाग व्यवस्था उसके परिवतन या सरक्षण के सबध म भिन्न और यहा तक कि विरोधी विचार रखत ह, जिसका कारण यह है कि उसम सम्पत्तिवान तथा सम्पत्तिहीन वग शाषक तथा शाषित, उत्पीडक तथा उत्पीडित, स्वामी तथा चाकर वग हाते ह। कुछ लोग विद्यमान व्यवस्था को लाभकर समझत ह तथा उसको कायम रखने तथा मजबूत बनाने म सलग्न होत है, जबकि अय लाग उसस घणा करते तथा उससे छुटकारा पाना चाहते ह। पहला के लिये वह वरदान है, दूसरो के लिये विपदा का कारण। लोग सामाजिक तथ्या का क्या मूल्याकन करते ह तथा उनसे क्या निष्कष निकालते ह इसपर लागो के हिता का भारी प्रभाव पडता है। परन्तु यदि सामाजिक वस्तुस्थिति के सबध म निष्पक्षता नही होगी तो ऐसा लगेगा कि उनके अध्ययन म भी वस्तुनिष्ठता नही आ सकती। सवाल यह उठता है क्या समाज विज्ञान के लिय यह गुण हाना सम्भव है कि वह वस्तुनिष्ठता की दष्टि से सच्चा हा एक विज्ञान हो, अथवा उसस हम केवल इस याग्य हात हैं कि इतिहास के तथ्यो का वर्गीयकरण कर सके तथा अच्छे या बुरे न्याय या सामजस्य के किसी आदश की कसौटी पर उनका मूल्याकन करे? अभी तक हम यह देखत ह कि प्राकृतिक विज्ञाना जसे भौतिकी और गणित की उपलब्धिया का सभी देशा म समान मायता दी जाती तथा लागू किया

जाता है (किन उद्देश्यों और तरीकों से, यह दूसरा सवाल है), ऐसे देशों में भी, जिनकी सामाजिक व्यवस्थाएं भिन्न हैं लेकिन मानवशास्त्र जैसे दर्शनशास्त्र, समाजविज्ञान इतिहास तथा अर्थशास्त्र के निष्कर्षों के साथ ऐसा नहीं होता। इसमें सवाल पैदा होता है कि सामाजिक विज्ञानों में वर्गीय भावना तथा वस्तुनिष्ठता में, पार्टी भावना तथा सत्य में क्या संबंध है। इस समस्या पर हम आगे विचार करेंगे।

अतः इससे यह बिल्कुल प्रत्यक्ष है कि ज्ञान के विषय के रूप में समाज प्रकृति से बहुत कुछ भिन्न है, और यहां सैद्धांतिक विचार के समक्ष अवश्य ही बड़ी कठिनाइयां उपस्थित हो जाती हैं।

यही कारण है कि सामाजिक विज्ञानों की उत्पत्ति तथा विकास में इतना अधिक समय लग गया तथा इतना जटिल प्रयास करना पड़ा, यद्यपि मनुष्य सदा इन कठिनाइयों से अभिज्ञ भी नहीं था और इन कठिनाइयों की ओर ध्यान आकर्षित करना ही विज्ञान की एक उपलब्धि थी।

लिखित इतिहास के हजारों बरसों में सामाजिक संज्ञान विकसित हुआ तथा धीरे धीरे उन शाखाओं में बंटता गया, जिनमें समाज के ज्ञान का संग्रह हुआ था और जिन्होंने वह आधार मुहैया किया जिसपर सामाजिक विज्ञान के तीन मूल क्षेत्रों का विशिष्टीकरण किया गया।

विज्ञान का पहला कदम उन ऐतिहासिक तथ्यों का, जो मनुष्य की स्मृति में सुरक्षित रखने योग्य थे, संग्रहण, संकलन तथा वर्णन था। इससे इतिहास के विज्ञान की उत्पत्ति हुई, जिसका धीरे धीरे शाखाविभाजन हुआ और जो अब ऐतिहासिक ज्ञान की एक सम्पूर्ण शाखा के रूप में विकसित हो चुका है।

राजनीति, कानून, शिक्षण, सौंदर्यशास्त्र, भाषाविज्ञान, अर्थशास्त्र आदि संबंधी ज्ञान की आवश्यकता सरकार, न्याय व्यवस्था, राजनयिक तथा सैनिक कार्यकलाप की जरूरतों, शिक्षा तथा कला के विकास तथा अर्थव्यवस्था की बढ़ती हुई जटिलता के कारण पैदा हुई। इससे ऐसे विज्ञानों का एक समूह उत्पन्न हुआ, जो पूरे समाज का अध्ययन नहीं करते बल्कि केवल उसके विभिन्न पहलुओं का, सामाजिक जीवन के खास वृत्तांत तथा प्रक्रियाओं का अध्ययन करते हैं। ये विज्ञान, जिनमें समाज के किसी विशेष, ठोस 'हिस्सों' अथवा पहलुओं का अध्ययन किया जाता है आम तौर से विशिष्ट या ठोस सामाजिक विज्ञान कहे जाते हैं।

अत म, ऐतिहासिक ज्ञान के विकास तथा सामाजिक जीवन के अलग अलग पहलुओ के अध्ययन के साथ साथ एसी धारणाए भी विकसित हुई, जिनम समाज तथा उसके इतिहास का एक अखड दृष्टिकोण व्यक्त किया गया था। यह सामाजिक सज्ञान का आवश्यक तत्व है क्योकि कोई भी ठोस सामाजिक विज्ञान पूरे समाज को अपनी परिधि म नही लेता। मानव इतिहास की इस प्रकार की धारणा की आवश्यकता सभी ठोस सामाजिक विज्ञानो को ह, क्योकि इससे उन्ह पहला कदम उठाने का प्रारम्भिक स्थल तथा एक सामान्य सैद्धातिक आधार मिल जाता है। यही कारण है कि पहले दिनो म बहुत से प्रमुख इतिहासकारो, दार्शनिको तथा समाजशास्त्रियो ने सामाजिक जीवन को एक सम्पूर्ण वस्तु के रूप म समझने का प्रयास किया तथा ऐतिहासिक ज्ञान के स्वरूप, इतिहास के अर्थ, जीवन म मनुष्य के उद्देश्य तथा समाज की नियति के सबध म सवालो का उत्तर ढूढने की चेष्टा की। य सवाल अभी से ही **दार्शनिक** समस्याए हो गये ह क्योकि ये विश्व तथा उसम मनुष्य के स्थान के बारे म सपूर्ण दृष्टिकोण का एक अग ह।

दर्शनशास्त्र एक विशिष्ट विज्ञान है जो अन्य सभी विशेष प्राकृतिक तथा सामाजिक विज्ञानो स इस बात मे भिन्न है कि वह विश्व का तथा विश्व म मनुष्य के स्थान का बोध सबस सामान्य प्रवर्गो तथा सबसे सामान्य नियमो के सदर्भ म करने का प्रयत्न करता है। यह विश्व क्या है, जिसका एक अग हम मनुष्य भी ह? वस्तुओ तथा क्रियाओ की इस अपार विविधता की उत्पत्ति कैसे हुई? क्या इस जगत का निर्माण किसी अतिप्राकृतिक शक्ति ने किया अथवा यह सदा स चला आ रहा है, स्वय अपने नियमो के अनुसार विकसित होता आ रहा है जिनका निर्माण किसी ने नही किया? ये सभी सवाल उसी मूल प्रश्न के अग ह, जिसका उत्तर दिये बिना विश्व का एक सुसगत दृष्टिकोण प्रस्तुत करना असम्भव है। **दर्शनशास्त्र का मूल प्रश्न** यह है पहले कौन हुआ—भौतिक अथवा आध्यात्मिक? अनगिनत दार्शनिक मतो प्रवृत्तियो तथा विचारधाराओ को **दो मुख्य मतो** अथवा पक्षो मे बाटा जा सकता ह **भौतिकवाद**, जो भौतिक वस्तुओ को प्राथमिकता प्रदान करता है, तथा **भाववाद** जो आध्यात्मिक चीजो को प्राथमिकता देता है। अत इनमे से प्रत्येक पक्ष न विश्व के सज्ञान के सबध म अपना सिद्धात तयार किया है। भौतिकवादियो का कहना है कि मनुष्य की सवेदना तथा सबोधना जिनके जरिये सज्ञान प्राप्त होता है, जगत का प्रतिबिम्ब ह, जबकि भाव

वादियो का मत है कि ज्ञान या तो विश्व के अलौकिक ईश्वरीय सार की अभिव्यक्ति है, या मनुष्य द्वारा ज्ञान का स्वय अपना निर्माण है। भौतिकवादी दृष्टिकोण वज्ञानिको को बताता है कि विश्व जसा है उसको वैसा ही देखें, और वह ठोस विज्ञानो पर आधारित एक विश्व दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयत्न करता है। भाववादी दृष्टिकोण विश्व का एक ऐसा दृश्य प्रस्तुत करता है, जो मूलत विकृत है, विज्ञानो पर स्वय अपनी स्कीमें थोपता है, और इनके कारण उनके विकास मे बाधा पडती है तथा सच्चे ज्ञान की प्रगति मद पड जाती है। लेकिन इसका यह मतलब नही कि भाववादी वैज्ञानिको ने ज्ञान की प्रगति के लिये कुछ किया ही नही। ऐसा कहना बहुत ही भद्दी और घटिया बात होगी। इस सवाल पर ऐतिहासिक दृष्टिकोण से विचार करना होगा। यह मालूम है कि दार्शनिक ज्ञान का विकास भौतिकवाद के आधार पर तथा भाववादी दृष्टिकोण के चौखटे के भीतर, दोनो पक्षो के बीच विचारो की टक्कर और मुकाबले के दौरान म हुआ है। एक और बात जिसे ध्यान म रखना चाहिये यह है कि अतीत काल मे स्वय भौतिकवाद म एक मौलिक सवाल पर बडी कमजोरी थी वह **अतिभूतवादी** था। वह एक ऐसा भौतिकवाद था, जो विकास और परिवतन की स्थिति म विश्व का अवबोध और ज्ञान प्राप्त करने म असमर्थ था। जहा उसने मानवीय अवधारणाओ की भौतिक प्रकृति की, भौतिक सार की सही व्याख्या की, वहा उसने इनको बधा-टका, गतिहीन तथा अपरिवर्तनशील मान लिया। अतिभूतवादी भौतिकवादी विचारक मनुष्य की चेतना को भूत का निष्क्रिय प्रतिबिम्ब मानते थ और उसकी सक्रिय भूमिका देखने मे असमथ थे। इस बीच, भाववादी, जो चारो ओर विश्व की विविधता को आत्मा, चेतना की सजनात्मक भूमिका का परिणाम मानते थे, दरअसल चेतना के सक्रिय पक्ष की व्याख्या म सलग्न थे। वह हेगल थे, जिन्होने चेतना का सिद्धात, धारणाओ की सवव्यापी लचक तथा गतिशीलता, अर्थात, धारणाओ की द्वद्वात्मकता के सिद्धात का ताना बाना सजग पूणतया बुना। उन्होने बिलकुल सचेत ढग स द्वद्ववाद का विवेचन उन नियमो के एक सिद्धात के रूप म किया, जो आत्मा के विकास को नियन्त्रित करते है, और ऐसा करने म उनकी प्रतिभा ने वास्तविक भौतिक जगत की द्वद्वात्मकता का आभास पा लिया। मार्क्स तथा एगेल्स ने हेगल के दर्शन की त्रुटियो की आलोचना करते तथा उनको दूर करते हुए भौ

द्वद्ववाद की व्याख्या की। इससे भौतिकवाद गुणात्मक दृष्टि से एक नई सतह पर पहुच गया तथा द्वद्वात्मक बन गया। अपने इस रूप म भौतिकवाद ने वज्ञानिक अनुसधान के लिये एक सच्चा दाशनिक तथा सैद्धातिक आधार तथा भाववाद के विरुद्ध सघष म एक कारगर अस्त्र प्रदान किया।

द्वद्वात्मक भौतिकवाद की उपलब्धि के साथ एक और बात जुडी हुई थी वह यह कि दशनशास्त्र मे मनुष्य का समावेश एक सक्रिय सामाजिक प्राणी क रूप म हुआ, जो अपने कम द्वारा व्यवहार मे विश्व का रूपातरण करता ह। कम प्रधानतया भौतिक उत्पादन के विश्लेषण स वस्तुगत रूप से अस्तित्वमान यथाथ की अवधारणा को मानव चिन्तन के सक्रिय पक्ष स जोडने म सहायता मिली। मानव कम की सही समझ सज्ञान के वज्ञानिक सिद्धात तथा सज्ञान के पूरे इतिहास दोना के लिये प्रारम्भिक बिदु का काम देती है।

यहा कुछ देर के लिये मूल दाशनिक धारणाओ के क्षत्र म इसलिय जाना पडा कि आगे की विवचना पर अधिक प्रकाश डाला जा सके क्योकि हम इन धारणाओ का अक्सर प्रयाग करना पडेगा। यह एक ऐसा विषय है जिसम दाशनिक शब्दावली का प्रयोग किये बिना काम नही चल सकता। दशन म सामान्य सामाजिक सिद्धात शामिल ह, और उसके रचयिता जिन दाशनिक उसूलो को लेकर चलते ह उनका प्रभाव स्वय इन सिद्धातो के सार तत्व पर तथा विभिन्न समस्याओ के समाधान की दिशा पर पडता है। सामाजिक विकास के माक्सवादी सिद्धात – ऐतिहासिक भौतिकवाद (इतिहास के भौतिकवादी दृष्टिकोण) का स्वरूप भी दाशनिक है।

इस प्रकार सामाजिक सज्ञान के इतिहास म ये बाते शामिल ह प्रथम, ऐतिहासिक विज्ञानो का विकास, दूसरे, ठोस सामाजिक विज्ञानो का विकास और, तीसरे सामान्य धारणाओ के निर्माण का बारम्बार प्रयास, जिनसे सम्पूर्ण सामाजिक प्रक्रिया का एक सश्लिष्ट दृष्टिकोण प्राप्त हो सके। यहा हम सबसे अधिक दिलचस्पी सामाजिक विज्ञान के इस तीसरे मौलिक क्षत्र म है।

दाशनिक-ऐतिहासिक सिद्धात तो बहुतेरे होते ह परन्तु वास्तविक सत्य एक ही होता है। इसलिये स्वाभाविक रूप म यह सवाल पैदा होता है क्या किसी एस सामान्य सिद्धात की सृष्टि करना सम्भव भी है, जो वास्तविकता क अनुरूप हो? क्या यह समझना अधिक सहज नही होगा

कि प्रत्यक सामान्य सिद्धात उसके रचियता के ग्रात्मगत दाशनिक दष्टिकोण ग्रथवा उसकी निश्चित मनाभावना की ग्रभिव्यक्ति के सिवा ग्रौर कुछ नही है? क्या मानवजाति इतनी प्रौढ हो चुकी है कि ग्रपने सामाजिक ग्रस्तित्व का गूढ ग्रथ समझ सके?

ग्राइये हम इन प्रश्ना के कुछ सक्षिप्त उत्तर दन का प्रयास कर। ग्रवश्य ही, जहा कोई सामाजिक सिद्धात समाज के सबध म विचारक के दाशनिक विचारा का वहिर्वेशन मात्र है, तो हमारा यह समझना उचित होगा कि यह एतिहासिक यथाथ के ग्रनुकूल नही है, बल्कि इसके विपरीत ऐतिहासिक यथाथ को एक वने-वनाये साचे म ढालन की कोशिश की गयी है। एक वनानिक सामाजिक सिद्धात की रचना के लिये समाज की प्रमुख विशेषताग्रा, उसके ग्रपने स्वरूप पर सवतोमुखी ढग से विचार करना ग्रावश्यक है। इस ग्रावश्यक्ता की विवेचना इन शब्दा मे की जा सकती है एक सामान्य सामाजिक सिद्धात को केवल दाशनिक नही वल्कि **दाशनिक समाजशास्त्रीय** होना चाहिये, जिससे यह प्रकट हो कि वह दशनशास्त्र की परिधि म है तथा साथ ही केवल दाशनिक ही नही बल्कि सामाजिक सज्ञान की व्यवस्था के भीतर भी है। सामाजिक विज्ञान की व्यवस्था के जिस तीसरे तत्व की चर्चा ऊपर की गयी वह यही समाजशास्त्रीय ज्ञान का क्षेत्र है। समाज के सवध म शुद्ध दाशनिक धारणाग्रो से दाशनिक-समाजशास्त्रीय धारणाग्रो मे सक्रमण, जो १६वी शताब्दी मे ही शुरू हो चुका था सामाजिक सज्ञान के विकास म एक वडा कदम था। यह इस वात का परिचायक था कि मानव चिन्तन ऐतिहासिक प्रक्रिया के ग्रधिक सही ज्ञान के सनिकट पहुच गया है, ऐसे ज्ञान के, जो समाज की खास विशिष्टताग्रा, सामाजिक तथ्या के समीक्षण पर ग्राधारित था।

इस स्थान पर हम ग्रालोचकगण यह कहत सुनाई देत है कि इतना व्यापक सामाजिक सिद्धात, जो समस्त सामाजिक यथाथ पर छाया हुग्रा हो, ग्रसम्भव है, केवल इस कारण कि इसे वहुत वडी सख्या मे तथ्या को ग्रहण करना चाहिये ग्रौर समाज का उसकी तमाम तफसीलो म पर्याप्त ग्रध्ययन नही किया गया है। यह वात कुछ पूजीवादी समाजशास्त्री ग्राज भी कहते ह। इस सवाल की विशेष छानबीन करने की जरूरत है।

निस्सदेह यह वात सही है कि जो सिद्धात तथ्या को नजरग्रन्दाज कर वह बेकार है। लेकिन क्या यह कहना सही है कि इतिहास तथा ग्रन्य

सामाजिक विनानो की बडी प्रगति ने इतनी पर्याप्त सामग्री नही मुहैया की है कि एक सामान्य सिद्धात की रचना की जा सके? फिर इस आलोचना का क्या कारण है? इसको समझने के लिये आइये हम पीछे चलकर यह देखें कि सवाल मूल रूप मे उठा कैसे था।

उन्नीसवी शताब्दी के मध्य में आग्युस्त कोन्त ने यह सिद्ध किया कि ख्याली दार्शनिक ऐतिहासिक स्थापनाए बेकार है और यह सुझाव रखा कि एक समाजशास्त्र की स्थापना की जाय, जिसका दर्शन से कोई सबध न हो और जो अनुभवमूलक सामग्री पर उसी तरह निर्भर करे जैसे प्राकृतिक विज्ञान करते है। लेकिन स्वय कोन्त ने इस विज्ञान की स्थापना नही की। यह बात आम तौर पर स्वीकार की जाती है कि "कोन्त ने समाजशास्त्र को उसका नाम तथा कार्यक्रम प्रदान किया, जिसका उन्होने उपदेश दिया मगर जिसपर स्वय अमल नही किया।"* दर्शनशास्त्र को समाजशास्त्र से निकालने के नाम पर उन्होने बस अपना प्रत्यक्षवाद का दर्शन उसपर थोप दिया। इसके आगे के विकास पर जिन प्रमुख पूजीवादी दार्शनिकों का प्रभाव पडा उनमे हर्बर्ट स्पेन्सर, एमिली दुर्खाइम, मार्क्स वेबर तथा विल्फ्रेदो पारेतो के नाम लिये जा सकते है।

यह समाजशास्त्र जिसको कोन्त, स्पेंसर तथा अन्य लोगो ने जन्म दिया, जिसका विकास प्रत्यक्षवादी दर्शन के साथ गहरे सम्पर्क की हालत मे हुआ और जो मार्क्सवाद के सिद्धात का विरोधी है, साधारणतया 'पारपरिक' कहा जाता है। लेकिन आगे चलकर यह बात स्पष्ट हो गयी कि इतिहास का केवल भाववादी दर्शन ही नही, जिसकी आलोचना कोन्त ने की था, बल्कि स्वय उसका अपना सद्धातिक समाजशास्त्र भी परिकल्पना मात्र का ही पत्र है और उसका व्यावहारिक महत्व कुछ नहीं है। समाजशास्त्र को एक ऐसे विज्ञान के रूप में जिसका व्यावहारिक महत्व हो स्थापित करने के प्रयास मे सयुक्त राज्य अमरीका के समाजशास्त्रियो ने, जिनमे उपयोगवादी प्रवृत्ति प्रबल था, एक पूजीवादी अनुभववादी समाजशास्त्र को रचा था, जिसे २०वी शताब्दी के लगभग पूरे पूर्वार्द्ध मे व्यापक रूप

---

* *Modern Sociological Theory in Continuity and Change* Ed by Howard Becker and Alvin Boskoff New York 1957 p 7

से स्वीकार किया जाता था। इसने सिद्धात को उपेक्षणीय घोषित किया और अपना ध्यान सकेंद्रित किया ठोस सामाजिक अनुसधान के तरीको तथा प्रविधिया पर तथा समाजशास्त्रीय धारणाश्रा का एक विशेष सग्रह तैयार करने पर जसे "सामाजिक क्रिया", "सामाजिक परिवतन", "समूह', "सचारण", "सघष", "अनुकूलन", "समीकरण' तथा "सामूहिक आचरण" आदि, आदि। आनुभविक अनुसधान की प्रगति तजी से हुई, अनुसधान की विशेष उपकरण-सामग्री तैयार की गयी उसके विशेष केंद्र तथा सस्थान खुले और कालिजा तथा विश्वविद्यालया मे विभाग स्थापित किये गये। "अनुभव – नान के आधार के रूप म नही, वल्कि सिद्धातवादिता के विरोधी उमूल के रूप म – सर्वोपरि घोषित किया गया। यह घोषणा कर दी गयी कि समाजशास्त्र एक आनुभविक विज्ञान है, जो आदमिया के 'सामाजिक आचरण का अध्ययन करता है और अव 'इसका चलन नही रहा' कि प्रत्येक समाजशास्त्री अपना सिद्धात वनाये तथा एक विचारधारा का जम दाता कहलाये।"*

परन्तु इस बात के बावजूद कि व्यापक पैमाने पर आनुभविक अनुसधान से कुछ सीमित व्यावहारिक सफलताए मिली तथा कुछ कृतिया जसे डब्ल्यू० आई० टामस तथा एफ० ज्नानेत्स्की की कृति 'यूरोप तथा अमरीका म पोलिश किसान', आर० ई० पाक तथा ई० डब्ल्यू० वरजस द्वारा लिखित 'समाजशास्त्र की भूमिका', रावट तथा हेलेन लिंड की 'मिडलटाउन तथा एल्टन मेओ के प्रसिद्ध 'हायन प्रयोगो' और स्टाउफर दल द्वारा स० रा० अमरीका के सनिक अध्ययनो ने सफलता पायी, १९६० के दशक तक कुछ ममाजशास्त्री, गैरमाक्सवादी भी, आनुभविक समाजशास्त्र की त्रुटिया वतान तथा उनकी आलाचना करने लगे। इसका कारण यह था कि आनुभविक अनुसधान काय का व्यावहारिक फल वहुत ही सीमित था तथा सद्धातिक दृष्टि से वह विल्कुल वेकार था। समाजविनान म प्रगति की युक्ति स यह वात समझ मे आने लगी थी कि यथाथ से अलग होकर परिकल्पित स्थापनाए और मद गति से रगनवाला अनुभववाद, यदि वह

---

* Robert E C Faris American Sociology" *Twentieth Century Sociology* Ed by Georges Girvitch and Wilbert E Moore New York 1945 pp 545 46

समाज के ग्राम सद्धातिक दृष्टिकोण के मुकाबले म रखा हुआ है, दोनो ही कोई वैज्ञानिक समाजशास्त्र स्थापित करने म असमथ ह। "यदि पहल का समाज सिद्धात प्रमाणित प्रेक्षणा के बिना निराधार था तो सिद्धात के निदशन के बिना तथ्या की खाज लक्ष्यहीन है तथा सद्धातिक सामान्यीकरण किय बिना उनका सग्रह बेमानी है।"*

परिणामस्वरूप, पूजीवादी समाजशास्त्र म इस बात की जरूरत का अनुभव काफी स्पष्ट रूप से किया जान लगा था कि सामाजिक अनुसधान तथा सामाजिक विज्ञान को जाडना चाहिये, और यह पराक्ष प्रमाण है इस बात का कि आनुभविक अनुसधान तथा विज्ञान के रूप म समाजशास्त्र को एक समझन का कोई वास्तविक आधार नही है। इस आवश्यकता को स० रा० अमरीका क समाजशास्त्री राबट के० मटन ने अपनी पुस्तक सामाजिक सिद्धात तथा सामाजिक सरचना' (१६४६) मे स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है।

'लौकिक तथ्या के छूत से सुरक्षित शुद्ध विचारो के तेजोलोक मे उडानें भरनेवाला सामाजिक सिद्धातकार का नमूना जिस तेजी से समयानुकूल नही रहा, उसी तजी से वह सामाजिक अनुसधानकर्त्ता का नमूना भी समयानुकूल नही रहा जो हाथ मे प्रश्नावली और पेन्सिल लिये बिखरे तथा अथहीन आकडा के पीछे दौडा फिरता है।'**

पूजीवादी समाजशास्त्र मे अनेक प्रतिद्वन्द्वी धारणाए ह, जिनम से हर एक समाजशास्त्रीय सिद्धात की प्रतिनिधि होने की दावदार है। पाश्चात्य समाजशास्त्रियो का कहना है कि वे फिर लौटकर परिकल्पी साचो तक जाना नही चाहते। समाजशास्त्र के विकास म जा अनुभव प्राप्त हुआ वह आखिर बिल्कुल ही निष्फल नही हुआ। आज उनमे से बहुतेरे इस बात पर जार देत है कि समाजशास्त्रीय सिद्धात को आनुभविक सामग्री का समथन प्राप्त होना चाहिय। लेकिन यहा पर एक बुनियादी अतविरोध सामने आता है। विज्ञान की स्वाभाविक आवश्यकताओ के कारण एक आम समाजशास्त्रीय सिद्धात स्थापित करन की समस्या उठ खडी होती है जबकि समाजशास्त्र को शुद्ध विशिष्ट कार्यों (जनमत-सग्रह छोटे दला के भीतर के सबध,

---

* वही, पृ० ४१।

** Robert K Merton *Social Theory and Social Structure* Glancoe Illinois 1957 p 102

आदि) के समाधान के लिये इस्तेमाल करने की सीमित परिपाटी से इसके लिये कोई प्रेरणा नही मिलती। यही वह अतविरोध है, जिसपर परदा डालने के लिय कहा जाता है कि अभी इतनी पर्याप्त सामग्री ही नही है कि एक आम समाजशास्त्रीय सिद्धात की स्थापना की जा सके। अत उनके कहने के अनुसार अभी तत्काल यह आवश्यक है कि ऐसे सामायीकरण तक ही जो अधिक व्यापक न हो, एक "मध्यस्थ सिद्धात" तक ही सीमित रहा जाये और एक सामाय समाजशास्त्रीय सिद्धात को उस समय तक के लिये स्थगित कर दिया जाये, जब आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा मे इकट्ठी हो जायेगी और जब आदमी उस सतह तक पहुच जायेगा जब वह अधिक व्यापक सामान्यीकरण कर सके। पश्चिम म इस समस्या के समाधान के लिये टाल्कट पारसस के सरचनात्मक-कार्यात्मक सिद्धात से बडी उम्मीदे बाधी गयी थी। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पश्चिम मे कायवाद का मत बहुत फैल गया और बहुत से लोग उसे समाजशास्त्रीय चिन्तन के आधार के रूप मे देखने लगे।

लेकिन समाजशास्त्र मे सरचनात्मक-कार्यात्मक सिद्धात, जो सामाजिक परिघटनाओ का सपूण सामाजिक सघटन के ढाचे के अदर उनके स्थान की दृष्टि से तथा उस सघटन का स्थायित्व बनाये रखने मे उनके कायवाद की दृष्टि से देखता है, यह दिखाने मे समर्थ नही होता कि उस समाज के ढाचे के विभिन्न तत्व किस कारणवश जुडे हुए हैं, न यह दिखाने म कि उसके विकास के नियम तथा शक्तिया क्या हैं। यही वजह है कि सरचनात्मक-कार्यात्मक दृष्टिकोण को अधिक से अधिक आम सिद्धात के एक तत्व के रूप मे स्वीकार तो किया जा सकता है परन्तु आम सिद्धात को इस दष्टिकोण तक सीमित नही रखा जा सकता है।

अत न तो कोन्त, जिसे परम्परागत रूप से पूजीवादी समाजशास्त्र का जमदाता माना जाता है, और न उसके बाद आनेवालो ने ही कोई सामान्य समाजशास्त्रीय सिद्धात स्थापित किया, जिससे सामाजिक जावन के वैज्ञानिक आकलन का रास्ता साफ हो जाता। यह काम मार्क्स और एगेल्स न किया, जिन्होंने १९वी शताब्दी के मध्य म वज्ञानिक समाजशास्त्र की सचमुच बुनियाद डाली।

मार्क्स ही उस दाशनिक-समाजशास्त्रीय सिद्धात के जमदाता ह जिसे ऐतिहासिक भौतिकवाद कहा जाता है, जिसने सम्पूर्ण रूप से ऐतिहासिक

प्रक्रिया के सार का वज्ञानिक बोध प्राप्त करने के लिये आधारशिला रखी और ना पूरे समाजविज्ञान का सद्धातिक आधार सावित हुआ, जिसकी इतने दिना स खाज थी। इस सिद्धात की स्थापना के अनुभव से यही प्रकट हाता है कि ऐतिहासिक दष्टि से सामाजिक सज्ञान न इतनी पर्याप्त सामग्री जुटा ली ह कि एक सामाय सामाजिक सिद्धात की रचना सम्भव है, अवश्य ही मुकम्मल रूप म नही, क्याकि काई भी सिद्धात साधारणतया इस स्तर तक शायद हा कभी पहुच सकता हो, बल्कि सामाय उसूलो के रूप म। परिणामस्वरूप इसका अथ यह है कि मानवजाति आत्मसज्ञान के लिये तयार है। इस सिद्धात के निरूपण के अनुभव स यह प्रकट हाता है कि पूजीवादी सिद्धातकार एक वनानिक दाशनिक-समाजशास्त्रीय सिद्धात की स्थापना नही कर सके तो इसका कारण तथ्या का, आनुभविक सामग्री का अभाव नही था वल्कि यह था कि उनकी आखा पर उनके वर्गीय दष्टिकाण की, उनका सकीण सामाजिक आवश्यकताओ की पट्टी वधी हुई थी।

काई भी विनान, जिसम समाजविनान भी शामिल है, तभी जम लता तथा प्रगति करता है जव उसके लिय ठोस सामाजिक परिस्थिति द्वारा निर्मित सम्भावनाए मौजूद हा और जव समाज को उसकी आवश्यकता हो।

प्रत्यक सामाजिक युग न प्रकृति का ही नही वल्कि समाज का भी नान प्राप्त करन की निश्चित सम्भावनाए उपस्थित की ह। उदाहरण के लिये पूजीवाद स पहले तथा इसकी प्रारम्भिक अवस्थाओ म भी मनुष्या के लिय प्रकृति का तथा स्वय अपन सामाजिक सवधो का वैज्ञानिक नान प्राप्त करन की सम्भावना वहुत सीमित थी। लेकिन आगे चलकर ज्या ज्या पूजीवाद का विकास हुआ सामाजिक जीवन की भौतिक स्थितिया इतनी परिपक्व हा गयी कि सम्पूण रूप से ऐतिहासिक प्रक्रिया का वज्ञानिक वाध व्यावहारिक सम्भावना वन गया। य नयी सम्भावनाए क्या थी?

ज्या ज्या पूजावाद का विकास हुआ अलग अलग देशा तथा कौमा का विलगाव दूर हान लगा, व सव इस प्रक्रिया के भीतर खिच आइ, जिसम आधुनिक राष्ट्रा की उत्पत्ति हाती है तथा उनम अनेक प्रकार के सवध स्थापित हान लगत ह। इससे स्पष्ट रूप स प्रकट हाता है कि मानवजाति का इतिहास एक हा प्रक्रिया है जिसम प्रत्यक जाति अपन ऐतिहासिक विकास के दौरान म अनेक नियमवद्ध अवस्थाओ स हाकर गुजरती ह। इस वात

की व्यापक सम्भावनाएं पैदा हो गयी थीं कि विभिन्न राष्ट्रों के इतिहासों की तुलना की जाये, विभिन्न देशों की आर्थिक तथा राजनीतिक व्यवस्था में समान तत्वों का गमन पाया जाये और सामाजिक सबंधों में नियमबद्ध दोहराव का पता लगाया जाये। एंगेल्स ने अपनी पुस्तक 'ड्यूहरिंग मत खंडन' में कहा है कि 'आधुनिक भौतिकवाद इतिहास को मानवजाति के विकास की प्रक्रिया के रूप में देखता है, जिसकी गति के नियमों का पता लगाना उसका काम है"।

पूंजीवाद में संक्रमण के, जिसके साथ जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में तूफानी गति से क्रांतिकारी परिवर्तन हुए, इतिहास के रंगमंच पर प्रबल सामाजिक शक्तियों को उतार दिया, जिनकी टक्कर और संघर्ष से परिपक्व सामाजिक समस्याएं हल होने लगी। इस संघर्ष की एक बुनियादी विशेषता थी। मध्य युगों में संघर्ष मुख्यतः धर्म के झंडे के तले हुआ करते थे (सलीबी युद्ध, धर्मद्रोह, धर्म सुधार, इत्यादि) और इसके चलते उनके वास्तविक कारणों पर पर्दा पड़ जाता था। परन्तु आगे चलकर पूंजीवादी क्रांतियों में भूमि के लिये किसानों का संघर्ष, पूंजीवाद के अंतर्गत धनवानों और धनहीनों के बीच, अमीरों और गरीबों के बीच की टक्कर ने सामाजिक द्वंद्व के आर्थिक आधार पर से पर्दा हटा दिया और इससे स्वभावतः आदमियों को यह प्रेरणा मिली कि समाज की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक विकास के कारणों का पता लगायें।

श्रम के व्यापक सामाजिक विभाजन तथा उत्पादन की विभिन्न शाखाओं (उद्योग, कृषि, इत्यादि) के बीच सबल संबंधों की स्थापना से वे आवश्यक स्थितियां पैदा हो गयीं, जिनमें स्वयं भौतिक उत्पादन के विकास का, चाहे उसका विशेष रूप कुछ भी हो, विश्लेषण किया जा सकता था।

अतः पूंजीवाद ने मनुष्य की जीवन स्थितियों में क्रांति लाकर वे वस्तुनिष्ठ आवश्यक स्थितियां पैदा कर दीं, जिनमें ऐतिहासिक प्रक्रिया के सार का अनुकलन करना तथा उसकी बुनियादों का ज्ञान प्राप्त करना सम्भव हो गया।

पूंजीवाद के विकास ने सामाजिक ज्ञान के लिये नयी सम्भावनाएं

---

* फ़्रे० एंगेल्स, 'ड्यूहरिंग मत-खण्डन', विदेशी भाषा प्रकाशन गृह, मास्को, पृष्ठ ८२

ही नही पैंदा की वल्कि समाजविज्ञान के लिये सामाजिक ग्रावश्यकता भ पदा कर दी।

पूजीवाद का ज्या ज्या विकास होता है उसके ग्रतविरोध ग्रधिक स्पष्ट तथा तज़ होत जाते हैं। उत्पादन मे प्रतियोगिता ग्रौर ग्रव्यवस्था, वार वार सक्ट का ग्राना सामाजिक ग्रौर राष्ट्रीय उत्पीडन तथा ग्रन्य प्रतिरोधी ग्रतविरोधो ने, जो पूजीवाद मे निहित हैं, समाज के सामने एक महत्वपूर्ण तात्कालिक कायभार प्रस्तुत कर दिया है कि इन ग्रतविरोधा के समाधान के उपाय ग्रौर तरीके निकाले जाय। पूजीवाद के ग्रन्तगत उत्पादन उस स्तर पर पहुच गया है, जहा पूर समाज के पमाने पर उसके चेतन नियत्रण तथा व्यवस्था की ग्रावश्यकता पैंदा हो गयी है। इससे पहले किसी समाज को इस समस्या का सामना नही करना पडा था। परन्तु पूजीवादी व्यवस्था के ग्रन्तगत, उत्पादन के साधनो पर निजी स्वामित्व के प्रभुत्व के ग्रतगत सुसगत रूप से इस प्रकार का नियत्रण लागू करना ग्रसम्भव है। इसके लिये, पहल, सामाजिक स्वामित्व पर ग्राधारित एक नयी व्यवस्था की ग्रौर, दूसरे, विनान की ग्रावश्यकता है। ठीक जिस प्रकार प्राकृतिक विज्ञान ने प्रकृति की जवरदस्त शक्तिया का प्रयोग करन मे मनुष्यो की सहायता की है, उसी प्रकार समाजविनान भी सामाजिक विकास की दानवीय शक्तिया को ग्रभिभूत करन म उनकी सहायता कर सकता है तथा उसे करनी चाहिय। चूकि सामाजिक ग्रतविरोधो पर काबू पाने की वडी ग्रहम जरूरत समाज के लिय पदा हो जाती है, इसलिये एक विज्ञान की जरूरत भी हाता है, जो इन ग्रतविराधा का ज्ञान प्रदान करे तथा उनको दूर करने का उपाय वताय। वास्तव म नयी सामाजिक व्यवस्था की कल्पना ही नही की जा सकती, जव तक सामाजिक विनान उसका सद्धातिक ग्राधार न हो जिसके सहार मनुष्य की उन्नति ग्रौर ग्राजादी क लिय समस्त सामाजिक प्रक्रियाग्रा का क़ाबू म किया जा सक तथा उन्ह समाज द्वारा युक्तिसगत तथा सचेत नियत्रण म लाया जा सक।

ग्रत पूजीवादी ममाज क विकाम तथा उसक ग्रन्तविराधो क तज हान स इतिहास क वनानिक दृष्टिकाण की सम्भावना तथा उसकी ग्रावश्यकता पना हुई। मास्म तथा एगल्म की शानदार उपलब्धि यह है कि उन्हाने पुरान परम्परागत भाववादी विचारा का त्याग दिया ग्रौर समाज क विकास के नियमा का पता लगाया, जिन नियमा क ग्रस्तित्व स ही भाववादी इनकार

करते थे। मार्क्स तथा एंगेल्स ने इतिहास के वैज्ञानिक भौतिकवादी दृष्टिकोण की रचना की और इस युग ने जो समस्या प्रस्तुत की थी उसका समाधान कर दिया।

ऐतिहासिक भौतिकवाद की उत्पत्ति उस महान आलोचनात्मक प्रयास के बिना नहीं हो सकती थी, जिससे पहले के समाजविज्ञान पर छाये हुए भाववाद को परास्त किया गया, अथवा दर्शनशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र तथा सम्पूर्ण रूप से सामाजिक चिन्तन के विकास में जो मूल्यवान तत्व पाये जाते हैं उनके संरक्षण तथा आलोचनात्मक प्रयोग के बिना भी नहीं हो सकती थी। इसी के साथ ऐतिहासिक भौतिकवाद ने सत्य तथा स्वार्थ के अन्तर्द्वन्द्व का भी हल कर दिया।

किसी वस्तु का रूपांतरण करने के लिये उसका ज्ञान आवश्यक है। अपने कर्म द्वारा मनुष्य केवल उन वस्तुओं का रूपांतरण ही नहीं करता है, जिन पर वह काम करता है, बल्कि अपने उद्देश्य, आकांक्षाएं तथा हित भी पूरे करता है। फलस्वरूप मानव कार्यकलाप में वस्तुनिष्ठ ज्ञान, आवश्यकताएं तथा हित सब मिले होते हैं। परन्तु उनके मिलने का तरीका भिन्न हो सकता है, क्योंकि आदमियों के हित भिन्न और एक दूसरे के विरुद्ध भी होते हैं। सामाजिक जीवन के संज्ञान में हितों, खासकर वर्गीय हितों के विरोध के चलते ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, जिसमें प्रत्येक दृष्टि-कोण का उलटा दृष्टिकोण भी होता है, जो समान तथ्यों की भिन्न भिन्न व्याख्या करता है। तब प्रश्न होता है फिर हम सच्चा ज्ञान कैसे प्राप्त कर सकते हैं? शायद समाज तथा वर्गों से ऊपर उठकर और मनुष्यों के संघर्ष, उनके हितों के टकराव तथा मनोभाव के तूफान पर एक तरफ से नजर डालकर यह किया जा सके? मगर अनुभव बतलाता है कि इससे काम नहीं चलेगा तथा समाज के ऊपर होने की स्थिति बस एक धोखा है और कुछ नहीं। सिद्धांत की बात सोचने पर भी यही ख्याल होता है कि ऐसा सामा-जिक अनुसंधान, जिसका निदेशन ठोस सामाजिक अथवा वर्गीय हितों द्वारा, निश्चित **मूल्य मानकों*** द्वारा नहीं हुआ हो, असम्भव तथा बेकार है।

---

*मूल्यों का अर्थ है परिघटनाएं, वस्तुएं, विचार आदि जिनका मनुष्य को अपने भौतिक तथा बौद्धिक कार्यकलाप के दौरान में सामना करना पड़ता है, जो उसके लिये एक विशेष मानी रखते हैं और जिनसे उसकी

आखिर सामाजिक नान की जरूरत सबस बढकर स्वय मानव कायकलाप के लिय ह। यही कारण है कि सामाजिक नान की सच्चाई की समस्या का समाधान एक भिन्न आधार पर हाता है स्वय समाज क भीतर एक एस सामाजिक वग, एक ऐसी सामाजिक शक्ति का पता लगान का जरूरत है जा वस्तुनिष्ठ सामाजिक ज्ञान क विना काम नही करगी तथा सफलतापूवक काम कर नही सकेगी अर्थात एक ऐमी शक्ति का, जा इम प्रकार क नान पर आश्रित हागी। ऐसी हालत म नान तथा हित म अनुरूपता स्थापित हा जाती है जिसक फलस्वरूप सच्च नान की तलाश म ही हित की अभि व्यक्ति हाती ह। परन्तु जब इन दोना म पारस्परिक विराध पदा हा जाय ता ज्ञान की जगह काल्पनिक कथा भ्रातिया तथा विकृत धारणाए उत्पन्न होती हैं। हित बडी प्रबल शक्ति है, चुनाचे ज्यामितीय स्वयतथ्य अथवा प्रमेय भी यदि किसी के हित के खिलाफ पडें, ता निश्चय ही एस लाग सामन आयेंगे जा उसके भी खडन का काई न काई उपाय निकाल लेंग।

इस तथ्य का स्वीकार करना कि सामाजिक सिद्धात का सबध किसी न किसी सामाजिक समूह या वग के हिता स हाता है, **पार्टी सिद्धात** कहा जाता है। मार्क्सवादी समाजविज्ञान खुल्लमखुल्ला मजदूर वग के हिता का, श्रमजीविया का शापण से मुक्ति दिलान क सघप का तथा समाज का समाजवाद तथा कम्युनिज्म की दिशा म ल जाने का समथन करता हे। यही वात माक्सवादी समाजविज्ञान म पार्टी भावना पदा करती ह। परन्तु एकमात्र तरीका जिससे वह श्रमजीविया के वास्तविक सघप को वढावा द सकता हे यह है कि वह वास्तविकता का शक्तिया के सवध का, वतमान अतविरोधो तथा विकास की प्रवत्तियो का सही चित्रण कर। जब यह हो जाता हे तो इस विज्ञान को व्यावहारिक कायकलाप पर लागू करके –और इसका अथ अलग व्यक्तिया का कायकलाप नही, वल्कि जनता का, वर्गों और सामाजिक समूहा का सघप है–कम के फला को उसके उद्देश्या के

आवश्यकताए पूरी हाती तथा हितसाधन होता है। **मूल्य मानक** दरअसल ऐस प्रमाप ह जिनसे वस्तुनिष्ठ जगत की परिघटनाओ और मनुष्यो के भौतिक तथा बौद्धिक कायकलाप क परिणामा के प्रति किसी व्यक्ति (सामाजिक समूह वग समाज) का सकारात्मक अथवा नकारात्मक रवया निर्धारित हाता है। मूल्य मानका स मनुष्या को सनान मामान्य रूप स रचनात्मक कायकलाप तथा उनक सामाजिक आचरण म निदेशन मिलता है।

अनुकूल बनाया जा सके। सर्वहारा वर्ग के संघर्ष से गहरा और अटूट संबंध समाजविज्ञान को तथा पूरे मार्क्सवादी दृष्टिकोण को वैज्ञानिक, क्रांतिकारी तथा आलोचनात्मक बना देता है, एक ऐसा विज्ञान, जिसकी निगाह भविष्य की ओर है। समाजविज्ञान में अतीत की व्याख्या वर्तमान का विश्लेषण तथा भविष्य का पूर्वानुमान करने का सामर्थ्य तभी होता है, जब वह समाज विकास के वस्तुनिष्ठ नियम का पता लगा लेता है। भविष्य के पूर्वानुमान से कदापि हमारा आशय भविष्य की ठोस घटनाएं नहीं, बल्कि केवल समाज विकास का सामान्य घटना प्रवाह है। मनुष्य जब किसी प्राकृतिक ऐतिहासिक नियम का पता लगा लेता है तो यह उसके बूते में नहीं कि उसको बदल या मिटा सके। लेकिन वह नये की जन्मपीडा को कम कर सकता है। समाजविज्ञान का बड़ा महत्व यही है।

जहां कोई सामाजिक सिद्धांत किसी भी तरीके से ऐसे विशेषाधिकृत सामाजिक समूहों या वर्गों के आत्मापकारी हितों से नाता जोड लेता है, जो समाज पर अपनी इच्छा लादने तथा सामाजिक प्रगति को धीमा करने पर उतारू है ताकि अपने विशेषाधिकारों को कायम रख सकें, जिनका स्रोत उनकी उत्पत्ति, धन तथा सत्ता है तो अनिवार्यतः वह ऐसा मत अपना लेता है, जिसके कारण यथार्थ के संबंध में वह कोई वस्तुनिष्ठ राय नहीं दे सकता और इससे अवश्य ही विकृतियां उत्पन्न होती है। ऐसी हालत में पार्टी दृष्टिकोण वैज्ञानिक भावना से टकराता है वस्तुनिष्ठ ज्ञान के मार्ग में बाधाएं उपस्थित करता है और परिकल्पित बातों का प्रचार करता है। लुडविग कुगेलमन के नाम ११ जुलाई, १८६८ के अपने एक पत्र मे मार्क्स ने इस समस्या का निचोड इस तरह प्रस्तुत किया है "जब एक बार परस्पर संबंध समझ में आ जाता है तो विद्यमान स्थितियों के वास्तविक पतन से पहले ही उनकी स्थायी आवश्यकता में समस्त सैद्धांतिक आस्था का पतन हो जाता है। अतः यहां यह बात सर्वथा शासक वर्गों के हित मे है कि इस बेमतलब उलझन को सदा बनाये रखे।"

वस्तुनिष्ठता तथा वस्तुनिष्ठवाद में फर्क करना चाहिये। पूर्वोक्त का प्रयोग वैज्ञानिक ज्ञान का वर्णन करने के लिये किया जाता है तो अवरोक्त का प्रयोग सामाजिक जीवन का ज्ञान प्राप्त करने में सिद्धांतकार के 'निष्पक्ष" मनोभाव का वर्णन करने के लिये किया जाता है, ऐसे मनोभाव का जो सामाजिक रंगमंच के एक बजाहिर वस्तुनिष्ठ तथा निरपेक्ष दर्शक

का है। लेनिन ने वस्तुनिष्टवाद की कडी आलोचना की थी, जिसे वह पार्टी दृष्टिकोण का ही पोशीदा रूप मानते थे। पूजीवादी विचारको के लिए यह बात लाभदायक नही है कि वे खुलेआम अपना पक्षीय मत या पार्टी भावना व्यक्त करे और इस प्रकार अपनी सैद्धातिक स्थापनाओ तथा शासक वर्ग के आत्मापकारी हितो को सब की निगाहो के सामने ले आये। ऐसी स्थिति मे आत्मनिष्ठवादी रुख अपनाना, चाहे जान-बूझकर हो या बिना जाने बूझे, उनके लिये बहुत सुविधाजनक होता है।

इस तरह, सामाजिक परिघटनाओ तथा क्रियाओ के मौलिक तत्वो के वस्तुनिष्ठ ज्ञान का रास्ता जिस चीज से खुलता है वह किनारे से बैठे तमाशबीन का अकमण्य मनाभाव नही, बल्कि प्रगतिशील शक्तियो के पक्ष मे सामाजिक जीवन मे सक्रिय भाग लेना है। समाजविज्ञान मे पार्टी दृष्टिकोण को ठुकराने से नही बल्कि वैज्ञानिक वस्तुनिष्ठता तथा पार्टी दृष्टिकोण को मिला देने के प्रयास से ही विज्ञान इस योग्य होता है कि सामाजिक यथार्थ के सज्ञान तथा रूपातरण के कारगर उपकरण का काम दे सके।

पाठक यह पूछ सकते हैं कि आखिर लेखक उसे क्या यह विश्वास दिलाना चाहते हैं कि समाजविज्ञान को एक निश्चित मत अपनाना चाहिये, व्यवहार से सबधित होना चाहिये इत्यादि। यह क्या जरूरी है कि किसी सामाजिक सिद्धात का, समाजविज्ञान का सार बताने के साथ साथ इस बात पर जोर दिया जाये कि वह वैज्ञानिक भी है? आखिर विज्ञान शब्द अपने आप मे स्पष्ट है। उदाहरण के लिये भौतिकी की पाठयपुस्तकें विज्ञान की व्याख्या करने लगती है बिना यह कहे कि वह वैज्ञानिक है। क्वाटम यात्रिकी के लेखो मे यह तक नही दिया जाता कि उसी के समाधान एकमात्र वैज्ञानिक हैं। पहाडा सीधे सीधे रट लिया जाता है। लेकिन समाजविज्ञान की स्थापनाओ को क्यो सिद्ध करना चाहिये। निस्सदेह ये प्रश्न बहुत युक्तिसगत है तथा उनका उत्तर सामाजिक विज्ञानो के विशेष कार्यों से निकलता है, खासकर उन विज्ञानो के जिनका निकट सबध मनुष्य के सामाजिक तथा राजनीतिक कायकलाप से है। समाजविज्ञान मे बराबर विचारो का, हितो का टकराव होता रहता है, जिस कारण ज्ञान पर आधारित विश्वास केवल व्यक्तिगत महत्व की चीज नही रहती उसका बडा सामाजिक महत्व होता है। समाजविज्ञान की स्थापनाओ तथा निष्कर्षों के सही होने का दृढ विश्वास ही व्यक्ति के सामाजिक दृष्टिकोण निर्धारित करता है। किसी समाजविज्ञान

का प्रभाव उसके समथका की सख्या पर निभर करता है और यदि अधिक सख्या म लोगा को इस सिद्धात का समथक बनाना है तो इसका वस्तुनिष्ठ वणन करके तथा अय धारणाग्रा स इसकी तुलना करके उह इसके सही होन का विश्वास दिलाना आवश्यक है। एक सिद्धात के समथन म यदि निर्णायक नही तो एक महत्वपूण तक यह निश्चित करना है कि उससे किन उद्देश्या की पूति होती है, किनके हिता से उसका सबध है, किन मूल्य-मानका द्वारा वह निदेशित होता है।

सामाजिक विकास के मार्क्सवादी सिद्धात के इन सभी प्रश्नो का स्पष्ट और निश्चित उत्तर दिया गया है। इससे नये, समाजवादी समाज के निर्माण का उद्देश्य पूरा होता है, इसका सबध मजदूर वग तथा सारी श्रमजीवी तथा शोषित जनता के हिता से है, और इसका निदेशन मानववाद के मूल्य-मानको द्वारा होता है, अर्थात परिणामत इसका सबध मानवजाति के हिता से है। मनुष्य का गुण उसके कायकलाप मे, उसके श्रम म प्रदशित होता है। मार्क्सवादी सिद्धात का मानववादी उद्देश्य अमानवीय श्रम स्थितिया को दूर करना, मनुष्य के गुण वियोजन को वस म लाना, श्रम को उमुक्त करना तथा श्रमजीवी जनता के लिये सुख समृद्धि लाना है। सोवियत सघ की कम्युनिस्ट पार्टी की केद्रीय कमिटी के महासचिव ले० इ० ब्रेज्नेव के मन मे इसी सिद्धात की बात थी, जब उन्होने सोवियत सघ की कम्युनिस्ट पार्टी की २४वी काग्रेस के मच से कहा "सारे ससार मे समाजवाद के उद्देश्य की पूण विजय अवश्यम्भावी है। और हम इस विजय के लिये, मेहनतकशा के सुख-समृद्धि के लिये सघष मे कुछ भी उठा नही रखेगे।"

सामाजिक अनुसधान की दार्शनिक आवश्यकताए

हम सिद्ध कर चुके ह कि समाज के सच्चे वैज्ञानिक तथा सवतामुखी सन्धान म अवश्य ही एक सामान्य सामाजिक सिद्धात शामिल होता है। परन्तु इस बात का खतरा हमेशा बना रहता है कि ऐसा सिद्धात कही बदलकर एक इतिहासेतर मूलमत्र का रूप न धारण कर ले, जिस ठोस ऐतिहासिक यथार्थता पर थोपा जाता है और जिसके परिणामस्वरूप परिकल्पित धारणाओ की रचना होती है जो हो सकता है कि तर्कसगत तथा आकर्षक लगे लेकिन जिनका कोई लगाव इतिहास की वास्तविक धारा से नही होता।

इसी लिए समाज के मार्क्सवादी सिद्धात की व्याख्या करते हुए प्रारभ म ही इस बात पर जोर देना आवश्यक है कि वह मुख्यत इतिहास के अध्ययन म पथ प्रदर्शक है पर इतिहास के मार्ग निर्माण का साधन नही है। वह कोई छूमत्र नही है जिसम उसके रहस्यो के अध्ययन की जरूरत नही रह जाती हो। ऐतिहासिक भौतिकवाद किसी एक या अन्य समय किसी एक या अन्य देश के इतिहास की ठोस धारा की व्याख्या करने का दावा नही करता। वह समाज विकास के सामान्य नियमो का अध्ययन करता तथा केवल उन सामान्य निर्देशक उसूलो को प्रस्तुत करता है, जो ब्रिटेन म फ्रास से भिन्न रूप म, फ्रास म सयुक्त राज्य अमरीका म भिन्न रूप म, पूजीवादी देशो म समाजवादी देशो से भिन्न रूप म तथा औद्योगिक दशा म विकासमान देशो म भिन्न रूप म लागू होते ह क्योकि इन देशो म अथवा देश समूहो म ठोस स्थितिया तथा इतिहास का सारा मार्ग अपने आप म अलग होता है।

ऐतिहासिक भौतिकवाद मार्क्सवाद की सम्पूर्ण धारणा का एक साघटिक अग है तथा उसके सामान्य दार्शनिक दृष्टिकोण से जुडा हुआ है। मगर इसमे दार्शनिक उसूलो को सामाजिक सिद्धात की शब्दावली मे प्रस्तुत किया जाता है, और वे किसी भी सामाजिक अनुसधान की आवश्यक शर्त होते है।

हम इन उसूलो की ओर ध्यान इसलिये आकृष्ट कर रहे है कि इन पर आधारित सामाजिक सिद्धात सामाजिक जीवन के अनुसधान के लिए वैज्ञानिक विधि का काम दे सकता है।

समाज के मार्क्सवादी सिद्धात का एक अत्यत महत्वपूर्ण उसूल जिसमे इसका सार व्यक्त होता है और जो उसे अतीत तथा वर्तमान की विभिन्न सामाजिक दार्शनिक धारणाओ से अलग करता है, **भौतिकवाद का उसूल**, सामाजिक जीवन का भौतिकवादी दृष्टिकोण है।

इतिहास के अवलोकन मे भौतिकवाद का अर्थ यह स्वीकार करना है कि समाज का भौतिक जीवन, सर्वप्रथम भौतिक उत्पादन की सामाजिक प्रक्रिया, सामाजिक जीवन का मात्र एक और आवश्यक तत्व ही नही बल्कि सम्पूर्ण सामाजिक परिघटनाओ की परस्पर क्रिया का भौतिक आधार है, जिससे अतत बौद्धिक तथा सामाजिक जीवन के अन्य सभी रूप निश्चित होते है।

इतिहास मे भौतिकवाद के विचार के सबध मे विभिन्न दृष्टिकोण पाये जाते है। एक दल इसे स्वाभाविक मानता है, दूसरे का कहना है कि यह एक आदिम विचार है, जिससे विज्ञान को कोई सहायता नही मिलती। एक तीसरा दल यह मानता है कि भौतिकवाद सभी सामाजिक सिद्धातो मे वर्तमान है और एक चौथा दल इसको पूरी तरह अस्वीकार करता है। लेनिन ने कहा कि समाजशास्त्र मे भौतिकवाद का विचार मानवचिन्तन की एक महान उपलब्धि है।

ठीक जिस प्रकार प्राकृतिक परिघटनाओ की सीधी-सादी पौराणिक तथा धार्मिक व्याख्याओ की अस्वीकृति तथा इन परिघटनाओ के अध्ययन की ओर सक्रमण से प्राकृतिक विज्ञान की युक्तियुक्त रूप से आवश्यक जमीन तयार हुई, उसी प्रकार मानवीय तथा अतिमानवीय चेतना की बुनियाद पर इतिहास की व्याख्या करने के प्रयत्नो का त्याग तथा भौतिकवादी दृष्टिकोण मे सक्रमण समाज के भीतर की प्रक्रियाओ के वस्तुनिष्ठ वैज्ञानिक बोध

की आवश्यक शत तथा आधार है। परतु यहा भौतिकवाद की अभिव्यक्ति ठोस शब्दा म होनी चाहिये तथा उसको धारणाओ की एक ऐसी प्रणाली म प्रस्तुत करना चाहिये जिससे उसकी सिद्धि हो सके।

आखिर इसम हजारा बरस का समय लग गया था कि उन धारणाओ की रचना की जाय, जिनसे यान्त्रिक गति का वैज्ञानिक वणन मिल सक तथा उसके नियमो का पता लगाया जाये। किन्तु गतिविज्ञान मे भौतिक कणा की गति का स्थान मे वस्तुओ के सचालन का अध्ययन किया जाता है, अर्थात उसम मनुष्या को नात उन सभी गतिया का अध्ययन किया जाता है जिनसे उन्हे आये दिन काम पडता था और जो सबसे सरल तथा सबसे प्राथमिक प्रकार की है। क्लासिकी यान्त्रिकी विज्ञान, जिसका निमाण गलिलिओ गालिलेो न्यूटन, लाग्राज तथा अन्य प्रतिभाशाली वैज्ञानिका की कृतियो म किया गया था, कुछ जानी मानी धारणाओ पर आधारित है, जसे वेग, त्वरण, द्रव्यमान, सवेग, शक्ति आदि। उनके सबधा द्वारा विज्ञान प्रकृति के नियमा को अभिव्यक्त करता है, जिनका ज्ञान प्राप्त करके मनुष्य प्रकृति की शक्तियो से व्यवहार रूप मे काम ले सकता है। यही बात ऐतिहासिक भौतिकवाद की धारणाओ पर भी लागू होती है।

ऐतिहासिक भौतिकवाद की अपनी धारणाए ह, जिन्ह **प्रवग** कहते ह।

प्रवग किसी विज्ञान की मौलिक धारणाए होती ह, जो उसके विषय क अलग अलग बुनियादी पहलुओ को प्रतिबिंबित करत ह। समाज की ही बात नही, विज्ञान के किसी भी विषय द्वारा उसके विभिन्न पक्षा, विभिन्न सबधा तथा अतरागमना की एकता अगीभूत हाती है। इसलिये यह स्वाभाविक है कि किसी एक धारणा द्वारा मन म विचाराधीन वस्तु की प्रत्युत्पत्ति उसके समस्त पक्षा तथा सबधा की सपूण विविधता समेत नही की जा सकती। धारणाओ की एक सहति द्वारा ही, जिनम स प्रत्येक स अलग अलग उस वस्तु का एकागी, अथवा अमूत ज्ञान प्राप्त होता है, यह सभव हो सकता है कि मन म यथाथ का प्रत्युत्पत्ति उसकी समस्त विविधता, उसकी गति तथा विकास समेत की जा सके। प्रवर्गों का निर्माण वस्तु क विश्लेषण, उसक विभाजन द्वारा किया जाता है, तथा व उसक सज्ञान की अवस्थाओ क परिचय चिह्नो का काम दत ह। उनका निर्माण मनमाने ढग से नही किया जाता, बल्कि व मन म किसी निश्चित वस्तु क निश्चित पक्षा, विशेष गुणा तथा सबधा का प्रतिबिंब हात ह।

नान के ऐतिहासिक विकास म प्रवर्गा की रचना की जरूरत इस बात स निश्चित होती है कि किसी वस्तु का समुचित सबोध प्राप्त करना तब तक असभव है जब तक उसका विभाजन न किया जाये तथा उसके अलग अलग पक्षा का प्रवर्गों के रूप म सहत न किया जाय। परतु यह मामल का एक ही पहलू ह।

इसक सिवा, प्रवर्गा की रचना का जरूरत वस्तुनिष्ठ जगत के नियमा क सनान म उनकी भूमिका से पैदा होती है। सनान का काय चिन्तन म किसी वस्तु की प्रत्युत्पत्ति मात्र नही, बल्कि उसके अतनिहित नियमा का तथा बुनियादी सबधा और रिश्ता का पता लगाना है। मगर किसी वस्तु का मूलतत्व तथा उसके नियम परिघटनाग्रा की ऊपरी सतह पर नही दिखाई देत। वे छिप रहते ह तथा सवदना की पहुच के बाहर हात ह। इसी लिय आवश्यक हाता है कि प्रतीति स आगे बढकर मूलतत्व तक पहुचा जाय, जरूरी हाता ह कि वस्तु के मूलतत्व की गहराइया तक सद्धातिक रूप से उतरा जाये तथा सनान जिस अवस्था तक पहुच चुका है, उसके तदनुरूपी प्रवर्गों म उसका सहत किया जाये। वस्तुनिष्ठ नियमा द्वारा मूलतत्वा का सबध व्यक्त होता है। चिन्तन म वे विज्ञान के नियमा के रूप म प्रतिबिबित हात ह, जिनकी अभिव्यक्ति प्रवर्गा के सबध द्वारा होती है। फलस्वरूप, प्रवर्गों की रचना विज्ञान के नियमा की रचना की एक स्वाभाविक आवश्यक शत है।

ऐतिहासिक भौतिकवाद का मत है कि उसकी विषय वस्तु को भी वज्ञानिक प्रवर्गों म प्रतिबिबित हाना चाहिये और यह कि एक भौतिक वस्तु की तरह समाज म भी वस्तुनिष्ठ नियम विद्यमान तथा क्रियाशील होते ह। इस अथ मे समाज अन्य भातिक वस्तुआ स किसी प्रकार भिन्न नही है। फिर भी यह अनुसधान की एक विचित्र वस्तु है। प्राकृतिक विज्ञानो के प्रवग, जिनकी रचना प्राकृतिक परिघटनाग्रा के विश्लेपण के आधार पर हुई ह, तथा अतिसामान्य दाशनिक धारणाए सामाजिक जीवन की विशिष्टताओ को प्रतिबिबित तथा व्यक्त नही करती। यही कारण है कि सामाजिक जीवन के सनान मे ऐतिहासिक भातिकवाद स्वय अपने प्रवर्गों की रचना करता है, जिस प्रक्रिया के दौरान म वह सभी सामाजिक विज्ञाना की उपलब्धियो को काम म लाता है।

जव उत्पादन के साधना पर पूरे समाज का स्वामित्व होता है तो उत्पादन के साधना के प्रसग म उस समाज के सदस्यो की हैसियत समान हाती है और उनमे **सहयोग तथा परस्पर सहायता के सबध** एक ही उत्पादन समूह के सदस्यो के रूप म स्थापित होते ह। इस सहयाग के रूप, सामाजिक सपत्ति के रूपा ही की तरह भिन्न हो सकते ह। उदाहरणाथ हम दखते ह कि इतिहास मे सपत्ति कभी गण तथा कबीले की सपत्ति के रूप म रहा तो कभी समुदाय, सहकारी समिति तथा कम्यून म सगठित मेहनतकशो के समूहा की सपत्ति, और राज्य तथा समस्त जनता की सपत्ति के रूप म रही है।

जव उत्पादन के साधनो पर अलग व्यक्तिया का स्वामित्व होता है, जव उत्पादन के मुख्य साधन समाज के किसी एक भाग के हाथा म होते ह और दूसरा भाग उनसे वचित होता है, तो सपत्ति का स्वरूप निजी हो जाता है, समाज म अनिवाय रूप से **प्रभुता तथा अधीनता के सबध** उत्पन्न हात ह। इन सवधो के रूप भी भिन्न भिन्न हो सकते ह तथा वे इस वात पर निभर करते ह कि किसी समाज मे किस प्रकार की निजी सपत्ति का प्रभुत्व है। परिणामस्वरूप उत्पादन के साधना पर स्वामित्व के सवध ही हर सूरत म यह तय करत ह कि मेहनतकश इनसान तथा उत्पादन साधना के याग का विशिष्ट रूप क्या हागा।

इतिहास म **स्वामित्व के तीन मूल प्रकार** पाय जाते ह दास प्रथा, सामतवादी तथा पूजीवादी – और इसी के अनुकूल **मनुष्य के शोषण क तीन मौलिक रूप** रहे ह। इनक अतिरिक्त उत्पादन के व्यक्तिगत श्रम पर

आधारित निजी स्वामित्व होता है, मगर स्वामित्व का यह रूप सदा उन उत्पादन सबधो के अधीन रहा है, जो किसी समाज मे छाये हुए थे और स्वय कभी वह हावी नही रहा। उदाहरण के लिये, पूजीवाद के अतगत छोटी काश्तकारी, कारीगरो तथा व्यापारियो के छोटे कारोबार एक अलग आर्थिक क्षेत्र है, जिसपर प्रभुत्ववान पूजीवादी सबधो का बराबर प्रभाव पडता रहता है। अत **सपत्ति के मौलिक रूप** -- सामाजिक और निजी -- इतिहास म **मनुष्यो के बीच उत्पादन सबधो के दो मौलिक रूपो** की हैसियत से सामने आते है सहयोग तथा परस्पर सहायता के सबध और प्रभुता तथा अधीनता के सबध।

उत्पादन सबधो के इन दो मौलिक रूपो के अलावा **उत्पादन के सक्रामक सबध** उस समय उत्पन्न होते ह, जब एक सरचना विघटित तथा दूसरी उभरने लगती है। इन सबधो की विशेषता यह है कि एक ही आर्थिक व्यवस्था की परिधि मे विभिन्न प्रकार के आर्थिक सबध मिल जाते हैं। मसलन आदिम सामुदायिक व्यवस्था का जब विघटन होने लगा तो उसके अवशेष तथा दास-प्रथा के सबधो के अकुर पितृसत्तात्मक परिवार (जिसम कई पीढिया तथा सगोत्रीय शाखाओ के लोग होते हैं) की परिधि के अदर पाये जाते थे। इसी तरह जब दास-प्रथा का विघटन होने लगा तो कोलोन जसा मिला-जुला समाज उत्पन्न हुआ, जिसमे दास-प्रथा तथा सामतवाद दोनो के सबधो के तत्व मौजूद थे। पूजीवाद से समाजवाद मे सक्रमण के काल मे कुछ आर्थिक क्षेत्रो म समाजवादी सबधो तथा निजी स्वामित्व के सबधो के अवशेष मिले होते ह जिनके रूप तथा आकार भिन्न होते ह, जैसे राजकीय पूजीवाद तथा देहात मे सहकारिता के अर्द्धसमाजवादी रूप, आदि। लेकिन पूजीवाद और समाजवाद की अतरकालीन अर्थव्यवस्था का स्वरूप, सपूर्ण दृष्टि से देखने पर, अपने अनेक क्षेत्रो तथा सामाजिक तौर पर पचमेल क्षेत्रो के बीच विशेष सबधो समेत, जिसकी परिधि म समाजवादी क्षेत्र धीरे धीरे अन्य क्षेत्रो को बेदखल कर देता है, सक्रामी है।

उत्पादन शक्तियो तथा उत्पादन सबधो का अतर एक ही उत्पादन के दो पक्षो का अतर है, ऐसे दो पक्षो का, जिनका अस्तित्व कभी एक दूसरे से अलग नही होता। केवल अमूर्त रूप मे यह सभव होता है कि उत्पादन शक्तियो पर उत्पादन सबधो के बिना या उल्टे, उत्पादन सबधो पर उत्पादन शक्तियो के बिना विचार किया जा सके। उत्पादन शक्तिया सामाजिक

उत्पादन का मूलतत्व है तथा उत्पादन सबध उसका आवश्यक भौतिक रूप। उत्पादन सबध उत्पादन शक्तिया द्वारा निर्धारित होते ह, उ ह इन शक्तिया के अनुकूल होना पडता है क्याकि उत्पादन सबध वह आकार ह, जिसम यह शक्तिया काम करती तथा विकसित होती हैं। इनमे यह सुसगति आवश्यक क्या है? उत्पादन शक्तिया ही मुख्य प्रकार के मानव कायकलाप से सबधित ह, उस कायकलाप से, जिसका उद्देश्य मानव अस्तित्व का कायम रखना है। इसलिय यह बात स्वाभाविक है कि यह कायकलाप मनुष्यो के एस परस्पर सबधो का आधार बनता है, जिनके दायरे के अदर उत्पादन शक्तिया क्रियाशील तथा विकसित हो सकती ह। आखिर मनुष्य आपस मे निश्चित सबध इसी लिये स्थापित करत ह कि अपने अस्तित्व को कायम रख सकें, और वह चीज, जिसस उनका अस्तित्व कायम रहता है, उत्पादन है, जो श्रम के साधना का प्रयाग करके प्रकृति को बदल रहा है।

परिणामस्वरूप, उत्पादन सबध मनुष्यो की इच्छा स मुक्त रूप स और उत्पादन शक्तिया तथा अतत श्रम के साधना के विकास के स्तर तथा स्वरूप के अनुकूल रूप ग्रहण करत ह। मार्क्स ने लिखा है कि "श्रम के साधन न केवल इस बात के मापदड का काम देते ह कि मानव-श्रम किस हद तक विकास कर चुका है, बल्कि वे यह भी इगित करत हैं कि वह श्रम किन सामाजिक परिस्थितियो म किया जाता है।"*

उत्पादन शक्तियो की क्रिया अर्थात श्रम की प्रक्रिया भी उत्पादन सबधो से सक्रिय रूप मे प्रभावित होती है जो उत्पादन शक्तिया का एक निश्चित सामाजिक गुण प्रदान करते ह जिस कारण उत्पादन, उदाहरणाथ, दास प्रथा का अथवा सामतवादी पूजीवादी या समाजवादी होता है।

उत्पादन शक्तियो की सामाजिक विशेषताए, चाहे हम श्रम के औजारो पर विचार कर या उनसे काम लेनवाल आदमिया पर, सवथा उत्पादन सबधा पर निभर करती ह। श्रम के औजार या साधन किस सामाजिक रूप म क्रियाशील होते ह वह खुद उनपर निभर नही करता। मशीन तो केवल मशीन है। केवल जब वह मशीन किसी पूजीपति की सपत्ति बनती है यानी केवल निश्चित सामाजिक परिस्थितिया म वह पूजी बनती तथा शोषण के साधन के रूप म इस्तेमाल की जाती है।

---

* काल मार्क्स 'पूजी', प्रगति प्रकाशन मास्को, खड १ पृ० २०५

मनष्य अपने अनुभव तथा कायकौशल समत एक उत्पादन शक्ति ह, मगर कुछ परिस्थितिया मे वह दास है, दूसरी म भूदाम और तीसरी म उजरती मजदूर है। दास स्वामिया की विचारधारा के अनुसार मनुष्य स्वाधीन पैदा होते हैं या दास, भूदास-स्वामिया की विचारधारा क अनुसार प्रकृति कुछ लोगा को अभिजात वग का सदस्य बनाती है और दूसरा को भूदास। पूजीपति वग के विचारका का कहना हे कि पूजीपति व लोग हात है, जिनमे मजदूरा से अधिक प्रतिभा तथा सामथ्य है। माक्सवाद इस प्रतिक्रियावादी विचारधारा का जोरदार खडन करता है। **मनुष्य स्वभावत न तो दास ह, न भूदास और न ही उजरती मजदूर।** रूसो न बडी कटु भावना स कहा था कि मनुष्य स्वाधीन पैदा हाते ह, पर सब जगह वे जजीरो म जकडे हुए हैं। उनका ये जजीर निजी स्वामित्व-सबध ही पहनात ह। मनुष्य निश्चित उत्पादन सबधा के स्थापित होने के कारण ही दास या उजरती मजदूर बनत है। उन्ह यह तय करने की आजादी नही कि इन सबधो को स्थापित किया जाये या नही, और न ही उनके चुनने की आजादी है। किसी निश्चित समाज म जा उत्पादन सबध मौजूद होत ह उनम प्रवेश करने पर मनुष्य मजबूर होत है।

अत, यद्यपि उत्पादन सबध उत्पादन शक्तिया द्वारा निर्धारित होते ह, मगर यह उत्पादन सबध ह, जो प्रत्येक उत्पादन प्रणाली को एक निश्चित सामाजिक स्वरूप प्रदान करते ह।

समाज मे उत्पादन सबधो का ताल्लुक अन्य सामाजिक परिघटनाओ स भी है। इसमे सदह नही कि बहुत सी परिघटनाओ तथा उत्पादन के सबध बिलकुल अप्रत्यक्ष है, मगर ह जरूर, और **माक्सवादी सामाजिक ऐतिहासिक सिद्धात का एकत्ववाद** इस बात मे ह कि वह इन्ही सबधो को दर्शाता है। बात यह ह कि हम जिस सामाजिक परिघटना को भी ले—चाहे भापा हो या कला, राज्य हा या राष्ट्र, विनान या नैतिकता, आदि—किसी का भी बोध अपन आप म नही किया जा सकता, बल्कि केवल ऐसी परिघटना के रूप म किया जा सकता है, जो समाज द्वारा उत्पन्न हाती तथा निश्चित सामाजिक आवश्यकताए पूरी करती है। चूकि किसी भी समाज म जीवन पद्धति की विशेपता उत्पादन प्रणाली से निर्धारित होती है, इसलिय उस समाज की अन्य सभी परिघटनाए अतत उत्पादन प्रणाली पर निभर करती, उसी से उत्पन्न तथा निर्धारित होती हैं।

हम अब जो प्रतिपत्ति प्रमाणित कर रहे है वह ऐतिहासिक भौतिकवा
की समस्त धारणा के लिये बुनियादी महत्व रखती है और यही कारण
कि जो लोग ऐतिहासिक भौतिकवाद को नही मानते वे इसी पर कडी चो
करते है। सच पूछिये तो सैंकडो सैद्धांतिक कृतियो मे ऐतिहासिक भौतिकवा
को आर्थिक भौतिकवाद की सज्ञा दी गयी है क्योकि वह यह मानता है कि
अर्थव्यवस्था को निश्चायक भूमिका अदा करनी होती है। लेकिन क्य
ऐतिहासिक भौतिकवाद यह कहता है कि सभी सामाजिक वृत्तात तथ
घटनाए प्रत्यक्ष रूप मे उत्पादन प्रणाली से उत्पन्न होती है तथा सिर्फ
अर्थव्यवस्था से उनकी व्याख्या की जा सकती है? समाज मे बहुत से वृत्तात
तथा घटनाए ऐसी है, जिनका अर्थव्यवस्था से लगाव नही के बराबर है
सामाजिक व्यवस्था का स्वरूप तथा उसके परिवर्तन मात्र केवल अतत ही
भौतिक उत्पादन की प्रणाली से निर्धारित होते है।

कुछ लेखको जैसे पितीरिम सरोकिन का कहना है कि कार्ल मार्क्स ने
इस प्रसग मे कोई नई खोज की ही नही क्योकि अर्थव्यवस्था के प्रभाव के
बारे मे प्राचीन काल के लोग लिख चुके थे। वह बहुत ही कमजोर तर्क
है। आखिर प्राचीन काल के लोगो को चुबकत्व के गुणकारिता की जानकारी
थी और उन्होने बादलो की घनगरज के साथ बिजली की चमक भी देखी
होगी। लेकिन क्या इससे यह अर्थ निकाला जा सकता है कि उन्हे विद्युत
चुबकत्व के सिद्धात का भी ज्ञान था? यही बात मार्क्स के सुसगत सिद्धात
पर लागू होती है, जिसमे अर्थव्यवस्था की एक निश्चित भूमिका है। इस
सिद्धात के अनुसार प्रत्येक सामाजिक आर्थिक सरचना के भीतर सभी सामाजिक
परिघटनाए एक सुसबद्ध सपूर्ण व्यवस्था का अग है, जिसका कारण सामा
जिक जीवन और विकास मे उत्पादन की निर्णायक भूमिका है। उत्पादन
प्रणाली किसी भी सामाजिक सरचना का भौतिक, आर्थिक आधार है, और यह
**ऐतिहासिक विकास का अटल नियम है कि उत्पादन प्रणाली तमाम
दूसरी सामाजिक परिघटनाओ के प्रसग मे एक निश्चायक भूमिका अदा
करती है।**

उन मूल धारणाओ मे, जो सभी सरचनाओ मे पाये जानेवाले
रचक तत्वो को प्रतिबिबित करते है, 'बुनियाद' और 'ऊपरी ढाचा"
के प्रवर्ग है।

बुनियाद और ऊपरी ढाचा

इन प्रवर्गों का महत्व इस बात मे है कि इनसे ठोस रूप मे यह जानने मे सहायता मिलती है कि उत्पादन प्रणाली का प्रभाव सामाजिक जीवन के अन्य सभी पहलुओ पर, ऐतिहासिक प्रक्रिया के बौद्धिक पहलू समेत, क्या पडता है।

उत्पादन प्रणाली द्वारा समाज के जीवन मे सामाजिक, राजनीतिक तथा बौद्धिक प्रक्रियाए निर्धारित होती ह। परतु इस सवाल पर विचार करने पर हम देखत है कि उत्पादन के दो पक्ष – उत्पादन शक्तिया तथा उत्पादन सबध – प्रत्येक समाज के विशेष विचारो, धारणाओ तथा सबधो को निर्धारित करने मे भिन्न भूमिका अदा करते ह। यह भूमिका क्या हे?

सामाजिक आर्थिक सरचनाए सामाजिक सुसघटित शरीर हैं, जिनमे आपस मे उतना ही गहरा अतर है, जितना पौधो तथा पशुओ मे। यह अतर जसा कि हम कह चुके हैं उनकी भिन्न उत्पादन प्रणालियो के कारण पदा होता है। उत्पादन शक्तिया उत्पादन प्रणाली का निश्चायक पक्ष ह, इसलिये सामाजिक विकास की प्रत्येक मजिल की गुणात्मक विशेषताए अतत उन्ही के द्वारा निर्धारित होती ह। लेकिन कभी कभार सामाजिक जीवन के तथ्य इस स्थापना का खडन करत दिखाई पडते हैं। उदाहरण के लिये सयुक्त राज्य अमरीका म उत्पादन शक्तिया, अभी की अवस्था मे, सोवियत सघ से उच्चतर स्तर पर है, यद्यपि स० रा० अ० मे पूजीवादी व्यवस्था है, यानी वह समाजवाद से नीचे के स्तर पर है। इसलिये प्रत्यक्षत स० रा० अ० तथा सोवियत सघ की सामाजिक व्यवस्था, विचारधारा, राजकीय सघटन, आदि के बीच की विषमताओ की व्याख्या केवल उत्पादन शक्तियो के स्तर क हवाले से नही की जा सकती। यह बात पूजीवादी समाजशास्त्रियो को बहुत सुविधायुक्त जान पडती है और माक्सवादी सिद्धात को गलत सिद्ध करने के लिये वे इसी को प्रमाण क रूप मे पेश करते हैं। *माक्सवादियो के नजदीक यह नियम के सार तथा उसकी अभिव्यक्ति के रूप* की विसगति है जिसका कारण मध्यस्थ तत्वो का प्रभाव है। आखिर एक भौतिकीविद बलून की उडान देखकर गुरुत्वाकर्षण से इनकार नही करता, बल्कि सोचता है कि मध्यस्थ तत्वो के कारण इस नियम की यह विशेष अभिव्यक्ति हो रही है।

उत्पादन शक्तिया की निश्चायक भूमिका इस बात मे निहित है कि उनको ऐस उत्पादन सबधा की जरूरत होती है, जो उनके अनुकूल हो और सामाजिक जीवन के अय पहलुआ पर उनका प्रभाव अप्रत्यक्ष रूप स, अर्थात इन सबधा के माध्यम से पडता हे। लेकिन चूकि उत्पादन शक्तिया के विकास के कारण उत्पादन सबध अपने आप नही बदल जात, इसलिये इतिहास म कभी कभार यह भी देखने म आता है कि एक ऐसा देश जिसकी उत्पादन शक्तिया अधिक विकसित हैं कुछ समय तक सामाजिक विकास के निम्नतर स्तर पर पडा रहता है, और यही हाल स० रा० अ० का हे।

यद्यपि उत्पादन शक्तिया का विकास सपूण रूप म ऐतिहासिक प्रक्रिया का आधार ह यह काम उत्पादन सबधा का है कि समस्त सामाजिक परिघटनाआ के विशेष गुणो को निर्धारित करे, जिनके कारण एक सरचना दूसर स भिन्न दिखाई देती है। अपनी इसी भूमिका म उत्पादन सबधो को **समाज की आर्थिक बुनियाद** कहा जाता है।

समाज की आर्थिक बुनियाद उत्पादन सबधो का कुल योग है, अर्थात उत्पादन, विनिमय तथा वितरण के क्षेत्र के सबधो का। इसी बुनियाद पर अय सभी सामाजिक सबध मनुष्या के विचार धारणाए तथा आकाक्षाए, तथा समाज की राजनीतिक तथा अन्य सस्थाए जिन्ह **ऊपरी ढाचा** कहते ह, उत्पन्न हाती ह। यद्यपि ऊपरी ढाचा विभिन्न प्रकार के तत्वो से मिलकर बनता है इनमे समान लक्षण पाये जाते हैं तथा इनके विकास के कुछ नियम समान हात हैं और इसलिये यह समझना सभव होता है कि ऊपरी ढाचा सपूण रूप से एक विशेष सामाजिक परिघटना है।

बुनियाद और ऊपरी ढाचे की धारणाए आपस म सबद्ध ह तथा सामाजिक सरचना के प्रवग से इनका गहरा सबध है। **बुनियाद समूचे सामाजिक शरीर रचना के आर्थिक ढाचे के समान है** तथा प्रत्यक सामाजिक आर्थिक सरचना की **गुणात्मक** विशेषताआ को निर्धारित करती है और इस प्रकार एक सरचना का दूसरी से भिन्न बनाती है जबकि **ऊपरी ढाचा प्रत्येक सामाजिक सरचना मे सामाजिक तथा बौद्धिक क्षेत्र की विशेषताओ को निर्धारित करता है।** यही कारण है कि सामाजिक सरचना के प्रसग क बाहर य धारणाए अर्थहीन और निर्जीव ह, उन अगा की भाति, जिन्ह उनकी शरीरव्यवस्था से अलग कर लिया गया हो।

उत्पादन सबधो के सपूण समवाय को, जो किसी सरचना की बुनियाद होता है, आर्थिक सबधा के कुल याग के रूप मे देखना चाहिये, जो उम समाज मे **प्रचलित** स्वामित्व के रूप से उत्पन्न होते हैं। परतु वास्तविक जीवन मे, विभिन्न देशो तथा जातिया के इतिहास मे उन उत्पादन सबधा के साथ साथ जो युक्त काल मे हावी होते है, आम तौर से ऐसे आर्थिक सबध भी पाये जाते ह, जो या तो पुराने के अवशेष हैं या नई, भावी उत्पादन प्रणाली के अकुर। इन्हे प्राय क्षेत्र की सज्ञा दी जाती है। लेकिन यह नही समझना चाहिये कि बुनियाद किसी समाज के आर्थिक क्षेत्रो का कुल योग है क्याकि इससे अनेक असगतिया पैदा हागी। उदाहरण के लिय १८वी सदी म फ्रास मे व्याप्त सामती सबधो के साथ साथ एक पूजीवादी क्षेत्र भी मौजद था। अगर हम यह मान ले कि बुनियाद क्षेत्रो का कुल याग है तो उस समय के फ्रास की आर्थिक व्यवस्था को सामतवादी-पूजीवादी कहना होगा। यही कारण है कि किसी भी समाज के आर्थिक तथा सामाजिक जीवन का ठोस विश्लेषण करने मे हमे विभिन्न क्षेत्रो के अस्तित्व तथा उनकी परस्पर क्रिया को ध्यान मे रखना चाहिये—और हम रखते है। लेकिन एक सरचना का दूसरी से अलग केवल यह देखकर किया जा सकता है कि उत्पादन के कौन से प्रमुख सबध उस सरचना की बुनियाद है।

किसी सैद्धातिक विश्लेषण मे विचाराधीन परिघटना का उसके शुद्ध रूप मे सामने रखना जरूरी होता है ताकि हम थोडी देर के लिये उन सभी पक्षा तथा सबधा को, जो उसके असली सार को ढाक देते हैं, आखा से ओझल कर दे। यद्यपि पूजीवादी सरचना अपन शुद्ध रूप म, जो उसकी धारणा के अनुकूल हो, नही पायी गयी, मार्क्स अपनी कृति 'पूजी' मे शुद्ध पूजीवाद के विकास के नियमो का अध्ययन करते ह, सभी गौण तथा अनुवर्ती तत्वा को किसी हद तक मानो नजरअदाज कर देत ह। इसी प्रकार सामाजिक सरचना के अपने सैद्धातिक विश्लेषण म हमे इसकी बुनियाद के रूप म उन सबधो को सामने लाना है, जिनके द्वारा इसका सार निर्धारित होता है। "सरचना" तथा "बुनियाद" धारणाए है, परतु व वज्ञानिक विविक्तिया हैं, जिनसे हमे इतिहास का अध्ययन उसकी समस्त विविधता म, उसके सारे सबधा तथा अतवर्ती स्थितिया म करने मे सहायता मिलती है।

उत्पादन के वे सबध, जो अपव्यवस्था के नये क्षेत्र के साथ पुरान समाज के भीतर उत्पन्न होते ह, अभी पूरे समाज की बुनियाद नही बन

हैं। नये उत्पादन सबधो का परिवर्तित होकर सरचना की बुनियाद बन जाना ही **सामाजिक क्रांति का आर्थिक अर्तय**, समाज के विकास म छलाग लगाना है।

समाजवादी उत्पादन सबध पूव के सभी उत्पादन सबधो के विपरीत पुराने समाज के भीतर एक क्षेत्र के रूप म उत्पन्न नही होते। यही कारण है कि पूजीवादी सरचना का कम्युनिस्ट सरचना मे परिवर्तन तथा उसके अनुकूल पूजीवादी बुनियाद की जगह समाजवादी बुनियाद की स्थापना के लिये एक विशेष क्रातिकारी काल की आवश्यकता होती है, जिसे **पूजीवाद से समाजवाद मे सक्रमणकाल** कहते हैं।

इस काल म पुरानी सामाजिक आर्थिक सरचना नष्ट कर दी जाती है और एक नई सरचना स्थापित की जाती है, जैसे पुरानी बुनियाद को तोडकर नई बुनियाद का निर्माण किया जाता है। यही कारण है कि इस काल को कोई विशेष सरचना नही समझना चाहिये। सक्रमणकाल की विशेषता पूजीवादी क्षेत्र के विरुद्ध समाजवादी क्षेत्र का सघप है, जो नई बुनियाद का अकुर है और जो मुख्य भूमिका अदा करता है। समाजवाद की विजय का अथ है कि समाजवादी क्षेत्र पूरे समाज की बुनियाद के रूप मे स्थापित कर लिया गया है। समाजवाद से कम्युनिज्म की ओर बढने म समाजवादी बुनियाद को विलुप्त नही किया जाता, बल्कि उसे और अधिक विकसित किया जाता तथा सुधारा जाता है, और समाजवादी उत्पादन सबधो को कम्युनिस्ट उत्पादन सबधो मे परिवर्तित कर दिया जाता है, और वही मुकम्मल कम्युनिस्ट सरचना की बुनियाद होते ह।

जिस तरह ककाल को समूचा शरीर नही कह सकते उसी तरह बुनियाद को समूची सामाजिक सरचना नही समझना चाहिये। सामाजिक सरचना के ढाचे का दूसरा आवश्यक सघटक, जसा कि हम कह चुके ह, ऊपरी ढाचा है जो ककाल पर गोश्त पोस्त चढाता है।

ऊपरी ढाचा विचारधारात्मक सबधो, विचारो तथा सस्थानो का कुल योग है, जो एक निश्चित आर्थिक बुनियाद से उत्पन्न होते है। उपरोक्त से उसका आगिक सबध होता है तथा वह उसपर सक्रिय प्रभाव डालता है।

ऊपरी ढाचे की बनावट अत्यत पेचीदा तथा विविधतापूण होती है। इसम सवप्रथम **विचारधारा** शामिल है, जिसका स्वरूप वर्गो म बटे समाज मे वर्गीय होता है। विचारधारा का काम व्याप्त आर्थिक सबधो को या तो

मज़बूत बनाना या नष्ट करना है, समाज के सामने जो सामाजिक कायभार हैं उनको पूरा करने मे सहायता करना है तथा युक्त सरचना के विचारधारात्मक सबधो की सष्टि करना ह। ऊपरी ढाचे के विचारधारात्मक उपादान विभिन्न सामाजिक आर्थिक सरचनाओ मे भिन्न हैं, केवल अतय ही नही वल्कि रूप मे भी। वग विभाजित समाज के उत्पन्न होने के बाद से वह राजनीतिक, वैधानिक तथा धामिक विचारो, दाशनिक सिद्धाता, नतिकता-सबधी नियमा, कला और सौंदयशास्त्र के विचारो की ऐतिहासिक तौर पर निश्चित समष्टि के रूप मे सामने आया है।

विचारधारात्मक रूपो से सामाजिक विरोधो को शनाख्त करने मे तथा उनके समाधान के उपाय और तरीके तय करने मे सहायता मिलती है। वे विभिन्न वर्गों के विरोधपूण हितो के सघप को प्रतिविवित करते हैं। आज के जमाने मे माक्सवादी-लेनिनवादी विचारधारा तथा पूजीवादी विचारधारा का सघप सवहारा तथा पूजीपति वग के बीच, समाजवादी तथा पूजीवादी जगत के बीच वास्तविक विरोध का प्रतिविव है।

प्रत्येक वर्गीय सामाजिक सरचना मे शासक वग की विचारधारा हावी रहती है। चूकि भौतिक उत्पादन के क्षेत्र म इस वग का प्रभुत्व होता है इसलिए वह बौद्धिक उत्पादन साधना पर भी अधिकार कर लेता है। गिरजाघर तथा स्कूल, जन सचार साधन तथा सावजनिक शिक्षा शासक वग के हाथो मे होत हैं, जिससे "सामान्य रूप मे, जो लोग बौद्धिक उत्पादन के साधना से वचित हैं उनके विचार इसके अधीन होते हैं।"*

ऐतिहासिक विकास के दौरान मे सामाजिक विरोध ज्यो-ज्यो तेज होत जाते हैं, एक नई विचारधारा क्रातिकारी वर्गों के हितो के प्रतिविव के रूप मे उत्पन्न होती है। यह विचारधारा शासक वग की विचारधारा से लोहा लेती है और धीरे धीरे जनता म अधिकाधिक लोगा का समथन प्राप्त कर लेती है। जनता को अपने प्रभाव म लेकर नई विचारधारा एक ऐसी शक्ति बन जाती है, जो सामाजिक विकास के तत्काल आवश्यक कार्यों को हल करने के योग्य है।

समाजवाद के अतगत, जिसम कोई शापक वग नही होता, विभिन्न विचारधाराओ के अस्तित्व का कोई आधार नहा रह जाता। यही कारण

*का० माक्स तथा फ्रे० एगेल्स, 'जमन विचारधारा'

है कि समाजवाद ा अतगत यनानिक मार्क्सवादी-लेनिनवादी विचारधारा धीरे धीरे सपूर्ण समाज की विचारधारा बन जाती है।

विचारधारा के अतिरिक्त ऊपरी ढाचे म साधारण विचारो, धारणाओं, भावनाओं तथा दृष्टिकोणो का कुल योग, जिसे सामाजिक मनोवृत्ति कहते ह, शामिल होता है। विचारधारा और मनोवृत्ति एक दूसरे को प्रभावित करते ह। इस प्रकार, पूजीवादी समाज म सर्वहारा वर्ग की मनोवृत्ति, उसकी साधारण चेतना एक ओर समाजवादी विचारधारा के प्रचार के लिये अनुकूल परिस्थिति पैदा करती है (क्योकि मजदूर वर्ग स्वत स्फूर्त ढग से समाजवाद के लिये सचेष्ट रहता है) और दूसरी ओर, अनेक पूर्वाग्रह, भ्रातिया तथा पूजीवादी विचार उसके मन म जमे होते हैं, जिनसे क्रातिकारी सघर्ष के दौरान म ही सर्वहारा वर्ग छुटकारा पाता है। समाजवादी विचारधारा सर्वहारा की बुद्धि के द्वारा अपनाई जाती है, तो पूजीवादी विचारधारा उसके पूर्वाग्रहो से लाभ उठाकर अपने पैर जमाती है। जहा शोषको की प्रभुताशाली विचारधारा का विरोध उत्पीडित वर्गों की स्वतत्र विचारधारा द्वारा नही किया जाता वहा पूर्वोक्त विचारधारा महनतकश जनता पर थोप दी जाती है एक तो स्वत स्फूर्त ढग से, वातावरण के माध्यम से और दूसरे जान-बूझकर शासक वर्ग तथा उसके विचारको राजनीतिज्ञो पत्रकारो इत्यादि की कोशिशो के जरिये। वैज्ञानिक मार्क्सवादी लेनिनवादी विचारधारा तब तक विजयी नही हो सकती तथा मेहनतकश जनता के मन मे इसका प्रभाव कायम नही हो सकता, जब तक कि पूजीवादी विचारधारा के विरुद्ध निर्मम सघर्ष न किया जाय।

वास्तविक जीवन मे मनुष्य एक दूसरे के साथ केवल उत्पादन सबध ही स्थापित नही करते बल्कि अन्य बहुत से सामाजिक सबध भी स्थापित करते ह। ऐसी हालत मे हम यह कैसे पता लगाये कि बुनियाद के सबध कौन ह तथा ऊपरी ढाचे के कौन?

सामाजिक सबध विविध रिश्ते हैं जो मनुष्यो म सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रो मे इतिहासत निश्चित उत्पादन प्रणाली के आधार पर उनके कार्यकलाप के दौरान मे कायम होते ह। ये सबध विशेष प्रकार के सबध होते ह, जो कुल मिलाकर समाज को मनुष्य के सामाजिक सार का रूप प्रदान करते ह। इस तरह वे एक ओर पशुओ से उसके गुणात्मक भेद की विशेषता स्पष्ट करते, और दूसरी ओर यह बताते ह कि सबसे अलग

थलग व्यक्तिगत जीवन व्यतीत करना असभव है। मनुष्य का अस्तित्व और विकास केवल एक सामाजिक प्राणी के रूप मे, अर्थात समाज के भीतर विविध सामाजिक सबधो की व्यवस्था के भीतर ही होता है। साथ ही यह ध्यान रखना चाहिये कि सामाजिक सबध व्यक्तियो के बीच सबधो से भिन्न है, यद्यपि मनुष्य सामाजिक प्राणियो की हैसियत से यह सबध कायम करते है। सामाजिक सबध, इस शब्द के सही अर्थ मे, मनुष्यो के विभिन्न सामाजिक समूहो, वर्गों के बीच तथा उनके भीतर के सबध है, राज्य के भीतर के सबध राज्यो तथा राष्ट्रो के सबध, इत्यादि।

लेनिन ने कहा कि इतिहास मे भौतिकवाद का मुख्य विचार यह है कि "सामाजिक सबध भौतिक तथा बौद्धिक मे बटे हुए है। अवरोक्त की हैसियत पूर्वोक्त पर केवल एक ऊपरी ढाचे की है, जो मनुष्यो की इच्छा और चेतना से स्वाधीन, मनुष्य द्वारा अपना अस्तित्व कायम रखने के लिये उसके कार्यकलाप के रूप (परिणाम) के तौर पर उत्पन्न होते है।"* **विचारधारात्मक सबध** भौतिक, आर्थिक सबधो से भिन्न है क्योकि वे परवर्ती, व्युत्पादित है और वे पहले मनुष्यो के मन मे होकर ही उत्पन्न हो सकते है। इसका अर्थ यह है कि यद्यपि वे भौतिक सबधो से निर्धारित होते तथा सर्वथा उनपर निर्भर करते है, उनकी उत्पत्ति युक्त आर्थिक सबधो को प्रतिबिबित करनेवाले निश्चित विचारो के अनुकूल होती है। विचारधारात्मक सबध प्रत्येक सरचना मे उत्पन्न होते है क्योकि उनकी आवश्यकता उसकी आर्थिक बुनियाद को कायम तथा सुरक्षित रखने और मजबूत बनाने के लिये होती है। ये सबध अनिवार्यत वर्गीय सरचनाओ की अर्थव्यवस्था द्वारा उत्पन्न होते है और उनका स्वरूप तथा अतर्य सर्वथा बुनियाद पर निर्भर करता है। लेकिन मनुष्य इन सबधो मे चेतन प्रवेश करते है। उदाहरण के लिये राजनीतिक सबधो का विचारधारात्मक सबध इस तथ्य से प्रकट होगा कि यद्यपि वे किसी युक्त सरचना मे वर्गों के आर्थिक प्रतिरोध को व्यक्त करते है, फिर भी उनकी उत्पत्ति वर्गीय आत्मचेतना के आविर्भाव के साथ होती है। पूजीपति वर्ग के विरुद्ध सर्वहारा का राजनीतिक सघर्ष एक क्रातिकारी पार्टी के बिना, मजदूर वर्गीय आदोलन मे क्रातिकारी सिद्धात के समावेशन के बिना, जनता मे राजनीतिक चेतना मे लगातार वद्धि के

---

*ब्ला० इ० लेनिन, '"जनता के मित्र" क्या है और वे सामाजिक-जनवादियो के विरुद्ध कैसे लडते है?'

विना विकसित नहीं हो सकता। परिणामस्वरूप, विचारधारात्मक संबंध केवल विचारों के परस्पर संबंध नहीं बल्कि निश्चित विचारों के मुताबिक आदमियों के बीच के संबंध हैं और ये प्रत्येक सामाजिक संरचना के अत्यावश्यक तत्व तथा इसके ऊपरी ढांचे का भाग होते हैं।

समाज की विचारधारा तथा उसके रूपों के अनुसार प्रत्येक सामाजिक आर्थिक संरचना में केवल विचारधारात्मक संबंध ही नहीं, बल्कि विभिन्न संस्थाए और संगठन भी उत्पन्न होते हैं। इनमें राज्य तथा न्यायिक संस्थाए, राजनीतिक पार्टियां, ट्रेड-यूनियनें, गिरजा तथा अन्य धार्मिक संस्थाए, सांस्कृतिक शैक्षणिक तथा वैज्ञानिक संस्थान तथा संगठन, आदि होते हैं।

वर्गीय समाज में राज्य ऊपरी ढांचे का प्रधान संस्था है, जो उसके लिए निर्णायक हैसियत रखती है और जिसको अर्थव्यवस्था में प्रभुताशाली वर्ग ऊपरी ढांचे में भी प्रभुताशाली बनने के लिए इस्तेमाल करता है।

एंगेल्स ने लिखा है "किसी मुकत समाज के आर्थिक संबंध अपने आप को सर्वप्रथम हितों के रूप में प्रस्तुत करते हैं।" *

ज्यों-ज्यों हित निर्धारित होते हैं तथा वर्गीय संघर्ष विकसित होता है, त्यों-त्यों आम वर्गीय हितों की तथा विरोधी वर्गों के हितों से उनके प्रतिरोध की, तथा आम वर्गीय हितों की अभिव्यक्ति, रक्षा और बचाव करनेवाली संस्थाओं तथा संगठनों की आवश्यकता की चेतना उत्पन्न होती है।

फलस्वरूप यद्यपि ऊपरी ढांचे में संस्थाओं की स्थापना मनुष्यों की चेतना पर, सामाजिक विचारों पर निर्भर करती है, मगर ये विचार आराम कुर्सी पर बैठकर चिंतन करने का फल नहीं और न संस्थाओं की स्थापना स्वच्छिक राजीनामा या सामाजिक करार का परिणाम है।

अंतर्विरोधी संरचनाओं का ऊपरी ढांचा, अपने समस्त विचारों, विचारधारात्मक संबधों तथा संस्थाओं समेत वर्गों के परस्पर संघर्ष का परिणाम तथा उसका उपकरण है।

ऊपरी ढाचे की संस्थाओं की एक खास बात यह है कि वे कवल विचारधारात्मक ही नहीं, बल्कि भौतिक शक्ति भी हैं। चुनांचे, राज्य के पास सत्ता के भौतिक उपकरण, जैसे सेना, पुलिस, कारागार आदि होते हैं, जिन्हें वह अपना काम पूरा करने तथा समाज को शासक वर्ग के हितों

---

*फ़्रे० एंगेल्स, मकानों की समस्या

और उसकी इच्छा के आगे चलाने के लिये इस्तेमाल करता है। विभिन्न संगठन, जैसे राजनीतिक पार्टियां, संगठन, समान उद्देश्य, अनुशासन आदि की भौतिक एकता द्वारा एकतावद्ध होते है, जिसके चलते वे बडी संख्या मे लोगों की, वर्गों की क्रियाकलाप का निदेशन करके समाज के समक्ष जो कार्य हैं उनका समाधान करते है। लेनिन ने कहा है कि **सत्ता के संघर्ष मे सर्वहारा के पास संगठन के सिवा और कोई हथियार नहीं है।** इस प्रकार उन्होंने एक भौतिक शक्ति के रूप मे इसके विशाल महत्व पर जोर दिया है।

विचारधारात्मक संबंध, जिनकी अभिव्यक्ति समाज मे विभिन्न सामाजिक समूहों के निश्चित कार्यों द्वारा होती है, तथा उनसे संबद्ध संस्थाएं सामाजिक जीवन का एक विशेष क्षेत्र – **सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र** है। यह बात कि ऊपरी ढांचे की संस्थाओं का एक भौतिक पक्ष होता है, उन्हें यह योग्यता प्रदान करती है कि वे बुनियाद पर सामाजिक अस्तित्व पर निश्चित विचारों के प्रभाव के संवाहक का काम करें, और इस प्रकार इन विचारों को एक भौतिक शक्ति बना दें। सामाजिक जीवन के इस क्षेत्र के अस्तित्व के बिना विचारों की हैसियत इच्छा से अधिक नही होगी और समाज के विकास को वे प्रभावित नही कर सकेंगे। केवल लोगों के कार्यकलाप द्वारा, ऊपरी ढांचे की विभिन्न संस्थाओं तथा संगठनों के कार्यकलाप द्वारा ही सामाजिक विचारों में यह क्षमता पैदा होती है कि वे समाज के जीवन तथा विकास को प्रभावित कर सकें।

ऊपरी ढांचे की आवश्यकता निम्नलिखित बातों से निर्धारित होती है, जो विभिन्न संरचनाओं मे समान रूप से पाई जाती है। पहले, जब मनुष्य आवश्यक भौतिक संबंधों को स्वीकार करते तथा अपने आपको वस्तुनिष्ठ नियमों की सक्रिया के अधीन करते हैं, तो वे किसी न किसी तरीके से इन नियमों के तकाजे चेतना तथा इच्छा से सुसज्जित प्राणियों की हैसियत से पूरे करते हैं। दूसरे शब्दों में, सामाजिक विकास के वस्तुनिष्ठ तकाजों और नियमों को मनुष्य के कार्यकलाप द्वारा पूरा होने के लिये किसी प्रकार उनमे प्रतिबिंबित होना चाहिये, अर्थात, उनके मन से गुजरना चाहिये तथा उनके कार्यकलाप के वैचारिक अभिप्रेरणा के रूप मे उत्पन्न होना चाहिये। यही कारण है कि विचारधारा और तदनुरूपी सामाजिक संबंध तथा संस्थाएं, जिनसे किसी युक्त संरचना का ऊपरी ढांचा बनता है, अनिवार्यतः भौतिक संबंधों के आधार पर उत्पन्न होते हैं। दूसरे, समाज के समक्ष जो सामाजिक

कायभार होते ह उन्हें विशाल जन समूह ही पूरा कर सकते ह, वर्गीय समाज मे वग तथा विभिन्न सामाजिक समूह, जिनके सयोजन और सगठन के लिय भी विचारधारा की तथा विभिन्न प्रकार की सस्थाग्रा, यानी ऊपरी ढाचे की आवश्यकता हाती है।

ऊपरी ढाचा एक ऐसी परिघटना है, जो अनिवाय रूप स सभी सामाजिक सरचनाओ मे मौजूद होती है और हर सरचना म जिसका अलग विशिष्टताए होती हैं। ऊपरी ढाचा उन सामाजिक शक्तिया म है, जिनकी परस्पर क्रिया के फलस्वरूप सामाजिक सरचनाग्रा का विकास होता है और जिनके प्रभाव का अध्ययन करना ऐतिहासिक प्रक्रिया की किसी भी छानवीन के लिय आवश्यक है।

दास-स्वामी, सामतवादी तथा पूजीवादी ऊपरी ढाचे अपनी अपनी सरचनाग्रा म प्रभुत्वशाली थ। लेकिन हर अतविरोधी सरचना के ऊपरी ढाचे म ऐसे विचार, सस्थाए और सगठन भी होत ह, जो उत्पीडित वर्गों के दृष्टिकोण से बुनियाद को प्रतिबिबित करत ह और जा प्रभुत्वशाली ऊपरी ढाचे का भाग नही होत। सच तो यह है कि अवरान्त उनको कुचलन या कम स कम, उनके प्रभाव के क्षेत्र को सीमित करना चाहते है। व उक्त बुनियाद को मजबूत करना नही, बल्कि उसको नष्ट करना तथा मूल रूप स परिवर्तित करना चाहते है। व नकारात्मक तत्व है, जिन्ह स्वय उस सरचना के विकास न जन्म दिया है। प्रत्येक सरचना का विकास हाता ह और केवल उसकी अर्थव्यवस्था ही म नहा, बल्कि ऊपरी ढाचे म भी अतीत क अवशेष तथा भविष्य क अकुर मौजूद होत ह। पूजीवाद के अतगत इस प्रकार क अकुर मार्क्सवादी-लेनिनवादी विचार, कम्युनिस्ट पार्टिया तथा मजदूर वर्ग के अन्य क्रातिकारी सगठन ह, जो पूजीवादी ऊपरी ढाचे का भाग नहा ह। समाजवाद क अतगत अतीत क इस प्रकार क अवशेष ह धम और चच, जा समाजवादी ऊपरी ढाच का भाग नही ह।

अतविरोधी सरचनाग्रा क प्रभावी ऊपरी ढाच क विपरीत, जिसका सबध शोषक वर्गों क हिता स हाता है, समाजवादी समाज का ऊपरी ढाचा स्वय महनतकश जनता क हिता का व्यक्त करता है और इस प्रकार समाजवादी बुनियाद का कायम रखन और उसकी रक्षा करन क लिय एक उपकरण का काम दता है स्वय जनता क हिता म इसका बदलन और विकसित करन क एक शक्तिशाली उपकरण का।

समाज के ढाचे के अन्य तत्व

उत्पादन प्रणाली, बुनियाद तथा ऊपरी ढाचा प्रत्यक सामाजिक सरचना के ढाचे के सबसे आवश्यक तत्व ह। इनसे प्रत्यक सामाजिक सरचना के भौतिक आधार, आर्थिक गठन, सामाजिक-राजनीतिक तथा बौद्धिक बनावट की विशेषता जाहिर हाती है। लेकिन इनके अतिरिक्त समाज म ढाचे के अय तत्व भी हैं, जिनपर विचार किय बिना किसी सामाजिक व्यवस्था का सद्धातिक विश्लेषण, चाह कितना ही सामान्य क्या न हो, मुकम्मल नही हो सकता।

ढाचे के तत्वा की विविधता को छात कर अलग अलग करने के लिये समाज के विश्लेषण म कम स कम दो पहलुओ को स्पष्ट करना जरूरी है। पहले, समाज, सामाजिक सरचना के प्रति यह दृष्टिकोण कि वह विभिन्न सामाजिक सस्थाओ, सामाजिक जीवन के विभिन्न परस्पर सबधित पक्षो, सस्थानो, सगठनो, इत्यादि की एक वस्तुनिष्ठ व्यवस्था है जिसम इन सबो को एक पेचीदा सामाजिक शरीर के अगो के रूप मे देखा जाता है। इस दृष्टिकोण से किसी सरचना के ढाचे का विश्लेषण करने म उत्पादन, बुनियाद और ऊपरी ढाचे के अतिरिक्त, जिनपर हमने अभी विचार किया, अय तत्व जो सामने आते ह, वे ह **जीवन पद्धति, परिवार, विद्यालय, भाषा, सामाजिक सगठन**, जसे वनानिक सस्थाए, क्रीडा सस्थाए, आदि।

दूसरे, समाज के प्रति यह दृष्टिकोण कि वह मनुष्यो की परस्पर क्रिया की पैदावार है, मनुष्यो के परस्पर सबधो का कुल योग, उनके कायकलाप का परिणाम। इस दृष्टिकोण से ढाचे के जो तत्व सामने आते हैं, वे हैं **इतिहास मे मूलबद्ध मानव समुदाय** (कबीला, जाति, राष्ट्र), वग, पेशावर समूह और सामान्य रूप म सामाजिक समूह तथा उनके सबध (देखिये पाचवा अध्याय)। वास्तविक जीवन म सामाजिक ढाचे के ये दोनो पहलू एक दूसरे से होकर गुजरते ह और बिलकुल अलग थलग नही रहते।

सामाजिक ढाचे के प्रत्येक तत्व की खास विशेषताओ को समझने के लिय इन बातो पर ध्यान देना चाहिये

१ युक्त सामाजिक तत्व की विशेषताए,

२ सामाजिक आवश्यकता का स्वरूप, जिससे वह तत्व उत्पन्न होता है, उसके सामाजिक काय,

३ सामाजिक व्यवस्था के भीतर युक्त तत्व का स्थान और उत्पादन, बुनियाद, ऊपरी ढाचे तथा सरचना क ढाचे क अन्य तत्वा से उनके सबध का स्वरूप।

अब इनम से कुछ तत्वा पर हम विचार कर।

जीवन पद्धति भौतिक तथा बौद्धिक पदार्थों के व्यक्तिगत उपभोग का क्षेत्र है काम के समय के बाहर प्रतिदिन व्यक्तिगत जीवन बिताने का क्षेत्र। यह मानव सबधो का एक विशेष क्षेत्र भी है, जिनका ताल्लुक उपभोग की प्रक्रिया तथा इस प्रक्रिया की प्रबध सेवा से है।

प्रतिदिन जीवन विताने के क्षेत्र की रचना सामाजिक जीवन के एक विशेष क्षेत्र के रूप मे होती है क्योकि हर व्यक्ति के लिये जरूरी होता है कि अपने काम के दौरान म उसने जो शारीरिक तथा बौद्धिक ताक्त लगाई है, उसका बहाल करे। यद्यपि यह व्यक्तिगत उपभोग का क्षेत्र है, मनुष्य सामाजिक प्राणिया के रूप म उपभोग करते हैं। यही कारण है कि इस क्षेत्र मे भी मनुष्या के विविध प्रकार के सबध कायम होत ह, परिवार के भीतर और विभिन्न परिवारा मे, पडोसियो के सबध तथा ऐसे सबध, जिनका ताल्लुक उपभोग की पदार्थों के सयुक्त प्रयोग से है, आदि।

किसी भी समाज म प्रतिदिन जीवन की लाक्षणिक विशेषताए उत्पादन के स्तर सस्कृति तथा अन्य बातो पर निभर करती ह। इस पर वर्गीय भेदो का भी प्रत्यक्ष प्रभाव पडता है। प्रतिदिन जीवन की बहुतरी विशेषताए राष्ट्रीय विशिष्टताओ, भौगालिक स्थिति तथा ऐतिहासिक परपराओ से निर्धारित होती ह। प्रतिदिन के जीवन पर सामाजिक चेतना के विभिन्न रूपा जैसे धम, कला, नैतिकता आदि का भी प्रभाव पडता है। प्रतिदिन जीवन के क्षेत्र मे मूल्यो, प्रतिमाना तथा नियमा की विभिन्न प्रणालिया बनती हैं और सामाजिक मनोवत्ति की कुछ विशेषताओ का निरूपण होता है। यह क्षेत्र भी उत्पादन तथा सामाजिक जीवन के अन्य पहलुओ को प्रभावित करता है। आजकल एक प्रवत्ति यह है कि बढती हुई सख्या मे लोगा को सेवाओ के क्षेत्र मे काम पर लगाया जाये। यह बात भली भाति सिद्ध हो चुकी ह कि कारखाना और कार्यालयो मे उत्पादनशीलता बडी हद तक इस पर निभर करती है कि प्रतिदिन की सेवाओ और सुविधाओ का प्रबध क्याकर किया जाता है सेवाओ के क्षेत्र मे जो लोग काम करते ह उनकी उत्पादनशीलता कैसी है।

ज्यो-ज्या समाज विकसित होता है विशिष्ट उद्योगो की एक पूरी व्यवस्था कायम हा जाती है ताकि प्रतिदिन के जीवन के लिए सेवाग्रो का प्रवध किया जा सके, और इसका मतलब होता है घरलू उपकरणा का विकास तथा प्रतिदिन की सेवाग्रा का प्रवध करने के लिये अधिकाधिक सख्या म लोगा का काम पर लगाना। प्रतिदिन सेवाग्रा के क्षेत्र के विकास मे **दो** बिलकुल प्रत्यक्ष तथा **विरोधी प्रवृत्तिया** दिखाई देती है। एक ओर प्रतिदिन के जीवन का सामाजीकरण करने की प्रवृत्ति है, समाज प्रतिदिन की आवश्यक्ताए पूरी करने के लिये आधुनिक प्राविधिक उपलब्धिया का प्रयोग करता है (सावजनिक भोजनालय, शिशु कल्याण सस्थाए, सावजनिक धुलाईघर, आदि)। दूसरी ओर प्रतिदिन के जीवन के व्यक्तीकरण की प्रवत्ति है मनुष्य इस क्षेत्र मे भी अपन व्यक्तित्व का प्रदशन करना तथा अपनी व्यक्तिगत अभिरुचि, पसद तथा जरूरतो को पूरा करना चाहता है।

समाजवाद इन दोनो प्रवत्तिया को विकसित करने और धीरे धीरे दाना के ऐसे युक्ततम सयोजन की ओर वढने का प्रयत्न करता है, जिसके अतगत, एक ओर प्रत्येक व्यक्ति को उपभोग के सामाजिक उपाया के चलते प्रतिदिन के चल्हे चक्की के झझट से अधिक से अधिक छुटकारा मिल जायेगा और दूसरी आर उस अपनी जरूरतो, अभिरुचियो और शौक को पूरा करने का अवसर मिलेगा। यही वह आधार है, जिसपर प्रतिदिन जीवन के क्षेत्र मे कम्युनिस्ट सवधा का भी विकास होगा। प्रतिदिन जीवन के कम्युनिस्ट सामाजीकरण की प्रक्रिया को "वारिक नुमा कम्युनिज्म" के भोडे विचारा से कोई सवध नही है।

परिवार। परिवार एक ऐसी सस्था है, जिसे हम प्रत्यक समाज मे पाते है और जो पति-पत्नी के ववाहिक सवधो पर आधारित है (यहा हम आदिम समाज के यूथ विवाह की चर्चा नही कर रहे ह)। परिवार ऐसे लोगा का समूह है, जिन्ह ववाहिक सवध (पति-पत्नी) तथा रक्त सवध (मा-वाप और वच्चे, भाई और वहन) एकतावद्ध करते है। एक और वात, जा लोगो के इस समूह को एक ही परिवार का सदस्य बनाती है यह है कि वे सव एक ही घर म रहते और प्रतिदिन का जीवन साथ वसर करते ह।

परिवार की सस्था की उत्पत्ति और उसके कायम रहने का मुख्य कारण **मानवजाति के पुनजनन तथा बच्चो को पालने की आवश्यक्ता है।** परतु

मानव समाज म ये काय सामाजिक ह, और यही कारण है कि प
के रूप और इसकी विकास प्रणाली उस सामान्य नियम के अनुसार निध
होती है, जिनके द्वारा सामाजिक परिघटनाओ, आर्थिक स्थितिया
आवश्यकताओ का विकास नियत्रित होता है। जस, उदाहरण के लि
व्यक्तिगत स्वामित्व की उत्पत्ति के साथ यह जरूरत हुई कि सपत्ति का
उत्तराधिकारी हो। उत्पादन म चूकि मुख्य भूमिका पुरुष अदा करत
इसलिय उत्तराधिकार का सिलसिला बाप से बेटे की ओर चला। इ
एकपत्निक या बहुपत्निक के परिवार म सक्रमण निर्धारित हुआ। इस दूस
स्थिति म भी उत्तराधिकार बाप स बेटे की ओर चला। आगे चलकर न
नारी के सबधो के स्वरूप पर, परिवार के रूप पर अन्य सामाजि
ऐतिहासिक बातो का भी प्रभाव पडा।

परिवार का सामाजिक स्वरूप इस बात म भी व्यक्त होता है f
परिवार की उत्पत्ति तो मानव जाति के पुनजनन की आवश्यकता के कार
हुई, परतु समाज के इतिहास म इसे विविध प्रकार को सामाजिक क्रिया
अदा करनी पडी ह। परिवार वह जगह है जहा इसके सदस्य साथ मिलक
उपभोग किया करते ह और इसके लिय आवश्यक गृहस्थी का प्रबध करते
ह। साथ मिलकर उपभोग की सम्भावना का यह मतलब है कि आमदनी
के निश्चित स्रोत है, जिसकी रकम तथा कमाने का तरीका समाज म व्याप्त
उत्पादन के स्तर तथा उत्पादन सबधो पर निभर करता है। जहा समाज
मे निजी स्वामित्व की प्रभुता हो, वहा बडे तथा छोटे सपदा-स्वामियो के
परिवारो का काय धन का सचय तथा रक्षा और उसको उत्तराधिकारियो
को विरासत म दे जाना है।

किसानो और दस्तकारो मे परिवार सीधे सीधे उत्पादक इकाई का
रूप धारण करता है। यह काय विशेषकर छोटे पमाने की निजी स्वामित्व
के आधार पर विकसित होता है।

परिवार वह जगह भी है, जहा बच्चो का पालन पोषण किया जाता
है और जहा एक पीढी अपना अनुभव, अपने बौद्धिक मूल्य, अपने
नतिक नियम, अपनी परपरागत धारणाए आदि आनेवाली पीढी के हवाले
कर जाती है।

परिवार के सारतत्व और सामाजिक कार्यों की यह सामान्य तथा बडी
हद तक अमूर्त्त व्याख्या का एक निश्चित कायपद्धतिमूलक महत्व विभिन्न

ऐतिहासिक परिस्थितियो मे परिवार की सस्था का विश्लेपण करने के लिये है, मगर परिवार का गहरा अध्ययन करने के लिये जरूरी है कि इसका विश्लेपण इन परिस्थितियो के निकट सवध म तथा परस्पर निभरता की हालत में किया जाये।

परिवार समाज मे व्याप्त सामाजिक सबधो का प्रतीक है। परिवार के भीतर के सवधा पर युक्त समाज के आर्थिक, कानूनी, नतिक तथा धामिक सवधो की छाप होती है और यह छाप इतनी गहरी होती है कि वास्तव मे हर सामाजिक सरचना मे एक प्रकार का परिवार होता है, जो केवल उसकी विशेपता होती है।

समाज के ढाचे मे परिवार का स्थान निर्धारित करने के लिये इस तथ्य पर विचार करना जरूरी है कि यह एक विशेप सामाजिक सस्था है, जिसका स्वय अपना एक पेचीदा ढाचा है, जिसमे रक्त सबध, भौतिक-आर्थिक सवध तथा बौद्धिक सवध शामिल हैं।

मनुष्य परिवार मे बनता है, परिवार मे ही उसके व्यक्तिगत गुणा तथा सबधा, जस प्रेम, वधुत्व, एक दूसरे की देखरेख, नतिक जिम्मेदारी, इत्यादि का भी निरूपण होता है। विश्व साहित्य की कुछ चिरस्मरणीय कृतिया मे उस निमम सघप का चित्रण किया गया है, जो दरअसल मान वीय भावनाओ तथा सबधो की उत्पत्ति और विरोधपूण समाजा की पाशविक सामाजिक स्थितिया के बीच जारी था, जिनके कारण उनकी पूरी तथा सवतोमुखी अभिव्यक्ति नही होने पाई और जिन्होने उनको विकलाग और विकृत कर दिया। समाजवाद के अतगत धनलोलुप तथा अन्य घटिया स्वार्थों पर वैवाहिक तथा पारिवारिक सवधा की निभरता अव आखिरकार दूर की जाने लगी है। कम्युनिस्ट सामाजिक सवधा के विकास के कारण वे स्थितिया पैदा होने लगी हैं, जो मनुष्या के वीच सच्चे मानवीय सवधो के, जिनम नर-नारी के तथा पीढिया के सवध भी शामिल हैं, निरूपण तथा पूण अभिव्यक्ति के लिये आवश्यक है।

भापा। सामाजिक जीवन का एक आवश्यक तत्व भापा है, जिसके विना समाज का अस्तित्व नही हो सकता।

भापा सचार के एक माध्यम के रूप म, **विचारो के आदान प्रदान के एक उपकरण** के रूप मे समाज के काम आती है। भापा, चाहे मौखिक हो या लिखित, मनुष्य के विचारा को एक भौतिक आवरण

प्रदान करती है, उन्हें संकेतों की एक निश्चित व्यवस्था से जोड़ती है और इस प्रकार उन्हें एक दूसरे के लिये बोधगम्य बनाती है। मार्क्स और एंगेल्स ने कहा है कि भाषा "विचार का प्रत्यक्ष तथ्य" है, कि वह "व्यावहारिक चेतना है, जिसका अस्तित्व अन्य लोगों के लिये भी है, और केवल इस कारण ही वास्तव में उसका अस्तित्व मेरे लिये भी है।"*

भाषा की उत्पत्ति उत्पादन की प्रक्रिया के दौरान में मनुष्यों के एक दूसरे से संचार करने की जरूरत से हुई। वह मानवजाति के अनुभवों तथा उसकी सांस्कृतिक उपलब्धियों का भंडार है। यही कारण है कि भाषा एक आवश्यक माध्यम है, जिसके द्वारा प्रत्येक व्यक्ति जीवन की सामाजिक स्थितियों से, संस्कृति से संसर्ग स्थापित करता है। व्यक्ति मानस का निरूपण भाषा में दक्षता प्राप्त करने के दौरान में तथा उसके आधार पर ही होता है। श्रम तथा भाषा ने मनुष्य को मानव बनाया और आज भी वे प्रत्येक व्यक्ति के सामाजीकरण के आवश्यक तथा स्थायी उपकरण हैं।

चूंकि भाषा उतनी ही पुरानी है जितनी स्वयं चेतना तथा उससे सीधा संबंध रखती है, इसलिये इसका स्वाभाविक **स्थान सामाजिक जीवन के बौद्धिक क्षेत्र में है।** परंतु चूंकि इसका अस्तित्व, विकास तथा खास विशेषताएं आर्थिक बुनियाद से निर्धारित नहीं होतीं, इसलिये **भाषा को ऊपरी ढांचे में नहीं रखा जा सकता।** इस विचार का मौलिक महत्व यह है कि वे सारी परिघटनाएं, जो ऐतिहासिक विकास को प्रभावित करती हैं, "बुनियाद" तथा "ऊपरी ढांचे" की परिधि में समेटी नहीं जा सकतीं। समाज विविधतापूर्ण है। समस्त सामाजिक परिघटनाओं की खास विशेषताओं तथा अन्य सामाजिक परिघटनाओं से उनके परस्पर संबंधों के स्वरूपों का गहन विश्लेषण समाज के जीवन और विकास में उनकी भूमिका की व्याख्या सैद्धांतिक और व्यावहारिक दृष्टि से परम महत्वपूर्ण है। प्रत्येक सामाजिक परिघटना की ओर हमारा रुख उसकी खास विशेषताओं से निर्धारित होता है। सामाजिक परिघटनाओं की खास विशेषताओं पर विचार न करने के कारण गंभीर गलतियां होती हैं, केवल सिद्धांत में ही नहीं बल्कि व्यवहार में भी। चुनांचे यदि हम भाषा को ऊपरी ढांचे में रख दें तो हमें कहना पड़ेगा कि पुरानी बुनियाद पर

---

*का० मार्क्स और फ्रे० एंगेल्स, 'जर्मन विचारधारा'

उत्पन्न भाषा को क्रांतिकारी ढंग से नष्ट कर दिया जाये तथा नई बुनियाद के अनुकूल एक भाषा स्थापित की जाये। लेकिन यह गलत ही नहीं असम्भव भी होगा। मनुष्य अपनी भाषा का जो संचार का साधन है छोड नहीं सकते। ऊपरी ढांचे के विपरीत भाषा किसी एक बुनियाद से नहीं, बल्कि दीर्घ काल में इतिहास के पूरे विकासक्रम से उत्पन्न होती है और मनुष्यों के बीच, चाहे समाज में उनका जन्म किसी भी वर्ग में हुआ हो, संचार के एक माध्यम के रूप में निरूपित होती है। इसका अर्थ यह नहीं है कि भाषा का विकास नहीं होता। संसार की हर वस्तु की तरह इसका भी विकास होता है, लेकिन जिन नियमों के अनुकूल होता है, वे बुनियाद तथा ऊपरी ढांचे के विकास के नियमों से भिन्न हैं। भाषा प्रत्यक्ष प्रतिबिंब है उत्पादन, विज्ञान, संस्कृति तथा सामाजिक-राजनीतिक जीवन के विकास का, अर्थात उन परिवर्तनों का, जो सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में हो रहे हैं। भाषा निरंतर नये शब्दों, मुहावरों से समृद्ध होती रहती है जबकि अप्रचलित शब्द छटते जाते हैं। व्याकरण तथा भाषा के अन्य उपादान भी परिवर्तनशील हैं।

सामाजिक क्रांतियां, जो सामाजिक जीवन में मौलिक परिवर्तन ले आती हैं, स्वभावतः ही भाषा पर भी ज़बरदस्त प्रभाव डालती हैं। लेकिन उनके चलते यह नहीं होता कि एक भाषा को हटाकर दूसरी भाषा उसका स्थान ले ले।

अतः समाज के ढांचे के तत्वों के अपने विश्लेषण का खुलासा करते हुए, हमें एक बार फिर इस बात पर जोर देना चाहिये कि सामाजिक-आर्थिक संरचना एक अत्यंत पेचीदा और अनेक पहलूदार सामाजिक व्यवस्था है। ऐतिहासिक प्रक्रिया की सही समझ प्राप्त करने के लिये जरूरी है कि सामाजिक जीवन के हर पहलू को, सारी सामाजिक परिघटनाओं को उनकी परस्पर क्रिया में ध्यान में रखा जाये। संरचना एक ऐसा प्रवर्ग है, जो हमें सामाजिक परिघटनाओं की जटिल भूलभुलैया को समझने में सहायक होता और विधिगत भूमिका ठीक इसी लिये अदा कर सकता है कि वह समाज को, उसकी अभिव्यक्तियों की सारी विविधता समेत, एक संपूर्ण वस्तु मानता है। यदि कोई परिघटना इस प्रवर्ग के अंतर्गत में नहीं शामिल की जायेगी तो किसी युक्त समाज के विश्लेषण

म उस नजरअदाज करना होगा, और ऐसा करने से वास्तविक समाज का सही अन्दाजा नहीं हो सकेगा।

किसी वस्तु का वास्तविक ज्ञान प्राप्त करने के लिये आवश्यकता इस बात की है कि उस पर सर्वतोमुखी दृष्टि डाली जाये और उसके समस्त पहलुओं, संबंधों और मध्यस्थताओं समेत उसका अध्ययन किया जाय। द्वंद्वात्मक विज्ञान सर्वतोमुखी दृष्टिकोण की माग करता है। हम संपूर्ण रूप में तो कभी इसकी पूर्ति नहीं कर सकेंगे, यानी, हम कभी भी किसी वस्तु या परिघटना के सभी संबंधों और रिश्तों को पूर्णतः प्रदर्शित नहीं कर पायेंगे, परंतु सर्वतोमुखी होने की माग ही इसके लिये काफी है कि हम गलती से बचायें और किसी वस्तु के बारे में आज जो हमारी सापेक्ष धारणाएं हैं उन्हें परम समझने से जिसका मतलब पुराशव का दांत फिरना है, रोके रखे।

* * *

आधुनिक पूंजीवादी समाजशास्त्र भी सामाजिक ढाचे का विश्लेषण करने में व्यवस्थात्मक तथा संरचनात्मक-कार्यात्मक दृष्टिकोण का व्यापक प्रयोग करते हैं। मगर पूंजीवादी समाजविद समाज के ढाचे तथा उसके प्रधान पक्षों के परस्पर संबंध की बाबत मार्क्सवादियों से मूलतः भिन्न दृष्टिकोण अपनाते हैं।

पूंजीवादी समाजशास्त्र में सामाजिक ढाचे के बारे में सबसे प्रचलित सिद्धांत, जैसा कि हम कह चुके हैं, टाल्काट पारसन्स तथा राबर्ट मर्टन का संरचनात्मक कार्यात्मक सिद्धांत है। इस सिद्धांत का मुख्य विचार यह है कि समाज एक ससक्त व्यवस्था है, जिसके ढाचे के हर तत्व को उसके संतुलन तथा संस्थिति को कायम रखने में एक निश्चित कार्य पूरा करना है।

पारसन्स के अनुसार कोई भी सामाजिक व्यवस्था मनुष्यों से मिलकर बनती है, जो व्यक्तियों की हैसियत से काम करते हुए निश्चित उद्देश्यों को पूरा करना चाहते हैं, आसपास की वस्तुओं तथा परिघटनाओं का प्रतिकार करते हैं और परिस्थिति तथा अपने बारे में चेतन हैं। व्यक्तियों की क्रियाओं से उनकी परस्पर क्रियाओं तथा संबंधों की व्यवस्था यानी सामाजिक व्यवस्था बनती है। उनके अनुसार 'समाज एक इस प्रकार

की सामाजिक व्यवस्था है, जिसके भीतर एक स्वावलवी व्यवस्था के रूप म अपन अस्तित्व को कायम रखन की सभी आवश्यक पूवापक्षित वस्तुए मौजूद हैं।* सरचनात्मक-कार्यात्मक मत के विचारक कहत ह कि किसी सामाजिक व्यवस्था के समाकलन के पीछे जो तत्व काम कर रहे हैं, व मूल्य है। किसी सामाजिक व्यवस्था म स्वीकृत **प्रतिमान** तथा **मूल्य** मनुष्य को आचरण के आदश मापदड मुहैया करते हैं, जिनको मानकर उसे चलना चाहिए और इस प्रकार व्यवस्था के भीतर सस्थिति सुनिश्चित करनी चाहिये। अपने कामा द्वारा मनुष्य सामाजिक व्यवस्था की कृत्यकारिता मे भाग लेता है, जिस (व्यवस्था) के भीतर उसे अपनी हैसियत के अनुसार एक निश्चित भूमिका अदा करनी है। उसे अपनी भूमिका उन लोगो की आशाओ के अनुसार अदा करनी हैं, जो उसके चारा ओर हैं, यानी उसका आचरण ऐसा होना चाहिये कि व्यवस्था की नियमित कृत्यकारिता को बढावा मिले। इसी लिये पारसन्स मूल्या, प्रतिमानो, भूमिकाओ आदि को किसी सामाजिक व्यवस्था के मुख्य उपादान मानते हैं।

पारसन्स के सिद्धात से जाहिर होता है कि व्यवस्थात्मक तथा सरचनात्मक कार्यात्मक दृष्टिकोण के लाभजनक विचारो से किस प्रकार काम लेकर पूजीवादी समाजशास्त्र पूजीवाद का प्रतिपालन कर रहा है, जिस कारण इस दृष्टिकाण का सारतत्व ही विकृत हुआ जा रहा है। मामला यह है कि समाज के ढाचे की वाता के पीछे, चाहे उसका ठोस रूप कुछ ही क्या न हो, वास्तव म ठोस पूजीवादी समाज रहता है, जिसकी "सस्थिति" का सिद्धात यह वायवादी विचारक निरूपित करना चाहते हैं। *हम यहा यह भी कह दे कि पारसन्स सिद्धात को साधारणत* रूढिवादी तथा पक्षपाती माना जाता है। पारसन्स समाज के ढाचे को विकास के प्रसग से बाहर मानते ह, जिसमे कोई गतिशीलता नही है। उनके सरचनात्मक दृष्टिकोण का ऐतिहासिक दृष्टिकोण से जोडा नहीं गया है। इस त्रुटि को दूर करने के प्रयास मे मटन न **विक्रिया** अर्थात ऐस काय की धारणा प्रस्तुत की, जिससे व्यवस्था की सस्थिति विगड जाती है।

---

* *Toward a General Theory of Action* New York 1962, p 26

परतु इस धारणा के समावशन से कायवाद के अविकासशील (स्थतिक) स्वरूप म कोई अतर नही हुआ क्योकि विक्रियात्मक आचरण का विकास का तत्व भविष्य का अकुर नही माना जाता, बल्कि केवल इस रूप म कि वह व्यवस्था की ऐसी पैदावार है, जिसस उसकी अस्थिरता क बढन की प्रवत्ति होती है। विक्रियाओ का विश्लषण करन का उद्देश्य यह पता लगाना है कि उनको दूर करन का तरीका क्या है ताकि व्यवस्था की कृत्यकारी एकता और सस्थिति का मजबूत किया जाये, दूसरे शब्दा म पूजीवाद को कायम रखा जाये। परिणामस्वरूप, समाज इस मत की नज़रो म एक कृत्यकारी व्यवस्था है, विकासमान नही है।

पारसस द्वारा निरूपित क्रियावाद की एक मौलिक त्रुटि यह है कि उन्होन सामाजिक ढाचे का विश्लेषण करने म सामाजिक जीवन क कारणवाचक आधार को उभारकर सामन लान से इनकार किया। अपन इनकार का उचित ठहरान के लिये उन्होने यह तक पेश किया कि सामाजिक जीवन का प्रत्येक तत्व "युक्ति" (स्वावलबी परिवर्ती) तथा 'क्रिया" (अवलबित परिवर्ती) के रूप मे काम कर सकता है। मतलब यह है कि सामाजिक व्यवस्था मे उनके अनुसार सामान्य रूप में कोई प्रभावी कारण नही हुआ करते। फलस्वरूप, क्रियावादी अपने आपको सवथा केवल सतही परस्पर क्रिया को पहचानने की परिधि के भीतर सीमित रखत है और गहराई मे जाकर उस आधार को नही ढूढते, जिस पर यह परस्पर क्रिया होती है। इस प्रत्यक्षवाद की तह मे दरअसल भाववाद है, क्योकि पारसस के अनुसार, सामाजिक काय की व्यवस्था कार्यो की अभिप्रेरणाओ तथा सामाजिक आचरण के स्थापित मानदडो, अर्थात मूल्यो तथा प्रतिमानो से मिलकर बनती है। फलस्वरूप, कायवादी दशनशास्त्र के मौलिक प्रश्न को टाल नही सके बल्कि उन्होने केवल उसका आत्मनिष्ठ, भाववादी उत्तर दिया है।

इस समस्या के समाधान क प्रति एकमात्र भौतिकवादी, मार्क्सवादी दष्टिकोण ही समाज के सामाजिक ढाचे के वैज्ञानिक विश्लेषण क उसूल प्रस्तुत करता है।

विश्व इतिहास की वस्तुगत युक्ति

सामाजिक आर्थिक सरचना के विश्लेषण से इसका ढाचा तथा इसके अगभूत तत्वा का परस्पर सबध निर्धारित करने मे सहायता मिली। समाज की यह मुख्यत "स्थतिक" जाच पडताल, इसकी चीर-फाड, इसके अलग अलग परस्पर क्रियाशील तत्वा का अध्ययन जरूरी था क्योकि उसके बाद ही आगे बढकर विश्लेषण की दूसरी मजिल म कदम रखा जा सकता है। समाज एक स्थान पर खडा नही रहता। उसका लगातार विकास हो रहा है। पाल लफाग ने सामाजिक ऐतिहासिक विकास के दष्टिकोण की व्याख्या जब मार्क्स से सुनी, तो उहने लिखा कि "मानो मेरी आखो के सामने से एक परदा हट गया। पहली बार मने स्पष्ट रूप से विश्व इतिहास की युक्ति का अनुभव किया।' * ऐतिहासिक भौतिकवाद जब यह बताता है कि भौतिक उत्पादन का विकास किन नियमा के अधीन है और उन पर सामाजिक जीवन के अय सभी तत्वा की निर्भरता सिद्ध करता है तो इससे विकास की वस्तुगत युक्ति ही को समझने की [illegible] पैदा होती है। लेकिन इस सवाल पर विचार करने से पहले हम [illegible] कि समाज के विकास पर प्राकृतिक भौतिक स्थितिया [illegible] पडता है, क्योकि समाज यदि प्रकृति से भिन है, [illegible] अभिन अग भी है।

---

* Paul Lafargue et Wilhelm Liebknecht, [illegible] Marx, Paris, 1935, p 11 (शब्दो पर जोर [illegible])

समाज और प्रकृति

समाज भौतिक जगत का एक ऐसा हिस्सा है, जो जसा कि हम देख चुके हैं स्वय अपने आतरिक नियमो के अधीन है। लेकिन उसको प्रकृति से अलग नही किया जा सकता। अपने विकास के दौरान म वह उसको प्रभावित करता तथा उससे प्रभावित होता है। यही कारण है कि समाजविज्ञान के लिये इस सबध का अध्ययन करना आवश्यक है। यहा भी ऐतिहासिक भौतिकवाद विधि-सबधी पहलू पर ध्यान केंद्रित करता है।

प्रकृति मनुष्य के जीवन तथा समाज के अस्तित्व और विकास की एक जरूरी शत है। वे प्राकृतिक स्थितिया, जिनमे मानव समाज कायम रहता है, वह क्षेत्र, जिसमे समाज तथा प्रकृति प्रत्यक्ष रूप से एक दूसरे का प्रभावित करते ह, **भौगोलिक वातावरण** कहा जाता है। यह धरती, जो ब्रह्माड से, और सबसे बढकर सूय से सम्बद्ध है, वायुमडल, नदिया, समुद्र और सागर, जलवायु और भूमि, खनिज—इन्ही सबसे मिलकर प्राकृतिक भौगोलिक स्थितिया बनती ह, जिनमे मानव समाज की उत्पत्ति और विकास हुआ है। हेगेल ने इन्ह विश्व इतिहास का "भौगोलिक अस्तर" कहा है।

प्रकृति से समाज का सबध सबसे बढकर उत्पादन के जरिये कायम होता है। सामाजिक सपदा का निर्माण श्रम द्वारा होता है, जो प्रकृति के पदाथ को रूपातरित करता तथा मानव आवश्यकताओ के मुताबिक ढालता है। दूसरे शब्दो मे कह सकते ह कि सपदा का पिता श्रम तथा माता प्रकृति है। इस धरती की प्राकृतिक स्थितिया उत्पादन का प्राकृतिक आधार हैं। इसी लिये इनका असर इन बातो पर पडे बिना नही रहता कि मानव कायकलाप का प्रचलन किन रेखाओ पर होगा, उत्पादन शक्तिया कैसे विकसित तथा कहा स्थित होगी, श्रम का विभाजन किस आधार पर होगा, आदि।

भौगोलिक वातावरण का प्रभाव विभिन्न जातियो के ऐतिहासिक विकास की रफ्तार पर भी पडता है। अनुकूल भौगोलिक स्थितिया स उत्पादन क विकास को बढावा मिलता है प्रतिकूल स्थितिया के कारण उसकी गति मद पड़ जाती है। यह सही है कि ज्यो-ज्यो समाज का विकास होता है मनुष्य प्रतिकूल स्थितियो पर अधिकाधिक काबू पाने

तथा प्रकृति पर अधिकार जमाने के योग्य होता जाता है। लेकिन इसका मतलब यह नही है कि ज्यो-ज्यो उत्पादन का विकास होता है मनुष्य प्राकृतिक स्थितियो के प्रभाव से बिल्कुल मुक्त होता जाता है। समाज और प्रकृति का एक दूसरे पर प्रभाव कही ज्यादा पेचीदा और द्वद्वात्मक ढग का है। भौगालिक वातावरण द्वारा उत्पादन के विकास की निश्चित स्थितियां निर्मित होती है, लेकिन इन स्थितियो से फायदा उठाना समाज का काम है। **समान प्राकृतिक स्थितियो का असर समाज के विकास पर उसके विकास स्तर के अनुसार भिन्न पड सकता है।** मार्क्स ने समाज के विकास मे इन स्थितियो की भूमिका के अनुसार इन्हे दो बडी आर्थिक श्रेणियो म बाटा है *

१ जीवन निर्वाह के साधनो, जसे उपजाऊ ज़मीन, पानी, मछली, पौधे, फलो के वक्ष, पक्षी आदि का प्राकृतिक धन,

२ श्रम साधनो, जसे धातु, कोयला, लकडी, पेटरोलियम आदि का प्राकृतिक धन, साथ ही जहाज़रानी के योग्य नदियां, जलप्रपात आदि।

प्रथम की भूमिका सामाजिक विकास की निम्न अवस्थाओ मे अधिक होती है और दूसरे की उच्चतर अवस्थाओ म। मसलन उत्पादन मे कोयले और पेटरोलियम का उपयोग सम्भव और आवश्यक तभी होता है, जब स्वय उत्पादन विकसित होकर काफी उच्च अवस्था मे पहुच जाता है। पहले की अवस्थाओ मे उनका पता भी चला तो बेकार था क्योकि सामाजिक उत्पादन की प्रक्रिया मे उनसे कोई काम नही लिया जा सकता था। आज पेटरोलियम के बिना उत्पादन की कल्पना भी नही की जा सकती और यही कारण है कि आज ससार के राजनीतिक मामलो मे पेटरोलियम एक मौलिक समस्या बना हुआ है।

इसमे कोई सन्देह नही कि मनुष्य और उसके जीवन पर प्रकृति का प्रभाव पडता है और इसका इज़हार उसकी जीवन पद्धति (उसके आवास, उसके पहनावे, उसके खान-पान आदि) म तथा विभिन्न नस्ली और राष्ट्रीय विशेषताओ आदि म होता है। इस प्रभाव पर विचार करना मानवजातिवैज्ञानिक, डाक्टर, गृहशिल्पी आदि के लिये व्यावहारिक रूप म लाभदायक हो सकता है, लेकिन सामाजिक ढाचे के

---

*का० मार्क्स, 'पूजी', प्रगति प्रकाशन, मास्को, खण्ड १, पृ० ५७६

स्वरूप तथा उसके परिवतन की दिशा का पता लगाने मे मनुष्य पर प्रकृति के प्रत्यक्ष प्रभाव का कोई वडा महत्व नही हो सकता। ज़रा एक अमरीकी भूगोलविद एल्सवथ हटिंगटन के इस हास्यास्पद दावे पर विचार कीजिये कि महान अक्तूवर समाजवादी क्राति का कारण यह था कि रूस का जलवायु कुछ गम होने लगा था।

"भौगोलिक नियतिवाद" के सिद्धातो के विपरीत माक्सवाद का मत यह है कि सामाजिक विकास भौगोलिक वातावरण से निर्धारित नही होता है और न हो सकता है। इतिहास म हम प्राकृतिक तथा सामाजिक वातावरण मे कोई खास सवध नही देखने म आता है। हम देखते ह कि लगभग एक सी प्राकृतिक स्थिति के देशा म बिल्कुल भिन सामाजिक व्यवस्थाए है (जैसे सोवियत तुकमानिस्तान और ईरान, सोवियत करेलिया और फिनलड आदि)। इसके विपरीत विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रो के देशा म हम समान सामाजिक व्यवस्था मिलती है जहा उत्पादन शक्तिया लगभग एक ही स्तर पर पहुच गयी ह। इसका कारण यह है कि मनुष्य अपने आप को वातावरण के अनुकूल ही नही बनाते, जसा कि अय प्राणी करते हैं, बल्कि उसको बदलते भी हैं और प्राकृतिक वातावरण के बहुधा प्रतिकूल प्रभाव की काट करते ह।

समाज का अस्तित्व निश्चित प्राकृतिक स्थितियो मे होता है, वह उनको लगातार प्रभावित करता तथा उनसे प्रभावित होता है, परन्तु उसका अपना विकास स्वय अपने नियमा के अनुसार होता है। समाज का इतिहास प्रकृति के इतिहास का सिलसिला है, जिसम स्वय प्रकृति को एक उच्चतर मजिल पर पहुचा दिया जाता है। "इतिहास खुद प्राकृतिक इतिहास का एक वास्तविक भाग है--प्रकृति का, जब वह आदमी बन जाती है।"*

हमने देखा कि मानवजाति अपने विकास के दौरान में एक लम्बे और पेचीदा रास्ते से होकर गुजरी है। ऐतिहासिक प्रक्रिया की पहली मंजिल—आदिम सामुदायिक संरचना—का परिणाम था मनुष्य का पाशविक जगत से निकलना और अपने सामाजिक विकास की आवश्यक स्थितियां तैयार करना। आदिम समाज में मनुष्य ने अपनी प्राकृतिक अवस्था से मुक्ति पायी और पहले पहल सीधा खड़ा हुआ।

अंतर्विरोधी संरचनाओं का परिणाम यह है कि विज्ञान और भौतिक उत्पादन उस स्तर पर पहुंच गये हैं, जहां मनुष्य के लिये यह सम्भव होता है कि प्रकृति की शक्तियों को अपनी सेवा में लगा सके।

इतिहास की तीसरी मंजिल—कम्युनिस्ट संरचना—का कार्यभार यह है कि मानव अपने सामाजिक संबंधों को स्वयं अपने अधिकार में लाये और भौतिक तथा बौद्धिक उत्पादन के उच्चतर विकास तथा बिरादराना सहयोग के सामूहिक संबंधों के विकास के आधार पर स्वयं अपना सर्वतोमुखी विकास करे।

मानवजाति का असल इतिहास कम्युनिस्ट संरचना की उत्पत्ति के साथ आरम्भ होता है क्योंकि तब वह प्रकृति का और स्वयं अपने सामाजिक संबंधों का गुलाम नहीं रहता।

इतिहास का वैज्ञानिक दृष्टिकोण बतलाता है कि **इतिहास प्रगति है, निम्न रूपों से उच्चतर रूपों तक एक लगातार संक्रमण,** और यह कि तत्काल मानवजाति एक ऐसी मंजिल पर पहुंच गयी है, जहां इसके सामने कम्युनिस्ट संरचना की परिस्थितियों में सर्वतोमुखी विकास तथा समृद्धि की महान सम्भावनाएं उत्पन्न हो गयी हैं। यह है विश्व इतिहास की वस्तुगत युक्ति।

हमने विश्व इतिहास के विकास की आम रेखा पर उस हद तक विचार किया, जिस हद तक वह भौतिक उत्पादन के विकास की नियमितताओं से निर्धारित होती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि हमने ऐतिहासिक प्रक्रिया के हर बिन्दु पर सामाजिक विकास की व्याख्या कर दी है। ठोस इतिहास कहीं ज्यादा विविध है, इसके भीतर बहुत से तत्व काम कर रहे

है, जो ऐतिहासिक प्रक्रिया को विविध बनाते हैं, और इसी लिये यह नही समझना चाहिये कि यह किसी सीधी रेखा के समान है। ऐतिहासिक विकास अनेक अंगभूत तत्वों की क्रिया का फल है और ठोस इतिहास को समझने के लिये जरूरी है कि ऐतिहासिक प्रक्रिया में परस्पर प्रभावित करने वाले तमाम मौलिक तत्वों और शक्तियो पर विचार किया जाय। **ऐतिहासिक भौतिकवाद इतिहास के अध्ययन की एक विधि प्रदान करता है, इसलिए यह न केवल विश्व इतिहास के सबद्धता तथा इसके विकास की आम दिशा को प्रकट करता है, बल्कि इसकी विविधता का ज्ञान प्राप्त करने का भी उपाय बताता है।** मार्क्सवाद के संस्थापकों ने बार बार यह चेतावनी दी कि ऐतिहासिक भौतिकवाद को विकृत न किया जाय और इसकी प्रस्थापनाओं को सूत्रों का रूप न दिया जाय, जिन्हे इतिहास पर थोपा जाता और जिन्हे तथ्यों के अध्ययन का स्थान दे दिया जाता है। हम याद करें कि एगेल्स ने इस सबध में क्या कहा था "इतिहास की भौतिकवादी धारणा के अनुसार इतिहास का निर्णायक तत्व अततोगत्वा वास्तविक जीवन का उत्पादन और पुनरुत्पादन है। इससे अधिक न मार्क्स ने और न मैंने ही कहा है। अत यदि कोई इसे तोड-मरोड कर यों कहे कि आर्थिक तत्व ही एकमात्र निर्णायक तत्व है, तो वह हमारी प्रस्थापना को निरर्थक, अमूर्त और छूछी शब्दावली मात्र बना देता है।' * एगेल्स ने आगे चलकर बताया कि विकासक्रम पर ऊपरी ढाचे के विभिन्न पहलुओं जैसे विचारधारा आदि का प्रभाव पडता है और उनके द्वारा मुख्यतया उसका रूप निर्धारित होता है। यदि यह जरूरी नही होता कि इस ऐतिहासिक परस्पर क्रिया पर, आकस्मिक घटनाओं के अनन्त समूह पर विचार किया जाये जिसके मध्य से आर्थिक अनिवार्यता अपना रास्ता बनाती है तो 'इतिहास के किसी युग पर इस सिद्धात को लागू करना गणित के सरलतम समीकरण का हल करने से भी अधिक आसान होता। **

अलग अलग देशों के इतिहास के मार्ग तथा उसकी विशिष्टताओं को वर्गीय शक्तियो के वास्तविक सबध, आत्मनिष्ठ तत्व के प्रभाव और सब

---

* का० मार्क्स और फ्रे० एगेल्स, सकलित रचनाए, चार भागो मे, प्रगति प्रकाशन मास्को, भाग ४, पृ० ५५१

** वही।

प्रथम राजनीति और विचारधारा का अध्ययन किये बिना नही समझा जा सकता। इसके लिये जरूरी यह कोशिश करना है कि इतिहास की गति की अत्यत पचीदगी को देखा जाये और यह समझना ह कि ऐतिहासिक भौतिकवाद की विधि का तकाजा है कि तथ्या का उपयोग सामाजिक वास्तविकता का विश्लेपण करने के लिये किया जाय, न कि उन्हे तोड मरोड कर आम प्रस्थापनाओ पर लागू किया जाये।

फिर वह क्या चीज है, जो विश्व इतिहास के सामान्य माग को इतना विविध बना देती है? स्थानाभाव के कारण हम इस सवाल पर केवल आम तौर से विचार कर सक्त ह। आइये हम एक बार पुन भौगालिक वातावरण के प्रभाव पर विचार कर। इतिहास की व्याख्या करते हुए भौगोलिक वातावरण को नजरअन्दाज़ करना सही नही बल्कि यह पता लगाने का प्रयत्न करना चाहिये कि वास्तव म उसका प्रभाव किस तरह पडता है। भौगोलिक वातावरण अवश्य ही उन तत्वो म से एक है, जिनके कारण विश्व इतिहास की गति इतनी असमान रही जिससे कुछ राष्ट्र उन्नत हो गये और कुछ का विकास धीमा पड गया। लेकिन इस प्रभाव को परम रूप देना गलत होगा क्याकि सामाजिक स्थितिया इसमे हेरफेर करती रहती ह। प्रत्यक राष्ट्र चाहे उसकी भौगोलिक स्थिति कुछ भी हो एक निश्चित ऐतिहासिक वातावरण म जीवन व्यतीत करता और उससे प्रभावित होता है। ऐतिहासिक वातावरण युद्ध आर आक्रमण स लेकर विभिन्न प्रकार के सम्पर्कों तक अत्यत विविध प्रभावा का स्रोत हो सकता है। इसका प्रभाव अर्थव्यवस्था स लेकर विचारधारा तक सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र म पड सकता है। फिर साथ ही इस पर भी विचार कीजिये कि बेहद भाति भाति की जातिया चाहे व ऐतिहासिक विकास के एक ही स्तर पर हा या भिन्न स्तरो पर, एक दूसरे को प्रभावित करती है। अपन इस युग म ही हम देखते हैं कि विभिन्न जातिया, जो कबायली व्यवस्था स लेकर समाजवाद तक सामाजिक विकास के विभिन्न स्तरो पर पहुची हुई ह, सहअस्तित्व और परस्पर प्रभावित करती ह। यह भी एक कारण है जिमस आज की सामाजिक समस्याओ की अत्यत विविधता पदा हाती है।

विभिन्न जातिया के इतिहास की अपनी खास विशेपताए उनकी सस्कृति की खास विशेपताआ म प्रतिबिम्बित आर अकित हा जाती ह। एतिहासिक भौतिकवाद के दष्टिकाण से द्वारबद तथा सवथा स्वतत्र सस्कृतिया के

अस्तित्व के सबध म ग्रास्वाल्ड स्पेंग्लर का विचार, जो विश्व इतिहास को सुसम्बद्ध मानने से इनकार करता है, अवास्तविक है। परन्तु केवल राष्ट्रीय संस्कृतियो की ही नही बल्कि पूरे के पूरे क्षेत्रो की संस्कृतियो की विशिष्टता से इनकार करना भी गलत होगा। चुनाचे जहा यूरोप और एशिया की जातियो की संस्कृतियो म समान बात पायी जाती ह, उनकी अपनी स्पष्ट विशेषताए भी है, जिन्ह इन देशो तथा महादेशो की जातियो के इतिहास का अध्ययन करने म ध्यान म रखना होगा।

अलग अलग देशो या देश समूहो के इतिहास की विशेषताओ को समझने के लिये विचारधारा सबधी प्रभावो का भी बडा महत्व होता है। मसलन यूरोप और अमरीका के पुराने इतिहास म ईसाई धम का प्रचार एक महत्वपूण ऐतिहासिक तत्व रहा है। आगे चलकर क्रातिकारी मजदूर वर्गीय आन्दोलन के विकास से मार्क्सवादी विचारधारा के व्यापक प्रचार का रास्ता साफ हुआ, जो वतमान इतिहास क समस्त माग को विशाल रूप स प्रभावित कर रहा है।

ये कुछ ऐसी परिस्थितिया ह, जिनसे विश्व इतिहास की गति म अनेक पहलू पदा होते ह। **यह देखना जरूरी है कि ऐतिहासिक प्रक्रिया मे एकता और विविधता दोनो है, विकास की प्रमुख प्रवृत्तियां भी ह और विभिन्न जातियो द्वारा अपनाये गये माग की विविधता भी, विकास के सामान्य नियम भी और अलग अलग देशो की खास विशेषताए भी। इन सभी पहलुओ को उनके द्वद्वात्मक सबध मे लेना चाहिये, न किसी के महत्व को बढ़ाना चाहिये और न किसी के महत्व को घटाना।**

विश्व पमाने पर पूजीवाद से कम्युनिज्म म सक्रमण ही आधुनिक युग की मुख्य प्रवृत्ति तथा मुख्य सार है। इस प्रवत्ति के विकास का प्रधान नतीजा यह है कि इस पृथ्वी पर समाजवाद की दढ स्थापना हो चुकी है। ससार मे ऐसी कोई शक्ति नही, जो इतिहास की धारा को मोड सके। समाजवाद का भविष्य कम्युनिज्म है, जो मानवजाति के भावी विकास का आधार है। बात यह है कि उत्पादन साधनो पर कम्युनिस्ट स्वामित्व की स्थापना से मानवजाति के लिये व्यवहार रूप मे सम्पत्ति समस्या का अत हो जाता है, क्योकि उत्पादन साधनो का सावजनिक स्वामित्व ही सावजनिक उत्पादन शक्तियो के लिये एकमात्र पर्याप्त रूप है और इसी से उनके विकास के लिय असीम सम्भावनाए पैदा हो जाती हैं। इसलिये यह बिल्कुल स्वाभाविक है कि

समाज और सस्कृति

सस्कृति क्या है?

पिछले अध्यायो मे हमने समाज को एक सुसम्बद्ध परन्तु अपने अन्दर एक विभाजित सामाजिक सघटन मान कर विचार किया था। हमारे सामने वह सामाजिक परिघटनाओ – सबधो, सस्थाओ, सगठनो, सामाजिक समूहो तथा भौतिक और बोद्धिक तत्वो की एक विशेष व्यवस्था के रूप म उपस्थित हुआ। हमने इस व्यवस्था के ढाचे पर, इसके तत्वो के परस्पर सबधो और इसके विकास की मुख्य नियमितताओ पर विचार किया।

अब हमे **समाज और सस्कृति** पर विचार करना है। दोनो म सबध क्या है? क्या सस्कृति कोई ऐसी वस्तु है, जो समाज से बाह्य है? बजाहिर नही है। सस्कृति का अस्तित्व समाज म होता है। समाज के बाहर याने मनुष्य के पूव और उसके बिना सस्कृति का कोई अस्तित्व नही रहा है। साथ ही सस्कृति एक व्यापक अवधारणा है और अपनी व्यापकता म समाज की अवधारणा के समान है क्योकि हम सामाजिक जीवन और कायकलाप के जिस क्षेत्र पर भी विचार करे हम सदा सस्कृति के कुछ मूलतत्व अवश्य मिलेगे। यही कारण है कि सामान्य सैद्धातिक दृष्टि से सस्कृति का विश्लेषण करने और सामाजिक मानव के कायकलाप मे उसकी भूमिका का समझने के लिय, सस्कृति की तुलना समाज से करने की आवश्यकता होती है।

तो फिर सस्कृति है क्या और सस्कृति और समाज म सबध क्या है? माक्सवादियो और गैर-माक्सवादियो दोनो ने इस अत्यत महत्वपूण विषय पर बहुत कुछ लिखा है। सस्कृति की अनेक परिभाषाए है, कुछ लोगो के

अनुसार कम से कम १६० है।* इसका कारण बज़ाहिर केवल यही नहीं है कि संस्कृति एक बहुत जटिल और किसी हद तक अनिश्चित वस्तु है, बल्कि यह भी है कि रोजमर्रे के जीवन में तथा विभिन्न विज्ञानों— मानवविज्ञान, नस्लविज्ञान, मनोविज्ञान, भाषाविज्ञान, इतिहास तथा समाजशास्त्र—में संस्कृति के विभिन्न रुख या तत्व भी सामने आते हैं और इसी लिये विभिन्न परिभाषाएं दरअसल विभिन्न वस्तुओं पर विचार करती हैं। अतः महत्वपूर्ण बात यह तय करना है कि संस्कृति है क्या और इसकी परिभाषा के सिद्धांत निश्चित करने हैं।

कुछ लोग संस्कृति की एक सामान्य अवधारणा निरूपित करने की ज़रूरत से ही इनकार करेंगे। वे कहेंगे कि इसकी हैसियत एक घरेलू शब्द से ज्यादा नहीं है, या यह अवधारणा विज्ञान की केवल कुछ विशेष शाखाओं में इस्तेमाल की जाती है। लेकिन हम देखते हैं कि संस्कृति की समस्याएं निरन्तर किसी न किसी रूप में सामाजिक व्यवहार में महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं के तौर पर उठती रहती हैं और वे तीव्र सैद्धान्तिक संघर्ष का विषय बन जाती हैं। मसलन समाजवादी निर्माण का मार्ग अपनानेवाले देशों में सांस्कृतिक क्रांति की आवश्यकता और इससे उत्पन्न होनेवाली समस्याओं को ही लीजिये, एशिया, अफ्रीका और लटिन अमरीका के राष्ट्रों का ज़ोरदार ऐतिहासिक कारवाई में शामिल होना, जिनमें से हर एक की अपनी विशेष संस्कृति है, उन्नत पूंजीवादी देशों में "जन समाज" तथा "जन संस्कृति" की जटिल और विरोधी समस्याएं, आदि। इन सब बातों से यह स्पष्ट हो जाता है कि मार्क्सवादी समाजविज्ञान को संस्कृति जैसी परिघटना का विशेष रूप से अध्ययन करने की जरूरत है।

संस्कृति की अवधारणा को समाजशास्त्रीय अवधारणाओं की व्यवस्था के भीतर शामिल करना जरूरी है क्योंकि यह उन प्रवर्गों में से है, जिनसे विज्ञान को मानव कार्यकलाप का और परिणामस्वरूप, विभिन्न सामाजिक व्यवस्थाओं की क्रिया और विकास का अध्ययन करने में सहायता मिलती है।

"संस्कृति" की अवधारणा की उत्पत्ति इस बात से संबंधित है कि शुद्ध प्रकृति के विपरीत मानव कार्यकलाप की एक उपज को अलग कर

---

*देखिये A Kroeber and C Luckhon *Culture A Critical Review of Concepts and Definitions* Cambridge (Mass) 1952

लिया गया। मानव के सजनात्मक कायकलाप के कारण वहुत से पौध परिवर्तित हा चुके ह, खती की जमीन को मनुष्य ने हल चलाकर तयार किया ह, इसी प्रकार सभ्य व्यक्ति भी एक प्राकृतिक प्राणी है, जिसे शिक्षा द्वारा परिवर्तित कर दिया गया है। इससे सभी चीजे दो श्रेणिया म बट जाती ह प्राकृतिक वस्तुए और सस्कृत वस्तुए। यही वह आधार निहित है, जिससे हम सस्कृति की धारणा को समाज की धारणा का पर्याय मानने और यह समझने लगते है कि सस्कृति मानव अस्तित्व की प्रणाली की सबसे स्पष्ट विशेषता है। क्रेबेर और पारसन्स का कहना है कि मानवविज्ञान तथा समाजशास्त्र के रचनाकाल म "सस्कृति तथा समाज शब्दा का प्रयाग अधिकाश प्रभावशाली कृतियो म अपेक्षाकृत बिना किसी भेद क किया जाता था।"* चूंकि परिघटनाओ की इन दो श्रेणियो का भेद दरअसल प्राकृतिक यानी स्वत स्फूत प्रक्रियाओ और उन प्रक्रियाओ का भेद है, जो चेतन, सजनात्मक उद्देश्यपूर्ण मानस कायकलाप का नतीजा ह इसलिय समाज को उसकी सभी अभिव्यक्तियो और परिणामा समेत सस्कृति के इतिहास का अर्थात मानव के बौद्धिक कायकलाप के इतिहास का परिशिष्ट मात्र समझ लिया गया। भौतिक सस्कृति तथा उसकी उपलब्धिया की ओर ध्यान अधिक दिया जाय चाहे कम यह दृष्टिकोण, जा तथाकथित सास्कृतिक ऐतिहासिक ' मत, "सास्कृतिक मानववैज्ञानिक" मत तथा इसके विभिन्न सशोधित रूपो की विशिष्टता है, इतिहास के भाववादी दृष्टिकोण का ही एक रूप है। इसी के आधार पर रिक्ट ने तमाम विज्ञानो को प्रकृति के विज्ञानो और सस्कृति के विज्ञानो म विभाजित किया, और यही आधार है उस विचार का भी, जो मानव इतिहास को अलग अलग स्थानीय सस्कृतिया और सभ्यताओ का इतिहास मानता है।

हमारा विश्वास है कि 'सस्कृति' के शब्द का प्रयोग प्राकृतिक परिघटनाओ के विपरीत सजनात्मक मानव कायकलाप के समुच्चित परिणामा का उल्लेख करने के लिये बिल्कुल उचित है, मगर शर्त यह है कि इसका प्रयाग प्रकृति और समाज की विषमता दिखाने के लिय न किया जाय,

---

*A L Kroeber and Talcott Parsons 'The Concepts of Culture and of Social System' *American Sociological Review*, Vol 23 No 5 New York October 1958 p 582

जिसम पहले का भौतिक दृष्टि स और दूसर का भाववादी दष्टि स दिखाया गया हो।

परन्तु सस्कृति की यह धारणा बहुत ग्राम और ग्रमूत ह और स्पष्टत समाजशास्त्र के लिय पर्याप्त नही है, जिसम विभिन्न समाजा की क्रिया और विकास का अध्ययन किया जाता है। समाजशास्त्र के लिये यह जरूरी हो जाता है कि सस्कृति पर समाज से उसकी सवध पद्धति क प्रसग म विचार किया जाय, अर्थात सस्कृति को प्रकृति से ही नही, बल्कि समाज स भी पथक करके देखा जाय ताकि सस्कृति की अवधारणा मे समाज क कायक्लाप के लिय जो चीज बुनियादी है उसे उभार कर सामने लाया जाये। इसी लिय हमारा विचार ह कि **सस्कृति की व्यापक और सीमित धारणा मे फक** किया जाये। इस दूसर का तात्पय होगा सजनात्मक कायकलाप – विनान, कला, आदि – और इनके परिणाम तथा जनता म उनका प्रसार। सस्कृति की यह परिभाषा उसकी उपयुक्त व्यापक परिभाषा स भिन्न है, जिसके अनुसार मानव कायक्लाप के सभी परिणाम – भौतिक और बौद्धिक दानो – सस्कृति म शामिल कर लिय जात ह। बौद्धिक और भौतिक सस्कृति के विभाजन का भी पर्याप्त आधार मौजूद है और यह विचार कि सस्कृति म जो समस्याए सवधित होती ह वे असल म बौद्धिक सस्कृति क विकास की पदावार ह (सस्कृति का सीमित दष्टिकाण) व्यापक पमाने पर स्वीकार किया गया है। परन्तु चूकि यह विचार सस्कृति का बहुरूपी परिघटना के केवल चन्द पहलुओ की अभिव्यक्ति करता है, इसलिय सस्कृति की व्यापक धारणा की तुलना म त्रुटिपूण है। सच ता यह है कि कई लिहाज से भौतिक तथा बौद्धिक सस्कृति का भेद केवल अपक्षाकृत है। आखिर, हर भौतिक वस्तु, जिसे मनुष्य अपने हाथा से गढता है पहले उसके मन म एक विचार के रूप म जन्म लेती हे। वह मानव के बौद्धिक कायकलाप की पैदावार ह। बौद्धिक सृजनात्मकता मानव कायकलाप का एक अभिन्न अग है। मार्क्स ने कहा है कि प्रकृति इजन, कृपि की मशीने या रलवे नही बनाती। य सव आदमी बनाता है, उसके हाथा की महनत उसकी मानसिक क्रिया का नताजा है और इनम मनुष्य के नान, अनुभव और उसकी सजनात्मक शक्ति न मूत रूप धारण किया है। सामाजिक दष्टि स महत्वपूण बनन क लिय हर विचार को भौतिक रूप धारण करना पडता है चाह क्रिया म, भाषा मे, पुस्तक म, चित्र म या मशीन आदि म। इसी स यह प्रकट होता

है कि सस्कृति के सार को वौद्धिक सस्कृति तक ही सीमित रखना गलत है। और सच पूछिये ता क्या यह कहना सही है कि कलाकार जब चित्र बनाता है ता सस्कृति की सजना करता है, मगर एक डिजाइन इजीनियर मशीन बनाता है तो वह सजना नही करता ?

इसके अतिरिक्त यदि सस्कृति का अर्थ वौद्धिक कायकलाप और उसके परिणामो ('वौद्धिक सस्कृति") के सिवा और कुछ न हो तो वह "समाज के वौद्धिक जीवन" की धारणा से भिन्न नही होगा। उस हालत म इसका उपयोग अथपूण ढग से केवल वौद्धिक सजनात्मकता के रूपा और अभिव्यक्तिया की सम्पूण विविधता, उसके परिणामा आदि के प्रसार का उल्लेख करन के लिये किया जा सकता है। चूकि एक समग्र वस्तु अपने भागा के याग से अधिक कुछ हाती है, अत इस तरह की सयोगिक धारणा कारआमद है, खासकर इसलिये कि इससे एक समग्र वस्तु के रूप म समाज की धारणा मे तथा उस समग्र वस्तु के एक भाग के रूप म सस्कृति की धारणा म, जिससे किसी युग की सामाजिक चेतना का विकास लक्षित हाता है, फक करने मे सहायता मिलती है।

हम अगर यह कहते हैं कि सस्कृति की धारणा का वौद्धिक सस्कृति तक सीमित करना सही नही है, और इस बात पर जार देते ह कि भौतिक तथा वौद्धिक सस्कृति की पदावार म, मानव कायकलाप का परिणाम हान के कारण, कुछ समान पहलू हाते हैं, तो हम कदापि यह नही मानते कि भौतिक और वौद्धिक उत्पादन म कोई भेद करना बेकार की बात है। अत उत्पादन के साधन भौतिक सस्कृति की पदावार हैं, जो उसकी नियमितताओ के अधीन ह लेकिन वे उत्पादक शक्तिया की मूल सामाजिक क्रिया भी पूरे करते ह, जो सारे सामाजिक ढाचे का आधार है। उत्पादन साधनो तथा भौतिक सस्कृति के अन्य तत्वो (श्रम के साधनो, इमारतो, कपडा, आदि) के उपयोग, यानी उनके "उपभोग" का नतीजा यह होता है कि वे घिसते और फटते है, या उनम, जसे मिसाल के लिये भोजन मे, भौतिक, रासायनिक या ऊर्जा-सबधी परिवतन होते हैं। यही कारण है कि अगर समाज के अस्तित्व को कायम रखना है तो इनका पुन उत्पादन करना जरूरी है। इसी लिये सामाजिक मानव के लिये भौतिक उत्पादक कायकलाप की निरतर आवश्यकता होती है।

बौद्धिक उत्पादन की पदावार की हालत भिन्न है। प्रकृति के किसी नियम का जब पता लगा लिया जाता है तो वह सभ्यता का भाग बन जाता है और उसे बार बार इस्तेमाल किया जा सकता है। उपभोग द्वारा उसके समाप्त या नष्ट हो जाने का कोई खतरा नही होता। कोई पुस्तक एक बार सस्कृति का भाग बन जाये तो कितनी ही बार उसका "उपभोग" किया जा सकता है (केवल एक भौतिक वस्तु के रूप मे पुस्तक फट सकती है) और यह उस समय तक होता रहेगा, जब तक उसका पढनेवाले होगे यानी जब तक वह पुस्तक समय का साथ देती रहेगी और सास्कृतिक आवश्यकताए पूरी करती रहेगी।

इस प्रकार, समाज मे भौतिक तथा बौद्धिक कायकलाप के वस्तुआ के सजन, विस्तार (वितरण) तथा उपभोग की प्रक्रियाए होती ह। लेकिन भौतिक उत्पादन की पैदावारा का उपभोग करने के लिये जरूरी है कि उनका पुर्नोत्पादन निरन्तर जारी रहे। आधुनिक समाज मे उनका वितरण मालो के रूप म दुकाना आदि के द्वारा होता है, जिनका जाल सा बिछा हुआ है और या तो वे घिस और फट जाते या उपभोग के जरिये खतम हो जाते ह।

बौद्धिक उत्पादन की वस्तुआ का हाल जुदा है (उनकी सख्या का सवाल अलग है) उनका वितरण शिक्षा की व्यवस्था द्वारा होता है, जब मानव सस्कृति के विभिन्न पहलुओ की जानकारी प्राप्त करता है और उपभोग के कारण वे समाप्त नही होते। यह सही है कि पूजीपति वग ने बौद्धिक उत्पादन को भी पूजीवाद के नियमो के अधीन बनाने का प्रयास किया है, लेकिन इसमे सफलता उसे केवल आशिक रूप मे ही मिली है, क्याकि स्वय बौद्धिक उत्पादन तथा सस्कृति के स्वरूप के कारण इसकी कोशिशो का प्रतिरोध हुआ है। बौद्धिक उत्पादन की वस्तुओ की खास विशेषता यह है कि उनके बाह्य भौतिक रूप का महत्व केवल उसके बौद्धिक सार की अभिव्यजना के कारण है, जिसे मानव देख तथा आत्मसात कर सकता है।

वर्गीय समाज के भौतिक उत्पादन मे वर्गों के प्रतिरोध का भी प्रतिबिब होता है, जिससे सस्कृति के सैद्धातिक सार या वर्गीय चरित्र निर्धारित होता है। सस्कृति का क्षेत्र ऐसा है, जिसम सामाजिक अनुभव, ज्ञान, आदि एक पीढी से दूसरी पीढी तक हस्तातरित होते जाते ह, अर्थात, यह वह क्षेत्र है, जिसमे "सामाजिक जानकारी" सचित की जाती है, जिससे

यह सम्भव होता है कि संस्कृति का विकास हो तथा नये सांस्कृतिक मूल्य उत्पन्न हो। हस्तांतरण की विधि ऐतिहासिक स्थितियों पर, सामाजिक विकास के स्तर तथा विभिन्न वर्गों के हितों पर निर्भर करती है, परन्तु उसका संबंध हमेशा संस्कृति के मूल्यों से मनुष्य के समागम से रहा है।

इन परिभाषाओं से संस्कृति का वस्तुनिष्ठ पहलू निखर आता है, यह बात निश्चित हो जाती है कि संस्कृति का अस्तित्व समाज में भौतिक तथा बौद्धिक मूल्यों के एक निश्चित योग के रूप में होता है, जिनसे वह भौतिक तथा बौद्धिक वातावरण तैयार होता है, जिसमें मनुष्य जीवन बिताते और काम करते हैं।

लेकिन संस्कृति का सार पूरी तरह न तो इस परिभाषा से अदा होता है कि संस्कृति मानव कार्यकलाप (भौतिक और बौद्धिक दोनों) की उन पैदावारों का योगफल है, जिन्हें सामाजिक समुदाय अपनाते और आनेवाली पीढ़ियों तथा अन्य समाजों को हस्तांतरित करते जाते हैं और न ही इस परिभाषा से अदा होता है कि वह ऐतिहासिक रूप में संकलित तथा दूसरी पीढ़ियों को हस्तांतरित विचारों तथा संबंधित मूल्यों का योगफल है। इसमें सन्देह नहीं कि इनमें से प्रत्येक परिभाषा संस्कृति के वास्तविक पहलुओं को प्रतिबिंबित करती है।

प्राकृतिक परिघटनाओं के विपरीत संस्कृति का अस्तित्व संस्कृति की ही हैसियत से केवल मनुष्य और उसके भौतिक कार्यकलाप के संबंध में ही हो सकता है न कि एक अलग वस्तुनिष्ठ तत्व के रूप में। यही कारण है कि संस्कृति का हमेशा एक आत्मनिष्ठ पहलू भी होता है। मनुष्य बौद्धिक और भौतिक वस्तुओं का सृजन करता है और इस तरह अपने विकास के परिणामों को मूर्त रूप में ढालता है फिर उनके 'मानवीय' सार को अपने लिये सुलभ करके वह उन्हें आत्मसात करता है। समाज में सृजन की ही नहीं, बल्कि **संस्कृति के अंतर्राष्ट्रीयकरण** की निरन्तर प्रक्रिया भी जारी है। अंतर्राष्ट्रीयकरण मनुष्य और संस्कृति की परस्पर क्रिया का एक जरूरी पहलू है और समाज के अस्तित्व और विकास की एक आवश्यक शर्त है।

पाशविक जगत से मनुष्य का अलगाव और पशुओं के झुंड के बदले सामाजिक समुदाय के कायम होने का संबंध जीवन-कार्यकलाप की विशिष्ट मानव प्रणालियों की उत्पत्ति और विकास से है, जिनके बिना स्वयं इस समुदाय का अस्तित्व और विकास ही अकल्पनीय है।

यह चीज श्रम म, जीवन की समस्त आवश्यक वस्तुओ के उत्पादन म देखी जा सकता है। जसा कि हमन कहा है श्रम की प्रक्रिया क लिए जरूरी ह कुछ निश्चित भौतिक चीजें, जस उत्पादन की विषयवस्तुए, उत्पादन क साधन तथा औजार और आदमी भी, जिनक पास पर्याप्त अनुभव ज्ञान और श्रम कौशल हो, जिसस व इन औजारो को इस्तमाल कर सक, उन्ह काम म ला सक और उत्पादन कायकलाप कर सक। कवल श्रम क औजार हो नही, बल्कि उनस काम लन की विधिया भी इतिहासक्रम क दौर म समाज म आविर्भूत होती है और आनवाली पीढिया को विरासत म मिलती ह। हो सकता है कि विभिन्न देश समान औजार तथा उत्पादन के अय तत्वो के बावजूद उत्पादन कौशल के विभिन्न स्तर पर हो यद्यपि वे भौतिक तकनीकी तथा सामाजिक आर्थिक विकास क एक ही स्तर पर हो।

मानव सबधो की विविधता – आर्थिक और राजनीतिक, अत वर्गीय और अतरवर्गीय, राष्ट्रीय और अतर्राष्ट्रीय, पारिवारिक तथा रोजमर्रे के, खेल-कूद और शिक्षा-सबधी, आदि – के कारण हर व्यक्ति के लिये आवश्यक हो जाता है कि अपने आचार और कायविधि को उन विभिन्न सामूहिक सस्थाओ की जरूरता के अनुकूल बनाय, जिनके दायर म उस काम करना है, और उन तकाजो के अनुसार, जो परम्परा कायदे, प्रतिमान, मूल्यो आदि म प्रकट होत ह और उसके कायकलाप की नियत्रण-सबधी क्रियाविधि का काम दत हैं। इन नियत्रण सबधी क्रियाविधिया पर और वे किस हद तक अमल मे लाय जात ह इस पर ऐतिहासिक रूप से निश्चित समुदायो की परिधि के भीतर व्यक्ति की आचारविधि यानी समाज की सस्कृति निर्भर करती है। इसी के साथ हम यह भी उल्लेख करत चले कि जब हम किसी समाज की सस्कृति की बात करते ह तो हमार मन मे उस समाज के जीते जागत पुरुष और महिलाए होती है और वह सस्कृति होती है, जो उस समाज के व्यक्तियो के लिय समान और चारित्रिक होती है और जिसकी अभिव्यक्ति सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रो म उनके सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण आचरण और कायकलाप म होती है।

मानव कायविधि और मानव आचरण का स्वरूप **सस्कृति द्वारा आचार के बने बनाये प्रतिमानो के रूप मे पेश** किये जा सकते ह, **जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक स्थापित और हस्तातरित** किये जाते ह। यो तो हर समाज म मा अपने बच्चे को लोरी देकर सुलाती है, लोग खाना पकाते और

खाते ह एक दूसरे से मिलत, काम और आराम करत, पव-त्याहार मनात ह, मगर य सारे काम वे भिन्न रूप से करते हैं, जा सस्कृति उन्ह मिली है उसके स्वरूप के अनुसार करते हैं।

ऐसा भी हो सक्ता है कि किसी खास परिस्थिति म खास प्रतिक्रियाए, नियाविधिया आदि सस्कृति द्वारा एक ही रूप म पेश नही की जायें, बल्कि विभिन्न और वदलती स्थितिया पर निभर कर, ऐसी सूरत म सस्कृति आचरण के वने-वनाय नमूने नही मुहैया करती, वल्कि कायक्लाप के उमूल बताती है और यह सम्भावना खुली छाड देती है कि मानवजाति क पूवकालीन समूचे सामाजिक-सास्कृतिक विकास म से कोई भी काय प्रणाली चुन ली जाये। सस्कृति का विकास एक ऐसी स्थिति से, जिसम सास्कृतिक व्यवस्था आचरण के बने-वनाये नमूने सामन रखा करती थी, ऐसी स्थिति मे हुआ है जिसमे आचरण को ध्येया साधना तथा विधिया म विभाजित कर दिया गया है, जो आगे चलकर मान, मूल्य मापदड आदि का रूप ले लेते ह जबकि आचरण के बने-वनाये नमून कुछ स्थितिया म अव भी अथपूण रहत हैं।

बौद्धिक कायक्लाप के क्षेत्र मे भी हम देखते हैं कि सस्कृति की धारणा का एक विशेप महत्व है, जिसमे सजनात्मक कायक्लाप का स्वरूप तथा इसके परिणामा के अभिबोध का स्वरूप दोना शामिल हैं। किसी कलाकृति का मूल्याकन करते समय हमारा ध्यान केवल कलाकार की दक्षता और सजनशक्ति की ही ओर नही जाता, बल्कि उसकी सामान्य तथा पशेवराना सस्कृति की ओर भी जाता है।

कलाकृतियो के अभिबाध की भी एक सस्कृति होती है, यानी इस तरह का गुणग्रहण जिसके दौरान म दशक सृजनात्मक क्रिया मे जसे भाग लेता ह, उसके अन्दर का कलाकार जाग उठता है और उसमे वही भावनाए उत्पन्न होती हैं, जो कलाकृति म प्रतिविबित घटनाओ के सजनकर्ता म उत्पन्न हुई थी। इससे यह बात निर्धारित होती है कि कलाकृतिया केवल अतीत की सस्कृति के स्मारक ही नही होती बल्कि वतमान सस्कृति के तत्वो के रूप म भी सामने आती हैं, जो नई पीढी के विचारो भावा तथा अनुभूतिया को रूप दते हैं।

अत श्रम की सस्कृति, सामाजिक आचरण की सस्कृति तथा अभिबाध की सस्कृति होती है, रोजमर्रे के जीवन उत्पादन कार्यालय और सावजनिक

एक सश्लिष्ट धारणा ह, जिसकी उत्पत्ति इसलिए हुई है कि मानव कायकलाप की समस्त उपलब्धिया का, यानी भौतिक, उनक द्वारा निश्चित सामाजिक तथा बौद्धिक उपलब्धिया का वणित किया जा सक, जिनका इस दष्टि स देखा जाता है कि उनकी अभिव्यक्ति मनुष्य म, उसकी जावन पद्धति म उसक चिन्तन तथा उसकी काय प्रणाली म कस हुई है और किस हद तक उनस मनुष्य का अपनी पाशविक उत्पत्ति के असर को दूर करन म सहायता मिलती ह। इसी लिय सस्कृति मानवा का और उनक मानवीकरण के स्तर का चिह ह। इसकी अभिव्यक्ति चिन्तन, सामाजिक आचरण तथा क्रिया की विशिष्ट मानवीय पद्धतिया म हाती है।

सामाजिक विकास तथा सस्कृतियो की विविधता

सस्कृति का स्वरूप चूकि सामाजिक आवश्यक्ताओं द्वारा निर्धारित हाता है इसलिय इसे सामाजिक परिस्थितिया द्वारा निर्धारित कह सक्त ह।

सस्कृति का निर्माण और क्रिया मनुष्य के मिल-जुलकर काम करन की जरूरी शत है चाह वह छोटे समूहा के पमान पर हा या पूर समाज क। इसी लिय सस्कृति सामाजिक व्यवस्था के पूर तानवान म बुनी हुइ है, और सामाजिक व्यवस्था के भीतर के विभाजन अनिवाय रूप से सस्कृति म प्रतिबिंबित हात ह। समाज की स्थान-सबधी विविधता, जो एक ही समय म विभिन्न सामाजिक समुदाया के होने के कारण पदा हुई है इसका विकास इसका भीतरी विभेदीकरण, जा श्रम विभाजन, विभिन्न कायक्षेत्रा के अस्तित्व विरोधी वगहिता, सामाजिक समूहो के सघष आदि से सबद्ध है- इन सभी की अभिव्यक्ति सस्कृति म हाती है।

मानवजाति के इतिहास म प्रथमत हर जगह विभिन्न आदिम सस्कृतिया का निरूपण हुआ, जिनके द्वारा छाटे छोटे मानव समुदाया (कबीला, गण) के लिय आचरण और कायकलाप के बने-बनाय नमूने तयार हो गय। य सस्कृतिया अत्यत स्थायी और माना अपरिवतनीय हाती थी। उनके ज़रिये समूहा मे मनुष्यो के जीवन को सख्ती के साथ नियत्रित करन मे सहायता मिली। य सस्कृतिया जीवन की स्थितिया के बहुत अनुरूप हुआ करती थी और इससे मानवा को अपना अस्तित्व कायम रखने म बडी मदद मिली। एक सस्कृति क दायर म पला और बडा हुआ व्यक्ति उसक अदर सुस्थिर

अनुभव करता था, उसे "अपना" समझता था क्योंकि उसने चिन्तन और आचरण के ऐसे बेलोच साचे बना लिये थे, जिनमे वह ढल चुका था। ऐसे आदमी के लिये किसी दूसरी सास्कृतिक प्रणाली को स्वीकार करने का मतलब होता अपनी आदतो और आचरण पद्धति मे गहरा परिवर्तन करना और उनको नये साचो मे ढालना। नये साचे मे अपने आपको ढालना और सर्वथा भिन्न सास्कृतिक वातावरण के अनुकूल बनाना हर आदमी के बस मे नही है। शायद यही कारण है कि बजारे आज तक खानाबदोशी का जीवन बिताया करते है।

मनुष्य जिस सास्कृतिक व्यवस्था मे पला-बढा है उसके साथ उसका असाधारण "अनुकूलन" देखकर कुछ मानवजाति वैज्ञानिक (औरो के अलावा ब० मालिनोव्स्की), जिन्होने आदिम सस्कृतियो का अध्ययन अपेक्षाकृत अलगाव की स्थिति मे किया है इस निष्कर्ष पर जा पहुचे कि सस्कृतियो का ऊच नीच मे विभाजित करना गलत है कि प्रत्येक सस्कृति अपने आपमे न्यारी है, और मनुष्य एक बार इसके साचे मे ढलने के बाद आसानी से अन्य सास्कृतिक व्यवस्था मे रूपातरित नही हो सकता। इसका आशय यह प्रतीत होता है कि मानो विकास की धारणा सस्कृति पर लागू नही होती और यह कि सस्कृति के अध्ययन मे सही दृष्टिकोण ऐतिहासिक नही बल्कि सरचनात्मक-कार्यात्मक है। इस दृष्टिकोण के अनुसार हर सास्कृतिक व्यवस्था एक सुसम्बद्ध समुच्चता है, एक ऐसी व्यवस्था, जिसके भिन्न तत्वो का समूचे ढाचे की क्रिया मे निश्चित स्थान है। समूचे ढाचे की क्रिया का अध्ययन करके ही अलग अलग हर सस्कृति का अर्थ और महत्व समझा जा सकता है जिसको तुलना के उद्देश्य से एक के ऊपर एक विकास के जीने पर सजा कर नही किया जा सकता।

प्रत्यक्ष ही यह दृष्टिकोण एकागी है। आदिम तथा कुछ अलग अलग सस्कृतियो के विश्लेषण के निष्कर्षों को बिना किसी परिवर्तन के मानव-जाति के पूरे इतिहास पर लागू करना, जिसमे समाज के सास्कृतिक विकास के स्पष्ट लक्षण मौजूद है, जाहिर है कि सही नही हो सकता। लेकिन कुछ पहलुओ से ये विचार ध्यानपूर्वक विश्लेषण के योग्य है।

प्रथमत वे इस तथ्य को प्रतिबिंबित करते है कि प्रत्येक सस्कृति अपनी विचार प्रणाली, नियमावली, आचरण के मानक, परम्परा आदि के लिहाज से न्यारी होती है। इस न्यारेपन को बहुत बढ़ा चढाकर नही पेश करना

चाहिए मगर वह होता जरूर है। हर संस्कृति एक व्यवस्था, एक सुसम्बद्ध समुच्चता के रूप में निश्चित सामाजिक (और प्राकृतिक भी) स्थितियों से बुनियादी तौर पर सम्बद्ध होती है और सामाजिक संगठन के युक्त रूप को कायम रखने की भूमिका अदा करती है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि सामाजिक रूप के बदल जाने पर एक संस्कृति से दूसरी में ऐतिहासिक संक्रमण नहीं हो सकता। संस्कृति का उलटा, अनैतिहासिक दृष्टिकोण इतिहास के तथ्यों से मेल नहीं खाता।

दूसरे, इन विचारों में एक प्रगतिशील, मानववादी तत्व भी है, जिसका रुख नस्लवाद और उपनिवेशवाद के विरुद्ध है। यह विचार कि अंतर्विरोधी समाजों में संस्कृतियों में समानता है, संस्कृति के संवाहक, जनगण के स्वतंत्र अस्तित्व के अधिकार की पुष्टि करता है। यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि औपनिवेशिक लूट-खसोट की पूंजीवादी व्यवस्था के कारण पीड़ित राष्ट्रों की संस्कृतियां पामाल हुई थीं और कहीं कहीं तो पूरी जातियां और उनकी संस्कृतियां नष्ट कर दी गयी थीं। परन्तु समाजवाद ने अन्य तथा सच्चे मानों में मानववादी सम्भावनाओं के द्वार खोल दिये हैं और वह यह नहीं कि आदिम संस्कृतियां ज्यों की त्यों कायम रहें, बल्कि यह कि पिछड़ी जातियां प्रगति करें, उनकी अर्थव्यवस्था और संस्कृति का विकास हो, तथा आधुनिक प्रगतिशील संस्कृति से उनका समागम हो, और साथ ही समाजवाद इस सामाजिक समस्या को हल करने के अनुकूल तरीके भी निकाल रहा है।

तीसरे इन विचारों द्वारा ध्यान संस्कृति के क्रियात्मक दृष्टिकोण के महत्व तथा लाभजनकता की ओर आकृष्ट होता है तथा इस बात की ओर कि इसे एक निश्चित व्यवस्था का अंगभूत मानकर चलना जरूरी है। ऐतिहासिक विधि के साथ मिलकर यह दृष्टिकोण उन साधनों में वृद्धि करता है, जिनका प्रयोग सामाजिक विश्लेषण में किया जा सकता है।

परन्तु सम्पूर्ण रूप से उक्त विचार प्रणाली भ्रांतिपूर्ण थी क्योंकि उसमें यह रुझान था कि संस्कृतियों के न्यारेपन को परम मान लिया जाये, उनके विकास से इनकार किया गया और ऐतिहासिक सापेक्षवाद को सही माना गया था।

लेकिन न्यारापन आदिम समाजों की ही विशेषता नहीं, बल्कि अधिक उन्नत संस्कृतियों की भी विशेषता है। परन्तु उन्नत जातियों, आधुनिक राष्ट्रों तथा पूरे के पूरे क्षेत्रों की वास्तविक संस्कृतियां किसी भी अर्थ में बन्द या

है। इन दोना म कई बुनियादी बाता म भेद है, मगर इस विचार पर दाना सहमत ह कि मानवजाति का इतिहास विशिष्ट, बन्द और अनाखी 'स्थानीय सस्कृतिया" से मिलकर बनता ह, जिनका स्वय अपना अस्तित्व हाता हे विकास का एक निश्चित क्रम हाता है और जो एक दूसर क समानान्तर मौजूद हाती ह (टाएनबी इ ह "सभ्यताए" कहत ह)। स्पेगनर न आठ ऐसी सस्कृतिया गिनाई ह और टाएनबी न छब्बीस। नताजा यह है कि दोना ही सस्कृति की धारणा का प्रयाग विश्व इतिहास की वास्तविक एकता के विचार स इनकार करन क लिय करते ह। परन्तु विश्व इतिहास विविधता की एकता है एकता क बिना विविधता नही है। यह सही हे कि टाएनबी इस बात से बिल्कुल इनकार नहा करत कि इतिहास का स्रोत एक ही ह, परन्तु उनके नजदीक इसका स्रात एक विश्व धम की रचना और विकास म ह स्वय ऐतिहासिक यथाथ म नही है। सामाजिक राजनीतिक स्तर पर इन दाना धारणाआ का रख मार्क्सवाद तथा कम्युनिज्म के विरुद्ध हैं।

अत इतिहास म हम सस्कृतिया की विविधता मिलती है, जिनका निरूपण विभिन्न जातीय तथा स्थान-सबधी मानव समुदाया म हुआ है और जिनपर किसी कौम के इतिहास की तथा एक निश्चित भौगोलिक तथा सामाजिक वातावरण म उसके जीवन की छाप होती है। प्रगतिशील विश्व सस्कृति अपने अन्दर सस्कृतिया की इस विविधता का समेट लेती है, परन्तु वह केवल उनका यागफल नही है क्योकि अपन विकास के दौरान म वह चुनती चलती हे और बचाकर उन्ही चीजा को रखती है, जो आम मानवाय महत्व की है और जो सवमान्य हो सकती हा, चाहे उनकी उत्पत्ति कही भी किसी भी ठास सस्कृति मे हुई हो और उन पर छाप किसी भी विशष स्थिति की पडी हा। भविष्य म कम्युनिज्म के आधार पर स्पष्टत ही मानवजाति का एक अविभाजित समुदाय बन जायेगा, जिसकी सस्कृति एक हागी। उसम मानवजाति क सामाजिक सास्कृतिक विकास के दीघकालीन तथा विविधतापूण इतिहास की श्रेष्ठतम उपलब्धिया बटोर ली जायेगी। और जब तक यह नही हाता तब तक सस्कृतिया की विविधता एक वास्तविकता है, जिसको सामाजिक सिद्धात तथा वास्तविक जीवन दाना म ध्यान म रखना होगा।

सस्कृति का एक निश्चित ऐतिहासिक इकाई (कबीले जाति राष्ट या समान सस्कृति की जातियो के समूह भी) के साथ सबध सस्कृति को एक विशेष **रूप** देता है, उसका एक निश्चित सामाजिक व्यवस्था स वर्गीय हिता से सबध सस्कृति को एक निश्चित विचारधारात्मक अतय प्रदान करता है। प्रत्यक सामाजिक सरचना मापदड और मूल्या की एक प्रणाली का जन्म दती है, जिनका पालन करन के पीछे निश्चित दड प्रणाली सामाजिक नियत्रण, शिक्षा पद्धति आदि हात ह। अतविरोधी समाज पर मापदड की एक ऐसी प्रणाली हावी है, जो उस समाज के प्रभुताशाली वग के हिता का पूरा करती है। इसके वरखिलाफ पीडित वग स्वय अपन आदर्शो, मापदडो, मूल्या तथा आचरण के उसूलो को जन्म देता है। इसी प्रसग म लेनिन न कहा था कि **एक शोषक समाज की प्रत्येक राष्ट्रीय सस्कृति के भीतर दो सस्कृतिया होती ह शासक वग की पूजीवादी सस्कृति तथा एक जनवादी और समाजवादी सस्कृति के तत्व जो पीडित वग के हितो से सम्बद्ध होते ह।*** यह लेनिनवादी प्रस्थापना सस्कृति के विचारधारात्मक रुख को बहुत ठीक ठीक प्रतिबिबित करती है, मगर सुधारवादियो और दक्षिणपथी सशोधनवादियो ने इस पर बडी लेदे मचाई है। वे पूजीवादी सस्कृति का बिना किसी आलोचना के स्वीकार करन की बात कहत ह क्योकि उन्होन सास्कृतिक परिघटनाओ का मूल्याकन करने म वर्गीय दृष्टिकोण को त्याग दिया है, जिसके बिना सस्कृति का वैज्ञानिक विश्लेषण नही किया जा सकता। उनका दृष्टिकोण अतीत की सस्कृति का, जिसमे पूजीवादी सस्कृति भी शामिल है, आलोचनात्मक ढग स आत्मसात करन की समस्या को नजरअदाज कर जाता है। मजदूर वग को उस सस्कृति को अस्वीकार करना है, जो प्रतिक्रियावादी ह और जिसका बुनियादी सबध उन सामाजिक उपकरणो से है, जिन्ह पूजीवादी वग का शासन कायम रखन के लिय इस्तेमाल किया जाता है। परन्तु सभी सच्ची सास्कृतिक उपलब्धिया विश्वव्यापी मानव सास्कृतिक विरासत का अग ह, और नय समाजवादी समाज की सस्कृति का निमाण करने म इनका पूरा उपयोग करना चाहिय। इसी लिय युवको को सम्बोधित करत हुए लेनिन न कहा था कि "आप तभी

---

*ब्ला० इ० लेनिन, राष्ट्रीय नीति तथा सवहारा अतर्राष्ट्रीयतावाद क प्रश्न, प्रगति प्रकाशन, मास्को, पृ० १८–१६

कम्युनिस्ट बन सकेंगे, जब आप अपने मन को मानवजाति द्वारा निर्मित सभी बहुमूल्य वस्तुओं के ज्ञान से सम्पन्न बना लेंगे।"*

समाजवादी समाज की सस्कृति उसके विचारधारात्मक रुख की दृष्टि से पूजीवादी समाज की प्रभुताशाली सस्कृति के प्रतिकूल है, परन्तु अपने निरूपण और विकास के दौरान मे वह अतीत की महान सास्कृतिक विरासत के सभी बहुमूल्य तत्वो को आत्मसात करती चलती है। लेनिन ने कहा था कि कुछ नकली क्रातिकारी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा अतीत की सास्कृतिक विरासत को नज़रअन्दाज़ करके एक "सर्वहारा सस्कृति" के निर्माण का जो प्रयत्न कर रहे थे वह उनकी अज्ञानता ज़ाहिर करता था और बिल्कुल बेकार बात थी। लेनिन ने रूस मे अक्तूबर क्राति के बाद सास्कृतिक क्राति करने का कार्यभार सामने रखा, जिसमे यह बात भी शामिल थी कि जनता को अभी तक जो सास्कृतिक विकास हो चुका है, उसके स्तर पर पहुचाया जाये, आलोचनात्मक दृष्टि से उसे आत्मसात किया जाये और उस आधार पर एक ऐसी सस्कृति का निर्माण किया जाये, जो समाजवादी समाज के अनुरूप हो। इस बात पर विशेष रूप से ज़ोर देना इसलिये ज़रूरी है कि माओ त्से-तुग द्वारा घोषित और क्रियान्वित "महान सर्वहारा सास्कृतिक क्राति' मे अतीत की सास्कृतिक विरासत के प्रति लेनिनवादी रुख को बिल्कुल त्याग दिया गया है। यह क्राति 'सास्कृतिक" केवल नाम के लिये थी, और इसका असल उद्देश्य दरअसल कुछ और था। इसके दौरान मे चीन मे समस्त सस्कृति के प्रति, जो "महान कर्णधार के विचारो" के दायरे के बाहर थी, एक सर्वथा नाशवादी रुख अपनाया गया और इससे चीन की युवा पीढ़ी, और फलस्वरूप पूरे देश के सास्कृतिक विकास को बहुत हानि हुई। सस्कृति का विकास होने के बजाय उसकी बर्बादी हुई, जनता का उच्चतर सास्कृतिक स्तर तक उठान के बजाय उन्हे माओवादी गीता के पाठ रटवाए गए, नए बुद्धिजीवी वर्ग का निर्माण करने के बजाय लाखो-करोड़ो लड़का-लड़कियो की पढ़ाई साल साल भर के लिये छूट गयी, पेशेवर कुशलता का स्तर बहुत गिर गया, बौद्धिक दृष्टि से जिस किसी ने भी कुछ नाम किया उसको गालिया दी गई और बुद्धिजीवियो का जीना दूभर कर दिया गया। माओ

---

*ब्ला० इ० लेनिन, सकलित रचनाए, चार भागो मे, प्रगति प्रकाशन मास्को, १९६६ भाग ४ पृ० १६६

की "सास्कृतिक क्राति" के यही दुखद परिणाम थे, जिनका असर चीन की युवा पीढी के सास्कृतिक विकास पर बहुत दिनो तक महसूस किया जाता रहेगा।

इस अनुभव से यही प्रकट होता है कि सस्कृति के प्रति वर्गीय भावना, विचारधारात्मक रुख, पार्टी दृष्टिकोण की धारणाए ठोस रूप मे, यह ध्यान रखते हुए लागू करनी चाहिये कि विभिन्न सास्कृतिक परिघटनाओ की विशेषताए क्या है, उनके भीतर वर्गीय तथा आम मानवीय तत्वो का सबध क्या है। अतीत की पूरी सस्कृति को (प्रगतिशील सस्कृति समेत) आख बन्द करके इस वजह से ठुकरा देना कि वह "वैरी वर्ग" की चीज है पार्टी सिद्धात को बदनाम करना है, हुगवाईपिगो के दीवानापन को जन्म देना है, जो मानवीय मूल्यो से इनकार करते, अपने प्रोफेसरो की दाढिया मूडते, सास्कृतिक स्मारको को तोडते, किताबो आदि को जलाते फिरते थे।

सस्कृति और व्यक्ति

सस्कृति कोई ऐसी विशेष सामाजिक वस्तु नही है, जिसे सामाजिक व्यवस्था की अन्य वस्तुओ से अलग किया जा सकता हो। यह समझना सही नही होगा कि सामाजिक जीवन के भौतिक-तकनीकी, सामाजिक आर्थिक तथा बौद्धिक क्षेत्रो से भिन्न सस्कृति का अपना अलग कोई क्षेत्र है, या यह कि सस्कृति के बिना भी सामाजिक जीवन का कोई क्षेत्र है। इसी लिये हमने समाज की सस्कृति तथा विभिन्न सामाजिक समूहो की सस्कृति का उल्लेख किया है। लेकिन सस्कृति और समाज के सबध का कोई भी विश्लेषण व्यक्ति की सस्कृति, व्यक्तित्व के सवाल पर विचार किये बिना मुकम्मल नही हो सकता। इस प्रश्न के दो पहलू है। एक का सबध प्रत्येक व्यक्ति के मानवीय (पाशविक से भिन्न) अस्तित्व और विकास की स्थितियो और सम्भावनाओ से है, और दूसरे का इस बात से है कि व्यक्ति का कहा तक जीवन की सामाजिक परिस्थितियो से सामजस्य है और इन स्थितियो के अनुकूल उसमे विचार करने, जीवन व्यतीत करने और काम करने की कितनी क्षमता है। सस्कृति व्यक्ति के समाजीकरण का सश्लिष्ट विशेषण है, मनुष्य के व्यक्तिगत विकास के उस स्तर का मापदड है, जो उसके चिन्तन और क्रियाविधि से तथा विभिन्न स्थितियो मे आचरण और प्रतिक्रिया के

व्यक्तिगत ढग से प्रकट होता है। इसी लिये जब हम वस्तुगत रूप म विकसित व्यवस्था की हेसियत से समाज के अध्ययन से गुजर कर उसी समाज का अध्ययन इस रूप म करते हैं कि वह लाखो करोडो इनसानो क कायकलाप के फलस्वरूप कायम रहता और विकसित होता है, तो हमार लिय जरूरी हो जाता है कि 'सस्कृति' की धारणा को पश कर।

लकिन सस्कृति एक सश्लिष्ट धारणा के रूप म एक और प्रसग म सामने आती है, यानी वह मनुष्यो के कायकलाप मे सस्कृति की विभिन अभिव्यक्तिया पर छाई रहती है। हम दख चुके हैं कि समान परिस्थितियो म मनुष्य विभिन्न काय पद्धतिया अपना सकते हैं, जिसस उनके विकास स्तर का पता चलता है और यह प्रकट होता है कि उन्होने कायकलाप की मौजूदा स्थितियो पर कहा तक काबू पा लिया है। दूसरे शब्दो म, व्यक्तिगत काय स श्रम की विभिन्न कुशलता आचरण का सभ्य होना तथा भाषा और विचार का सुसस्कृत होना जाहिर होता है।

सस्कृति क तत्वो का कुल योग, जिसका निरूपण एक निश्चित प्रकार क कायकलाप के आधार पर होता है और जो इसम सहायक होता है, एक **सास्कृतिक प्रणाली** कहा जा सकता है। मिसाल के तौर पर किसी समाज क लिये विशिष्ट कृषि उत्पादन के साधनो, विशेषकर श्रम के औजारो क आधार पर, कृषि का एक विशिष्ट पूरी सास्कृतिक प्रणाली कायम हो जाती है। परिणामस्वरूप, आर्थिक क्षेत्र तथा उससे सम्बद्ध कायकलाप के प्रकार को सामने लाकर हम यह बता सकते ह कि कृषि की विशेष सास्कृतिक प्रणाली, दस्तकारी की सास्कृतिक प्रणाली, औद्योगिक उत्पादन, आदि की विशेष सास्कृतिक प्रणाली क्या है। सामाजिक राजनीतिक सबधो के क्षेत्र की विशेषता विभिन्न सामाजिक सस्थानो की परिधि क भीतर आचरण और कायकलाप की एक विशिष्ट सस्कृति है। रोजमर्रे के जीवन और सवाओ का क्षेत्र एक रोजमर्रे की सस्कृति और सेवा सस्कृति को जन्म देता है। अत म, बौद्धिक कायकलाप का क्षेत्र सस्कृति की स्वय अपनी अभिव्यजनाओ स सम्बद्ध है, जिनम भाषा, मौखिक बातचीत और लिखना, भावनाओ का निखार-सवार तथा चिन्तन की क्षमता का विकास शामिल है। बात ध्यान म रखन की यह है कि चिन्तन की सस्कृति केवल तार्किक नियमो का योग मात्र नहीं है जिन्ह साथ लेना भर काफी होता है, यद्यपि इनके बिना भी उसकी कल्पना नहीं की जा सकती। चिन्तन की सस्कृति ज्ञान, कौशल तथा

अनुभव का समन्वय है और इसकी अभिव्यक्ति चिन्तन पद्धति में तब होती है, जब वह स्वाधीन आलोचनात्मक सुसम्बद्ध सुदृढ निश्चित आदि होती है। क्रिया ही द्वारा यह सम्भव होता है कि चिन्तन की संस्कृति और सच पूछिये तो किसी भी प्रकार की संस्कृति का मूल्यांकन किया जा सकता है। यही कारण है कि जब कभी हम मध्ययुगीन मताधता जनसमूह का सहज विश्वास या अंध बाध दिखाई देता है तो हमारा यह समझना बिल्कुल उचित है कि ये बातें चिन्तन तथा आचरण की संस्कृति के निम्न स्तर का लक्षण है।

हरेक समय में किसी देश विशेष में संस्कृति के विभिन्न पहलू (श्रम आचरण, भाषण आदि की संस्कृति) मिलकर एक निश्चित संस्कृति-प्रणाली बनाते हैं। इस प्रणाली के तत्वों को जोड़नेवाली चीज उनका समान क्रियात्मक कार्य है और फिर यह तथ्य कि उनकी अभिव्यक्ति किसी व्यक्ति, किसी समुदाय या समाज में होती है। सांस्कृतिक प्रणाली को जो चीज एकजुट करती और उसका आधार निश्चित करती है वह श्रम के उपकरणों के विकास के युक्त स्तर द्वारा व्यक्ति से किये जानेवाले तकाजे है। चुनांचे "मशीनी सभ्यता" का तकाजा होता है कि नया तकनीकी ज्ञान और अनुभव ही नहीं होना चाहिये बल्कि मनुष्यों के बीच एक नये प्रकार के संबंध, नयी चिन्तन पद्धति और नये विचार होने चाहिये, और यह भी उत्पादन में उत्पन्न होनेवाले तात्कालिक कार्यों के बारे में ही नहीं, बल्कि समस्याओं के एक पूरे सिलसिले के बारे में जिनका संबंध मानव जीवन तथा कार्यकलाप के सामान्य पहलुओं से विश्व में मानव के स्थान तथा उस विश्व पर उसके असर के स्वरूप से है।

परन्तु व्यक्ति की संस्कृति, उसकी पाशविक स्थिति से मुक्ति के पैमाने, उसके 'मानवीकरण" के पैमाने के रूप में सामाजिक संबंधों पर भी और उस विश्वदृष्टिकोण पर निर्भर करती है जो समाज पर हावी होता और उक्त समाज में लोगों के चिन्तन और आचरण की पद्धति को निर्धारित करता है। चुनांचे, नाज़ी जर्मनी में जर्मन लोगों से ज्ञान और तकनीकी कुशलता के जिस स्तर का तकाजा हुआ वह किसी भी अर्थ में अतीत के स्तर से कम नहीं था, परन्तु फासिज्म की प्रभुता, नस्ली पृथकता के सिद्धांत फलन का नतीजा यह हुआ कि संस्कृति का भयंकर पतन हुआ, पाशविक

शक्तिपूजा का ज़ोर बढा, मानवता विरोधी नैतिकता तथा मानवद्वेष के सिद्धात और काय का प्रचलन हुआ।

माओवादी चीन मे मानवतावाद को एक "पूजीवादा विचारधारा" घोषित कर दिया गया है, और स्कूल के बच्चो और कालिज के विद्यार्थियो को सिखाया जाता है कि वे मानवतावादी मूल्या और आदर्शो से घणा कर और समाजवादी मानवतावाद के अस्तित्व से ही इनकार करे।

किसी समाज की सस्कृति का स्तर अपने आप अपने व्यक्तिया की सस्कृति का ज़ाहिर नही करता। व्यक्तियो की सस्कृति साधारण स्तर से ऊची भी हो सकती है और नीची भी। शेक्सपीयर ने अपने नाटक उस समय लिखे, जब अग्रेज़ राजा और सामत भी बहुत सी बातो म असभ्य व्यवहार करत थे। उन्नीसवी शती के पूर्वार्द्ध म पुश्किन के काव्य और ग्लीका के सगीत से रूस म एक बहुत ही सीमित क्षेत्र के लोग परिचित थ। लोमोनोसोव के शानदार अन्वेषणा से उस समय पूरी आबादी की शिक्षा, नान और सस्कृति का पता नही चलता। सक्षेप म यह कहन का आधार मौजूद है कि एक अतविरोधी समाज के भीतर सास्कृतिक विकास के स्तरा म भेद हुआ करता है और किसी समाज या व्यक्ति की अवस्था बताने क लिये 'बबरतापूण' "असभ्य" और "निम्न" या "उच्च" सस्कृति का उल्लख बिल्कुल सही है।

यह सास्कृतिक भेद सस्कृति का यह विभाजन श्रमजीवी जनता की पीडित अवस्था के कारण उत्पन्न होता ह, इस कारण कि सस्कृति की उपलब्धिया शासक वर्गो का इजारा है और उनके प्रभुत्व को कायम रखने क लिये इस्तमाल की जाती है। इसमे सन्देह नही कि ज्या ज्यो समाज का विकास होता गया और वह आगे बढता गया, जैसे सामतवाद से पूजीवाद म त्या त्या जनता का औसत सास्कृतिक स्तर भी ऊपर उठता गया, क्याकि स्कूल जानवाले लोगा का प्रतिशत बढता चला गया और मनुष्य कायकलाप की विभिन्न पद्धतिया म दक्षता प्राप्त करत थे। परन्तु सामान्य भेद कायम रहता था।

पूजीपति वग के विचारक इस भेद का सद्धातिक औचित्य पश करन और उसको आवश्यक साबित करन का प्रयत्न करते ह। व कहत ह कि उच्च सस्कृति जब जनता म फलती है ता सच्ची सस्कृति का पतन और विनाश

हो जाता है। इसी लिये, वे कहते हैं सस्कृति को जनता से खतरा है, अत सस्कृति कभी भी जनता की चीज नही हा सकती।

इस गैर जनवादी विचार के विपरीत, माक्सवाद का सैद्धातिक दष्टिकोण सवथा भिन्न है। अतविरोधी समाज के मिटते ही जनता के सास्कृतिक उत्थान की राह से सारी बाधाए दूर हो जायेगी। सस्कृति समस्त मानवजाति की चीज है और प्रत्येक व्यक्ति इस योग्य है कि तरक्की करके अपने युग के सास्कृतिक स्तर तक पहुच सके। यह उद्देश्य सामाजिक आर्थिक कार्यों को हल करके पूरा किया जा सकता है, जसे मानसिक और शारीरिक श्रम के फक का, शहर और देहात के फक को दूर करके उत्पादन के मशीनीकरण और स्वचलन के जरिये, वर्गीय भेद को मिटाकर तथा कम्युनिज्म की सस्कृति का निर्माण और विकास करके। **कम्युनिज्म की सस्कृति** आधारशिला और उपकरण है व्यक्ति के सवतोमुखी विकास का, सजनात्मक व्यक्तित्व की रचना का, जो विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों मे स्वतन्त्र रूप से क्रियाशील हो सकेगा। सस्कृति मनुष्य को पाशविक जगत के स्तर से ऊपर उठाती है, और हर मनुष्य के लिये जरूरी होता है कि उसे ऊपर उठाकर समाज द्वारा अजित सस्कृति के उच्चतम स्तर तक पहुचा किया जाये। यह एक मानवीय ध्येय है, जिसके द्वारा स्वय सस्कृति मे एक नया अथ पैदा होता है, क्योकि उसका काम हो जाता है विशाल पैमाने पर ऐसे व्यक्तियो को साचे म ढालना, जो पहलकदमी से काम ले सके और सजनात्मक कायकलाप मे लग सके।

यह है भविष्य की सम्भावना। परन्तु समाजवाद ने अभी ही आम जनता के सास्कृतिक स्तर को ऊपर उठाने मे जो सफलताए प्राप्त की ह, वे कम शानदार नही ह। क्रातिपूव रूस मे दो तिहाई से अधिक लाग अनपढ थे, और साक्षरता केवल सास्कृतिक स्तर के ही ऊचा होन का लक्षण नही, बल्कि किसी भी आधुनिक समाज मे सास्कृतिक विकास का एक आवश्यक माध्यम है। आज सोवियत सघ मे साविक अनिवाय माध्यमिक शिक्षा लागू हो चुकी है। देश म पुस्तकालयो और अध्ययनशालाओ, थियेटरो और सिनेमा घरो, रेडियो और टेलीविजन सेटा, पुस्तका, पत्र-पत्रिकाओ, शौकिया कला मडलियो तथा तकनीकी क्लबो की सख्या बहुत बढ गयी है। मनुष्यो के बीच सबधो को एक नये प्रकार की नैतिकता पर आधारित किया जा रहा है, जिसकी रग रग मे मानववादी आदश और मूल्य भरे

हुए है तथा जनवादी सस्थाओ का निरतर विकास हो रहा है, इत्यादि। सोवियत सघ म **सही माने मे सास्कृतिक क्राति** की गयी है। इसका कदापि यह अथ नही कि अब उसके सामन कोई समस्याए नही रह गई ह। मगर जरा इस आश्चयजनक बात पर विचार कीजिये अन्य सभी भौतिकवादिया की तरह कम्युनिस्टा के बारे म भी पूजीवादी विचारका और दाशनिका का यही कहना है कि ये लाग मानव के बौद्धिक जीवन को गौण मानत ह, लेकिन इन कम्युनिस्टा न समाज और आम जनता के सास्कृतिक विकास क लिय जो कुछ किया ह उतना सकडा वरसा म सभी शोपक वर्गो न नही किया है।

अवश्य ही कुछ लाग कहगे कि आधुनिक सचार साधना के विकास के कारण पूजीवाद के अतगत भी श्रमजीवी जनता की पहुच सस्कृति तक हो गयी है। यह सच है मगर केवल आशिक रूप मे। प्रगतिशील गर माक्सवादी समाजविद भी जा पूजीवादी ' जन समाज " और उसकी "जन सस्कृति" का अध्ययन कर रह ह, हम बतात ह कि अदभुत आधुनिक जन सचार साधन, अखबार आदि जनता के विकास के लिय बिल्कुल ही इस्तेमाल नही किये जात। "जन सस्कृति" अधिकाशत सच्ची सस्कृति का सस्ता बदल है, जो (कलात्मक सस्कृति के प्रसग म) घटिया, असभ्य सौदय-सबधी आवश्यकताए पूरा करन का प्रबध करता है। "जन सस्कृति" की एक निश्चित सामाजिक भूमिका है, और वह मनुष्य का एक सजनात्मक व्यक्ति के रूप म विकसित करना नही है, बल्कि शासक वग के हित म मनुष्या की विशाल जनता को हाथ म रखना और उनसे काम लेना है। ' जन सस्कृति द्वारा सावजनिक विचारा का निरूपण होता है, उपभाक्ताओ की पसद-नापसद तय करायी जाती है लोगो के मूल्य मानक निर्धारित किय जात ह उनका ध्यान आदोलित करनेवाली सामाजिक समस्याओ स हटाया जाता, उनके अवकाश के समय को उसस भरा जाता और उन्हे सस्कृति क निश्चेष्ट उपभोकता राइट मिल्स के शब्दा म "हसता-खेलता रोवट" बना दिया जाता है। इसी लिय "जन सस्कृति ' मूलत कोई नई चीज नही है बल्कि सस्कृति के मूल्या से आम जनता को विमुख करन का एक नया और परददार उपाय है मानव का एक सजनात्मक व्यक्ति क रूप म विकसित करन का साधन ता बिल्कुल नहा है। इसस इसी बात का और अधिक पुष्टि हाती है कि सस्कृति का उपयाग वर्गीय उद्देश्या के

लिये किया जा रहा है क्याकि पूजीवाद को जनता के विकास से कोई दिलचस्पी नही हे। इससे जाहिर होता है कि किस प्रकार वाणिज्य जनता के अवकाश के समय मे प्रवश करके केवल व्यावसायिक उपाया से उसका शोषण करने लगता है। साधारण आदमी अपना फुसत का ममय बितान के लिये निश्चित साधन मुहैया किये जात ह, जिनमे वे सतुष्ट हा जाते है। व्यवसाय उपभोग की ऐसी चीजे तैयार करता है, जिनकी माग ह और यह माग निर्धारित होती है उम पसन्द नापसन्द से, जिसकी उत्पत्ति अप्रत्यक्ष तौर पर पूजीवादी वातावरण बौद्धिक परिस्थिति और प्रचलित मनोवत्ति द्वारा होती ह। इसी लिये पूजीवाद की "जन सस्कृति" जनता के सास्कृतिक स्तर को ऊचा करने का उद्देश्य पूरा नही कर सकती, जिसका समाधान केवल समाजवाद ही कर सकता ह।

इसमे सन्देह नही कि पूजीवाद के अतगत एक प्रगतिशील जनवादी सस्कृति भी विकसित होती हे, परन्तु वह किसी न किसी रूप मे पूजीवाद तथा उसकी सस्थाओ के प्रति एक नकारात्मक आलोचनात्मक दृष्टिकाण व्यक्त करती है। इस सस्कृति का भविष्य महान है क्योकि वह उन कायकलापा का प्रोत्साहित करती हे, जिनका उद्देश्य उन अधी गलियो और अतविराधा से निकलने का रास्ता ढूढना है जिनम पजीवाद ने मानवजाति को धकेल कर पहुचा दिया हे।

कम्युनिस्ट आन्दोलन की ताकत और उसके प्रभाव का रहस्य यह है कि वह उन सामाजिक समस्याआ को, जो परिपक्व हो चुके ह हल करन का रास्ता बतलाता है। इसकी ताकत और असर अनिवाय रूप स वढता जायेगा जसे जैसे यह स्पष्ट होता जायगा कि कम्युनिज्म अतीत की श्रेष्ठतम सास्कृतिक उपलब्धिया का उत्तराधिकारी है, तथा आज और भविष्य म सस्कृति की ओर आगे की प्रगति का पथ प्रदशक है।

ऐतिहासिक कार्यकलाप के पात्र
(जनता, वर्ग, पार्टियां, प्रमुख व्यक्ति)

मानवजाति के सम्पूण ऐतिहासिक विकास का पता लगाते हुए तथा विश्व इतिहास की वस्तुनिष्ठ युक्ति को दिखाते हुए हम कभी भी यह दावा नही करते कि इतिहास मे हर घटना आदमियो की इच्छा के बिना अपने आप हो जाया करती है। यह केवल एक तरीका है सामाजिक ऐतिहासिक प्रक्रिया के एक पहलू को देखने का, जिसम सामाजिक व्यवस्था पर एक वस्तुगत सामाजिक समुदाय की हैसियत स उसके विकास, परिवतन और एक अय व्यवस्था मे, जो ऐतिहासिक प्रक्रिया मे उससे ऊची मजिल पर होती है, सक्रमण की दप्टि से विचार किया जाता है। इस दप्टिकोण के अनुसार सामाजिक व्यवस्था मे उसके एक आवश्यक अग के रूप मे मनुष्य, उसका कायक्लाप तथा उसकी चेतना शामिल है, और केवल इस कायक्लाप मे ही व्यवस्था का अस्तित्व होता है और वह काम करती और बदलती है। समाजशास्त्रीय विश्लेषण की इस पद्धति से यह देखने मे कि इतिहास एक वस्तुनिष्ठ स्वाभाविक प्रक्रिया है, और उसके नियमो को खोज निकालने म सहायता मिलती है। यही पद्धति माक्स न 'पूजी' मे अधिकाशत अपनाई है, जव उन्होने पूजीवादी उत्पादन के विकास और ऐतिहासिक प्रवृत्तियो का विश्लेपण किया है। लेकिन विश्लेपण का यह पहलू चूकि सामन लाया जा चुका है, इसलिये जरूरत होती है कि समस्याओ के एक नये सिलसिले पर विचार किया जाये, जो ऐतिहासिक कायकलाप के पात्र के विश्लेपण से तथा उस कायक्लाप के विश्लेपण से सबधित है। हम जब ऐतिहासिक विकास क नियमो का ज्ञान हो चुका है तो फिर इन समस्याओ म हमारी दिलचस्पी का क्या कारण है? इसके कई कारण ह। पहले, इस

तरह का विश्लेषण ऐतिहासिक सज्ञान की प्रक्रिया के एक आवश्यक तत्व का काम देता है। सामान्य नियमो से यकायक गुजरकर किसी ठोस ऐतिहासिक घटना की व्याख्या करना, कार्यकलाप के पात्र को छोडकर, असम्भव है क्योकि तब इतिहास का कोई चेहरा नही दिखाई देगा, या मनुष्य कठपुतले नजर आयेंगे, जिन्हे ऐतिहासिक आवश्यकता की डोरिया इधर से उधर नचा रही हैं। वस्तुस्थिति यह है कि पात्र आवश्यकता का कोई अकमण्य वाहक या सचालक नही है। वस्तुनिष्ठ सामाजिक नियमितताए ऐतिहासिक प्रवत्तिया के रूप म मनुष्या के कायकलाप, सघर्षों तथा टकरावा क माध्यम स अपना रास्ता बनाती हैं परन्तु वे किसी भी अथ म इतिहास का ठोस माग निधारित नही करती ह। इसी लिये सामाजिक जीवन के सज्ञान का एक आवश्यक तत्व एतिहासिक क्रिया के पात्र का मनुष्या के हिता, प्रेरणाओ, कायकलाप के उद्देश्या तथा सगठन के रूपा आदि का अध्ययन सामाजिक जीवन की भौतिक स्थितिया और वस्तुगत नियमितताओ के प्रसग मे करना है।

यह पता लगाने के लिये कि ऐतिहासिक प्रक्रिया का पात्र कौन है सामाजिक जीवन मे **आत्मनिष्ठ** (*subjective*) **और वस्तुनिष्ठ** (*objective*) के भेद को देखना जरूरी है। ये दोना धारणाए एक दूसरे से सबद्ध ह। पात्र (subject), चेतन तत्व के वाहक के रूप म जिसकी अभिव्यक्ति कायकलाप म होती है, विपयवस्तु (object) स, जो इस कायकलाप का निशाना है, और उन स्थितिया से, जिनमे यह कायकलाप होता है, भिन्न है।

प्राकृतिक वातावरण के प्रसग मे चेतन तत्व का इसी तरह का एक वाहक पूरा समाज है, लेकिन जब कोई सामाजिक वस्तु कायकलाप की विपयवस्तु हो तो पात्र का यह व्यापक दृष्टिकोण काफी नही होता। इसलिये या तो व्यक्ति या कोई सामाजिक समूह ही सामाजिक कायकलाप के पात्र के रूप मे सामने आ सकता है। व्यक्ति को, क्रिया के एक पात्र के रूप म किसी भी हालत मे नजरअन्दाज नही किया जा सकता, चाहे हम समाज का सम्पूण रूप म ले या इसके किसी समूह को। लेकिन व्यक्ति का यदि सामाजिक क्रिया के पात्र के रूप मे लेना है, तो उसे शेप समाज के आम जनता के मुकाबले मे रखना होगा। इससे अनिवायत यह सवाल पदा हाता है किन स्थितिया मे व्यक्ति के काय सामाजिक हैसियत से महत्वपूण हागे और इस याग्य हागे कि सामाजिक जीवन पर ठोस प्रभाव डाल सके? ऐतिहासिक

अनुभव से जाहिर होता है कि व्यक्तिगत कार्यों या योगफल यानी उनसे विशाल जनता या सामाजिक समूहों के कार्यों का रूप धारण करना सामाजिक हैसियत से महत्वपूर्ण असर डालता है। उसके अतिरिक्त, जिन लोगों में यह क्षमता रही है कि समाज और संस्कृति पर ठोस असर डाल सकें हमेशा वही लोग थे जिन्होंने अपने हाथों में महान शक्ति और भौतिक ताकत बटोर ली थी या ऐसे व्यक्ति थे, जो ज्ञान, कला आदि के क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गये थे। कुछ लोगों ने इस तथ्य को परम मान लिया और ऐसा सिद्धांत बना डाला जिसके अनुसार महान व्यक्ति ही साधारण आदमियों के ऊपर छाये रहते हैं और इतिहास में आत्मनिष्ठ सजनात्मक कार्यकलाप का एकमात्र स्रोत होते हैं। प्लूतार्क के समय से आज तक यह विचार अनेक रूपों में सामाजिक चेतना में बैठाया जाता रहा है और इसे संसार के शासकों का समर्थन भी प्राप्त रहा है क्योंकि इसके जरिये वे अपने शासन के अधिकार को उचित साबित कर सकते थे। इस विचार को उसकी तार्किक सीमा तक कारलाइल ने पहुंचाया जिन्होंने उसे बतुका बना दिया। उनके अनुसार विश्व इतिहास महान व्यक्तियों की जीवनकथा के सिवा कुछ नहीं है।

समाजवादी क्रांति समाज के वर्गीय ढांचे में एक बुनियादी परिवर्तन शुरू कर देती है। पूंजीपति वर्ग समाज का प्रधान वर्ग नहीं रहता, क्योंकि वह अपने राजनीतिक प्रभुत्व से वंचित कर दिया जाता है और उसकी आर्थिक शक्ति बहुत कम हो जाती है। मजदूर वर्ग का अब भी किसी हद तक शोषण होता है (क्योंकि मजदूर अब भी पूंजीपतियों के कारखानों में काम करते रहते हैं) परन्तु मजदूरों का एक हिस्सा अभी ही से अर्थव्यवस्था के समाजवादी क्षेत्र में काम करने लगता है। इसके अलावा राजनीतिक सत्ता मजदूर वर्ग के हाथों में होती है तथा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में प्रभावशाली स्थानों पर उनका कब्जा होता है। किसानों को जमीन मिल चुकी होती है। निम्नपूंजीवादी उत्पादन का क्षेत्र और उससे संबद्ध निम्नपूंजीपति वर्ग आम तौर से काफी बड़ा होता है। नये समाजवादी बुद्धिजीवियों का उद्भव होने लगता है।

आर्थिक स्तर पर संक्रमण काल का कार्यभार बहुक्षेत्रीय अर्थव्यवस्था का अंत करके सभी मुख्य उत्पादन साधनों के सामाजिक स्वामित्व की स्थापना करना है। इस कार्य की पूर्ति के कारण समाज के सामाजिक ढांचे में बुनियादी परिवर्तन होते हैं। शोषक और शोषित वर्गों का हमेशा के लिये अंत हो जाता है। इन वर्गों का अंत होने का अवश्य ही यह मतलब नहीं कि उनके सदस्यों को मार डाला जाता है। नहीं, इसका मतलब यह है कि निजी स्वामित्व मिटा दिया जाता है, ठोस परिस्थिति के अनुसार निजी सम्पत्ति या तो जब्त कर ली जाती है या खरीद ली जाती है। जहां तक छोटे पैमाने की निजी सम्पत्ति का सवाल है जिसे व्यक्तियों ने अपने निजी श्रम द्वारा अर्जित किया है उसका समाजीकरण धीरे धीरे सहकारीकरण के जरिये करना है। लेनिन ने कहा कि इस प्रकार का समाजीकरण बिल्कुल स्वेच्छा से होना चाहिये। इसके लिये प्रेरणा निम्न उत्पादकों के सांस्कृतिक स्तर के ऊंचे होने से, छोटे पैमाने की खेती की तुलना में बड़े पैमाने की

सामूहिक खेती के फायदा से, जिसका सबूत ठोस उदाहरण से सामने आता रहेगा, तथा उत्पादन में वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों का उपयोग करने की बड़े सामूहिक फार्मों की क्षमता से मिलेगी। सहकारी समितियों द्वारा आबादी के निम्नपूंजीवादी हिस्सा को समाजवादी भावना के नये साँचे में ढालने में मदद मिलती है। यह बहुत महत्वपूर्ण सामाजिक परिवर्तन है। किसान, निम्नपूंजीपति—श्रमजीवी है और इसलिये वह शोषण के विरुद्ध और समाजवाद के लिये लड़ाई में मजदूर का साथी है। परन्तु वह सम्पत्ति का मालिक भी है और इसलिये वह सर्वहारा तथा पूंजीपतियों के बीच इधर से उधर होता रह सकता है। सक्रमण काल का एक अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक राजनीतिक कार्य निम्नपूंजीवादी मालिकों के इस दोहरे सामाजिक स्वभाव पर ध्यान रखना है तथा मजदूर वर्ग और मेहनतकशों के गैर-सर्वहारा हिस्सा में मजबूत एकता कायम करना है, क्योंकि यही एकता मुख्य सामाजिक शक्ति है, जिससे समाजवाद की विजय सुनिश्चित होगी।

बुद्धिजीवियों के संबंध में एक काम यह भी है कि उनकी मुस्तैदी, ज्ञान और कौशल को समाजवाद के निर्माण में लगाया जाय। इसी लिये पुराने बुद्धिजीवियों को सैद्धांतिक दृष्टि से पुनःशिक्षित किया जाता है ताकि वे अपनी पुरानी जमी हुई पूंजीवादी धारणाओं को छोड़ दें, और इसी के साथ श्रमजीवियों में से नये समाजवादी बुद्धिजीवियों को तैयार किया जाता है। इस प्रकार पूंजीवादियों को ज्ञान के अपने एकाधिपत्य से, जिससे उन्होंने अपना प्रभुत्व कायम रखने का काम लिया था, वंचित कर दिया जाता है।

सक्रमण काल की इन जटिल सामाजिक समस्याओं का समाधान पुराने जगत की शक्तियों के विरुद्ध वर्ग संघर्ष के बिना नहीं किया जा सकता इसी लिये इस दौर में भी वर्ग संघर्ष जारी रहता है, परिवर्तन केवल उसके कार्यभारों परिस्थितियों, रूपों और साधनों में होता है। **संघर्ष की तीव्रता ठोस हालतों पर, पराजित वर्गों के प्रतिरोध की ताकत पर निर्भर करती है।** इसका दायरा बहुत व्यापक है—गृह युद्ध से लेकर रोजमर्रे के शैक्षणिक काम तक।

समाजवादी निर्माण की कल्पना श्रम, सामाजिक तथा राजनीतिक मामलों में जनता के व्यापक कार्यकलाप व सर्वतोमुखी विकास के बिना नहीं की जा सकती, क्योंकि मेहनतकश जनता ही नये सामाजिक संबंधों के

सवाहक तथा ऐतिहासिक सृजनात्मक कायकलाप के वास्तविक पात्र की भूमिका अदा करती है। यह समाजविज्ञान-सबधी निष्कर्ष लेनिन ने निकाला था, जिन्होंने कहा कि ज्यो-ज्यो समाजवाद का विकास होता रहेगा, अधिक से अधिक सख्या मे जनगण इतिहास के चेतन निर्माण मे भाग लेगे। मार्क्सवाद जनता मे वैज्ञानिक चेतना ले जाता है तो समाजवाद जीवन के हर क्षेत्र मे उसके व्यापक सामाजिक कायकलाप के लिये व्यावहारिक स्थिति तैयार करता है। इससे सामाजिक पहलकदमी का क्षेत्र बढता है तथा त्वरित सामाजिक विकास की दृष्टि से नई सम्भावनाए उत्पन्न होती हैं।

सक्रमण काल के काय जब पूरे हो जाते हैं तो समाज **समाजवाद के दौर** मे प्रवेश करता है। पहले की सरचनाओ की तुलना मे इसका सामाजिक ढाचा गुणात्मक दृष्टि से भिन्न होता है क्योकि इसमे **शोषक वग नहीं होते।** समाजवादी समाज मे **काम करना हर एक का दायित्व है और किसी को यह अधिकार नहीं है कि बिना मेहनत की आमदनी कमाये।** इस दृष्टिकोण से कहा जा सकता है कि समाजवाद एक वगहीन समाज है। लेकिन यह समय से पहले की बात होगी, क्योकि वग समाजवाद के सामाजिक ढाचे का एक महत्वपूण तत्व बने रहते हैं, यद्यपि वे बिलकुल भिन्न प्रकार के वग होते हैं क्योकि उनका सबध **उत्पादन साधनो के सामाजिक स्वामित्व के भिन्न रूपो** से होता है सावजनिक (राजकीय) और सहकारी (सामूहिक) स्वामित्व। स्वामित्व के रूपो का यही भेद दो श्रमजीवी समाजवादी वर्गों—मजदूर वग तथा सामूहिक फार्मों के किसानो—के अस्तित्व का आधार है।

ऐतिहासिक अनुभव बतलाता है कि उत्पादन साधनो पर निजी स्वामित्व के अत तथा उसके साथ शोषक वर्गों के अत का परिणाम अभी यह नहीं होता कि जहा समाजवादी स्वामित्व विभिन्न तरीको से उत्पन्न होता है और जहा शहरो की तुलना मे देहात तकनीकी तथा सास्कृतिक दृष्टि से पिछडे होते हैं, वहा श्रमजीवी वर्गों मे भेद मिट जाये। समाजवाद के अतगत अभी भी औद्योगिक तथा कृषि सबधी श्रम मे शारीरिक तथा मानसिक श्रम मे श्रम विभाजन कायम रहता है विभिन्न प्रकार के श्रम के तकनीकी उपकरणो मे तथा आबादी के विभिन्न हिस्सो के शैक्षणिक, सास्कृतिक और कुशलता के स्तरो मे फक बाकी रहता है। मजदूरो और किसानो के

साथ साथ बुद्धिजीवियो तथा दफ्तरी कर्मचारियो का एक हिस्सा भी रहता है।

समाजवादी समाज के सामाजिक ढाचे को प्रत्येक तफसील म देखा जाये तो एक खासी पचीदा तसवीर सामने आती है। अतरवर्गीय भेदभाव के साथ साथ अत वर्गीय भेदभाव भी (कुशलता के स्तर, श्रम के गुण आदि के कारण) उत्पन्न होते ह, जिसका अवश्य ही श्रमजीवी जनता के विभिन्न हिस्सा के भौतिक स्तरा और बौद्धिक विकास पर प्रभाव पडता है। बुद्धिजीवी भी जिनम विभिन्न वज्ञानिक, तकनीकी तथा कला के क्षेत्रा मे काम करनेवाले तथा जन पेशा के बुद्धिजीवी जैसे इजीनियर, शिक्षक और डाक्टर सेवाओ और प्रबधकाय के दक्ष श्रमिक आदि शामिल है एक बहुत ही असमान चित्र प्रस्तुत करते ह। समाजवाद उत्पादन साधना के सबध मे समानता स्थापित करता है, परन्तु, वितरण के क्षेत्र मे असमानता कायम रखता है, जो इस सिद्धात पर आधारित है कि काम का पारिश्रमिक परिमाण और गुण के अनुसार होगा। **सामाजिक बनावट के असमतल होने** का मतलब यह है कि समाजवाद के अतगत अभी तक सामाजिक भेदभाव और सामाजिक असमानता बनी रहती है।

फिर समाजवादी समाज मे वर्गो और सामाजिक समूहो के सबधा को निश्चित करन का आधार क्या है? निजी स्वामित्व और शोषक वर्गो के मिट जाने पर समाज म **वर्गीय सघर्ष का आधार मिट जाता है** और हजारा बरसो मे पहली बार **समाज के सभी सदस्यो के मौलिक हितो मे केवल सामयिक नहीं, बल्कि स्थायी एकता** उत्पन्न होती है। मजदूर वग, सामूहिक फार्मो के किसान और बुद्धिजीवी—सभी का हित इसमे है कि उत्पादक शक्तिया का विकास हो, समाजवादी व्यवस्था सुदृढ बने और कम्युनिज्म का निर्माण हो। यही वह आधार है, जिस पर **मजदूरो, किसानो और बुद्धिजीवियो मे मत्रिपूण सहयोग कायम होता है**। मजदूर वग जो समाज की प्रधान उत्पादक शक्ति तथा समाजवादी आदश का सबसे सुदढ सवाहक है, **समाज की चालक शक्ति रहता है**।

समाजवाद की एक बुनियादी विशेषता यह है कि सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र मे मानवा के कायकलाप को प्रेरणा मिलती है पूरे समाज के हितो से, इसको शक्तिशाली बनाने और विकसित करने के कार्यो मे, यद्यपि इसके चलते विभिन्न सामाजिक समूहा के विशेष हिता का अत नहा होता।

धीरे धीरे पूरा समाज ऐतिहासिक क्रिया का पात्र बन जाता है। क्र
क्लाप म मनुष्य वस्तुनिष्ठ नियमा के ज्ञान तथा स्वय अपने
वज्ञानिक जानकारी द्वारा निर्देशित होते ह।

इसके अतिरिक्त समाजवाद के अतगत कम्युनिस्टा की मा
लेनिनवादी पार्टी सम्पूण समाज का चेतन हिरावल बन जाती है। सम
समाज म एक पार्टी की निदेशक भूमिका समस्त सामाजिक हिस्सा अ
के हिता की समानता का स्वाभाविक इज़हार है। पूजीवादी प्रचारव
आरोप लगाया जाता है कि सोवियत सघ म केवल एक पार्टी का हो
बात का सबूत है कि सावियत पद्धति "सवसत्तावादी" है, कि
और आज़ादी को कुचल दिया गया है। लेकिन बात यह है कि सम
को पूजीवाद के मापदड से नापा नही जा सकता। अवश्य ही, पूजीव
अतगत जहा विरोधी वग होत ह, मजदूर वग की पार्टी क वध
कायक्लाप पर प्रतिबध लगाने का मतलब आज़ादी और जनवा
कुचलना है। लकिन इससे यह नही सिद्ध होता कि बहुदलीय व्यवस्थ
हालत म जनवादी व्यवस्था का समानाथक शब्द है। इतिहास म बहुत
इस बात का साक्षी है कि समाजवादी जनवाद एक पार्टी के नेतत्व म वि
व्यावहारिक चीज है, समाजवादी समाज के श्रमजीवी जनगण के स
हितो तथा इच्छा और व्यवहार की एक्ता को व्यक्त करता है। ले
इसका यह मतलब भी नही कि अनेक पार्टिया का अस्तित्व नही हो सक
जिसे हम कई समाजवादी देशा (बुलगारिया, जमन जनवादी जनत
पोलड चेकोस्लोवाकिया, आदि) म पाते हैं। ये सब पार्टिया समाजवा
निर्माण के समान ध्येय को पूरा करने क लिय मिलकर काम करती ह
उनका अस्तित्व उन देशा म क्राति के विशेष विकास का नतीजा है
समाजवादी क्राति की किसी सामान्य नियमितता का नहीं। पार्टी की निदश
भूमिका समाज के भविष्य के लिय समाजवाद क भविष्य के लिय उसप
विशाल कतव्य और ज़बरदस्त दायित्व का भार रखती है। परिणामस्वरूप,
समाजवाद क अतगत सामाजिक सबधो की विशेषता सामाजिक राजनीतिक
और सद्धातिक एक्ता है जिसकी बदौलत समाजवादी समाज एकशिला और
एकताबद्ध हाता है, छाटे ऐतिहासिक समय म अभूतपूव पमान क कायभार
पूर हा सकत ह, और जा समाजवादी समाज क विकास म एक नये और
शक्तिशाली स्रोत की भूमिका अदा करती है।

लेकिन इस एकता का यह मतलब नही है कि समाजवाद के अतगत अतविरोध होते ही नही। समाजवादी समाज मे भी अतविरोध होत ह, परन्तु वे प्रतिराधी नही हात क्याकि उनका स्रोत मामाजिक वग नही जा पुरानी व्यवस्था का कायम रखना चाहते हा। इस कारण समाजवादी समाज म यह क्षमता होती है कि वह इन अतविरोधो को हल और दूर कर सक, एक तो समय रहत, जसे ही वे परिपक्व हो, और दूसर, समूचे ममाज के हित म।

समाजवादी समाज के अतविरोध विशिष्ट होते ह क्याकि वे समाजवाद की उत्पत्ति और विकास की विशिष्ट रूपरखा से निर्धारित हाते ह। यह बात ध्यान म रखनी चाहिये कि समाजवाद पर अथव्यवस्था मे, रोजमर्रे के जीवन म, मानवा के चितन आदि मे पुराने ममाज के 'जन्म चिह्न" हात ह। मिसाल के लिय, समाजवाद के अतगत अतविराध नये और पुरान, यानी जो चीज़ मिट रही है और विकास के रास्त म बाधा बनने लगी है, उसके बीच होत हैं विकासमान उत्पादन शक्तिया और उत्पादन सबधा क विभिन्न पुराने तत्वा क बीच, विकास के नये स्तर तथा सगठन और प्रबधकाय क पुरान रूपा क बीच, नई हालता और काम की पुरानी बेकार पद्धति, आदि के बीच। कभी कभी ये अतविरोध आकस्मिक हात ह क्याकि वे, या समन्विय नतत्व तथा याजना की गलतिया का, अथवा वस्तुनिष्ठ नियमा की ओर पर्याप्त ध्यान नही देने आदि, का नतीजा होते ह।

समाजवादी समाज क अदर के अतविराधो का सामन लाने और उनको हल करने की समस्या पर बहुत ध्यान दिया जा रहा है। इस प्रसग म सिद्धातयुक्त आलाचना और आत्मालोचना का तथा त्रुटिया को दूर करने म कुशल सगठन का बडा महत्व है।

समाजवादी समाज म वर्गों और सामाजिक समूहो के बीच वग सघप तो नही होता मगर इससे यह नतीजा निकालना गलत हागा कि वह वग सघप के प्रसग क सवथा बाहर हाता है। सावियत सघ तथा अय समाजवादी देशा के लिय वग सघप की धार का रुख बाहर की ओर पूजीवाद की ओर है। इसी लिय समाजवादी देशा क लागा का यह अधिकार नही है कि अपनी क्रातिकारी चौकसी म किसी प्रकार ढिलाई आन द। उनका कतव्य ह कि अपने राज्या की प्रतिरक्षा क्षमता का निरन्तर शक्तिशाली बनाते रह, जो समाजवादी समाज की सुरक्षा का मुख्य साधन ह।

जैसा कि हमने कहा समाजवादी सामाजिक ढाचा गतिशील और लचकदार है। उसके परिवर्तन की प्रवृत्तिया क्या है?

समाजवाद के अतर्गत जो सामाजिक भेदभाव रह जाते हैं, वे अवश्य ही, समाज के बुनियादी कार्यकलाप के दौरान में किसी हद तक पुनरुत्पादित होते हैं। मगर समाजवाद की यह एक खास विशेषता है कि ये भेदभाव फैलते और बढ़ते नही, बल्कि इसके विपरीत धीरे धीरे मिटते जाते हैं और उनकी जगह यह होता है कि वर्ग तथा सामाजिक समूह एक दूसरे के निकटतर आते जाते हैं। समाजवाद के अतर्गत इस दिशा में कई तत्व क्रियाशील होते हैं, जिनमें से एक और शायद सबसे महत्वपूर्ण उत्पादन साधनों के प्रति समान अवस्था की स्थापना है। मजदूरों और किसानों के बीच शेष वर्गीय भेदभाव को धीरे धीरे मिटाने का यही आर्थिक आधार है। इस समस्या का अंतिम समाधान तदनुरूपी भौतिक स्थितियों की तैयारी से सबद्ध है कृषि उत्पादन के तकनीकी स्तर को ऊंचा करना तथा कृषि श्रम को औद्योगिक श्रम का ही एक भिन्न रूप बना देना, देहातों में सास्कृतिक तथा रोजमर्रे के स्तरों को ऊचा उठाकर शहरी सतह तक ले आना, आदि।

श्रमजीवियों की व्यापक जनता के भौतिक और सास्कृतिक स्तरों का विकास विभिन्न सामाजिक हिस्सों को, सबसे बढ़कर शारीरिक और मानसिक श्रम करनेवालों को निकटतर लाने के लिये सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। समाजवाद के अतर्गत शिक्षा को केवल इसी दृष्टि से नहीं देखना चाहिये कि वह "सामाजिक गतिशीलता" का एक तत्व है, बल्कि वह मानसिक तथा शारीरिक श्रम के भेदभाव को दूर करने के अत्यत जटिल सामाजिक कार्यभार को पूरा करने का भी एक साधन है।

अत समाजवादी समाज के बदलते हुए सामाजिक ढाचे की प्रमुख तथा प्रबल प्रवृत्ति वर्गहीन, सामाजिक दृष्टि से समरूप समाज की दिशा में अग्रगति है। इस उद्देश्य की पूर्ति का मतलब होगा एक पूरे पैमाने के कम्युनिस्ट समाज का, सामाजिक समानता के समाज का निर्माण।

समाज का राजनीतिक संगठन।
ढांचा और गतिकी

राजनीति का क्षेत्र। राज्य और कानून

निजी स्वामित्व और वर्गों की उत्पत्ति के भारी सामाजिक परिणाम हुए। एक तो यह कि सामाजिक जीवन के जिन क्षेत्रों का निरूपण हो चुका था–उत्पादन का स्वरूप, सामाजिक प्रणाली तथा सामाजिक चेतना का ढाचा और तत्व–उनमें बुनियादी परिवर्तन हुए। दूसरे, सामाजिक जीवन में नई परिघटनाओं की उत्पत्ति होती है, जिनमें सामाजिक राजनीतिक संबंधों, संस्थाओं और संगठनों का विशेष महत्व है।

निजी स्वामित्व पर आधारित उत्पादन की उत्पत्ति का नतीजा यह हुआ कि कबायली समुदायों के सामाजिक उत्पादन का स्थान उन व्यक्तियों की छोटी या बड़ी आर्थिक इकाइयों ने ले लिया, जो उत्पादन साधनों के मालिक थे। निजी स्वामित्व मानवों को विभाजित करता और एक दूसरे के विरुद्ध ला खड़ा करता है। लेकिन क्या इसका यह मतलब है कि निजी स्वामित्व सिरे से आर्थिक संबद्धता का अंत कर देता है? नहीं, ऐसा नहीं है। आखिर, उत्पादन तो हमेशा ही सामाजिक रहता है क्योंकि उसका संचालन निश्चित सामाजिक उत्पादन संबंधों के रूप में होता है, और इससे यह नतीजा निकलता है कि विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों का उनके आर्थिक संबंधों द्वारा उत्पादन में साथ लाया जाता है, जिससे एक वर्ग के अस्तित्व का मतलब ही दूसरे वर्ग का अस्तित्व है।

जिस तरह निजी स्वामित्व मानवों के आर्थिक संबंधों का अंत नहीं करता, बल्कि उनको केवल बदल देता है, ठीक उसी तरह वर्गों में समाज का विभाजन एक सम्पूर्ण वस्तु के रूप में समाज का अंत नहीं करता, बल्कि उसकी एकता का एक सर्वथा भिन्न स्वरूप प्रदान करता है। इस समय के

वाद से इस एकता का आधार एक ही उत्पादक समुदाय के सदस्यो के बीच सहयोग तथा परस्पर सहायता के सबध नही होते, बल्कि प्रभुता और अधीनता के सबध विरोधी और वैरी वर्गो के सबध होते है। जाहिर है कि ऐसी स्थिति मे समाज का एकजुट केवल एक वर्ग द्वारा दूसरे को बलपूर्वक अधीन बनाकर तथा पूरे समाज को एक वर्ग की इच्छा के मातहत करके ही रखा जा सकता है। इसका मतलब यह है कि वर्गों की उत्पत्ति **के साथ सामाजिक जीवन का एक विशेष क्षेत्र, सामाजिक राजनीतिक सबधो का क्षेत्र उत्पन्न होता है,** यानी, समाज पर अपनी प्रभुता स्थापित करने के लिये वर्गों के सघर्ष का क्षेत्र। राजनीतिक सबध व्यक्तियो के बीच के सबध नही है, बल्कि मानवो के बडे समूहो जैसे वर्गों के बीच के सबध है। सामाजिक जीवन के इस नये क्षेत्र के सदर्भ मे अर्थव्यवस्था की निर्णायक भूमिका इस बात मे प्रकट होती है कि जिस वर्ग का प्रभुत्व अर्थव्यवस्था पर होता है, उसके पास यह भौतिक सम्भावना होती है कि पूरे समाज पर अपनी इच्छा थोप सके तथा उसे अपने प्रशासन और हुकूमत के सगठन के अधीन कर सके।

भौतिक, आर्थिक सबधो के बरखिलाफ, जिनका निरूपण मनुष्यो के मन से पहले गुज़रे बिना होता है, राजनीतिक सबध राजनीतिक चेतना, राजनीतिक विचारधारा के अनुसार रूप धारण करते है जिनकी रूपरेखा वर्ग सघर्ष के दौरान मे तथा उसके आधार पर निर्धारित होती है। राजनीतिक सबध विचारधारात्मक सबध होते है जो भौतिक, आर्थिक सबधो पर ऊपरी ढाचा होते है। राजनीति और अर्थतत्र की परस्पर क्रिया की खास विशेषता यह है कि 'राजनीति अर्थतत्र की अत्यत घनीभूत अभिव्यक्ति है' और यह कि 'राजनीति अर्थनीति की अपेक्षा प्राथमिकता प्राप्त किये बिना रह ही नही सकती।'*

प्रथम प्रस्थापना मे राजनीति की उत्पत्ति का तथा दूसरे मे समाज के जीवन मे उसकी भूमिका का उल्लेख किया गया है।

राजनीति का क्षेत्र उत्पन्न ठीक इसी लिये होता है कि वर्गों मे समाज का विभाजन होने के साथ ही आर्थिक तौर पर प्रभुताशाली वर्ग शासित

---

*ब्ला० इ० लेनिन सकलित रचनाए, तीन खण्डो मे प्रगति प्रकाशन, मास्को, १९६७ खण्ड ३, भाग २ पृ० १३८

जनता को अपनी इच्छा के आगे घुटना टेकने पर मजबूर केवल दमन के सहारे कर सकता है। इसका मुख्य आर्थिक हित यह है कि श्रमजीवी जनता को दबाये रखे और देश तथा विदेश में अपनी निजी स्वामित्ववाली आकांक्षाओं को पूरा करे। इसी लिये राजनीति उस वर्ग की **आर्थिक आकांक्षाओं की घनीभूत अभिव्यक्ति तथा पूर्ति** के सिवा और कुछ नहीं है, जो दमन के उपकरण का नियंत्रण करता तथा उसकी सहायता से अपने आर्थिक हितों की पूर्ति करता है। परन्तु इससे यह नतीजा निकलता है कि उत्पीडित वर्ग भी राजनीतिक संघर्ष के बिना शासकों के राजनीतिक प्रभुत्व को नष्ट किये बिना अपनी आर्थिक स्थिति में कोई बुनियादी परिवर्तन नहीं कर सकता। अतः चूंकि राजनीति आर्थिक समस्याओं के समाधान का एक आवश्यक उपकरण है इसलिये **इसे अर्थनीति पर प्राथमिकता प्राप्त है।** राजनीतिक सत्ता हासिल करके ही कोई प्रगतिशील वर्ग सड़े-गले आर्थिक संबंधों को मिटा सकता तथा नये संबंध स्थापित कर सकता है।

अतः आर्थिक संबंध स्पष्ट रूप से और तुरंत राजनीति के क्षेत्र में प्रतिबिंबित होते हैं। हर आर्थिक बुनियाद, जिसमें वर्गीय प्रतिरोध व्याप्त होता है, समाज के एक बिल्कुल निश्चित राजनीतिक संगठन को जन्म देती है जो उसके अनुरूप होता है। **राजनीति पर वही वर्ग हावी होता है, जो अर्थतंत्र पर होता है,** यानी, वह पूरे समाज की नेतृत्वकारी शक्ति की हैसियत पर पहुंच जाता है। यही बात आधुनिक पूंजीवादी देशों पर लागू होती है। इनमें वर्गों के बीच राजनीतिक संबंध मौलिक, स्थायी वर्गीय हितों द्वारा निर्धारित होते हैं।

लेकिन, निजी सम्पत्ति के मालिकों का वर्ग सम्पूर्ण समाज पर अपना प्रभुत्व तभी कायम रख सकता है, जब वह स्वयं पूरे वर्ग की हैसियत से काम करे, यानी जब वह संगठित हो। वह सम्पूर्ण रूप में संगठित और समान वर्गीय हितों की चेतना द्वारा एकजुट तभी रहता है, जब दूसरे, अधीन वर्ग के विरुद्ध संघर्ष में संलग्न होता है। यही संघर्ष ऐसे संगठन को जन्म देता है जिसके जरिए अर्थतंत्र पर हावी वर्ग से सम्बद्ध व्यक्ति मिलकर एक समुच्च शरीर का रूप धारण करते हैं और उत्पीडित वर्ग तथा पूरे समाज पर अपनी इच्छा लादते हैं। इसी राजनीतिक संगठन को **राज्य** कहा जाता है।

वर्गों और वर्ग [संघर्ष के] सिद्धांत को राज्य के सिद्धांत से जोड़कर मार्क्सवाद ने राज्य के सवाल को झाड़-पोंछ कर साफ कर दिया, जिसपर विभिन्न दार्शनिक और समाजशास्त्रीय सिद्धांतों की धूल जम गई थी और उसके वास्तविक स्वरूप को छिपा रही थी। परन्तु राज्य के प्रश्न के एक वैज्ञानिक निरूपण के बिना वर्गों और वर्ग संघर्ष का सिद्धांत अधूरा रह जाता है। **अंतर्विरोधी समाज में राज्य एक समिति है, जो अर्थव्यवस्था पर हावी वर्ग के मामलों का संचालन करती है, एक ऐसा संगठन है, जो उसके प्रभुत्व को कायम रखने और सुदृढ़ करने में तथा पूरे समाज का शासन करने में उसकी सहायता करता है।** राज्य घोर वर्गीय अंतर्विरोधों का नतीजा और उसकी अभिव्यक्ति है। इसका जन्म इस आवश्यकता के चलते हुआ कि विरोधी वर्गों पर लगाम कसी रखी जाये। वर्गों के बिना किसी राज्य का जन्म नहीं हुआ।

पुराने, कबायली संगठन के बरखिलाफ, जो खून के नाते रिश्ते की एकता पर आधारित था, राज्य मानवों को क्षेत्रीय सिद्धांत के आधार पर एकजुट करता है।

राज्य की उत्पत्ति का मतलब यह भी है कि समाज में मनुष्यों का एक ऐसा समूह बन गया है, जिसका एकमात्र पेशा राज्य का कार्यकलाप है, नीति निर्धारित करना और उसका संचालन करना, राजनीतिक विचारधारा का निरूपण करना इत्यादि है, यह राजनीतिज्ञों, विचारकों, सरकारी कर्मचारियों का समूह है।

राज्य का सारतत्व इसकी भूमिका और कार्यकलाप में व्यक्त होता है। **राज्य का मुख्य, अंदरूनी कार्य** एक वर्ग पर दूसरे का प्रभुत्व कायम रखने के लिए उत्पीडित वर्गों के प्रतिरोध को दबाने के लिए राज्य प्रयोग है। इसके अतिरिक्त अंतर्राजकीय संबंधों के क्षेत्र और उसके अनुरूप, राज्य के **बाह्य कार्य** का निरूपण होता है जिसमें यह काम शामिल है कि बाहरी हस्तक्षेप से अपने इलाके को बचाया जाये तथा देशों में निश्चित संबंध स्थापित किये जायें। ये दोनों कार्य किसी भी शोषक राज्य की नीति के बुनियादी अंग हैं।

अपने कार्यों की पूर्ति के लिए जरूरी है कि राज्य के पास सत्ता के अपने उपकरण हों, दमन के उपकरण जैसे सेना, पुलिस, अदालत तथा कारागार आदि के रूप में उनके साज-सामान। **राज्य की उत्पत्ति का मतलब है जनता से अलग दमन के उपकरण की स्थापना।**

वग पूव समाज म कबीले के सदस्य मिल-जुलकर अपने समान हितो की रक्षा कर लिया करते थ और उनसे अलग किसी सशस्त्र शक्ति की जरूरत नही थी, जबकि वर्गीय समाज म ऐसी एक शक्ति जरूरी होती है और कोई राज्य इसके बिना नही रह सकता।

दमन के उपकरण का कायम रखने, युद्ध करन, आदि, के लिये धन की आवश्यकता होती है, और यह टक्स तथा अन्य करो के रूप मे लोगो स वसूला जाता है। कोई भी राज्य खजान और नौकरशाही के बिना नही रह सकता। शोषक वग केवल आम जनता का दमन ही नही करत, बल्कि उन्हा को मजबूर करते हैं कि वे दमन के इस उपकरण को कायम रखे। टक्सा का बाझ श्रमजीवी जनता के कधा पर हमशा भारी पडता है, और उसका बाझ उतना ही अधिक भारी होता है, जितना अधिक बडा दमन का उपकरण होता है, जितना अधिक सेना का खच होता है, शस्त्रास्त्र आदि की लागत होती है, आदि। आधुनिक साम्राज्यवादी राज्य इस नियम का अपवाद होना तो दूर रहा, दरअसल इसकी पुष्टि करते है।

अपने मुख्य कार्यों के अलावा, जो देश के भीतर तथा अतर्राष्ट्रीय क्षेत्र मे शासक वग के हितो की रक्षा के कारण उत्पन्न होते हैं, राज्य और भी कई काम करता है, जसे सावजनिक कानून और सुरक्षा बनाये रखता है, निश्चित प्रशासकीय काय आदि, करता है। यह सही है कि शोषक वर्गों की उत्पत्ति के पूव मनुष्य राज्य के बिना सुव्यवस्था बनाये रखते थे और अपराधियो को दड दिया करते थे। इसलिये सुव्यवस्था बनाये रखने की जरूरत स्वय राज्य की उत्पत्ति का कारण नही हो सकती थी।

राज्य कुछ आर्थिक काय भी करता है। वह एक निश्चित आर्थिक नीति पर अमल करता है (जसे सरक्षणवाद अथवा उन्मुक्त व्यापार) उत्पादन और सचार के कुछ प्रधान साधन उसके कब्जे मे तथा उसके द्वारा नियत्रित होते हैं। वह सिचाई की बडी सुविधाओ तथा रेलवे के निर्माण का प्रबध करता, दुलभ सामाना का बटवारा करता, उद्योग तथा व्यवसाय के लिये नियम और कानून बनाता, सामाजिक विधिनिर्माण करता ह, इत्यादि। इन कार्यों का अतय और परिमाण ठोस हालता पर निभर करते ह तथा प्रगतिशील या प्रतिक्रियावादी हो सकते ह।

आज पूजीवादी राज्य को अथतत्र के नियत्रण म अधिकाधिक भूमिका अदा करनी होती हे। इसके करण दो हैं, एक तो बडे पमान क औद्योगिक

उत्पादन के, खासकर चालू वैज्ञानिक और तकनीकी क्राति के अ
विकास की वस्तुगत प्रवत्तिया, और दूसरे, अथतत्र को प्रभावित क
सरकारी उपकरणा को इस्तेमाल करके समाजवाद के मुकाबले म पू
को सुस्थिर करने की इजारेदार पूजी की आकाक्षाए।

इस तरह, अपने सारतत्व मे, शोषक राज्य शासक वग का एक
राजनीतिक सगठन है और उसके वर्गो के ऊपर और उनसे परे हो
सारी वात या तो भ्रम का नतीजा है या धोखे का। पूजीवादी वज्ञ
इस भ्रम को (कुछ जान-बूझकर और कुछ अनजाने म) राज्य का सा
बताते है। पूजीवादी विचारको द्वारा व्यक्त किये गये विचारो की स
विविधता के बावजूद, वे सभी राज्य के उपरिवर्गीय स्वरूप के विचार
आधारित ह। इस विचार को सभी अवसरवादी स्वीकार करते ह।

कानून उन उत्पादन सबधो को, जिन्ह शासक वग चाहता है, व्य
तथा नियमवद्ध करता है। वह सविधिया तथा विनियमो द्वारा, जो उत्पा
हाते हैं, मनुष्यो क परस्पर सबधो को नियत्रित करता है। कानून का अस्ति
सन्ा नही था। इतिहास की प्रारम्भिक अवस्थाओ म, आदिम सामुदायि
व्यवस्था के अतगत कोई कानून नही था और मनुष्या का आचरण त
उनके आपस के सबधा का नियत्रण लोकाचार तथा रिवाज द्वारा हुआ करत
था, जो समुदाय के सभी सदस्या के हिता का व्यक्त करते थे। उनक
पालन करना परम्परा, शिक्षा तथा पूरे समुदाय और कबीले के मुखिया क
प्रभाव द्वारा पवित्र कार्यों की हैसियत प्राप्त कर चुका था। एगेल्स ने लिखा
सामुदायिक व्यवस्था के अतगत 'आतरिक क्षेत्र म अभी अधिकारा और
कत्तव्या म विभेद न हुआ था किसी अमरीकी इडियन के सामने यह सवाल
कभी नही उठता था कि सावजनिक मामला म भाग लेना, रक्त प्रतिशोध
लना या क्षतिपूर्ति करना उसका अधिकार है अथवा कत्तव्य। यह सवाल
उसका उतना ही बेमानी लगता, जितना यह कि खाना, सोना या शिकार
करना उसका कत्तव्य है अथवा अधिकार।' *

जहा वगपूव समाज म कबील के सरदारा और बुजुर्गों की सत्ता परम्परा
पर तथा समुदाय और सरदार क अधिकार पर निभर करती थी, वहा

---

* का० माक्स, फ्रे० एगल्स, सकलित रचनाए चार भागा म, प्रगति
प्रकाशन, मास्को, भाग ३, पृ० ३३१

राज्य के अंतगत सत्ता दमन पर निभर करती है। अधिकार की सत्ता का स्थान सत्ता के अधिकार ने ले लिया है।

जब कबीले के सगठन का स्थान राज्य दमन के एक उपकरण के रूप मे ले लेता ह तो लोकाचार और रिवाज की जगह कानून एक नियमावली क रूप मे ले लेता ह, जिसे राज्य निधारित करता और जिसको राज्य शक्ति सुरक्षित और सचालित करती है। कानून का काम निजी स्वामित्व के सबधा को सुदढ करना तथा इनपर हमला को राज्य के कानूनो के उल्लघन के रूप म प्रस्तुत करना है। परिणामस्वरूप कानून की उत्पत्ति तभी हाती है, जब समाज मे सम्पत्ति की असमानता पैदा होती है और ऐसी हालत उत्पन्न होती हैं, जिनम शोषक अल्पसख्यक लाग अपना आर्थिक और राजनीतिक प्रभुत्व पूरे समाज पर अपनी इच्छा को लादे बिना कायम नही रख सकते। **कानून**, मार्क्स और एगेल्स ने लिखा है **शासक वग की इच्छा के सिवा कुछ नहीं जिसे कानून की प्रतिष्ठा प्रदान कर दी गई है।**

कानून निजी सम्पत्ति के मालिका के, शासक वग के, व्यक्तिगत नही, बल्कि आम हितो की अभिव्यक्ति ह। शोषक समाज म कानून मनुष्या के परस्पर सवधो म सबसे बढकर निजी स्वामित्व के हिता की रक्षा करता है। अगर विवाह, गोद लेना, उत्तराधिकार आदि का निजी स्वामित्व स न जोडा गया होता तो वे कानून द्वारा नियन्त्रित उसी तरह नही हाते, जिस तरह प्रेम, मत्री आदि नही हाते ह।

कानून ऐसे नियमा का रूप लेता है, जिनका पालन करना मनुष्यो के लिय अनिवाय है क्योकि वह राज्य की इच्छा व्यक्त करता है। तो राज्य की इच्छा किस चीज से निर्धारित होती है? एगेल्स ने लिखा है 'समाज की सभी आवश्यकताओ को कानूना के रूप मे आम वधता प्राप्त करने के लिये राज्य की इच्छा से होकर गुजरना जरूरी है परन्तु प्रश्न यह उठता है कि—व्यक्ति अथवा राज्य की—इस केवल औपचारिक इच्छा की अन्तवस्तु क्या है, और इस अन्तवस्तु का स्रात क्या है? क्या कारण है कि यही इच्छा की गयी, अन्य कुछ नही? इसकी जाच कर तो पता चलता है कि आधुनिक इतिहास मे राज्य की इच्छा आम तौर पर समाज की वदलती हुई आवश्यकताओ से, इस या उस वग क प्रभुत्व स, अन्तत

उत्पादक शक्तियो और विनिमय-सबधो के विकास से निर्धारित होती है।"*

यह है कानून का सारतत्व। लेकिन पूजीवादी विचारधारा इसको तोड मरोडकर पेश करती है।

ऊपरी दृष्टि से देखने पर लगेगा कि कानून कोई ऐसी चीज है, जो वर्गों के ऊपर और उनसे परे है, पूरे समाज की इच्छा को व्यक्त करता है जिसके लिये एक निश्चित व्यवस्था और सगठन की जरूरत है। और पूजीवादी विचारक यह विचार फलाते है कि समाज का निर्माण तथा इसकी एकबद्धता कानून द्वारा स्थापित होती है। परन्तु यह एक कानूनी भ्रम है।

राजकीय विधि-व्यवस्था प्रत्येक सामाजिक सरचना म हावी ही नही, बल्कि एकमात्र कानूनी व्यवस्था के रूप म होनी है। किसी भी समाज म दो कानूनी व्यवस्थाए नही हो सकती, क्योकि कानून कारगर तभी होता है जब वह राज्य द्वारा स्थापित होता और बलपूवक अमल म लाया जाता है। जिस तरह किसी समाज मे दो राज्य नही हो सकते, उसी तरह उसम दो विधि-निर्माता, दो विधि-व्यवस्थाए नही हो सकती।

राज्य के **सारतत्व** की धारणा उस पूरे काल के लिये, जिसम वर्गीय समाज का अस्तित्व रहता है, उसके सामान्य स्वरूप को व्यक्त करती है। मगर राज्य का, उसके विकास की स्थिति मे, विश्लेषण करने के लिये राज्य के **प्रकारो और रूपो** की धारणाओ को प्रस्तुत करना आवश्यक है। राज्य किस प्रकार का है, यह इस बात पर निभर करता है कि राजनीतिक प्रभुत्व किस वग के हाथा मे है। ऊपर **तीन मुख्य अतविरोधी सरचनाओ पर** विचार किया गया है। उनके अनुरूप **शोषक राज्य तीन बुनियादी प्रकार के होते ह दास-स्वामियो का राज्य, सामतवादी राज्य तथा पूजीवादी राज्य।** जहा तक समाजवादी राज्य की बात है, यह एक बिल्कुल नये प्रकार का राज्य है, जिसका बुनियादी उद्देश्य बहुसख्यक लोगो की सत्ता का अल्पसख्यको पर, शोषको पर स्थापित करना है समस्त शोपण को जड स उखाड फेंकना है वर्गों और राज्य को मिटाना है और एक वगहीन कम्युनिस्ट समाज का निर्माण करना है।

---

* फ्रे० एगेल्स 'लुडविग फायरबाख और क्लासिकल जमन दशन का अत', प्रगति प्रकाशन, मास्को, पृ० ५४

इनके अलावा, इतिहास में कुछ समय के लिये सक्रमणकालीन प्रकार के राज्य भी हो सकते हैं। इनकी उत्पत्ति उस समय होती है, जब क्राति का नेतत्व ऐसे वग प्राप्त कर लेते हैं, जो क्राति के स्वरूप द्वारा सम्भावित सामाजिक परिवतनो से ज्यादा बुनियादी सामाजिक परिवतन करना चाहते ह। सक्रामी राज्यो मे वे शक्तिया मिल जाती ह, जो क्राति को और आगे बढाने के लिय अनुकूल स्थिति पैदा करना चाहती ह।

सक्रामी प्रकार का एक राज्य है सवहारा तथा किसानो का जनवादी-क्रातिकारी अधिनायकत्व। उसकी स्थापना पूजीवादी क्राति के दौरान मे होती है जब नतत्व सवहारा वग के हाथ म होता है, जो किसानो के साथ मिलकर सघष करता तथा क्राति को आगे ले जाने का प्रयास करता है।

औपनिवेशिक अधीनता से मुक्त होनेवाले कुछ देशो मे सामत विरोधी तथा साम्राज्यवाद विरोधी राष्ट्रीय स्वाधीनता सघष के दौरान म विभिन्न प्रकार के सक्रामी राज्यो की, जिनका नेतत्व जनवादी शक्तिया के मोर्चे के हाथ मे होता है और जिनका उद्देश्य राजनीतिक तथा आर्थिक आजादी को सुनिश्चित करना है, रचना की आवश्यक स्थितिया अकसर उत्पन्न होती रहती हैं। इस प्रकार का राज्य प्रतिक्रियावादी शक्तियो का विलगाव करने म, जिनम साम्राज्यवाद स मिल जाने की प्रवत्ति होती है, उन शक्तियो के विरुद्ध लडने म, जो आतकवादी निरकुश सरकारे कायम करना चाहती ह, और राष्ट्र की जनवादी शक्तियो को एकताबद्ध करने मे तथा उन्ह जनता के सच्चे हितो के लिये सघष मे एकजुट करने मे सहायक होता है।

मगर एक ही प्रकार का राज्य भिन्न रूप धारण कर सकता है। राज्य का रूप निभर करता है प्रशासन की प्रणाली (गणराज्य, निरकुश अथवा वधानिक बादशाही) पर, राज्य के ढाचे (एकात्मक या सघात्मक) और राजनीतिक पद्धति के स्वरूप पर, जो इस बात से निर्धारित होती है कि राजनीतिक प्रभुता को सुनिश्चित करने के लिये क्या साधन अपनाये गय ह। एक या दूसरे प्रकार के राज्य का रूप निभर करता है ठोस ऐतिहासिक स्थितियो, वर्गीय शक्तियो के सतुलन तथा युक्त देश म विकास की ऐतिहासिक विशेषताओ पर। उदाहरणार्थ पूजीवादी राज्य जनवादी, ससदीय गणराज्य हो सकता है अथवा वधानिक बादशाही, आदि हो सकता है। राज्य का प्रकार और रूप प्रचलित कानून द्वारा स्थिर कर दिया जाता है।

इतिहास मे निम्नलिखित ठोस प्रकार के कानून रहे ह दास प्रथा का, सामतवादी, पूजीवादी और समाजवादी। दास प्रथावाले समाज म दास कानून के पात्र नही है और उनकी रक्षा केवल दास-स्वामियो की सम्पत्ति क रूप म की जाती है ठीक उसी तरह जसे उनकी अन्य सम्पत्ति की रक्षा की जाती है। सामतवादी कानून भूमि पर सामती ज़मीदार के स्वामित्व को तथा वास्तविक उत्पादका की अधीनता के विभिन्न रूपा को सुरक्षित रखता है। इस अधीनता का सबसे कठिन रूप भूदास प्रणाली है। सामतवादी विधि विभिन्न श्रेणियो की असमानता को कानूनी रूप देती है, प्रभुताशाली श्रेणिया-अभिजात वग और पुरोहिता को विशेपाधिकारप्राप्त स्थान प्रदान करती है। पूजीवादी समाज मे, जो निजी स्वामित्ववाले मालिका का सबसे उन्नत समाज है, कानून की नज़र मे सभी नागरिका की औपचारिक समानता की घोषणा कर दी गई है। परतु इसकी हसियत अपने जाहिरी रूप से अधिक कुछ नही है क्याकि पजीवादी समाज की भाति और कोई समाज नही हुआ, जिसम विधि के रूप और अतय मे इतना स्पष्ट रहा हो। पूजीवादी समाज मे विधि, रूप के लिहाज़ से, शासक वग की इच्छा नही मालूम पडती, बल्कि कानूनी नियमो की प्रणाली मालूम होती है, जो मनुष्या के परस्पर सबधा को नियन्त्रित करती, उनके अधिकार तथा एक दूसरे के प्रति उनके क्तव्य निर्धारित करती तथा समाज के हित और व्यक्ति और स्थानीय सगठना, आदि के हित, जिनकी आज्ञा कानून द्वारा मिली हो, सुनिश्चित करती है। परन्तु पूजीवादी समाज मे कानून की नज़र म नाम मात्र की समानता सामाजिक असमानता के लिये, श्रमजीवी जनता के भयकर शोपण के लिये, पूजीपति यानी उत्पादन साधना के मालिक पर उजरती मज़दूर की आर्थिक अधीनता के लिये एक परदा है। यह कानून श्रमजीवी जनता पर दमन के ज़रिये राज्य के उपकरणा—सेना, पुलिस, अदालत और कारागार—द्वारा, तथा शिक्षा प्रणाली और जन सचार के माध्यमा द्वारा लादा जाता है।

सभी शोषक वर्गों के कानून के बरखिलाफ, समाजवादी कानून का निर्माण मज़दूर वग तथा समस्त श्रमजीवी जनगण की विधि चेतना के अनुसार, जो चाहते ह कि उत्पादन साधना पर सामाजिक स्वामित्व की रक्षा की जाय और समाजवादी समाज क सदस्या म परस्पर सहयोग और सहायता क सबधा के अनुसार किया जाता है। यहा कानून, इतिहास म

पहली वार, समस्त जनगण की इच्छा की अभिव्यक्ति, केवल रूप म ही नही वल्कि कारगर ढग से असलियत मे भी, वन जाती है।

राज्य और विधि के प्रकार और रूप म भेद रेखा खीचना वुनियादी तौर पर महत्वपूण है। राज्य और विधि किस प्रकार के ह, इससे उनका वर्गीय स्वरूप प्रकट होता है और उनके रूप से यह जाहिर होता है कि वर्गीय प्रभुता का सचालन करने म सगठन के कौनसे तरीके तथा राजनीतिक उपकरण इस्तेमाल किये जाते ह। फासिस्ट प्रणालिया के अतगत पूजीपति वग के अधिनायकत्व की अभिव्यक्ति खुले आतकवादी रूपा म होती है। पूजीवादी-जनवादी राज्या म शासक वग विभिन्न प्रतिनिधि जनवादी सस्थाओ द्वारा शासन करता है, जिनसे वर्गों के ऊपर और उनसे पर होने का भ्रम पैदा होता है। एक वहुत महत्वपूण वात समझने की यह है कि जनवाद रूप का विशेषण है, पूजीवादी राज्य के सारतत्व का नही, और इसी लिये अधिनायकत्व और जनवाद को विरोधाभासी समझना सही नही है। **अतविरोधी समाजो मे जनवाद सदा किसी वग का अधिनायकत्व हुआ करता है।** पूजीवादी राज्य के वर्गीय चरित्र पर परदा डालने के उद्देश्य से पूजीवादी विचारक तथा अवसरवादी जान-बुझकर जनवाद की धारणा को राज्य के सारतत्व से सवधित करते है। वे कहत ह कि जनवाद वर्गों के ऊपर और उनसे परे है, "शुद्ध' जनवाद है, और उसको तथा अधिनायकत्व को एक दूसर का विरोधी मानत ह। व कहते हैं कि जहा जनवाद है वहा अधिनायकत्व नही हो सकता और जहा अधिनायकत्व है वहा जनवाद नही हो सकता। परतु इस तरह के, वर्गों से ऊपर और पर जनवाद का कहीं कोई अस्तित्व नही रहा। जनवाद की हैसियत एक उपकरण से अधिक नही है, जो या तो पूजीवादी निजी स्वामित्व की रक्षा के लिये इस्तेमाल किया जायेगा और ऐसी हालत म वह पूजीवादी जनवाद होगा, या निजी स्वामित्व के विरुद्ध और समाजवादी निर्माण के पक्ष मे इस्तेमाल किया जायेगा और तव वह समाजवादी जनवाद होगा।

परिणामस्वरूप, जनवाद राज्य के रूप को व्यक्त करता है और उसका वर्गीय चरित्र होता है।

पूजीवाद के अतगत जनवाद अल्पसख्यका का जनवाद है। पूजीवादी-जनवादी राज्या म विभिन्न अधिकारो और आजादिया की, समान अवसरा" आदि की घोषणा की जाती है, परन्तु सवाल यह है कि क्या गरीव और

अमीर म, निधन और धनवान म समानता सम्भव भी है? नाम मात्र की समानता की छत्रछाया मे जो अवसर प्रदान किये जाते ह, उनसे लाभान्वित वही होते है, जिनके पास ऐसा करने के आवश्यक साधन होते ह। दक्षिणपथी सोशलिस्टा का कहना है कि आधुनिक पूजीवादी राज्य एक "सामाजिक जनकल्याण राज्य" है, जो केवल पूजीपतियो के ही नही, बल्कि मजदूर वग के हिता का भी प्रतिनिधित्व करता है। इसलिये समाजवाद की दिशा मे आगे कदम उठाना उस राज्य के दायरे म ही सम्भव है और उसे शुद्ध "जनवादी" होना चाहिये, उसमे कोई "अधिनायकत्व" न हो। य दावे वास्तविक परिस्थिति के प्रतिकूल ह। पूजीपति वग अपने अधिनायकत्व को अमल मे लाने के लिये सभी तरीके अपनाता है, जिनम प्रशासन अधिकारियो को रिश्वत देना, सरकार और सट्टाबाजार की मिलीभगत, उच्च सरकारी अधिकारियो और इजारेदारा का मेलजाल, चुनावा के दौरान मे तरह तरह की चालबाजी, धोखा और फरेब तथा लफ्फाजी सम्मिलित ह। और जब इनसे काम नही चलता तो पूजीपति वग हिंसा की नगी तलवार से काम लेने और जोर-जबरदस्ती करने की धमकी देने लगता है। इसके अतिरिक्त पूजीवादी जनवाद म शायद ही कभी सबा के लिये "समान अवसर" नाम मात्र के लिये भी होते हो। व्यापक मताधिकार पर तरह तरह के प्रतिबध और शर्तें लगा दी जाती है, जिसके चलते श्रमजीवी जनता का एक बडा हिस्सा वोट नही दे सकता। अनेक पूजीवादी राज्यो म चुनाव प्रणाली म धोखेबाजी से काम लिया जाता है, जिसके कारण ऐसी बाधाए उपस्थित हो जाती है, जो वामपक्षी जनवादियो को विधान सभाओ म आने नही देती। इसी लिये, पूजीवादी-जनवादी गणराज्यो म, एगेल्स के शब्दो म, 'दौलत अप्रत्यक्ष रूप से, पर और भी ज्यादा कारगर ढग से, अपना असर डालती है।"* पूजीवादी देशो के असली मालिक, जो ससदो और सरकारो के पीछे रहते ह, कोयल, तेल और लोहे के बिना ताज के बादशाह हैं शस्त्रास्त्र निर्माता, बैक स्वामी आदि ह। जब तक वे अपने आपको सुरक्षित महसूस करते है, तब तक वे यही पसन्द करते ह कि उनके कारगर अधिनायकत्व पर "आजादी और

---

*का० मार्क्स, फ्रे० एगेल्स, सकलित रचनाए, चार भागो म, प्रगति प्रकाशन, मास्को, भाग ३, पृ० ३४६

जनवाद" का रगीन परदा पडा रहे, क्योकि उनकी सत्ता को व्यक्तिया, सस्थाम्रा ग्रौर पाटिया के तारतम्य से कोई खतरा नही होता।

लेकिन माक्सवाद द्वारा पूजीवादी जनवाद की ग्रालाचना का मतलब यह नही कि वह उसको बिल्कुल ठुकरा देता है। पूजीवादी जनवाद, मिसाल के लिये, मध्य युगा या ग्रधिनायकत्व के प्रत्यक्ष ग्रातकवादी रूपो की तुलना म ऐतिहासिक दृष्टि से प्रगतिशील है, क्योकि उसमे सवहारा के राजनीतिक सगठना को कानूनी रूप मे काम करने का मौका होता है, उसके लिये ग्रपनी शिक्षा की तथा ग्रपने ग्रधिकारो की रक्षा करने की सम्भावनाए होती ह।

सवहारा, जनवाद के लिये सबसे ग्रधिक सुसगत रूप से लडनेवाला वग है। हमे यह बात याद रखनी चाहिये कि ग्रनेक ग्राज़ादिया, सामाजिक सुविधाए ग्रौर ग्रय जनवादी मूल्य जनता न कठोर सघप के दौरान मे पूजीपति वग से ज़बरदस्ती हासिल किया है, ग्रौर श्रमजीवी जनता को इह बचाये रखने के लिये बार बार कदम उठाना पडता है। मज़दूर वग के लिये व्यापक जनवादी मागो के लिय सघष समाजवाद की ग्रोर जाने के रास्त की एक मजिल है, जनवाद के उच्चतम रूप—श्रमजीवी जनता के लिये समाजवादी जनवाद के लिय लडाई मे ग्रागे का एक कदम है।

इसके विपरीत, पूजीवादी इजार जनवाद के दुश्मन ह। साम्राज्यवाद के युग मे पूजीवादी जनवाद सकट के दौर मे प्रवेश करता है, ग्रौर इसकी *ग्रभिव्यक्ति सबसे बढकर पूजीवादी राज्या के फासिस्टीकरण की प्रवत्ति म* होती है। इजारेदारो को जब ज़रूरत पडती है तो उह पूजीवादी-जनवादी विधि व्यवस्था को उठाकर फेकने मे कोई हिचकिचाहट नही होती। लेकिन *ग्राजकल प्रतिक्रियावादियो को ऐसा करने म कठिनाई बहुत ज्यादा होती है,* क्योकि जनवाद ग्रौर समाजवाद का समथन करनेवाली शक्तिया बहुत ताकतवर हो गई हैं ग्रौर इसी लिये प्रतिक्रियावादिया को जनवाद पर ग्रपना *हमला "जनवाद बचाग्रो" नारे के परदे म करना पडता है।* फासिस्टीकरण का खतरा इस बात से भी पैदा होता है कि वह ग्राक्रमणकारी साम्राज्यवादी युद्धो की तयारी से, सैन्यीकरण तथा हथियारबदी की होड से ग्रौर पूजीवादी राज्या के दमनकारी उपकरणा मे वृद्धि से सबधित है। इसी लिय जनवादी ग्राज़ादियो के लिये श्रमजीवी जनता का सघष ग्राज ग्रभिन्न रूप स शाति के सघष स जुडा हुग्रा है।

इस तरह, पूजीवादी राज्य, चाहे उसका रूप कुछ भी क्यो न हो, अतत शासक वर्ग का सगठन है, जिसका काम पूजीवादी व्यवस्था को सुदृढ बनाना तथा अपने वर्ग विरोधियो का दमन करना है। पूजीपति वर्ग के लिये अपने अधिनायकत्व का ढिढोरा पीटना हमेशा सुविधाजनक नही हुआ करता और इसलिये वह इसमे अप्रत्यक्ष ढग से काम लेता है। लेकिन तब पूजीपति वर्ग के लिये इसका कोई कारण नही होता कि श्रमजीवी जनता को व्यापक अधिकार प्रदान करे जिन्हे वह उसके विरुद्ध इस्तेमाल कर सकती है, चुनाचे वह हेराफेरी और चालबाजी से काम लेता है और कुछ सुविधाओ से अधिक कुछ नही देता है। जब वह देखता है कि कोई जनवादी रूप अब उसके लिये सुविधाजनक नही रहा, तो उसे अलग कर दिया जाता है पूजीवादी वधिकता को ढा दिया जाता है और खुल्लम खुल्ला दमनकारी तरीके अपनाये जाते है। राज्य का वर्गीय स्वरूप तीव्र वर्गीय लडाइयो के दौर मे सबसे नग्न रूप मे सामने आता है। इससे इस निर्विवाद तथ्य की पुष्टि होती है कि वर्गों मे खुले सघर्ष से जनता की राजनीतिक चेतना का स्तर ऊचा होता है।

राज्य की उत्पत्ति चूकि वर्गों के साथ होती है, इसलिये उन्ही के साथ उसका लुप्त होना भी अनिवार्य है। वह चिरस्थायी नही है और वर्गों का अत होने के साथ साथ मिट जाता है। परन्तु केवल एक समाजवादी राज्य मिट सकता है और यह एक ऐसा विषय है, जिसपर हम आगे चलकर विस्तारपूर्वक विचार करेंगे।

इतिहास की पूरी अवधि मे एक राज्य व्यवस्था की जगह दूसरे की स्थापना बराबर क्राति के जरिए होती रही है। इसी लिए राज्य के आम सिद्धात के बाद अब हम **सामाजिक क्राति के मार्क्सवादी सिद्धात पर** विचार कर सकते है।

सामाजिक क्राति का सिद्धात

सामाजिक क्राति का सिद्धात उन स्थितियो और नियमो पर विचार करता है, जिनके अधीन सामाजिक विकास की प्रक्रिया के दौरान मे एक सामाजिक आर्थिक सरचना से दूसरे मे सक्रमण होता है।

वर्गीय समाजो मे मनुष्यो के पारस्परिक सामाजिक सबधो मे क्रातिया उत्पादन प्रणाली के विकास के वस्तुनिष्ठ नियमो द्वारा निर्धारित होती है।

जैसा कि हम पहले ही साबित कर चुके है (देखिये दूसरा और तीसरा अध्याय) एक उत्पादन प्रणाली से दूसरे म सक्रमण की आवश्यकता उत्पादन सबधा और उत्पादक शक्तियो के स्वरूप की अनुकूलता के नियम के कारण उत्पन्न होती ह। किसी भी सामाजिक क्राति का आर्थिक आधार नई उत्पादक शक्तिया और पुराने उत्पादन सबधा का विरोध है, जा अत्यत तीव्र रूप धारण कर चुका है। इसका उद्देश्य इस विरोध को दूर करना है। **सामाजिक क्राति को उत्पादन साधनो के स्वामित्व के सडे गले रूप को मिटाने, उत्पादन के पुराने सबधो को खत्म करने और इस तरह उत्पादक शक्तियो द्वारा प्राप्त स्तर और स्वरूप के मुताबिक नये उत्पादन सबधो की स्थापना का रास्ता साफ करने के ऐतिहासिक दृष्टि से परिपक्व, कार्यों को पूरा करना है।** क्राति के इस महान नियम का पता मार्क्स ने लगाया था, जिन्होंने लिखा 'अपने विकास की एक खास मजिल पर पहुचकर समाज की भौतिक उत्पादन शक्तिया तत्कालीन उत्पादन सबधा से, या—उसी चीज को कानूनी शब्दावली म या कहा जा सकता है—उन सम्पत्ति सबधा से टकराती ह जिनके अतगत वे उस समय तक काम करती होती है। ये सबध उत्पादक शक्तिया के विकास के अनुरूप न रहकर, उनके लिय बेडिया बन जाते ह। तब सामाजिक क्राति का एक युग शुरू होता है।' *

इस स्थापना से कुछ बहुत महत्वपूर्ण नतीजे निकलते ह

१ सामाजिक क्रातिया किसी भी लिहाज से सामाजिक विकास की "साधारण" गति का "खडन" नही है, जसा कि मार्क्सवाद के शत्रुओ का कहना है, बल्कि ज्यो-ज्यो वर्गीय समाज विकसित होता है, एक से दूसरी सामाजिक आर्थिक सरचना मे सक्रमण का एक आवश्यक रूप ह।

२ क्रातिया अलग व्यक्तियो, समूहो या वर्गों की इच्छा से उत्पन्न नही हुआ करती बल्कि तभी होती है, जब उनके लिय सही भौतिक स्थितिया परिपक्व हो चुकी होती ह।

३ प्रत्येक क्राति का एक निश्चित वस्तुगत सामाजिक आर्थिक अतय होता है, जो मनुष्य की इच्छा और चेतना से स्वतत्र होता है।

किसी क्राति का चरित्र निर्भर करता है उन उत्पादन सबधा पर, जो उसके द्वारा नष्ट होते, तथा उन सबधा पर, जो उनके स्थान पर स्थापित

---

* का० मार्क्स फ्रे० एगेल्स, सकलित रचनाए, चार भागो म, प्रगति प्रकाशन मास्को, भाग २, पृ० ६

होते ह। वे ऋातिया, जिनके द्वारा उत्पादन के सामतवादी सबध वि
हुए और उनकी जगह पूजीवादी सबध स्थापित हुए, **पूजीवादी** ऋातिया
इनसे मूलत भिन्न **समाजवादी** ऋातिया ह, जिनके द्वारा उत्पादन
पूजीवादी सबधो को मिटाकर तथा समाजवादी सबध स्थापित करके पूजा
के बुनियादी अतविरोध हल किये जात ह।

अगर सामाजिक ऋाति के कार्यों का पूरा करना है तो जरूरी ह
है कि पुराने समाज क शासक वर्गों के प्रतिरोध को दूर किया जाय,
राज्य को अपनी पकड मे लिये रहत हैं। इस उद्देश्य के लिये आवश्यक हा
है कि राज्य मे सगठित शासक वग की शक्ति के मुकाबले म इस वग
प्रभुत्व का तख्ता उलटने के लिए सघष करनेवाले वग की सगठित शवि
कायम की जाये। शासक वग के हाथो से राज्य सत्ता छीनकर और इस
प्रतिरोध को कुचल कर ही ऋातिकारी शक्तिया पुरान पर नये की विज
मे सहायक हो सकती ह। इसी लिये **किसी भी क्राति मे राज्य सत्ता क
सवाल प्रधान सवाल है।** सही माने मे ऋाति नाम है राज्य सत्ता के एक
वग के हाथो स निकलकर दूसरे के हाथो मे चले जाने का। प्रगतिशाल
सामाजिक शक्तिया जब एक बार नयी ऋातिकारी सत्ता स्थापित कर लती
ह तो वे इसे समाज की अथव्यवस्था म आवश्यक परिवतन लाने के लिये
इस्तेमाल करती ह।

जहा तक शासक वग का प्रतिरोध इसके विरोधी अन्य वर्गों के सगठित
सघष द्वारा कुचला जाता है क्राति इन्ही वर्गों के जरिये आती है, जिसका
मतलब यह है कि **यही वग क्राति की चालक शक्तिया ह।** किसी ऋाति
के सारतत्व और खास विशेषताओ का मूल्याकन करने के लिये इसकी विशष
चालक शक्तियो का बडा महत्व है।

ऋातिकारी विस्फोट की तैयारी पुराने समाज के भीतर वग सघष की
समस्त प्रक्रिया द्वारा होती रहती है। स्वय क्राति प्रगतिशील तथा
प्रतिक्रियावादी शक्तियो के इस सघष का परम बिदु होती है। इससे यह
सवाल तय हो जाता है कि जीत किस वग की होगी, यानी कौन राज्य
सत्ता को अपने हाथो मे लेगा और राजनीतिक दृष्टि से समाज की
प्रभुताशाली शक्ति बनेगा।

**इस अथ मे पिछली सभी क्रातियो मे यह मूल द्वद्व मौजूद था कि वे
अल्पसख्यक शोषको के हित मे बहुसख्यक शोषितो की क्रातिया होती
थीं, निजी स्वामित्व के एक रूप के विरुद्ध और दूसरे के पक्ष की**

क्रांतिया – शोषक जाते थे और आते थे, मगर शोषण जारी रहता था। ये अल्पसख्यका के हित मे बहुसख्यका की क्रातिया होती थीं।

यहा हम एक बात पर जोर दे द, जिसपर विस्तारपूवक विचार आगे चलकर किया जायगा। वह यह कि समाजवादी क्राति म इस तरह का द्वद्व नही होता क्योकि इसकी चालक शक्ति मजदूर वग के नतृत्व म श्रमजीवी जनता है, जिसके हित म यह क्राति होती है। समाजवादी क्राति बहुसख्यको के हित मे बहुसख्यको की क्राति है।

क्राति की चालक शक्तियो के सवाल और उसके सामाजिक आर्थिक अतय म गहरा सबध होता है। क्राति के चरित्र और अतय से प्रकट होता है कि इसका रुख किसके विरुद्ध है और किस तरह के काय इसके सामने ह, और परिणामस्वरूप किसी समाज के किन वर्गों को इससे लाभ होगा और सम्भवत व इसकी चालक शक्तिया बनेगे, और किनको फायदा नही होगा और वे इसका विरोध करगे। वर्गीय दृष्टिकोण से ही हर ठोस परिस्थिति म क्राति की चालक शक्तिया और अतय का सवाल वस्तुनिष्ठ तौर पर तय किया जा सकता है।

सामाजिक क्रातियो को इतिहास म एक अत्यत प्रगतिशील भूमिका अदा करनी पडती है। क्रातियो के दौरान विरोधी सामाजिक वर्गों के प्रत्यक्ष तथा सीधी टक्कर मे सडी-गली आर्थिक व्यवस्था नष्ट कर दी जाती है और प्रगतिशील क्रातिकारी शक्तियो की विजय एक उच्चतर मजिल पर आगे के ऐतिहासिक विकास की व्यापक सम्भावनाओ के द्वार खोल देती है।

मार्क्स ने कहा है "क्रातिया इतिहास के इजन होती ह।"* कोई भी क्राति दमन के बिना, नि स्वाथ वीरता तथा तन मन धन से सघष किये बिना नही हो सकती। एगेल्स न कहा कि क्रातिकारी बल "वह औजार है, जिसकी मदद से सामाजिक गति मत, अश्मीभूत राजनीतिक रूपो को तोडकर अपन लिये रास्ता बनाती है।'** लेनिन ने लिखा "क्रातिया उत्पीडितो तथा शोषितो के उत्सव होती ह।"***

---

*का० मार्क्स, फ्रास म वग सघष। १८४८–१८५०'

**फ्रे० एगेल्स, ड्यूहरिंग मत-खण्डन, विदेशी भाषा प्रकाशन गृह, मास्को पृ० ३०६

***व्ला० इ० लेनिन, सकलित रचनाए, चार भागो म, प्रगति प्रकाशन, मास्को भाग १ पृ० १६३

एक ऐसी क्रांति के सम्पन्न होने के लिये, जिसकी आर्थिक आवश्यकता परिपक्व हो चुकी है, निश्चित वस्तुनिष्ठ तथा आत्मनिष्ठ स्थितियों और पूर्वशर्तों का पूरा होना जरूरी है।

उन वस्तुनिष्ठ सामाजिक राजनीतिक स्थितियों के योगफल को, जिनके अंतर्गत क्रांतिकारी विस्फोट हो सकता है, **क्रांतिकारी परिस्थिति** कहते हैं। ऐसी परिस्थिति के लक्षण ये हैं: प्रथम, शासक वर्ग की नीति में संकट, जो उस वर्ग द्वारा अपने प्रभुत्व को कायम रखने की असमर्थता तथा पुराने ढंग से रहने और शासन करने की असमर्थता में प्रकट होता है। इससे सरकार में कमज़ोरी आती है, उसकी नीतियों में ढुलमुलपन पैदा होता है, उसकी जड़ें हिल जाती हैं और उसका तख्ता उलटना आसान हो जाता है। दूसरे, उत्पीड़ित वर्गों की तंगी और कष्टों के अभूतपूर्व रूप से तीव्र हो जाने के कारण उनका पुराने ढंग से जीवन बिताने पर अनिच्छुक होना। तीसरे, जनता के कार्यकलाप में प्रत्यक्ष वृद्धि, जो खुल्लमखुल्ला, स्वतंत्र और क्रांतिकारी कदम उठाने पर तैयार हो।*

इस प्रकार की स्थिति ही से राष्ट्रीय संकट उत्पन्न होता है, जिसके द्वारा एक विजयी क्रांति की वस्तुनिष्ठ पूर्वशर्तें पूरी होती हैं।

सर्वहारा के संघर्ष का निर्देशन करनेवाली पार्टी राज्य सत्ता हाथों में लेने का तात्कालिक कार्य तभी अपने सामने रख सकती है, जब क्रांतिकारी परिस्थिति पैदा हो गई हो। नहीं तो ऐसा करना जुआ खेलना और शिकस्त को निमंत्रण देना होगा।

लेकिन हर प्रकार की क्रांतिकारी परिस्थिति क्रांति तक नहीं ले जाती। उदाहरण के लिये रूस में १८५९ से १८६१ तक परिस्थिति क्रांतिकारी थी, लेकिन कोई क्रांति नहीं हुई। यही हाल जर्मनी में १९२० के दशक के प्रारम्भिक वर्षों में था।

क्रांतियां तभी भड़क उठती और सफल होती हैं, जब आवश्यक वस्तुनिष्ठ स्थितियों के साथ साथ आत्मनिष्ठ तत्व भी मौजूद हो, यानी एक क्रांतिकारी हिरावल पार्टी हो, क्रांतिकारी वर्गों में क्रांति की ज़रूरत का

---

*व्ला० इ० लेनिन, 'साम्राज्यवादी युद्ध के विरोध में', प्रगति प्रकाशन, मास्को, पृ० १२०

एहसास और सगठित तथा दढ रूप म जनकाय करन तथा विजय के लिये जान पर खेलन को तयार हान की क्षमता हा।

यह एक नियम ह कि क्राति के भडक उठन के लिये **वस्तुनिष्ठ और आत्मनिष्ठ स्थितिया का योग** जरूरी है। मार्क्सवादी-लेनिनवादी पाटिया ने समाजवादी क्रातिया की तैयारी करन और उनका अमल म लाने के लिये हमशा इस नियम का पालन किया है। क्राति की वस्तुनिष्ठ स्थितिया वर्गो और पाटिया की इच्छा और चेतना से स्वतत्र रूप म परिपक्व होती ह, परन्तु वस्तुनिष्ठ स्थिति के तयार हा जान पर भी क्राति की सफलता आत्मनिष्ठ तत्व द्वारा निर्धारित हाती है, जिसकी उत्पत्ति बडी हद तक जनता म शिक्षणात्मक तथा सगठनात्मक काय पर निभर करती है। एक लडाकू क्रातिकारी पार्टी का अस्तित्व, जिसका जनता पर प्रभाव हो और जो उसके सघप का नतृत्व और निदशन कर सके, एव समाजवादी क्राति की सफलता के लिय अत्यत महत्वपूण हो जाता है।

लेनिनवादी बोल्शेविक पार्टी ने महान अक्तूबर समाजवादी क्राति की तयारी और उसका पूरा करने के दौरान म इस बात का दष्टिमूलक तथा विश्वासप्रद उदाहरण प्रस्तुत किया कि किस तरह मजदूर वग और किसाना को दृढतापूवक तथा उद्देश्यपूण ढग से अत्यत कठिन हालता मे क्राति के लिये तयार करना चाहिये और स्वय क्राति के दारान म शोपक वर्गो के प्रभुत्व का अत करने के उनके सघप का नतृत्व किस प्रकार करना चाहिये। इस अनुभव का अतर्राष्ट्रीय महत्व बहुत है।

समाजवादी क्राति का सिद्धात

समाजवादी क्राति एक विशेप प्रकार की सामाजिक क्राति ह। सामाजिक क्राति की आम नियमितताए समाजवादी क्राति पर भी लागू होती ह, मगर यह पुरानी क्रातिया से सारत भिन्न है। इसी लिये इसपर अलग से और अधिक विस्तारपूवक विचार करना जरूरी ह।

समाजवादी क्राति की ऐतिहासिक आवश्यकता पूजीवाद के विकास से उत्पन्न होती है। इसका आर्थिक आधार पैदा होता है अतविरोधो के तीव्र होन स, उत्पादन के सामाजिक स्वरूप तथा अधिकरण क निजी पूजीवादी रूप के विरोध से। समाजवादी क्राति का उद्देश्य है इस विराध का दूर

एक ऐसी क्रांति के सम्पन्न होने के लिये, जिसकी प्राथमिक आवश्यकता परिपक्व हो चुकी है, निश्चित वस्तुनिष्ठ तथा आत्मनिष्ठ स्थितियों और पूर्वशर्तों का पूरा होना जरूरी है।

उन वस्तुनिष्ठ सामाजिक-राजनीतिक स्थितियों के योगफल को, जिनके अंतर्गत क्रांतिकारी विस्फोट हो सकता है, क्रांतिकारी परिस्थिति कहते हैं। ऐसी परिस्थिति के लक्षण ये हैं प्रथम, शासक वर्ग की नीति में संकट, जो उस वर्ग द्वारा अपने प्रभुत्व को कायम रखने की असमर्थता तथा पुराने ढंग से रहने और शासन करने की असमर्थता में प्रकट होता है। इससे सरकार में कमजोरी आती है, उसकी नीतियों में ढुलमुलपन पैदा होता है, उसकी जड़ें हिल जाती हैं और उसका तख्ता उलटना आसान हो जाता है। दूसरे, उत्पीड़ित वर्गों की तंगी और कष्टों के अभूतपूर्व रूप से तीव्र हो जाने के कारण उनका पुराने ढंग से जीवन बिताने पर अनिच्छुक होना। तीसरे, जनता के कार्यकलाप में प्रत्यक्ष वृद्धि, जो खुल्लमखुल्ला, स्वतंत्र और क्रांतिकारी कदम उठाने पर तैयार हो।*

इस प्रकार की स्थिति ही से राष्ट्रीय संकट उत्पन्न होता है, जिसके द्वारा एक विजयी क्रांति की वस्तुनिष्ठ पूर्वशर्तें पूरी होती हैं।

सर्वहारा के संघर्ष का निर्देशन करनेवाली पार्टी राज्य सत्ता हाथों में लेने का तात्कालिक कार्य तभी अपने सामने रख सकती है, जब क्रांतिकारी परिस्थिति पैदा हो गई हो। नहीं तो ऐसा करना जुआ खेलना और शिकस्त को निमंत्रण देना होगा।

लेकिन हर प्रकार की क्रांतिकारी परिस्थिति क्रांति तक नहीं ले जाती। उदाहरण के लिये रूस में १८५९ से १८६१ तक परिस्थिति क्रांतिकारी थी, लेकिन कोई क्रांति नहीं हुई। यही हाल जर्मनी में १९२० के दशक के प्रारम्भिक वर्षों में था।

क्रांतियां तभी भड़क उठती और सफल होती हैं, जब आवश्यक वस्तुनिष्ठ स्थितियों के साथ साथ आत्मनिष्ठ तत्व भी मौजूद हों, यानी एक क्रांतिकारी हिरावल पार्टी हो, क्रांतिकारी वर्गों में क्रांति की जरूरत का

---

*ब्ला० इ० लेनिन, 'साम्राज्यवादी युद्ध के विरोध में', प्रगति प्रकाशन, मास्को, पृ० १२०

एहराम और सगठित तथा दृढ रूप म जनकार्य करन तथा विजय क लिये जान पर खेलन को तयार होन की क्षमता हो।

यह एक नियम है कि क्राति क अदर उठा क लिय वस्तुनिष्ठ और आत्मनिष्ठ स्थितियो का योग जरूरी है। मार्क्सवादी-लेनिनवादी पार्टियो न समाजवादी क्रातियो की तयारी करन और उनको अमल म लान क लिय हमेशा इस नियम का पालन किया है। क्राति की वस्तुनिष्ठ स्थितिया वर्गों और पार्टियो की इच्छा और इरादा स स्वतत्र रूप म परिपक्व होती ह, परन्तु वस्तुनिष्ठ स्थिति क तयार हो जान पर भी क्राति की सफलता आत्मनिष्ठ तत्व द्वारा निर्धारित होती है, जिसकी उत्पत्ति बडी हद तक जनता म शिक्षणात्मक तथा सगठनात्मक काय पर निभर करती है। एक लडाकू क्रातिकारी पार्टी का अस्तित्व, जिसका जनता पर प्रभाव हो और जो उसक सघष का नतृत्व और निदशन कर सक, एक समाजवादी क्राति की सफलता क लिय अत्यत महत्वपूण हो जाता है।

लेनिनवादी बोल्शेविक पार्टी न महान अक्तूबर समाजवादी क्राति की तयारी और उसको पूरा करन क दौरान म इस बात का दृष्टिमूलक तथा विश्वासप्रद उदाहरण प्रस्तुत किया कि किस तरह मजदूर वग और किसानो को दृढतापूवक तथा उद्देश्यपूण ढग स अत्यत कठिन हालतो म क्राति क लिय तयार करना चाहिय और स्वय क्राति के दौरान म शोषक वर्गों के प्रभुत्व का अत करन क उनक सघष का नतृत्व किस प्रकार करना चाहिय। इस अनुभव का अतर्राष्ट्रीय महत्व बहुत है।

समाजवादी क्राति का सिद्धात

समाजवादी क्राति एक विशेष प्रकार की सामाजिक क्राति है। सामाजिक क्राति की आम नियमितताए समाजवादी क्राति पर भी लागू होती ह, मगर यह पुरानी क्रातियो स सारत भिन्न है। इसी लिये इसपर अलग से और अधिक विस्तारपूवक विचार करना जरूरी है।

समाजवादी क्राति की ऐतिहासिक आवश्यकता पूजीवाद के विकास से उत्पन्न होती है। इसका आर्थिक आधार पैदा होता है अतविरोधो के तीव्र होन स, उत्पादन क सामाजिक स्वरूप तथा अधिकरण के निजी पूजीवादी रूप क विरोध से। समाजवादी क्राति का उद्देश्य है इस विरोध को दूर

करना और उत्पादन साधनो पर निजी स्वामित्व का मिटाकर तथा सामाजिक स्वामित्व की स्थापना करके सामाजिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र मे समाजवादी सबंध क़ायम करना।

जसा कि कहा जा चुका है, मजदूर वग तथा शहर ग्रौर देहात के श्रमजीवी, सबसे बढकर किसान, समाजवादी क्रांति की चालक शक्ति हैं, और उसका मूल तत्व श्रमजीवी जनता की सत्ता, सवहारा का अधिनायकत्व स्थापित करना है। इसका मतलब यह है कि क्राति के दौरान मे सवहारा (क) पूजीपति वग की सत्ता का ग्रत करता है, उसे उसके राजनीतिक प्रभुत्व से वचित करता, उसके हाथो से सत्ता के उपकरण छीन लेता और इस तरह स्वय अपने अधिनायकत्व का रास्ता साफ करता है, (ख) पूजीवादी राज्य मशीनरी को, पूजीवादी राज्य के सन्यपुलिस तथा नौकरशाही को भग करता तथा सवहारा राज्य की नयी मशीनरी की स्थापना के लिये ज़मीन तैयार करता है, और (ग) सत्ता स्वय अपने हाथो मे ले लेता है और एक नये राज्य की—सवहारा के नातिकारी अधिनायकत्व की—स्थापना करता है, जिससे वह सवहारा क्राति के उद्देश्यो को पूरा करने तथा कार्यो को सफलीभूत करने और समाजवाद का निर्माण करने का काम लेता है।

विधि चेतना विचारों की ऐसी सहति है, जिसकी जड़ें इतिहास मे है, जिसका उदय वर्गों की उत्पत्ति के संग होता है ग्रौर जो बदलती हुई सामाजिक ग्राथिक व्यवस्था के साथ बदल जाती है। इसमे समाज द्वारा ग्राम तौर पर स्वीकृत ये धारणाए, सिद्धांत ग्रौर उसूल शामिल है कि मानवों, राज्यों तथा राष्ट्रों के परस्पर सबधों मे क्या क़ानूनी ग्रौर क्या ग़ैर-कानूनी है, क्या न्यायसंगत है, ग्रौर क्या ग्रनिवार्य ग्रौर ग्रावश्यक है। इसमे किसी समाज के भीतर चालू विधि व्यवस्था का मूल्यांकन भी शामिल है।

विधि के विपरीत, जो नियमा और कानूना की व्यवस्था है, f राज्य जारी और लागू करता है, विधि चेतना कानूनी और ग़ैर-कानूनी बारे म मनुष्या क विचारा और धारणाग्रा की सहति है। ग्रतविरोधी मम म न तो दो विधि व्यवस्थाए हो सकती ह और न एक विधि चेतना सकती है। शासक, शोषक वर्गों की विधि चेतना विधि व्यवस्था म रूप धारण करती है जो प्रत्येक एतिहासिक युग के लिय विशिष्ट हो है और दूसरी ओर उत्पीडित वर्गों की विधि चेतना अपन दृष्टिकोण वतमान विधि व्यवस्था का मूल्याकन करत हुए शासक वर्गों की विधि त विधि चेतना के प्रतिकूल है। **शासक वर्गों की विधि चेतना कवल वतमा विधि व्यवस्था मे मूत रूप मे प्रकट ही नहीं होती, बल्कि उसका औचित भी प्रस्तुत करती, उसकी सद्धातिक पुष्टि करती और उसे एकमात्र उचि विधि व्यवस्था के रूप मे पूरे समाज पर थोपने का प्रयास करती है।** शास वग चाहता है कि इन विधिया का, जो इसके इरादे का व्यक्त करत ह, पालन किया जाये, और केवल यही नही कि उसके पीछे राज्य की शक्ति लगा देता है, बल्कि समाज की विधि चेतना स अपील भी करता है। उसकी विधि विचारधारा समाज मे चालू कानूना के महत्व का गुणगान करती, उनका पालन करन की ग्रावश्यकता की सैद्धातिक पुष्टि करती और इसके लिये निहायत विविध दार्शनिक, नैतिक, ऐतिहासिक तथा धार्मिक तर्कों का सहारा लेती है।

पूजीवादी समाज मे पूजीवादी विधि चेतना के बरखिलाफ एक **सवहारा विधि चेतना** का उदय हुआ है। जहा पूजीवादी विधि चतना कानून की नजर मे सभी नागरिका की नाम की समानता घापित करती है (और इस नाम की समानता स तरह तरह के अपवादा का भी उचित ठहराती है), वहा सवहारा विधि चेतना मजदूरा और पूजीपतिया की वास्तविक असमानता का बेनकाब करती है जिसका कारण उनकी आथिक हालत है, यह बताती है कि पूजीवादी जनवाद सीमित और छलपूण है और यह सिद्ध करती है कि पूजीवादी व्यवस्था को मिटाने का सघष न्यायसगत है।

समाजवाद के अतगत मजदूर वग की विधि चेतना और विकसित होती और सम्पूण समाज की विधि चतना बन जाती है। **समाजवादी विधि चेतना** समाजवादी विधि व्यवस्था मे साकार होती है और नागरिका को समाजवादी वधिकता की भावना के अनुसार शिक्षित करने का एक साधन है। समाजवाद

के अंतर्गत विधि चेतना की भूमिका बढ़ जाती है, क्योंकि कानूनों का पालन राज्य की दमनकारी सत्ता पर उतना निर्भर नहीं करता, जितना पूरे जनगण की समाजवादी विधि चेतना पर जो समाजवादी राज्य के कानूनों को स्वयं अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति मानते हैं।

किसी संरचना की सामाजिक परिघटनाओं की व्यवस्था के भीतर विधि चेतना का स्थान और भूमिका प्रत्यक्ष रूप में समाज में वर्तमान विधि व्यवस्था तथा कानून से उसके संबंधों द्वारा निर्धारित होते हैं। शासक वर्गों की विधि चेतना द्वारा वर्तमान स्वामित्व संबंधों तथा पूरी सामाजिक व्यवस्था की रक्षा होती है, जबकि उत्पीड़ित वर्गों की विधि चेतना द्वारा युक्त सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था का उन्मूलन करने में सहायता मिलती है। उत्पादन संबंधों द्वारा विधि चेतना उत्पादन के विकास को भी प्रभावित करती है। जहां विधि चेतना उत्पादन के सड़े-गले संबंधों की रक्षा करती है, वह उत्पादक शक्तियों के विकास में बाधक बन जाती है, और जहां वह उत्पादन के सड़े-गले संबंधों का विरोध करती है, उन संबंधों को मजबूत करने में सहायक होती है, जो उत्पादक शक्तियों के अनुकूल हैं, वह उत्पादन के विकास को प्रोत्साहित करती है।

यद्यपि विधि चेतना चेतना का एक ऐसा रूप है, जो राजनीतिक विचारधारा से भिन्न है, फिर भी इसका एक राजनीतिक अंतर्य होता है, क्योंकि इसका उदय वर्गों के बीच एक निश्चित संबंध प्रणाली के आधार पर, अर्थात एक राजनीतिक आधार पर होता है। इसी के साथ, विधि चेतना राज्य के कानूनों में साकार होकर राजकीय नीति के रूप में लागू की जाती है। इस प्रसंग में यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि राजनीति की अभिव्यक्ति केवल कानूनी नियम बनाने में ही नहीं होती, बल्कि उनको लागू करने में भी होती है, और यह राजनीतिक तथा विधि चेतना के संबंध की एक और विशेषता है।

सभी सामाजिक विचारों और सिद्धांतों की तरह विधि चेतना को भी ऐतिहासिक दृष्टिकोण से, यानी उसकी वास्तविक गति में देखना चाहिए। जैसे किसी एक या अन्य वर्ग का पतन होता है, उसकी विधि चेतना निरीह हो जाती है, तथा नये वर्ग की विजय के साथ एक नई विधि चेतना स्थापित हो जाती है। लेकिन बात इससे अधिक है। कानूनी विचारों, सिद्धांतों और उसूलों पर उनकी प्रगति में विचार करने से प्रकट होता है कि

जहा हर ठोस सूरत मे वे निश्चित वर्गों के दृष्टिकोण से अपने काल को और आर्थिक व्यवस्था को प्रतिबिम्बित करते हैं, उनमे किसी न किसी हद तक वास्तविक सामाजिक सबधो और उनके ऐतिहासिक विकास के वस्तुनिष्ठ ज्ञान के तत्व भी मौजूद होते हैं। इसलिये हम कह सकते ह कि उनकी बदौलत सज्ञान मे क्रमबद्धता सुनिश्चित होती है, हालाकि यह क्रमबद्धता भी विचारधारात्मक (यानी पक्षपाती) है। इस बात पर ध्यान देना काफी होगा कि विभिन प्रकार के कानूनी सबधो की पहचान, विधि-सबधी प्रवर्गों तथा न्यायिक कार्यपद्धति के निरूपण का स्वय सज्ञानात्मक मूल्य भी होता है।

निस्सदेह, विधि चेतना की प्रगति, जो विधि तथा न्यायिक कार्यपद्धति के अधिक विकसित रूपो म व्यक्त और साकार होती है, किसी हद तक मानवो के वास्तविक सबधो के, जो कानूनी नियत्रण के अधीन होते हैं, ज्ञान के प्रयोग से सबद्ध होती है। यह ज्ञान विधि-सबधी विचारो और विधि व्यवहारो के विकास के दौरान मे सचित होता है। समाजवादी विधि चेतना भी, जो इतिहास के सभी वर्गों की विधि चेतना से गुणात्मक हैसियत स भिन है और एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित होती है, पूर्वकालीन विधि चेतना का सवथा निराकरण नही करती। वह पहले के इतिहास की श्रेष्ठतम उपलब्धियो से, जनवादी विधि चेतना के तत्वो से फायदा उठाती है और उन्हे सर्वहारा के सघर्ष के अनुभव से समृद्ध करती है।

उदाहरण के लिये लेनिन ने अपनी पुस्तक 'राज्य और क्राति' म कहा कि पूजीवादी कानून के तत्व समाजवादी राज्य मे पूजीवादियो के बिना रहेगे इस अर्थ मे कि समान मापक असमान मनुष्यो पर लागू किया जायेगा। उनके कहने का मतलब यह था कि समाजवाद के अतर्गत उपभोग के सामानो की प्रचुरता अभी नही होती, इसी लिये उनके वितरण के दौरान मे उपभोग का मापक श्रम की दर के अनुसार तय करना होता है। समान कार्य के लिये समाजवाद के अतर्गत लोगो को समान वेतन मिलता है। परन्तु कानून के अनुसार समान होते हुए भी, वास्तव म हो सकता है कि वे असमान हो, जैसा कि एक अविवाहित म और एक बडे परिवारवाले व्यक्ति के मामले मे हो सकता है। अत समाजवाद के अतर्गत सामाजिक स्वामित्व उत्पादन साधनो के प्रति सभी आदमियो की बराबरी का आधार मुहैया करता है, और कोई भी दूसरो के श्रम का शोषण करके नही रह सकता। मगर

समाजवाद वितरण म समानता नही लाता और न ला सकता है, और यही कारण है कि इस क्षेत्र मे औपचारिक समानता के तत्व आ जाते हैं।

सर्वहारा क्राति के कारण शोषक विधि व्यवस्था का विघटन होता और उसका स्थान एक नई, समाजवादी वैधिकता, एक क्रांतिकारी कानून लेता है। इसी लिये इस बात पर बल देना आवश्यक है कि **सक्रमण काल तथा समाजवाद के युग मे विधि चेतना की भूमिका कम नहीं होती, बल्कि गुणात्मक दृष्टि से भिन्न हो जाती है।**

लेनिन ने इस बात पर जोर दिया था कि मजदूर वग को समाज का राजकीय निदशन करते हुए विधि व्यवस्था की आवश्यकता है क्योकि "इच्छा यदि राज्य की इच्छा है, तो राज्य द्वारा स्थापित विधि के रूप मे व्यक्त होनी चाहिये। अन्यथा, 'इच्छा' का शब्द बेमानी है।"*

समाजवादी विधि सर्वहारा विधि चेतना का साकार रूप है, जिसका व्यापक विकास क्राति के दौरान मे तथा उसके बाद समाजवाद के लिये सघर्ष के दौरान म जनता के व्यावहारिक-राजनीतिक कायकलाप के आधार पर होता है जिनका नेतत्व सर्वहारा पार्टी द्वारा किया जाता है। पार्टी की नेतृत्वकारी भूमिका सोवियत सघ के विधान की धारा १२६ द्वारा निश्चित कर दी गई है।

समाजवादी विधि चेतना मनुष्यो क कार्यों का मूल्याकन समाजवादी वैधिकता की रोशनी म करती है। सोवियत कानूनो की ताकत का रहस्य स्वय जनता का समथन है। इसी लिय सभी नागरिको को समाजवादी विधि चेतना की भावना के अनुसार प्रशिक्षित करना समाजवादी समाज को मजबूत और विकसित करने का एक महत्वपूण साधन है।

परन्तु इतिहास का, खासकर सोवियत सघ मे नये समाज के निर्माण का अनुभव, जिसका विश्व ऐतिहासिक महत्व है, बतलाता है कि मानवीय सबधो को विधि चेतना तथा विधि द्वारा नियत्रित करना कितना ही महत्वपूण क्यो न हो, नियत्रण का यह उपाय अभी भी अपर्याप्त है। यह अब भी इस रूप म काम करता है कि वह मनष्य से बाहर की कोई वस्तु है, जिसे समाज और राज्य उसपर थोपते ह। यही कारण है कि नैतिकता, जो सामाजिक चेतना का एक विशेष रूप है, पूरे इतिहास के दौरान म मानव सबधो

---

*ब्ला० इ० लेनिन, 'प्रतिविरोधी स्थिति'

के एक अद्भुत नियत्रक के रूप म काम करता रहा है और अब ज्यो ज्यो कम्युनिज्म की ओर कदम उठाये जाते हैं उसका महत्व बढता जाता है।

नतिकता सामाजिक चेतना का एक विशेष रूप है, जो मानवो के परस्पर सबधो को अच्छे और बुरे, न्याय और अन्याय, ईमानदारी और बेईमानी, आदि के प्रवर्गों मे प्रतिबिंबित करता है तथा मनुष्य से, उसके रोजमर्रे के जीवन मे, समाज या वग के तकाजो को नतिक आदर्शों, आचरण के उसूलो और नियमो के रूप मे निर्धारित करता है। ये वस्तुनिष्ठ तकाजे नैतिक चतना म अय लोगा के प्रति, परिवार के प्रति, स्वय अपने तथा अय वर्गों के प्रति, मातभूमि, राज्य, इत्यादि के प्रति नैतिक उत्तरदायित्वा के रूप मे प्रतिबिम्बित होत हैं। इन उत्तरदायित्वा के नैतिक एहसास की एक खासियत यह है कि वे काई ऐसी चीज नही मालूम पडते, जा बाहर से लादी गई हो, बल्कि ऐसी चीज जान पडते हैं, जो व्यक्ति के अपने अदरूनी विश्वास से उत्पन्न हुई हो। लेकिन इसका यह मतलब नही है कि नैतिक चेतना या इहसास जन्मजात होता है। नैतिक नियम मनुष्य का "आतरिक विश्वास' बनते हैं शिक्षा के जरिये, सामाजिक परम्पराओ, तौर-तरीको, रिवाजो और आदतो को आत्मसात करने से। नतिक चेतना तथा व्यक्ति के विश्वासा के अनुसार काम करने की आतरिक प्रेरणा क रूप मे अत करण की उत्पत्ति होती है।

परिणामस्वरूप, समाज की नतिक चेतना एक व्यक्ति के कार्यों के सामाजिक मूल्याकन, यानी उसके सामाजिक महत्व के मूल्याकन क रूप मे व्यक्त होती है। व्यक्ति द्वारा स्वीकृत होने पर वह उसके कार्यों के अदरूनी मूल्याकन के रूप म, उन तकाजा क रूप मे प्रकट हाता है, जो वह अपने आप से करता है। इसी लिये **अत करण मानव के सामाजिक स्वभाव की अभिव्यक्ति के सिवा और कुछ नहीं है।**

मानव कायकलाप म नैतिक तत्व का एक अहम भूमिका अदा करती है। यह कायकलाप निस्सदेह वतमान सामाजिक स्थितिया से निर्धारित होता है। लेकिन मनुष्य चूकि एक चेतन जीव है, किसी परिस्थिति म उसका आचरण तरह तरह का हो सकता है। आत्मनिष्ठ तत्व, मनुष्य का व्यक्तित्व उसके आचरण के माग का निर्धारित करने म बडा महत्व रखता है। अपेक्षाकृत रूप म मनुष्य को इच्छा की, अपना रास्ता चुनने की आजादी है, और किसी परिस्थिति द्वारा निर्धारित परिधि के भीतर वह एक या

दूसरा रास्ता अपना सकता है, अच्छा या बुरा काम कर सकता है, आदि। इस सवाल पर लेनिन ने लिखा है "नियतिवाद के विचार ने, जिसका कहना है कि मानव कर्म आवश्यकता के अधीन है और जो स्वतंत्र इच्छा की अनर्गल कहानी का अस्वीकार करता है, कदापि मानव विवेक या अंत:करण को, या उसके कार्यों के मूल्यांकन को नष्ट नही करता। इसके बिल्कुल विपरीत, केवल नियतिवादी विचार द्वारा ही एक पक्का और सही मूल्यांकन सम्भव है बजाय इसके कि स्वतंत्र इच्छा को हर चीज़ का कारण समझ लिया जाये।"*

व्यक्ति के लिये एक निश्चित नैतिक मानदंड निर्धारित करने में समाज या वर्ग सार्वजनिक राय की शक्ति से उसकी पुष्टि करते हैं। नैतिकता की एक स्पष्ट विशेषता, विधि के बरखिलाफ, यह है कि इसके सिद्धांत और नियम आम तौर पर अलिखित हुआ करते हैं और सार्वजनिक नैतिकता को लागू करने के लिये विशेष संस्थाएं नही होती हैं। जो लोग नैतिकता के नियमों का उल्लंघन करते हैं, लोकमत द्वारा उनकी निन्दा की जाती है। इस प्रकार की निन्दा की ताकत केवल नैतिक निश्चय पर निर्भर नही करती, बल्कि इस बात पर भी कि साधारणतः इसके समर्थन में निश्चित कारवाई की जाती है। अगर कोई आदमी कबीले के नैतिक नियम का गम्भीर उल्लंघन करता तो उसे कबीले से निकाल दिया जाता था। कोई कुलीन पुरुष भद्रता के आचरण का उल्लंघन करता तो उसके "सजातीय" लोग न सिर्फ उसकी निन्दा करते बल्कि वास्तव में उसका हुक्का पानी बन्द कर देते थे, इत्यादि।

अतः **समाज नैतिकता को जन्म देता और उसकी रक्षा करता है।** इस वैज्ञानिक स्थापना की मदद से ऐतिहासिक भौतिकवाद को नैतिकता के धार्मिक तथा भाववादी सिद्धांतों से अलग किया जा सकता है। **धर्म इस बात पर ज़ोर देता है कि नैतिक सिद्धांतो को भगवान ने जन्म दिया है और ये सिद्धांत भगवान की इच्छा को अभिव्यक्त करते हैं,** चुनांचे नैतिक सिद्धांतो का पालन करना आदमी का धर्म है और ऐसा नही करने पर उसे भगवान की ओर से दंड भोगना पडेगा। पादरी लोगों को विश्वास दिलाना चाहते

---

*व्ला० इ० लेनिन '"जनता के मित्र" क्या हैं और वे सामाजिक-जनवादियों के विरुद्ध कैसे लड़ते हैं'

चिरन्तन और अधि ऐतिहासिक नतिकता नहीं होती। वर्गीय समाज मे नतिकता का चरित्र भी वर्गीय होता है, जिसमे शासक वग की नतिकता प्रभुताशाली होती है। परन्तु जैसे-जैसे समाज प्रगति करता है आचरण के कुछ ऐसे प्रारम्भिक नियम निरूपित होते है, जिन्ह विभिन्न राष्ट्रो और वर्गों के सदाचार मे शामिल कर लिया जाता है। य किसी एक वग के विशेष हित या स्थिति का प्रतिनिधित्व नही करत, वल्कि विभिन्न मानवीय समुदाया की नतिकता के आम पहलुओ की अभिव्यक्ति करते है। इन पहलुओ के अस्तित्व का कारण वे आम विशेषताए ह जो किसी भी मानव समूह को जानवरा के झुड स भिन्न बनाती है। यह मानवीय सबधा की सास्कृतिक विशेषताए है, जिन्हे लेनिन ने सामाजिक जीवन की प्रारम्भिक शर्तें कहा था। लेकिन सार्विक मानवीय नतिकता के इन पहलुओ को भी अधि-ऐतिहासिक नही समझना चाहिये क्योकि व भी ऐतिहासिक विकास ही का नतीजा हैं।

नैतिक चेतना एक सामाजिक पैदावार है और यही वह आधार है, जिस पर नैतिकता की परीक्षा सम्पूण रूप मे, एक विशिष्ट सामाजिक परिघटना के रूप मे करना सम्भव है, यद्यपि वास्तव मे इसका अस्तित्व इतिहासत ठोस, निश्चित नतिकता के रूप म होता है।

मार्क्सवादी-लेनिनवादी इस विचार को अस्वीकार करत हैं कि नैतिक नियम और सिद्धात चिरन्तन और अपरिवर्तनीय है, मगर वे दूसरी चरम सीमा, अर्थात, नतिक सापेक्षवाद का भी अस्वीकार करते हैं, जो मानव आचरण का मूल्याकन करने मे आत्मनिष्ठता और मनमानेपन को सर्वोच्च मानता है और नैतिक तथा अनैतिक मे कोई भेद नही मानता। नतिक सापेक्षवाद नैतिक मूल्याकना की सापेक्ष हैसियत स फायदा उठाता है और नैतिक नियमा की वास्तविक परिवर्तनशीलता को परम मानत हुए मानव कर्म का कोई भी वस्तुनिष्ठ मानदड स्वीकार करने से इनकार कर देता ह।

मार्क्सवादी आचारशास्त्र नैतिक नियमा की परिवर्तनशीलता का बदलती ऐतिहासिक परिस्थितिया पर उनकी निभरता का सबूत मानता है। यही वजह है कि मार्क्सवाद नतिकता के प्रति तथा विभिन्न युगा मे विभिन्न वर्गों के लोगा के नतिक आचरण के मूल्याकन के प्रति ठोस ऐतिहासिक दृष्टिकोण पर जोर देता है।

हैं कि धम और ईश्वर के डर के बिना नैतिक्ता नही रहेगी, और यह कि जो लोग धम का विरोध करते हैं वे, उनके अनुसार, नतिक्ता का जड काटते हैं।

भाववादी आचारशास्त्र नतिकता की उत्पत्ति को चेतना से मानता है चाहे वह मानवीय हो या अधिमानवीय हो और दरअसल नैतिक्ता क धार्मिक विचार को दाशनिक रूप देता है। मिसाल के लिये काट के विचार के अनुसार यह नही समझना चाहिय कि नैतिक विचारा की उत्पत्ति मनुष्य के भौतिक जीवन से हुई है। उन्हाने कहा कि नैतिक्ता मानव विवक म अनात जगत से डाल दी गई थी, जिसके अस्तित्व का उस विश्वास रूप मे स्वीकार कर लेना चाहिये। काट के अनुसार मनुष्य नैतिक नियमा का पालन तभी करता है, जब उसकी इच्छा सनातन, अपरिवतनीय तथा सार्विक नतिक नियम द्वारा निर्धारित हो, जो अनुभवातीत जगत का नियमितताओ की अभिव्यजना हो।

नैतिक्ता के धार्मिक तक के विरुद्ध सघष का प्रारम्भ माक्स और एगेल्स से बहुत पहले हो चुका था। एपिक्योरस, लुक्रीशियस स्पिनोजा, हाल्बाख, फायरबाख तथा चेनिशेंव्स्की और अय अनेक भौतिकवादिया न यह तक प्रस्तुत किया था कि इश्वर का भय या अनुभवातीत जगत नही, बल्कि स्वय मानव, उसका अपना भौतिक स्वभाव ही नतिक्ता का स्रात है। उन्होने कहा कि अनीश्वरवादियो का समाज ईश्वरवादिया के समाज से अधिक नतिक हो सक्ता है। लेकिन इन दाशनिको ने यद्यपि इस क्षेत्र मे बडा काम किया फिर भी वे नैतिक्ता की जडो का पता लगाने या आचारशास्त्र से भाववाद का उन्मूलन करने मे असमथ रहे।

यह काम माक्सवाद का था कि उसने सिद्ध कर दिया कि नतिकता न तो समाज पर कहीं ऊपर से लादी गई है और न वह मनुष्य के अधि ऐतिहासिक स्वभाव की उपज है। माक्सवाद ने सिद्ध किया कि **नतिकता का स्रोत समाज, सामाजिक हित ह।** चूकि समाज का ढाचा और उसके हित आथिक व्यवस्था, बुनियाद द्वारा निर्धारित होते हैं, इसलिये नतिकता अतिम रूप से अथतत्र द्वारा निर्धारित होती है। नैतिक्ता के स्रोत का एक सुसगत भौतिक विचार अनिवायत इस अय महत्वपूण निष्कष तक ले जाता है **ज्यो ज्या समाज का विकास होता है, उसका आथिक ढाचा बदलता है, नतिकता मे भी अनिवायत परिवतन होते ह। कोई अमूत, अपरिवतनीय,**

चिरन्तन और अधि-ऐतिहासिक नतिकता नहीं होती। वर्गीय समाज मे नतिकता का चरित्र भी वर्गीय होता है, जिसमे शासक वग की नतिकता प्रभुताशालो होती है। परन्तु जसे-जैसे समाज प्रगति करता है आचरण के कुछ ऐसे प्रारम्भिक नियम निरूपित होते हैं जिन्ह विभिन्न राष्ट्रो और वर्गो के सदाचार मे शामिल कर लिया जाता हैं। ये किसी एक वग के विशेष हित या स्थिति का प्रतिनिधित्व नही करते, वल्कि विभिन्न मानवीय समुदायो की नैतिकता के आम पहलुओ की अभिव्यक्ति करते है। इन पहलुओ के अस्तित्व का कारण वे आम विशेषताए हैं जो किसी भी मानव समूह को जानवरो के झुड से भिन्न बनाती हैं। यह मानवीय सबधो की सास्कृतिक विशेषताए ह, जिन्ह लेनिन ने सामाजिक जीवन की प्रारम्भिक शर्तें कहा था। लेकिन सार्विक मानवीय नैतिकता के इन पहलुओ को भी अधि ऐतिहासिक नही समझना चाहिये, क्योकि व भी ऐतिहासिक विकास ही का नतीजा हैं।

नतिक चेतना एक सामाजिक पैदावार है, और यही वह आधार है, जिस पर नैतिकता की परीक्षा सम्पूण रूप मे, एक विशिष्ट सामाजिक परिघटना के रूप मे करना सम्भव हे, यद्यपि वास्तव म इसका अस्तित्व इतिहासत ठोस, निश्चित नैतिकता के रूप म होता है।

मार्क्सवादी-लेनिनवादी इस विचार को अस्वीकार करत हैं कि नतिक नियम और सिद्धात चिरन्तन और अपरिवतनीय हैं मगर वे दूसरी चरम सीमा, अर्थात, नैतिक सापेक्षवाद को भी अस्वीकार करते ह, जा मानव आचरण का मूल्याकन करने म आत्मनिष्ठता और मनमानेपन को सर्वोच्च मानता है और नैतिक तथा अनैतिक मे कोई भेद नही मानता। नतिक सापेक्षवाद नैतिक मूल्याकनो की सापेक्ष हैसियत स फायदा उठाता है और नतिक नियमा की वास्तविक परिवतनशीलता को परम मानते हुए मानव कम का कोइ भी वस्तुनिष्ठ मानदड स्वीकार करने से इनकार कर देता ह।

मार्क्सवादी आचारशास्त्र नैतिक नियमा की परिवतनशीलता का बदलती ऐतिहासिक परिस्थितिया पर उनकी निभरता का सबूत मानता है। यही वजह है कि मार्क्सवाद नतिकता के प्रति तथा विभिन्न युगो म विभिन्न वर्गो के लोगो के नतिक आचरण के मूल्याकन के प्रति ठोस ऐतिहासिक दृष्टिकोण पर जोर देता है।

सामाजिक चेतना के एक रूप की हैसियत स, जो आर्थिक सबधा का प्रतिबिम्बित करती है, नैतिकता विचारधारा का रूप धारण करती है, यानी ऊपरी ढाचे के एक तत्व का, जो बुनियाद की पदावार है और उसकी सेवा करती है। इसी के साथ नैतिक चेतना सामाजिक सबधा के सज्ञान का रूप भी है। नतिकता मानव सबधा के अनुभव को समेटती और उसका सामान्यीकरण करती है, उसे आचरण के निश्चित नियमा तथा मानदडा का रूप देती है। नतिकता मे सज्ञान का एक वस्तुनिष्ठ रूप म सच्चा तत्व शामिल है, और नैतिकता का यही वास्तव म सच्चा तत्व है, जिसकी सवाहक जनता – इतिहास की निर्माता – है और जा नैतिकता के ऐतिहासिक विकास के दौरान मे बोधगम्य होता और सुरक्षित रहता है। इसके अलावा, नैतिकता क सज्ञानात्मक पहलू से इस बात मे मदद मिलती है कि ठोस ऐतिहासिक स्थितिया म किसी मानव समुदाय के जीवन के ठोस ऐतिहासिक अनुभव को सचित और सगहीत किया जा सके। यह अनुभव मुख्यतया अस्थायी महत्व का होता है, फिर भी वतमान सामाजिक सबधा के सज्ञान मे एक तत्व होता है।

विकास के हमारे वतमान स्तर पर, अभी ही **सच्ची मानवीय नतिकता** को व्यापक रूप म स्वीकार किया जाने लगा है, उस नैतिकता का, जिसका भविष्य है, **कम्युनिस्ट नतिकता** का जा एक स्वतत्र मानव समुदाय म स्वतत्र मनुष्या के सबधो को नियत्रित करती है।

राजनीतिक कानूनी और नैतिक चेतना, यथाथ के प्रतिबिम्ब के रूप मे हमे यथाथ के बारे मे निश्चित ज्ञान प्रदान करते हैं, मगर हम देखत हैं उनकी उत्पत्ति इस उद्देश्य से नही हाती कि समाज को ज्ञान प्रदान करे। उनका सामाजिक काय कुछ और है और वह है मानव सबधो को नियत्रित करना। सामाजिक विकास के दौरान मे ज्ञान सचित करने मे मुख्य भूमिका **विज्ञान** अदा करता है, जो सामाजिक चेतना का एक विशेष रूप है।

विज्ञान यथाथ के व्यवस्थित सज्ञान का एक रूप है, जो सामाजिक ऐतिहासिक व्यवहार के आधार पर उत्पन्न और विकसित होता है और जो वस्तुगत जगत के नियमो और मूल पहलुओ को धारणाओ, प्रवर्गों और नियमा के अमूत तकसगत रूपो मे व्यक्त करता है। मगर विज्ञान केवल उस ज्ञान का नाम नही जा अनुभव के दौरान मे प्राप्त और सिद्ध हुआ है। वह एक कायकलाप भी है, जिसका उद्देश्य नया ज्ञान प्राप्त करना

सम्पदा है। उस ज्ञान को समाज फक नही देता, बल्कि अपने व्यवहार म तथा वज्ञानिक सज्ञान को और आगे बढाने के लिये काम म लाता है।

मानवजाति न उत्पादन की विधिया का विकसित करने म, और उन राष्ट्रा म, जिन्हाने समाजवाद का माग अपनाया है, सामाजिक परिवतन के क्षेत्र मे भी जा विशाल प्रगति की है, उसे विज्ञान की प्रगति से अलग नही किया जा सकता, जो हमार समय मे, इस महानतम वज्ञानिक तथा तकनीकी क्राति के युग म, सामाजिक विकास की एक ज़बरदस्त शक्ति बन गया है। आधुनिक विज्ञान सामाजिक विकास म महान भूमिका अदा करता है, जो निरन्तर बढती जाती है। आज बडी सख्या म लोग विशेष वज्ञानिक समस्याओ मे दिलचस्पी लेते है। अब प्राकृतिक विज्ञाना को विकसित करने के लिय हाथ के बने उपकरणो से सुसज्जित छोटी प्रयोगशालाए पर्याप्त नही है। आज उनके लिये जरूरत है व्यापक औद्योगिक आधार की, बडी सख्या मे कायकर्ताओ की और खच के लिये करोडो की रकम की। विज्ञान प्रभावशाली रूप म जीवन के प्रत्येक क्षेत्र मे हस्तक्षेप कर रहा है, विकास की गति को तज कर रहा तथा मानवजाति की भौतिक और बौद्धिक प्रगति के लिय नई और अभूतपूव सम्भावनाए पदा कर रहा है।

सोवियत सघ की कम्युनिस्ट पार्टी की २४वी काग्रेस मे बोलते हुए लै० इ० ब्रेज्नेव ने कहा "और सम्भावनाए ये ह कि विज्ञान तथा उसके आविष्कारो द्वारा उत्पादन शक्तियो के विकास म जिस क्राति का श्रीगणेश हुआ है, वह अधिकाधिक महत्वपूण और गहरी होती जायेगी। हमारे सामने, साथियो, जो कायभार है, वह ऐतिहासिक महत्व का है वज्ञानिक तथा तकनीकी क्राति की उपलब्धियो को समाजवादी आर्थिक व्यवस्था की सुविधाओ के साथ आगिक रूप म सश्लिष्ट करना, उत्पादन के साथ विज्ञान के समवन के स्वय अपन, मूलत समाजवादी रूपा को व्यापक पमाने पर विकसित करना है।'

परन्तु ससार म प्रतिक्रिया की काली शक्तिया भी ह, जो आधुनिक विज्ञान की महानतम उपलब्धिया का इस्तमाल करके जनगण का हानि पहुचाना, मानव द्वारा उत्पादित भौतिक मूल्या को नष्ट करना तथा बडे पमाने पर स्वय मानवा की हत्या करना चाहती ह। वज्ञानिक उपलब्धिया क उपयाग का प्रश्न समाज के लिय तथा मानवजाति क भविष्य क लिय मौलिक महत्व प्राप्त करता जा रहा है। समाजवाद का सघष विज्ञान का सघष भी है,

इस बात के लिये संघर्ष कि मानव प्रतिभा की महान उपलब्धियों को बुराई का स्रोत नहीं बनने दिया जाय, और उन्हें मनुष्य के भले के लिये, प्रगति तथा मानवजाति की सुख-समृद्धि के लिये इस्तेमाल किया जाये।

यह बात ध्यान में रखनी चाहिये कि पूंजीपति वर्ग चूंकि उत्पादन का मालिक है, इसलिये उसे विज्ञान की आवश्यकता है। यह प्राकृतिक और तकनीकी विज्ञानों के विकास के लिये स्थितियां पैदा करता है मगर वह **विज्ञान को अपना इजारा बनाये रखना, मुनाफा कमाने का, शोषण करने का साधन बनाये रखना चाहता है। पूंजीवादी देशों में विज्ञान का सैन्यीकरण** तथा मानवों और भौतिक मूल्यों को नष्ट करने के शक्तिशाली उपकरण तैयार करने के लिये उसका प्रयोग **विज्ञान का विकृत प्रयोग** है, जो अपने आप में एक रचनात्मक शक्ति है। इसकी जवाबदेही पूंजीवाद पर है।

समाजवादी देशों में विज्ञान के विकास के लिये सामाजिक स्थितियां मूलतः भिन्न हैं। समाजवाद विज्ञान को जनता की सेवा में लगाता है और उसे सामाजिक प्रगति के लिये सार्वजनिक शिक्षा के व्यापक विकास के लिये तथा जनता के सांस्कृतिक स्तर को ऊंचा करने के लिये इस्तेमाल करता है। अर्थतंत्र का नियोजित और तेज विकास, पूरे देश के पैमाने पर वैज्ञानिक विकास का समाकलन और नियोजन, वैज्ञानिक भौतिकवादी दृष्टिकोण का प्रभुत्व—इन सब बातों से समाजवाद के अंतर्गत विज्ञान की तेज प्रगति के लिये अत्यंत अनुकूल परिस्थितियां पैदा होने में मदद मिलती है। समाजवाद के अंतर्गत प्राकृतिक तथा सामाजिक दोनों विज्ञान जनता की सेवा करते हैं तथा अभूतपूर्व रूप से व्यापक पैमाने पर प्रकृति का रूपांतरण करने, समाज के जीवन और विकास का निदेशन करने तथा स्वयं मनुष्य के, उसकी शारीरिक और बौद्धिक क्षमताओं के सर्वतोमुखी विकास को प्रोत्साहित करने के लिये उनका प्रयोग किया जाता है।

लेनिन ने लिखा है "पुराने जमाने में मानव प्रतिभा, इन्सान का दिमाग सृजन सिर्फ इसलिये करता था कि कुछ लोगों को प्रविधि और संस्कृति की सारी सुविधाएं प्राप्त हों और दूसरे लोग अत्यंत आवश्यक चीजों—शिक्षा और विकास से भी वंचित रहें। अब से विज्ञान के सारे कारनामे तथा संस्कृति की सारी उपलब्धियां सार्वजनिक सम्पत्ति बनेंगी और

फिर कभी आदमी का दिमाग और मानव प्रतिभा उत्पाडन और शापण क लिय इस्तेमाल नही की जायगी।"*

वस्तुनिष्ठ, वैज्ञानिक ज्ञान क विपरीत, ऐतिहासिक विकास के दौरान म यथाय के एक अपरूप और विकृत प्रतिबिम्ब तथा व्याख्या के तौर पर धम की उत्पत्ति हुई और विज्ञान की महान प्रगति क वावजूद उमका असर अभी भी कायम है।

धम क सारतत्व का समझन के लिय यह स्पष्टीकरण जरूरी है कि इसकी उत्पत्ति क्या हुई और समाज के जीवन और विकास म इसन क्या भूमिका अदा की है।

धम "ईश्वरीय ज्ञान" का भडार नहा और न किसी विशेष, अतिप्राकृतिक जगत का प्रतिबिम्ब है। चेतना के अय रूपा की भाति धम **सामाजिक मानव की चेतना मे यथाय का प्रतिबिंब है, और आकाश की नहीं इसी धरती की उपज है।** धम किसी भी दृष्टि से मनुष्य का जमजात विशेषता नहीं है। मनुष्य जम से कोई धामिक चेतना या धामिक भावना लेकर नही आता। गत शताब्दी म आदिम इतिहास के एक प्रमुख फ्रासासी विद्वान गवरियल द मातिले ने सिद्ध किया था कि पुरापाषाण युग मे धामिक तत्वा का सिरे स कोई नामोनिशान ही नही था।** उस समय स सारी दुनिया के वैज्ञानिका, खासकर सोवियत वज्ञानिका ने नये सबूत एकत्रित किये ह, जिनसे इस तथ्य की पुष्टि होती है।

यह मान लेना सही नही होगा कि धम की उत्पत्ति अचानक हो गइ, जब अनपढ और भोले-भाले लोगा को कुछ चालबाज लोगा ने बेवकूफ बनाया, जसा कि माक्स के पूव चद भौतिकवादी अपने भोलेपन मे कहा करते थे। इसम सदेह नही कि ज्ञानाभाव से धम का सहायता मिलती है और चालबाजी तथा धम का चोली-दामन का साथ है मगर धम का असली स्रोत कही और है।

धम की उत्पत्ति उस समय हुई, जब मानव का अपने श्रम द्वारा प्रकृति से बिलगाव हो चुका था, मगर उस समय तक वह लगभग सवथा प्राकृतिक शक्तिया का अधीन था।

---

*व्ला० इ० लेनिन, मजदूरो, सनिका और किसाना की तीसरी अखिल रूसी काग्रेस मे (१६१८) भाषण।

** Gabriel de Mortillet *Le prehistorique* Paris 1883

धम का उदय उत्पादन शक्तियो के विकास के एक निश्चित निम्न स्तर पर होता है तथा किसी अन्य स्तर पर हो ही नहा सकता उनके विकास के निम्नतम स्तर पर भी नही। बात यह है कि हर काल म उत्पादन के विकास के स्तर से कवल यही नही जाहिर होता कि किस हद तक मनुष्य प्रकृति पर हावी है बल्कि यह भी कि वह किस हद तक उसके अधीन है। मार्क्स ने लिखा है 'प्रविधि प्रकृति के साथ मनुष्य के व्यवहार पर और उत्पादन की उस क्रिया पर प्रकाश डालती है जिससे वह अपना जीवन निर्वाह करता है, और इस तरह वह उसके सामाजिक सबधो तथा उनसे पैदा होने वाली मानसिक अवधारणाओ के निर्माण की प्रणाली को भी खोलकर रख देती है। यहा तक कि धम का इतिहास लिखने म भी यदि इस भौतिक आधार को ध्यान म नही रखा जाता तो ऐसा प्रत्येक इतिहास आलोचनात्मक दृष्टि से वचित हो जाता है।'* उदाहरण के लिये, आरिग्नेशियन-सलूत्रियन युग म उत्पादन स्तर से, एक ओर, यह पता चलता है कि पशु अवस्था से उबरने पर मनुष्य की शक्ति क्या थी और दूसरी ओर, यह कि वह बडी हद तक बाह्य प्रकृति की शक्तियो के अधीन था।

" समस्त धम मानवो के मन म उन बाह्य शक्तियो की अपरूप प्रतिछाया के सिवा कुछ नही है, जो उसके रोजमर्रे के जीवन का नियत्रण करती है ऐसी प्रतिछाया, जिसम पार्थिव शक्तिया अतिप्राकृतिक शक्तियो का रूप धारण कर लेती है।'**

प्रारम्भ म मनुष्य ने "अपार्थिव' शक्तियो को प्रकृति से अलग नही किया था। उसने प्राकृतिक परिघटनाओ को खासकर उनको, जो उसके जीवन म महत्वपूर्ण है, मूर्त रूप दिया था और उन्हे यह क्षमता प्रदान की थी कि वे उसके जीवन पर चेतन प्रभाव डालती है। रहस्यपूर्ण पर ताकतवर प्राकृतिक शक्तियो, जो उसकी समझ से बाहर होती थी, मगर जिनके सामने वह अपने आपको बेबस महसूस करता था, उसकी कल्पना

---

* का० मार्क्स, 'पूजी', प्रगति प्रकाशन, मास्को, खण्ड १, पृ० ४२३

** फ्रे० एगेल्स, 'ड्यूहरिंग मत खण्डन', विदेशी भाषा प्रकाशन गृह, मास्को, पृ० ४१८

म अच्छी ग्रौर बुरी ग्रात्मा, देवी-दवताग्रा, शतान, फरिश्ता ग्रौर खुदा क रूप धारण कर लती थी।

परिणामस्वरूप **ग्रादिम धार्मिक चेतना प्रकृति के विरुद्ध लडाई मे जगलं मनुष्य की बेबसी का प्रतिबिंब है।**

• ग्रतविराधी वर्गीय सरचनाग्रा म प्राकृतिक शक्तिया पर, खासकर कृषि म, मनुष्य की ग्रधीनता किसी हद तक जारी रहती है, लकिन इस समय **धम का मुख्य स्रोत सामाजिक विकास की स्वत स्फूत शक्तिया के प्रति मनुष्य की ग्रधीनता हो जाती है।** धम काल्पनिक ग्रौर भ्रामक रूप म उन सामाजिक शक्तिया का, जा मानव क खिलाफ खडी हाती ह, तथा मनुष्य की वास्तविक निभरता का, शोषण क सबधा का प्रतिबिंबित करता है ग्रौर श्रमजीवी मानव की बेबसी ग्रौर दरिद्रता का उचित ठहरान की काशिश करता है। फलस्वरूप वर्गीय समाज म धम की जडें मुख्यत सामाजिक होती ह।

धार्मिक धारणाए बाह्य शक्तिया पर मानव की निभरता की प्रतिछाया हान क कारण ग्रनुकूल व्यवहार का जन्म देती ह। मनुष्य उन ग्रतिप्राकृतिक शक्तिया का तुष्ट करना चाहता है जिनका वह ग्रपन ख्याल म ग्रधीन ह उनकी पूजा करता है ताकि व उस विभिन विपदाग्रा से सुरक्षित रख ग्रौर उन्ह उसके शत्रुग्रा पर डाल दे। धम इन ग्रतिप्राकृतिक शक्तिया को सम्बोधित करन तथा उनस 'सम्पक' स्थापित करने के विधिया की रचना करता ह। इन विधिया स मनुष्य भगवान से सहायता, सलाह, ग्राश्वासन, सहानुभूति ग्रादि की प्राथना करता है। ग्रपनी ग्रपनी परम्परा, रूढि तथा पूजा-पाठ की व्यवस्था सहित धार्मिक पथा का जन्म होता है। कायकलाप के इस विशिष्ट रूप के कारण एक खास श्रेणी के लोग पदा हा गय ह जसे शामान पुरोहित, पादरी, मुल्ला, ग्रादि, जो मानवा ग्रौर भगवान के बीच मध्यस्थता का काम करते ह।

धम समाज, सम्प्रदाय परिवार, ग्रादि म मनुष्य के ग्राचरण तथा कायकलाप का नियत्रण विभिन्न निर्देशना, निषेधा, ग्राज्ञाग्रो, उपदेशो ग्रादि के जरिये करता है, जा भगवान के नाम पर दिये जात ह ग्रौर इसी लिय पवित्र माने जाते है।

धम द्वारा मानव कायकलाप के नियत्रण की इस व्यवस्था से फायदा उठाकर शोषक वग ग्रपने प्रभुत्व को पुष्ट करते ह।

परिणामस्वरूप, धम इन सामाजिक स्थितियो को पदावार है, जिनके अंतगत मानव अजनबी प्राकृतिक अथवा सामाजिक शक्तिया के अधीन होता है, जो उसकी चेतना मे अपार्थिव, अतिप्राकृतिक शक्तिया का काल्पनिक रूप धारण कर लेती ह, जिनमे उसे आस्था होती है और जिनकी वह पूजा करता है। धम इन शक्तिया स एक पवित्र सबध स्थापित करन म महायक हाता है। धम की उत्पत्ति एक सामाजिक व्यवस्था की इस आवश्यकता क कारण हाती है कि मानव कायकलाप क नियत्रण क लिये पवित्र रूप ढूढ निकाल जाय।

कवल कम्युनिस्ट सरचना म ही जब मानव सामाजिक विकास की स्वयम्फूत शक्तिया की अधीनता स मुक्त हा जात ह उन स्थितिया का अत हा जाता है, जिनम धामिक चेतना जम लेती है।

कम्युनिस्ट पार्टी धामिक विचारधारा क प्रति निष्पक्षता का दष्टिकोण नहा अपनाती और न उसक प्रति उदासीन रह सकती है क्याकि स्वय इसका अपना दष्टिकाण अनीश्वरवादी है।

पूववत क महान भौतिकवादिया न अनक जाशीली तथा प्रतिभाशाली नास्तिकवादी कृतिया धम क विरुद्ध लिखी परन्तु चूकि उनका इतिहास का दष्टिकाण भाववादी था, वे धम की सामाजिक जडा तक निगाह डालने तथा उमक उमूलन के तरीके बतलाने म असमथ रहे।

द्वद्वात्मक भौतिकवाद पुरान भौतिकवाद की त्रुटिया को दूर करके धम के विरुद्ध सघष का वज्ञानिक स्तर पर सगठित करता है। धम की जडे चूकि सामाजिक ह और चूकि उसकी उत्पत्ति और पालन-पाषण उन भौतिक स्थितिया म हाता है जिनम जनता जीवन व्यतीत करती है जो उसके सामाजिक पतन की स्थितिया ह, इसलिये धम के उमूलन के लिये सवप्रथम यह आवश्यक है कि उसको जम देनवाल कारणा को, यानी पूजीवाद को मिटाया जाय। इसी लिय माक्सवादी इस सवाल पर कि धम क प्रति क्या रुख अपनाया जाये पूजीवाद के विरुद्ध वग सघष क ठास व्यवहार के प्रसग म विचार करत ह। माक्सवादी लेनिनवादी पाटिया समाजवाद तथा कम्युनिज्म के लिये सघष म सभी श्रमजीवी जनगण को, चाह उनकी विचारधारा उनका धामिक विश्वास कुछ ही क्या न हो, एकताबद्ध करना चाहत ह। उनकी माग है कि धम का राज्य म अलग किया जाय वे धम क नाम पर मनुष्यो के उत्पीडन का नाश कर

19

अनुसार मनुष्यो को अलग अलग श्रेणियो मे बाटने का विरोध करते है। इस पृथ्वी पर सुख-समृद्धि के लिये सघर्ष मे श्रमजीवी जनता की एकता इस वादविवाद से अधिक महत्वपूर्ण है कि स्वर्ग मे कोई भगवान है या नही। शाति की सुरक्षा के आम जनवादी आदोलन मे विशाल सख्या मे नर-नारी भाग लेते है चाहे उनके राजनीतिक विचार और धार्मिक विश्वास कुछ ही क्यो न हो। इनमे पक्के धार्मिक लोग और अनेक प्रगतिशील धार्मिक नेता भी होते है।

समाजवाद के अतर्गत धर्म के प्रति क्या रुख अपनाया जाता है? सोवियत सघ मे जो मौलिक सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन हुए उनके कारण धर्म की जड कमज़ोर हो चुकी है और इस कारण श्रमजीवी जनता के सास्कृतिक स्तर के ऊचा होने के साथ ही मेहनतकश जनता की अधिकाश सख्या धार्मिक विश्वासो से उन्मुक्त हो चुकी है। व्यापक पैमाने पर सोवियत सघ की मेहनतकश जनता के हर हिस्से ने मार्क्सवादी-लेनिनवादी दृष्टिकोण को अपना लिया है।

लेकिन अभी भी सोवियत सघ मे कुछ श्रमजीवी धार्मिक है। ऐसा क्यो है? सदियो से धार्मिक विचारो का बीज मानवो के मन मे बोया जाता रहा है, और बिल्कुल स्वाभाविक है कि समस्त जनगण थोडे समय के अदर इनसे उन्मुक्त नही हो सकते। इसके अतिरिक्त, फासिज्म के विरुद्ध कडा युद्ध, जिससे सोवियत जनता को बहुत दुख सहना और विपदा झेलनी पडी आबादी के एक हिस्से मे धार्मिक विचारो की पुष्टि का कारण हुआ। एक और बात यह है कि विभिन्न धार्मिक सस्थाए बहुत कार्यशील हो गई है।

ठोस समाजशास्त्रीय छानबीन से पता चलता है कि लोगो मे धार्मिक रुख धार्मिक परम्पराओ और धार्मिक वातावरण (सम्प्रदाय, धार्मिक समूह धार्मिक परिवार) द्वारा बना रहता है, जो अपना पुनरुत्पादन करते रहते है और बना रहता है व्यक्तिगत स्थितियो द्वारा, जिनमे लोग चाहे परम्परा की पुष्टि के कारण या अपने भाव की निर्बलता के कारण तसल्ली के लिये धर्म का सहारा लेते है।

सोवियत सघ की कम्युनिस्ट पार्टी यथाक्रम काम कर रही है ताकि श्रमजीवी जनता को अतत धार्मिक विश्वासो और पूर्वाग्रहो से उन्मुक्त होने मे सहायता मिले।

समाजवादी समाज म इस महत्वपूण समस्या के समाधान की क्या विधि और साधन हो सकते हैं?

धार्मिक पूर्वाग्रहो को आज्ञप्तियो, निषेधो अथवा दमन के जरिये दूर नही किया जा सकता क्योंकि इन सबका उलटा नतीजा होता है और इनके कारण धार्मिक विश्वास और पुष्ट और तेज हो जा सकता है। धार्मिक विश्वासो के विरुद्ध तक करते हुए यह ध्यान रखना चाहिये कि कोई अपमानजनक बात धम गुरुओ या धार्मिक लोगो की भावनाओ के प्रति न कह दी जाय।

सोवियत सघ के विधान म धम की स्वतन्त्रता कानूनी तौर पर सुरक्षित कर दी गई है और यह घोषणा कर दी गई है कि धम एक व्यक्तिगत मामला है। सोवियत सघ म धम सस्था को राज्य मे और स्कूलो को धम सस्था से अलग कर दिया गया है। लोगो को धम कम की तथा धम विरोधी प्रचार की पूरी आजादी है।

धम सस्था को राज्य मे और स्कूलो को धम सस्था स अलग करने क कारण, जिसपर सोवियत सघ म पूरी कडाइ स अमल किया गया लोगो को धम की एसी स्वतन्त्रता मिल गई है जो किसी भी पूजीवादी देश म सुलभ नही है। सोवियत सघ मे धम का उन्मूलन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसम कम्युनिज्म के सक्रिय और सचेत निर्माण म सभी श्रमजीवियो की शिरकत, भौतिक तथा सास्कृतिक स्तर का ऊचा होना और श्रम क पुराने सामाजिक विभाजन के अवशेषो का मिटना, तथा स्थायी वैज्ञानिक, नास्तिक प्रचार द्वारा धार्मिक विचारधारा के विरुद्ध विचारात्मक सघष शामिल ह।

कला क सबध म कहा गया है कि वह सामाजिक जीवन क एक विशेष क्षेत्र की चीज है उस क्षेत्र की जिसका काम यथाथ को सौदर्यात्मक तथा व्यावहारिक रूप म आत्मसात करना है। लकिन यह ऐसा क्षेत्र नही है, जो दूसरो से अलग थलग हो। यथाथ के प्रति मानव का सौदर्यात्मक दृष्टिकोण हर प्रकार के मानव कायकलाप पर और मानवीय सबधो की सारी विविधता पर हावी ह। केवल सिद्धात म ही इस क्षेत्र को एक स्वतन्त्र क्षेत्र क रूप मे अलग किया जा सकता है। मनुष्य केवल विज्ञान क नियमो के अनुसार सष्टि नही करता बल्कि "सौन्दय के नियमो' क अनुसार भी करता ह। यही कारण है कि मनुष्य के श्रम के उपकरणो म, उसके

सामान म तथा मानव सबधा म सौन्दर्यात्मक तत्व पाय जात ह। मगर बात यह है कि वहा सौन्दर्यात्मक तत्व मुख्य नही, बल्कि पूरक क रूप म हाता है। मिसाल के लिय लिबास खूबसूरत हाना चाहिय, मगर इसस भी महत्वपूण बात यह है कि उस मौसम के अनुसार हाना चाहिये, पहनन म आरामदेह हाना चाहिये, इत्यादि। यहा सौदर्यात्मक तत्व व्यावहारिकता के अधीन है।

यद्यपि सौदर्यात्मकता का क्षेत्र बहुत व्यापक है, मगर केवल कला म ही—यानी साहित्य सगीत, चित्रकला आदि म—सौन्दर्यात्मक तत्व का स्वतन्त्र महत्व होता है।

सामाजिक चेतना के एक रूप तथा मानव कायकलाप के एक विशप प्रकार की हैसियत से कला का उद्देश्य यथाथ क साथ मनुष्य के सौन्दर्यात्मक सबधा को प्रतिबिम्बित करना और समाज क सौन्दर्यात्मक व्यवहारा को दज तथा विकसित करना है। चेतना के इस रूप की अपनी विशेषता इस बात म निहित है कि वह यथाथ को कलात्मक प्रतिमाओ द्वारा प्रतिबिम्बित करता है। यहा यथाथ से हमारा मतलब वह सभी कुछ है, जा मनुष्य क चारो ओर है सभी कुछ, जिनसे अपन जीवन और कायकलाप के दौरान मे उसका सम्पक हाता है प्रकृति, समाज तथा मानव के विचारो, भावनाओ तथा अनुभूतिया का अपना आतरिक जगत।

कला एक अत्यत पेचीदा और बहुमुखी वस्तु है। इसका विश्लेषण करन के लिये हम पहले एक सीधा-सादा तक ल। हर आदमी जब कोई किताब पढता या कोई फिल्म, नाटक या चित्र देखता है तो तीन दष्टिकोणा से उसका मूल्याकन करता है चाहे वह स्वय इससे अवगत न हो पहल, क्या पढने, सुनने या देखने मे इसका **मन लगा**? दूसर क्या पुस्तक, नाटक, चित्र आदि मे जिस बात का वणन किया गया है वह **सच है**? और तीसरे, उस कृति द्वारा **किस प्रकार के विचार, भावनाए और अनुभूतिया** मन मे पदा होती ह? इन प्रत्यक्ष रुखो को समझ लेन पर कहा जा सकता है कि कला की प्रत्येक कृति का मूल्याकन हम उसके **सौदर्यात्मक** मूल्य, उसकी **सच्चाई** और उसके **विचारात्मक** अतय की दृष्टि से करत हैं। यह बिल्कुल स्वाभाविक है क्योकि कला अपने अतय मे यानी वस्तुगत दष्टि से इन तीना तत्वो—**सौदर्यात्मक, सज्ञानात्मक** तथा **विचारात्मक** तत्वा—की एकता है।

निस्सन्देह इन तीनो मे से किसी भी एक तत्व को उसके सदर्भ से अलग कर लिया जा सकता, परम वस्तु म रूपान्तरित किया जा सकता और यह सिद्ध करने के लिये इस्तेमाल किया जा सकता है कि, उदाहरण के लिये, कला सज्ञान के सिवा कुछ नही है जो विज्ञान से केवल अपने सज्ञान के विशेष सौदर्यात्मक प्रतीकात्मक रूप म भिन्न है अथवा यह कि वह केवल विचारधारा है जो, ममलन राजनीतिक या नतिक विचारो से केवल इतना ही भिन्न है कि इसम इन विचारो का कलात्मक ढग से चित्रित किया गया है अथवा यह कि यह सौदर्यात्मकता का क्षेत्र है जिसका अस्तित्व केवल "कला कला के निमित्त" के रूप म है। इनम से कोई भी दृष्टिकोण सही नही है क्योकि हर दृष्टिकोण एकागी है। परन्तु इनमे हर एक कला के एक पक्ष का पेश करता है जो अवश्य ही उसमे निहित है। फलस्वरूप, कला का सारतत्व और उसकी विशेषताए स्पष्ट रूप म तभी व्यक्त होती है, जब इन तीनो पहलुओ का मिला कर देखा जाता है।

अब हम कला के मुख्य पहलुओ पर सक्षिप्त मे विचार करे।

यथार्थ के प्रतिबिम्ब की हसियत म कला इसके सज्ञान का एक रूप है, परन्तु यह सज्ञान का एक विशेष रूप है, जो विज्ञान से निम्न कारणो मे भिन्न है।

पहला यह कि विज्ञान, यथार्थ म जो सामान्य और मौलिक है उसको वयक्तिक से, ठोस से अलग करके जिसमे सामान्य वास्तव म जुडा हुआ है, प्रतिबिम्बित करता है। जहा तक कला की बात है वह सामान्य को ठीक उसी तरह प्रतिबिम्बित करती है, जिस तरह जीवन म वह पाया जाता है, यानी वयक्तिक और ठोस से उसके वास्तविक सबध की स्थिति मे। अन्य शब्दो मे **विज्ञान नियमो को प्रतिबिम्बित करता है और कला उन चीजो को, जो प्रारूपिक है।** यही कारण है कि विज्ञान द्वारा जब किसी नियम का पता एक बार लग जाता है तो दोबारा उसका पता नही लगाना पडता। दूसरी ओर चूकि प्रारूपिक वस्तु या परिघटना के, मसलन एक या अन्य सामाजिक प्ररूप को अनेक ठोस अभिव्यक्तिया जीवन म होती है, इसलिये कला मे उसे बार बार प्रतिबिम्बित किया जा सकता है।

दूसरे विज्ञान म सज्ञान विषयवस्तु की ऐसी प्रतिछाया है, जसी वह अपने आपम होती है, मानव से, उसकी चेतना और इच्छा से स्वतत्र रूप म। जहा तक कला की बात है वह महज यथार्थ को नही जसा वह अपने

आपम है, वलि उसक प्रति मानव अभिव्यक्ति का प्रतिबिम्बित करने का प्रयास करती है, जा यह सही है उन वस्तुनिष्ठ विशेषताओं द्वारा निर्धारित होती है, जो स्वय यथाथ म अतर्निहित होती हैं। वहा भी जहा कला प्रकृति की प्रतिछाया तक सीमित ह (विभिन्न वस्तुओं, प्राकृतिक दृश्यों के चित्र, आदि), कलाकार क ध्यान म मानव को ही केन्द्रीय स्थान प्राप्त होता है। कला कृतियां जसे लेवितान क "स्वर्ण पतझड", वान गाग के 'आर्लेस की अगूर वाटिका" या चायकोव्स्की के "मौसम" की विशेषता वह भाव, सवेदना विचार और धारणाएं हैं जो मानव हृदय म इन प्राकृतिक वस्तुओं द्वारा उत्पन्न होते ह। प्रकृति की एक बेजान नकल को कला की बढ़िया कृति नही माना जाता। गेटे ने एक बार कहा था कि एक पूडल कुत्ते का चित्र देखकर जिसम सारी तफसील दी हुई थी, उसे लगा कि एक कुत्ता खडा है, परन्तु मन पर यह प्रभाव नही पडा कि यह कोई कला कृति है। मानव का प्रकृति से तथा अन्य मानवो स सबध, मानव भावना, विचार और अनुभूतिया जगत कला मे हमेशा केन्द्रीय स्थान रखती है।

तीसरे, विज्ञान के विपरीत एकमात्र कला द्वारा ही यथार्थ की सौन्दर्यात्मक विशेषताओं का ज्ञान प्राप्त होता है। समुद्रवैज्ञानिक, भौतिकी, रसायनशास्त्री, जीववैज्ञानिक तथा अन्य क्षेत्रो के वैज्ञानिक समुद्र का सर्वतोमुखी वर्णन उसके भौतिक तत्वो, रासायनिक विशेषताओं उसमे पाये जानेवाले जीवो, इत्यादि की दृष्टि से कर सकते हैं, मगर एकमात्र कला द्वारा ही उसकी सुदरता को प्रतिबिम्बित किया जा सकता है।

फलस्वरूप, **कला के प्रतिबिम्ब का एक खास विषय है,** और इसके अनुकूल प्रतिछाया का उसका एक विशेष रूप होता है। **कला यथार्थ को कलात्मक प्रतिमा द्वारा प्रतिबिम्बित करती है।**

कलात्मक प्रतिमा मौलिक, प्रारूपिक तत्व को वैयक्तिक के माध्यम म व्यक्त करती है अथवा अन्य शब्दो म, वह यथार्थ के प्रारूपिक, मौलिक पहलुओ का सामान्यीकरण है एक वैयक्तिक वस्तु के रूप म, अर्थात ठोस प्रत्यक्ष रूप म। लेकिन यह नही समझ लेना चाहिये कि कला मे सृजन की क्रिया के लिय बस इतना काफी है कि बने बनाये प्रारूप ढूढ लिये जाय और उन्हे हू-ब-हू कला कृति म उतार दिया जाये। इसके विपरीत यह ऐसी क्रिया है जिसके द्वारा यथार्थ मे उस चीज का उभारा जाता है, जो उसमे सबसे सामान्य और मौलिक है और जो मानव मन मे विशेष विचारो

भावनाओं तथा अनुभूतियों को जन्म देने में समर्थ हो सकता है। परन्तु प्रतिमा में हर अभिव्यक्ति कलात्मक नहीं होती। बहुत से लोग छन्दोबद्ध कर लेते अथवा चित्र खींच लेते हैं मगर इसका यह मतलब नहीं है कि वे सभी कला कृतियों का सृजन करते हैं। कला द्वारा यथार्थ सादा प्रतिमाओं में नहीं बल्कि कलात्मक प्रतिमाओं में प्रतिबिम्बित होता है अर्थात वह यथार्थ की सौंदर्यात्मक प्रतिछाया होती है। कला द्वारा प्रतिबिम्बित चाहे कोई चीज़ की जाये – वह अच्छी हो या बुरी आथलो हो अथवा यागो – प्रतिछाया का स्वयं सौन्दर्यात्मक होना चाहिये। फलस्वरूप, कला की प्रतिमा स्वयं सौन्दर्यात्मक होती है उसके द्वारा यथार्थ की सौन्दर्यात्मक अनुभूति व्यक्त होती है तथा सौन्दर्यात्मक भावनाएं पैदा होती हैं। कोई ऐसी चीज़ जिसमें सौन्दर्यात्मक गुण न हो कलात्मक प्रतिमा में नहीं ढाली जा सकती। अतः यह असम्भव है कि ऐटम के भीतर इलेक्ट्रोन की गति को शरीर की पाचन क्रिया को या आम तौर पर किसी भी ऐसी परिघटना को प्रतिबिम्बित किया जा सके जो मानव भावनाओं को प्रभावित नहीं करती और न कर सकती है और इसी लिये किसी सौंदर्यात्मक अनुभूति को जन्म नहीं दे सकती।

यद्यपि कला और विचारधारा को एक नहीं समझना चाहिये, मगर उसे विचारधारा से अलग भी नहीं किया जा सकता। विचारधारा से कला का संबंध दो तरह से है एक तो वह किसी निश्चित सामाजिक व्यवस्था के एक तत्व के रूप में अनिवार्यतः निश्चित वर्गों के राजनीतिक वैधानिक, नैतिक, सौन्दर्यात्मक, दार्शनिक और अन्य विचारों के संवाहक का काम करता है जो उस समाज के अनुरूप होते हैं दूसरे उसका अपना स्वरूप विचारधारात्मक होता है। आखिर कला यथार्थ को न केवल प्रतिबिम्बित करती है, बल्कि उसका मूल्यांकन भी करती और उसके प्रति एक निश्चित रुख भी प्रकट करती है। कलाकार अपनी सौंदर्यात्मक प्रतिमा की युक्ति द्वारा हमेशा किसी न किसी चीज की पुष्टि करते हैं या उससे इनकार करते हैं, अर्थात किसी न किसी रूप में अक्सर अनजाने ही एक निश्चित सामाजिक आदर्श का समर्थन करते हैं। समस्त कला विचारधारात्मक होती है, चाहे कलाकार इससे अवगत हो या न हो चाहे वह इसे स्वीकार करे या न करे। यही कारण है कि वे कलाकार या लेखक भी जो 'गैर-विचारवादी' होने का दावा करते हैं वास्तव में निश्चित विचारों के

सवाहर सिद्ध होत है। ऐतिहासिक अनुभव स यह स्पष्ट है कि वतमान स्थितियो मे **"गर विचारवादी"** कलाकृतिया दरअसल पूजीवादी विचारो के प्रचार का एक रूप ह।

सच तो यह ह कि कला के विचारधारात्मक हान क कारण ही उसक और ठास ऐतिहासिक सरचना तथा उसक वर्गों क बीच एक सबध कायम हाता ह दास प्रथा तथा सामती समाज की कला का, अथवा कम्युनिस्ट कला को पूजीवादी कला स अलग किया जा सकता है और कला क वर्गीय स्वरूप और उसकी मातहत भूमिका का ममझा जा सकता है। कवल कम्युनिस्ट समाज म ही कला का विकास वर्गीय अतविराधा स उन्मुक्त होता है और तभी वह समाज के तमाम मदस्या के बौद्धिक विकास के हेतु अपनी भूमिका अदा करती है।

परन्तु कला की खास विशेपता यह है कि इसके सज्ञानात्मक तथा विचारधारात्मक तत्व सौन्दर्यात्मक धरातल पर आधारित हात हैं। कला वास्तविक परिघटनाओ की पुनरावत्ति और मूल्याकन उनके सौन्दर्यात्मक गुणो के अनुसार, सौदर्यात्मक नियमो के अनुसार, सौन्दर्यात्मक प्रवर्गो क माध्यम से तथा सौन्दर्यात्मक आदर्शो पर नजर रखते हुए करती है। इसका अथ यह है कि जीवन की परिघटनाओ का चित्रण और मूल्याकन जब कलाकार करता है ता यह देखता है कि वह सुदर है या असुन्दर, दुखात है या हास्यपूण आजस्वी है या घटिया। इसी लिय कलाकृति द्वारा **सौदर्यात्मक अनुभूतिया** जन्म लेती हैं, जो विशेप भावनाओ क रूप म यथाथ का मूल्याकन होती है। सौदर्यात्मक अनुभति ठोस वस्तुओ और परिघटनाओ मानव कायकलाप तथा कलात्मक कृति को दखने की एक विधि है, जिसके द्वारा मनुष्य प्रशसा हप शोक, राप, प्रेम, घणा आनन्द, अवसाद तथा कामलता अनुभव करता है। सौदर्यात्मक भावना प्रकृति म कामकाज म, अपन प्रयास के नतीजा म, मानव म खुशी का एहसास पदा करती है। मगर सौदयात्मक अनुभूतिया की रचना मे कला हा मबस बडी भूमिका अदा करती है। कला ही के माध्यम से उन छाटी छाटी, मन क काने खुदरे मे दबी भावनाओ का स्पष्टीकरण हाता तथा उनको मम्पूण अभिव्यक्ति मिलती है, जि ह हर आदमी वस्तुओ, परिघटनाओ को देखकर, आये दिन की स्थितियो मे या मानव काय देखकर अनुभव करता है। इसी लिये अक्सर ऐसा हाता है कि हम किसी पुस्तक मे किसी स्थिति का वणन

पढकर इतना प्रभावित होते है जितना उसी प्रकार की घटना का स्वय देखकर नही होते, क्याकि कला मे यह क्षमता हाती है कि हमारी अनुभूतिया को मूत्त रूप दे सके और उसमे हमारे भावा को प्रभावित करने की वडी शक्ति होती ह। मार्क्स ने लिखा है कलाकृति ऐसे जनगण को जन्म देती है, जा कला को अवधारण कर सकता हो।"*

अत इतिहास के दारान म तथा सामाजिक ऐतिहासिक व्यवहार तथा विज्ञान और कला के विकास के आधार पर मनुष्य केवल अपने चारा ओर के वारे म ज्ञान की ही सचिति नही करता और कवल अपने मन को ही विकसित नही कर पाता है, बल्कि अपनी इद्रियो क अपनी भावनात्मक पहलू को भी विकसित और समद्ध करता है। इससे उस यथाथ के सौदर्यात्मक गुणा का अधिकाधिक गहरा बोध प्राप्त होता है। मनुष्य के भावनात्मक पहलू का विकास उसके सास्कृतिक विकास का एक मौलिक अग है।

शोषण व्यवस्था म अधिकाश कलाकृतिया श्रमजीवी जनता की पहुच से वाहर होती हैं। इसी के साथ आधुनिक साम्राज्यवादी राज्या म इजारेदार जान-बूझकर जन सूचना के शक्तिशाली साधना द्वारा आम जनता की पसन्द का विगाडते हैं। केवल समाजवाद के अतगत ही जनता का कलाकृतिया को देखने-समझने का अवसर मिलता है और इनसे जनगण की सौन्दर्यात्मक अनुभूति को विकसित करने म अधिकाधिक सहायता मिलती है। लेनिन न क्लारा जेटकिन से वातचीत म समाजवादी कला के कायभारा की एक वडी गहन व्याख्या की थी। उन्होने कहा था "कला जनगण की चीज है। इसकी जडे ठीक आम श्रमजीवी जनता के बीच मे गहरी जमी होनी चाहियें। इसे इस जनता के लिये वोधगम्य और उनमे जनप्रिय हाना है। इसे इस जनता की अनुभूतिया, विचारो और आकाक्षाओ को एकतावद्ध करना और उनका स्तर ऊचा करना चाहिय। इन लागा म जो कलाकार की आत्मा है, इस उसको जगाना और विकसित करना है।

यह जिम्मदारी—जनगण मे कलाकार की आत्मा को जगाना और विकसित करना—जनता की सौन्दर्यात्मक अभिरुचि को प्रात्साहित करन म कला की भूमिका को अभिव्यक्त करती है।

सौन्दर्यात्मक सज्ञानात्मक तथा विचारधारात्मक तत्वा की एकता को

---

*का० मार्क्स, आर्थिक पाडुलेख (१८५७-१८५८) भूमिका

हमियत से कला मनुष्य को शिक्षित करने का एक विशेष और शक्तिशाली साधन है, जो मनुष्यों पर जबरदस्त प्रभाव डालता है क्योंकि वह उनके लिये बोधगम्य, ठोस और दृष्टिगोचर है। कला विचारात्मक, नैतिक तथा सौंदर्यात्मक शिक्षा का एक साधन है। चूंकि इसमें विचारधारा का तत्व हमेशा मौजूद रहता है, इसलिये यह वर्ग संघर्ष का एक महत्वपूर्ण हथियार है। अपने विचारधारात्मक तत्व के अनुकूल यह दो में से कोई एक भूमिका अदा कर सकती है और वास्तव में करती भी है एक प्रगतिशील भूमिका और एक प्रतिक्रियावादी। कला, जब समझ-बूझकर जनगण और प्रगति की सेवा करे तो वह सामाजिक परिवर्तन में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। अपने समकालीन लोगों के हृदय और मन को प्रभावित करके वह पूंजीवादी व्यवस्था को, जो अपना समय पूरा कर चुकी, मिटाने के संघर्ष में सक्रिय भाग लेती है।

दर्शनशास्त्र का चेतना के रूपों में अपना एक अलग स्थान है। एक ओर आम जनगण इसको सबसे कम जानते-बूझते हैं, जिससे देखने में ऐसा लगता है कि इतिहास के मार्ग पर इसका प्रभाव सबसे कम पड़ता है। दूसरी ओर चूंकि मनुष्य अपने कार्यकलाप में सामाजिक चेतना की विभिन्न अभिव्यक्तियों से निर्देशित होते हैं, और चूंकि इसके सभी रूप किसी न किसी तरह विश्व के आम सैद्धांतिक दृष्टिकोण से सबंधित होते हैं जो दर्शनशास्त्र से मिलता है इसलिये यह स्पष्ट है कि दर्शनशास्त्र इतिहास के मार्ग पर अत्यंत महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। परिणामस्वरूप, यद्यपि देखने में ऐसा लगता है कि दर्शनशास्त्र चेतना की वह अभिव्यक्ति है, जिससे चन्द विशेषज्ञों को छोड़ कर और किसी को कुछ लेना-देना नहीं है, मगर वास्तव में यह विचारों की एक ऐसी पद्धति है, जो व्यापक सामाजिक महत्व और दिलचस्पी की चीज है।

दर्शनशास्त्र की खास विशेषता इस बात में है कि वह सज्ञान का एक रूप है, जिसका विज्ञानों की आम व्यवस्था में एक निश्चित स्थान है, और साथ ही विभिन्न वर्गों के हितों की सैद्धांतिक अभिव्यक्ति, उनकी विचारधारा है, जिसका प्रत्येक समाज के विचारधारात्मक रूपों की पद्धति में भी एक स्थान होता है।

सज्ञान का एक रूप होने के नाते दर्शनशास्त्र सैद्धांतिक तौर पर निरूपित धारणाओं की व्यवस्था है, जो विश्व को एक सुसम्बद्ध और विलयित

समुच्चता की हैसियत से पेश करती है और मनुष्य द्वारा इसके सज्ञान की विधिया और साधना की व्याख्या करती है। ठोस, विशिष्ट विज्ञाना के विपरीत, दशनशास्त्र विश्व पर विचार उसके अत्यत सामाय पहलुग्रा और नियमा की दष्टि से करता है, जो इसकी विभिन्न ठास (विशिष्ट) अवस्थाओ का सपक स्थापित करते ह। यह सही है कि सामाजिक विकास का प्रारम्भिक अवस्थाओ मे विज्ञान की विभिन्न शाखाओ के अलग अलग होने से पहले, दशनशास्त्र मे ठोस वैज्ञानिक नान भी शामिल था और इसम विचार उन बाता पर किया जाता था जो आगे चलकर विशेष विज्ञाना की विषयवस्तु बनी। यही कारण है कि अतीत म दशनशास्त्र का विषय आज की तुलना मे कही ज्यादा व्यापक था। दशनशास्त्र जब तक ठोस विज्ञाना म नही बटा था, प्राथमिक सज्ञान की मौलिक विशेषता और इस बात की अभिव्यक्ति था कि सज्ञान इतिहास की दष्टि स अभी सीमित था। परन्तु इन सबके बावजूद सनान के एक खास रूप की हैसियत से दशनशास्त्र की व्युत्पत्ति का सबध विश्व की चद आम धारणाओ के सैद्धातिक निरूपण तथा मनुष्य द्वारा विश्व के सज्ञान स है।

वास्तव म दशनशास्त्र की व्युत्पत्ति ऐसी आम धारणाओ तथा विचारणाओ की आवश्यकता के कारण हुई, जिनके द्वारा विश्व तथा उसके सज्ञान की प्रक्रिया की आम व्याख्या की जा सके। ध्यान म रखने की बात यह है कि ऐतिहासिक व्यवहार के दौरान म मनुष्या का इस बात की जरूरत पडी कि अलग अलग वस्तुओ और परिघटनाओ तथा उनके उन गुणा का, जो उनकी विशेषता ह और उनको अय चीजा से अलग करती ह, नान हासिल करे। मगर इतना ही नही उह जरूरत इस की भी पडी कि वस्तुओ के सबध का, उनके परस्पर लगाव का तथा एक अवस्था से दूसरी म उनके सक्रमण का भी ज्ञान प्राप्त करे। यही वह आधार है, जिसस मानव के चारा आर वस्तुओ की विविधता, विश्व की एकता, एकलित स बहुलित तक सक्रमण के माग के सद्धातिक बोध की आवश्यकता पैदा हाता है। सद्धातिक चिन्तन की एक खास विशेषता यह है कि जो प्रत्यक्ष रूप म दिखाइ देता है, उससे पर जाकर, वह वस्तुओ की तह तक पहुचने का तथा उनका धारणाओ म प्रतिबिम्बित करने का प्रयास करता है। मसलन आदिम यूनानी दाशनिक हराक्लिटस न जब यह दावा किया कि 'यह विश्व किन्ही दवताओ अथवा मनुष्या न नहीं बनाया है, बल्कि यह

हमेशा से था और है और हमेशा रहेगा, एक चिरन्तन अग्नि, जो निश्चित नियमों के अनुसार जलती और निश्चित नियमों के अनुसार बुझती है,'* तो इस बात में बड़ा भोलापन था, मगर मूलतः यह एक सही प्रयास था कि विश्व की व्याख्या स्वयं उसके द्वारा की जाय तथा आसपास की वस्तुओं की प्रत्यक्ष विविधता को पार करके उनकी मौलिक, आंतरिक एकता का पता लगाया जाये।

लेकिन जैसा कि हमेशा रहा, दर्शनशास्त्र यथार्थ के ज्ञान के एक रूप मात्र का नाम नहीं है। सभी अन्य विज्ञानों के बरखिलाफ एकमात्र दर्शनशास्त्र ही किसी भी सज्ञान सिद्धांत का मौलिक सवाल उठाता और उसका समाधान करता है, यह सवाल कि विश्व की एकता कहाँ से आती है, विश्व में प्राथमिक, मुख्य और मौलिक क्या है, यानी इसकी विविधता का "आद्य स्रोत क्या है? इसी लिये सभी विज्ञानों में एकमात्र दर्शनशास्त्र ही विश्व का आम सैद्धांतिक दृष्टिकोण, एक निश्चित विश्वधारणा प्रदान करता है। परन्तु मनुष्य का विश्व दृष्टिकोण स्वयं विश्व की विशेषता को ही नहीं, बल्कि उसके प्रति मनुष्य के रुख की विशेषता को भी चित्रित करता है और यह हमेशा इस बात पर निर्भर करता है कि समाज में आदमी की हैसियत क्या है और इस कारण उसका हित क्या है। अपनी व्युत्पत्ति और विकास में दर्शनशास्त्र सदा मानवों के भौतिक हितों द्वारा निर्धारित होता रहा है, जो सामाजिक संबंधों की किसी व्यवस्था के भीतर उनकी हैसियत पर निर्भर करते हैं।

जब समाज वर्गों में विभाजित हुआ और वर्ग संघर्ष ने जोर पकड़ा तो प्रतिरोधी वर्गों तथा विभिन्न सामाजिक गिरोहों के हितों की सैद्धांतिक पुष्टि की जरूरत आ पड़ी। लेकिन इसके लिये पहले यह जरूरी था कि किसी वर्ग विशेष के हितों को सार्विक हितों के रूप में पेश किया जाय, और दूसरे, यह दिखाया जाये कि उस वर्ग की आकांक्षाएं और आदर्श विश्व के सामान्य दृष्टिकोण और सारतत्व का नतीजा हैं और इस प्रकार वर्ग हित को इस तरह पेश किया जाय कि वह एक आवश्यकता है, जिसकी उत्पत्ति वस्तुओं के मौलिक स्वरूप से होती है। यह आसानी से देखा जा सकता है

---

* *Philosophers Speak for Themselves from Thales to Plato* (Ed.) T. V. Smith University of Chicago Press 1956 p. 11

कि एकमात्र दर्शनशास्त्र ही यह भूमिका अदा कर पाया है क्योंकि केवल यही अपने अमूर्त सैद्धांतिक रूप में विश्व की एक आम अवधारणा निरूपित करता है जो किसी वर्ग की हैसियत और हितों के अनुरूप होती है और एकमात्र यही उस वर्ग की आम विचारधारात्मक आकांक्षाओं तथा सामाजिक राजनीतिक स्थिति की पुष्टि करता है। इसी कारण दर्शनशास्त्र प्रतिरोधी वर्गों की विचारधारा बन जाता है। परिणामस्वरूप सामाजिक चेतना के एक रूप के नाते दर्शनशास्त्र की खास विशेषता इसके सर्जनात्मक तथा विचारधारात्मक कार्यभारों की एकता में उत्पन्न होती है।

लेकिन उत्पादन सबधो का हर रूप उत्पादक शक्तियो के विकास के हितो और तकाजो को एक सीमित अवधि के लिये ही पूरा करता है और यही कारण है कि ऐतिहासिक दृष्टि से वह अस्थायी होता है। इस अर्थ मे यह कहना सही होगा कि **सामाजिक प्रगति का सार यह है कि जिस समाज का आर्थिक ढाचा कम विकसित है और जो अब उत्पादक शक्तियो के अनुकूल नहीं रहा, उसका स्थान एक ऐसा समाज ले, जिसका ढाचा उच्चतर और अधिक परिपक्व है, और जिसका निरूपण अधिक विकसित उत्पादक शक्तियो के आधार पर हुआ है।**

उस सदर्भ मे मार्क्स ने लिखा कि एशियाई, प्राचीन यूनानी रोमन, सामतवादी तथा पूजीवादी उत्पादन पद्धतियो को आर्थिक सामाजिक सरचना की प्रगतिसूचक कडिया कहा जा सकता है। इनमे से हर एक अपने पहले की सरचना से उच्चतर मजिल पर है क्योकि वह अधिक विकसित उत्पादक शक्तियो के अनुकूल है तथा उसमे उनके विकास की अधिक गुजाइश होती है (उत्पादन की एशियाई पद्धति के सबध मे आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उल्लेख चौथे अध्याय मे किया जा चुका है)।

समाज की प्रगति का अगला कदम पूजीवादी सरचना से कम्युनिस्ट सरचना मे सक्रमण है, जिसकी पहली मजिल समाजवाद है।

समाजवादी व्यवस्था अभी अपने विकास की प्रारम्भिक अवस्था मे है। सामाजिक समाजवादी स्वामित्व से हमारे समय म उत्पादक शक्तियो के विकास की व्यापकतम सम्भावनाए मुहैया होती ह क्योकि इसम उत्पादन के विकास को निजी सम्पत्ति के मालिको के स्वार्थपूर्ण हितो–मुनाफे के लिये पूजीवादी इजारो की होड–के अधीन नही किया जाता, बल्कि सम्पूर्ण समाज के हित और स्वय श्रमजीवी जनता की बढती जरूरत पूरी करने के लिये इस्तेमाल किया जाता है। यद्यपि समाजवाद आज कुछ

आर्थिक सूचक आकडा म विभिन्न कारणा स विकसित पूजीवादी देशा से पीछे है, सम्पूर्ण पैमाने का कम्युनिस्ट समाज अवश्य ही पूजीवाद की तुलना म उत्पादक शक्तिया की उच्चतर मजिल पर पहुचेगा।

उत्पादक शक्तिया के स्तर का अदाजा श्रम की उत्पादकता से लगाया जाता है। इसी लिये लेनिन ने अक्तूबर क्राति के बाद कहा था कि पुरानी सामाजिक व्यवस्था पर नई सामाजिक व्यवस्था की विजय की मुख्य शत सामाजिक श्रम की उत्पादकता के उच्चतर स्तर पर पहुच जाना है। यही कारण है कि समाजवादी देश आर्थिक विकास की रफ्तार को तेज करने पर बहुत ध्यान देते हैं। यह जरूरी सिफ इसी लिये नही है कि आर्थिक और सैनिक ताकत को बढाया जाये बल्कि इसलिये भी कि पूजीवाद पर समाजवाद की श्रेष्ठता स्थापित करने की मूल समस्या को हल किया जाये।

कुछ लोग कहते हैं कि पूजीवाद भी उत्पादन का विकसित करने की समान सम्भावनाए मुहैया करता है और इसके सबूत म कुछ पूजीवादी देशो की आर्थिक सफलताओ का तथा पूजीवादी अथव्यवस्था मे वैज्ञानिक तथा तकनीकी उपलब्धियो के प्रयोग का उल्लेख करते हैं। लेकिन इन अलग अलग और विशेष सफलताओ के कारण पूजीवाद का आम मूल्याकन नही बदल सकता, जो उसके आर्थिक तथा सामाजिक नियमो का नतीजा है, क्योकि ये विश्वव्यापी पमाने पर ज्यादा लम्बी ऐतिहासिक अवधिया पर लागू होते हैं। उत्पादक शक्तिया तथा उत्पादन सबधो के बीच पूजीवाद का बुनियादी अतविरोध ऐतिहासिक दृष्टिकोण से उसके विकास के रास्ते म बाधक है। पूजीपति वग ने खुद अथतन्त्र के राजकीय इजारेदाराना रूपो को विकसित करके इस अतविरोध को दूर करने का प्रयास किया है। मगर उन्हाने पूजीवाद का स्वभाव नही बदला और पूजीवादी विचारको के दावो के विपरीत, किसी भी अर्थ म, उसे "बदल" कर कोई नया समाज नही बना दिया।

अथतन्त्र पर समाज का सामाजिक ढाचा, उसकी विभिन्न सामाजिक सस्थाए तथा उसके ऊपरी ढाचे का पूरा क्षेत्र निभर करता है। यही कारण है कि सामाजिक ढाचो का मूल्याकन भी वस्तुनिष्ठ रूप म किया जा सकता है। चूकि वे उत्पादक शक्तिया पर निभर करते ह इसलिये उत्पादन सबधा के जरिये विभिन्न देशो और जातियो के विकास के आम पहलुओ को स्पष्टतया

व्यक्त किया जा सकता है तथा समाज के सम्पूर्ण सामाजिक ढाचे के मूल तत्वो के वस्तुगत मूल्याकन का आधार मिल सकता है।

प्रगति की कसौटी की इस व्याख्या पर आपत्ति यह की जाती है कि यह मानव, उसके हितो और विकास को नजरअदाज कर देती है। मगर यह आपत्ति सही नही क्योकि मानव सामाजिक प्राणी है, और उसका स्वभाव, उसका "सारतत्व" कोई ऐसी चीज नही, जो अपरिवर्तनीय तथा हमेशा के लिये स्थिर हो। यही कारण है कि पुराने, आदिम, मानववैज्ञानिक दृष्टिकोण के विपरीत, जिसके अनुसार किसी सामाजिक व्यवस्था की प्रगतिशीलता इस बात से निर्धारित की जाती थी कि वह मानव के "अपरिवर्तनीय स्वभाव" के अनुरूप है या नही है, समाजविज्ञान मनुष्य के हितो और आवश्यकताओ को इतिहास की पैदावार मानता है, जिसमे उत्पादन का विकास शामिल है। इसके जरिये सामाजिक प्रगति को सामाजिक मानव के विकास के रूप मे देखा जा सकता है। मानव, उसके अपने विकास की अवस्था सामाजिक प्रगति की कसौटी की ऐतिहासिक भौतिकवादी व्याख्या की अनुपूरक नही, बल्कि स्वय उस कसौटी के एक आवश्यक अग के रूप मे सामने आती है। यहा एक और सवाल पर विचार करना जरूरी है।

उत्पादक शक्तियो का विकास सम्पूर्ण सामाजिक विकास की परम कसौटी होने के नाते हमेशा अलग अलग सामाजिक परिघटनाओ के विकास के वस्तुनिष्ठ सूचक का काम नही देता। इन परिघटनाओ की अपनी अपनी विशेषताए होती है, जो अपेक्षाकृत स्वाधीन होती है और जिनके विकास स्तर के अपने विशेष सूचक होते हैं। यह बात खासकर सामाजिक चेतना के विभिन्न रूपो के विकास पर लागू होती है। नैतिकता, कला और दर्शनशास्त्र का सबध उत्पादन से मध्यस्थ कडियो के एक पेचीदा सिलसिले के जरिये ही कायम होता है उनके विकास की अपनी खास विशेषताए होती हैं और इसी लिये इनमे से प्रत्येक रूप की प्रगति का अपना विशेष सूचक होता है।

सामाजिक प्रगति की जो धारणा और कसौटी ऐतिहासिक भौतिकवाद ने मुहैया की है, उनका महत्व सैद्धातिक और विधिशास्त्रीय है, यानी वे ठोस ऐतिहासिक तथ्य-सामग्री के, सामाजिक विकास के दौरान मे उत्पन्न होनेवाले वास्तविक भेदो के अध्ययन मे मार्ग दर्शक का काम दे सकती हैं।

लेकिन वे हम यह नही बताती कि ठोस रूप मे ऐतिहासिक प्रक्रिया कौन सा रास्ता अपनायेगी तथा विभिन्न हालतो मे ऐतिहासिक विकास के दौरान म क्या वास्तविक भेद उत्पन्न होनेवाले है। इसी लिये इन प्रस्थापनाओ को प्रगति की उन आम "सूक्तियो" की हैसियत नही देनी चाहिये जिनका पूजीवादी समाजशास्त्रियो हर्बट स्पेन्सर, नि० मिखाइलोव्स्की आदि ने सुझाव दिया है। इन लोगो का प्रयास यह था कि वास्तविक इतिहास पर विकास के निश्चित "नियम" और स्कीमे लागू कर, जिनके अनुसार उसकी प्रगति होती। मार्क्सवादियो ने प्रगति की समस्या के प्रति इस दृष्टिकोण की हमेशा आलोचना की और कहा कि यह अमूर्त और इतिहासातिरिक्त है। प्रगति के वैज्ञानिक दृष्टिकोण का तकाजा यह है कि वास्तविक इतिहास को इतिहासातिरिक्त चौखटो मे कसने की कोशिश न की जाये, बल्कि गुणात्मक दृष्टि से निश्चित समाजो – सामाजिक-आर्थिक सरचनाओ – की वास्तविक प्रक्रियाओ और नियमितताओ, उनकी उत्पत्ति तथा विकास और एक सरचना से दूसरे म सक्रमण के नियमो का अध्ययन किया जाये।

यह दृष्टिकोण कि ऐतिहासिक प्रगति सामाजिक सरचनाओ का विकास और सिलसिला है, केवल यही नही बताता कि विश्व इतिहास सुसम्बद्ध है, बल्कि ऐतिहासिक प्रगति की विविधता का विश्लेषण करने के लिये भी एक आधार मुहैया करता है।

प्रत्येक सामाजिक सरचना और उसके विशिष्ट नियमो के विकास की विशेषता यह है कि उसके ऐतिहासिक विकास की विशिष्ट प्रक्रिया होती है, उसकी चालक शक्तियो की विशिष्टताए, विकास की गति और ऐतिहासिक परिधि होती है, जिसमे देखा जा सकता है कि यह प्रगति है, प्रगमन है और केवल सामाजिक अस्तित्व अथवा प्रतिगमन नही है। प्रत्येक सामाजिक सरचना विकास की निश्चित सम्भावनाए उपस्थित करती है, और जब ये सम्भावनाए पूरी हो जाती है तो वह अनिवार्यत विकास के गुणात्मक दृष्टि से एक नये स्तर की ओर कदम बढाती है या किसी न किसी रूप म सामाजिक पतन का रास्ता लेती है।

चूकि हर सामाजिक सरचना के नियम विशिष्ट होते है और चूकि इतिहास के आम नियम विभिन्न स्थितियो म अलग अलग ढग से व्यक्त होते है, इसलिये उनके द्वारा ऐतिहासिक प्रक्रिया की दिशा "सामान्य" रूप से निर्धारित नही होती, बल्कि किसी ठोस समाज म, किसी सामाजिक

सरचना, किसी सामाजिक गुणावस्था म एक परिवतन के रूप मे होती है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि इसके द्वारा ऐतिहासिक विकास का आगे का सारा माग पूवनिर्धारित हो जाता है। इसी लिये सामाजिक भविष्यवाणी की भी अपनी ऐतिहासिक सीमाए होती ह। वज्ञानिक दष्टि से यह सम्भव है कि जिन सामाजिक सरचनाओ और प्रक्रियाओ के प्रतिबिम्ब तथा अकुर वस्तुस्थिति म पहले म मौजूद ह, उनकी भविष्यवाणी की जा सके।

सामाजिक नियमो की कायविधि म, और इसलिये स्वय ऐतिहासिक प्रक्रिया की दिशा म भी कोई नियत अनिवायता नहीं है जिसका कारण ऐतिहासिक परस्पर क्रिया म भाग लेनवाली सामाजिक शक्तियो की विविधता और पचीदगी है, आत्मनिष्ठ तत्व का असर, ऐतिहासिक सयोग, आदि हैं।

ऐतिहासिक प्रगति समाज का आत्म विकास है, जो सामाजिक नियमों द्वारा निर्धारित और मानव कायकलाप के माध्यम से कार्यान्वित होता है। ऐतिहासिक प्रक्रिया के इस दष्टिकोण का मतलब यह है कि स्वय प्रगति की दिशा मानवो की इच्छा, कामना या आकाक्षाओ पर नहीं, बल्कि वस्तुनिष्ठ नियमो की क्रिया पर निभर करती है और यह कि मानव जो चेतन सामाजिक ध्येय अपन सामने रखते ह (सवप्रथम ऐसे ध्येय, जो मानवो की बडी सख्या के लिये, वर्गों के लिये सामाजिक रूप से महत्त्व पूण होते हैं) वे कामयाबी से पूरे तभी होते ह, जब ऐतिहासिक विकास की वस्तुनिष्ठ प्रवत्तियो के अनुकूल हो।

यह विचार कि भाग्य न इतिहास के सामने कोई ध्येय नियत कर दिया है और वहा तक पहुचन के लिये बराबर प्रयत्नशील है, भौतिकवादी दष्टिकोण से उसी तरह अमान्य है, जिस तरह ऐतिहासिक प्रगति के विचार के प्रति साहसहीन सन्देहवाद। सामाजिक नियमितताए गहरी ऐतिहासिक प्रवत्तियो के रूप म काम करती हैं और किसी खास सामाजिक स्थिति मे परिवतनो की आम दिशा को निर्धारित करती ह। लेकिन वास्तविक इतिहास मे, किसी निश्चित सरचना मे भौतिक स्थितियो द्वारा निर्धारित परिधि के भीतर सम्भावनाओ का एक पूरा वणक्रम उपस्थित होता है, जिनको अमली रूप देना जन कायकलाप पर, मानवो के ऐतिहासिक कायकलाप पर निभर करता है। इसका मतलब यह है कि मानवो के सामने सृजनात्मक ऐतिहासिक काय का व्यापक क्षेत्र मौजूद है। मसलन, हमारे युग मे सामाजिक

परिस्थिति में परिवर्तन की ग्राम प्रगतिशील प्रवृत्ति समाजवाद और कम्युनिज्म की ओर प्रगमन के रूप में निर्धारित हो चुकी है। लेकिन यह प्रक्रिया क्या ठोस रूप धारण करेगी, प्रगति की व्यापकतम सम्भावनाएं या इसके बरख़िलाफ़ गतिहीनता और पतन कहां उत्पन्न होंगे—यह केवल नियमों की क्रिया पर ही निर्भर नहीं करता, बल्कि अनेक कारणों की परस्पर क्रिया पर, जो एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और जिनसे किसी समय किसी देश की ठोस परिस्थिति बनती है, जनता के कार्यकलाप पर, सामाजिक समूहों के मुक़ाबले पर, पार्टियों, व्यक्तित्वों, आदि के कार्यकलाप पर भी निर्भर करता है।

इसी के साथ वर्तमान युग में यह तय करने के लिये कि कोई ठोस सामाजिक प्रक्रिया प्रगतिशील है या नहीं, आदमी को ऐतिहासिक विकास की इसी मुख्य रेखा—पूंजीवाद से समाजवाद में संक्रमण—के सन्दर्भ में विचार करना होगा।

प्रगति किस प्रकार की है, यह बात सामाजिक प्रगति के मार्क्सवादी सिद्धांत के लिये बुनियादी महत्व रखती है।

यद्यपि हर संरचना अपने तौर पर प्रगतिशील होती है (जैसे सामंतवाद या पूंजीवाद), फिर भी अनेक सामाजिक संरचनाओं में, जिनकी विशेषताएं समान हैं, ऐतिहासिक प्रगति के एक ही लक्षण मौजूद हो सकते हैं। जैसे, प्रगति का अंतर्विरोधी स्वरूप उन सभी संरचनाओं में मौजूद है, जिनमें समाज शासक तथा उत्पीडित वर्गों में बंटा हुआ है।

मार्क्स और एंगेल्स ने अपनी कृतियों में अंतर्विरोधी प्रगति का गहन विश्लेषण किया है। उन्होंने बताया है कि उत्पादन के विकास की निश्चित अवस्थाओं में प्रगति के अंतर्विरोधी रूप ऐतिहासिक तौर पर अनिवार्य थे। मार्क्स ने लिखा "विरोध नहीं तो प्रगति नहीं। सभ्यता ने हमारे समय तक इसी नियम का अनुसरण किया है।"*

जब समाज, विज्ञान, संस्कृति और सार्वजनिक धन में वृद्धि श्रमजीवी जनता को नुक़्सान पहुंचाकर, उसका उत्पीडन और शोषण करके हो रही हो तो, मार्क्स ने लिखा कि प्रगति उस राक्षस की भांति है, जो अपने

---

* Karl Marx *The Poverty of Philosophy* Moscow 1959 p 61

द्वारा आहत प्राणी की खोपडी से अमतरस पीता है। इतिहास मे इसका काफी सबूत मौजूद है कि आदिम कम्यून के विघटन के समय दास प्रथा के कारण सस्कृति की प्रगति सम्भव हुई और समाज के भावी विकास पर इसका गहरा प्रभाव पडा। दास प्रथा का पतन भी, जिसका स्थान सामतवाद ने लिया, प्रगति का कदम था क्योकि इससे उत्पादन के विकास की अधिक व्यापक सम्भावनाए उत्पन्न हुई।

मामती समाज का अस्तित्व भी असली उत्पादक, यानी सामती भूदास के अत्यत बबर शोषण पर आधारित था और यह शोषण अकसर व्यक्तिगत गुलामी का निहायत भयावह रूप धारण कर लेता था। आर्थिक उत्पीडन तथा राजनीतिक और बौद्धिक उत्पीडन का चोली दामन का साथ था। राजनीतिक और बौद्धिक क्षेत्र म सामतवाद की खासियत गतिशीलता और लचक नही, बल्कि गतिहीनता और हर परिवर्तन का विरोध था। हर क्षेत्र म कडी एकरूपता का राज था उत्पादन के लिये समान अधिनियम, एक राजा, एक मत तथा समान धामिक आदश। इस व्यवस्था के भीतर मानव का स्थान स्थिर था और वह इस तरह कि उसका सबध एक निश्चित वग, जात, पात, परिवार से होता था। मगर सामतवाद न प्रगति और प्रतिगमन दोनो के खिलाफ दीवारे खडी की। दास प्रथा के युग म अक्सर पूरी की पूरी जातियो और सस्कृतियो को नष्ट किया गया, मगर सामतवाद के अतगत वर्गीय समाज को स्थायी बनाया गया और उसकी नीव मजबूत की गई। कुछ देशा म यह प्रवृत्ति जमकर पत्थर की तरह बन गई और यही वह स्थिति थी, जिसमे किसी महान और बहुसख्यक जाति के शासक के दिमाग म यह बात आ सकती थी कि एक बहुत बडी दीवार खडी करके अपने देश को अन्य देशो से अलग कर ले। कोई आश्चय नही कि चीन की बडी दीवार सामती पथकता और सामाजिक गतिहीनता का प्रतीक बन गई है।

यूरोपीय देशो मे माल-मुद्रा के सबधो के विकास से सामतवाद के पथराये आर्थिक रूपो मे एक गतिशील तत्व का प्रवेश हुआ। इन आर्थिक प्रक्रियाओ से नयी सामाजिक शक्तिया और सामाजिक आन्दोलन उत्पन्न हुए और विज्ञान, दशनशास्त्र, कला के विकास को प्रोत्साहन मिला। इन शक्तिया ने सामती व्यवस्था के सामाजिक और बौद्धिक बधना को तोड डाला।

कुछ समय तक सामतवाद ने चच और राज्य की सहायता से इन शक्तियो को दवा देने और कुचलने की चेष्टा की ताकि उन्हे स्थापित व्यवस्था के दायरे मे सीमित रखा जाये। लेकिन अतत वह इनको रोकने म असमथ रहा।

एक नयी सामाजिक सरचना, पूजीवाद ने सामतवाद की जगह ली। यद्यपि पूजीवाद ने शोषण के सवधा को और विकसित तथा तीव्र वनाया, मगर वह कई लिहाज से सामतवाद का उलटा था। मुख्य चीज यह थी कि पूजीवादी व्यवस्था ने मशीनी उत्पादन के क्रातिकारी तकनीकी आधार के सहारे तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति के लिये, आधुनिक औद्योगिक उत्पादन के विकास तथा एक नये तकनीकी आधार पर राष्ट्रीय अथतत्र के पुनर्निर्माण के लिये व्यापक सम्भावनाए उत्पन्न कर दी।

पूजीपति को मजदूर की जरूरत थी, जिसको अपनी श्रम-शक्ति को वेचने मे आथिक प्रोत्साहन मिले। अत पूजीपति ने श्रम के साधन और उसकी पैदावार दोना को मजदूर से अलग कर लिया और इस तरह उसे अपनी श्रम शक्ति पजीपति के हाथ वेचने पर मजवूर किया। मजदूर के लिये श्रम की प्रक्रिया रोजी रोटी हासिल करने का एक साधन मात्र है और पूजीपति के लिये उत्पादन केवल मुनाफा कमाने का साधन है। इन हालता म उत्पादन मानव के विकास के साधन का काम नही देता, वल्कि उलटे मानव उत्पादन के विकास का साधन वना हुआ है।

अत सभी वर्गीय, अतविरोधी सरचनाओ मे मेहनतकश इन्सान हर जगह जजीरो मे जकडा हुआ है, कही प्रत्यक्ष रूप म दास या भूदास के रूप मे, धम अथवा पूवग्रह और कल्पित धारणाओ का गुलाम वन कर, या— पूजीवाद के अतगत—पूजी का दास, मशीन का चाकर, भौतिक पदार्थों का गुलाम वन कर।

सम्पूण इतिहास के दौरान म देशा और जातियो के बीच नाता वढता रहा है, यद्यपि इस प्रक्रिया की राह मे ऊच-नीच वहुत आये, क्योकि इस वीच मे ऐसे भी दौर आया किये, जिनम वने-वनाये रिश्ते ताड डाले गये, इत्यादि। इस लिहाज से पूजीवाद ने आगे की दिशा मे निर्णायक कदम उठाया, जातियो की पुरानी पृथक्ता का विल्कुल अत कर दिया, उन सवा को पूजीवादी विकास की मुख्य धारा के वहाव म खीच लिया। उपनिवेशन और नये मुलको पर कब्जा, श्रम विभाजन और व्यापार, विश्व वाजार

तथा विविध आर्थिक सबधो की स्थापना, रलवे, जल तथा वायु परिवहन के आधुनिक साधनो का विकास, और फिर अखबार, रेडियो और टेलीविजन— इन सभी राजनीतिक, आर्थिक और तकनीकी साधना से धरती की विभिन्न जातिया और देशो के बीच नाना प्रकार के सबध कायम करने मे मदद मिली। इन सभी चीजा से सस्कृति, विज्ञान तथा बौद्धिक उत्पादन क क्षत्र मे परस्पर प्रभावो को बढावा मिला। लेकिन यह प्रक्रिया मूलत अतविरोधी भी रही है क्योकि इसी के साथ साथ एक राष्ट्र द्वारा दूसरे का शोषण और उत्पीडन तथा विभिन्न राज्या के बीच अतविरोध और झगड भी बढे। उन्नत देशो के पूजीपति वग की समद्धि का मुख्य स्रोत उत्पीडित जातियो का शोषण है।

पूजीपतियो को इसम फायदा था कि कुछ देशा के पिछडेपन को कायम रखा जाये, क्योकि वहा स उनको श्रम शक्ति सस्ती मिल जाती थी। यही वजह है कि आज भी विभिन्न जातिया मे पूजीवाद से पूव की सभी सामाजिक सरचनाओ की—आदिम से लेकर सामती समाज तक की— आधुनिकीकृत तथा विकृत अभिव्यक्ति मिलेगी।

सामाजिक प्रगति का अतविरोधी स्वरूप सामाजिक विकास की अत्यत असमानता और टेढेमेढेपन मे भी प्रकट होता है। इतिहास बताता है कि प्रगति की राह कभी सीधे ऊपर को नहीं जाती, बल्कि हमेशा चक्कर लगाकर जाती है, जिसके दौरान मे पीछे हटने, लौटने और निश्चलता के दौर भी आते हैं। मानवजाति जहा एक क्षेत्र मे सफलीभूत होती है तो उसी की तुलना मे अन्य क्षेत्रा मे उसे घाटा भी उठाना पडता है। सामाजिक उत्थान और क्राति के दौर के बाद प्रतिक्रिया के दौर आते ह। स्वय प्रगति के किसी एक या अय क्षेत्र से प्रतिक्रियावादी प्रवत्तिया और आकाक्षाए जन्म लेती हैं। कभी कभी सामाजिक विकास की इन कठिनाइयो तथा अतविरोधो के कारण लागो म निराशा और उज्ज्वल भविष्य की सम्भावना मे सन्देह पैदा होने लगता है। इसके विपरीत माक्सवाद-लेनिनवाद, जो एक नये और प्रगतिगामी वग का विश्व दष्टिकोण है, ऐतिहासिक आशावादिता तथा इस विश्वास को जन्म देता है कि भविष्य महनतकश जनता का है। लेकिन यह आशावाद ऐसा है, जो सामाजिक प्रगति की कठिनाइया और अतविरोधा को नजरअन्दाज नही करता और इसको उस

भाडे और विचारहीन "वम अव क्या है, वाजी मार नो वाले ज्वय से कोई सबध नही।

यह काल मार्क्स ने साबित किया कि पूजीवाद इतिहास की अतिम अतविरोधी सरचना है, और इसकी पुष्टि बाद की घटनाओं से हो चुकी है।

आज पूजीवाद एक गम्भीर आर्थिक, सामाजिक तथा नतिक सकट म फसा हुआ है। **पूजीवादी व्यवस्था का अस्तित्व हमारे समय मे, जो मानव समाज के इतिहास मे एक मोड बिन्दु है, सामाजिक प्रगति के माग म सब से बडी बाधा है।**

मानवजाति का विकास केवल कम्युनिज्म की ओर प्रगति के माग पर ही जारी रह सकता है।

पूजीवाद से कम्युनिज्म मे सक्रमण के साथ ही एक नये प्रकार की सामाजिक प्रगति की उत्पत्ति होती है, प्रगति का सक्रमण अतविरोधी से अन-विरोधी स्वरूप मे होता है।

कम्युनिस्ट सरचना म प्रगति की मुख्य विशेषताए है उत्पादन साधना का सामाजिक स्वामित्व स्थापित हो जाने तथा शोषण का अत होने के कारण सामाजिक अतविरोधो का अत, सामाजिक विकास के नियमो पर काबू तथा सामाजिक सबधो को नियत्रित करने के लिये उनका चेतन और सतुलित इस्तेमाल, आर्थिक प्रबध की एक केंद्रित जनवादी व्यवस्था और समाजवादी जनतत्र के सर्वतोमुखी विकास के जरिये अधिक से अधिक सख्या म श्रमजीवी जनता को चेतन ऐतिहासिक क्रिया म शरीक करना, उत्पादन को मानव हितो और आवश्यकताओ के अधीन करना, भौतिक तथा बौद्धिक उत्पादन तथा सामाजिक सबधो की समस्त व्यवस्था को मनुष्य के सर्वतोमुखी, सुसगत विकास के लिये इस्तेमाल करना, और चेतना के भ्रामक रूपो से छुटकारा।

एक अत्यत स्वचालित उत्पादन के भौतिक तथा तकनीकी आधार पर कम्युनिस्ट सरचना के विकास तथा कम्युनिस्ट सामाजिक सबधो की उन्नति के साथ ही ऐसी परिस्थितिया उत्पन्न होगी, जब **"व्यष्टि की स्वतत्र प्रगति समष्टि की स्वतत्र प्रगति की शत होगी,"*** क्योकि तब समाज के एक

---

*का० मार्क्स, फ्रे० एगेल्स, सकलित रचनाए, चार भागो म, प्रगति प्रकाशन, मास्को, भाग १, पृ० ६६

भाग की प्रगति दूसरे को नुकसान पहुचाकर नही होगी। स्वय अपना विकास— यही मानव का उद्देश्य बन जाता है और स्वय उसके विकास की अवस्था सामाजिक प्रगति की अवस्था की कसाटी बनती है।

कम्युनिस्ट सरचना मे सक्रमण अधी आवश्यकता के क्षेत्र से छलाग लगाकर स्वतत्रता के क्षेत्र मे पहुच जाना है। यहा मानवजाति के प्रागातिहास काल का अत आर उसके वास्तविक इतिहास का आरम्भ हाता है।

अवश्य ही, **नये प्रकार की सामाजिक प्रगति की उत्पत्ति** अचानक नहा, बल्कि धीरे धीरे हाती है। लेकिन महत्वपूण बात यह है कि एक बार **जब समाजवादी क्राति हो जाती है तो मानव उस सामाजिक कायभार को पूरा करने लगते हैं, जहा पहुचकर अतविरोधी समाज के कदम रक जाया करते ह क्योकि वह उसको हल करने मे असमथ है,** और वह कायभार है समाज की स्वतत्रता की स्थापना करना, इस अथ मे कि मानव स्वय अपने सामाजिक सबधा का नियत्रण करने लगता है। अनुभव बतलाता है कि यह एक बहुत पेचीदा काय है और इसको पूणत अदा करने क लिय जरूरी है कि, एक तो, उत्पादन शक्तियो, विज्ञान, सस्कृति तथा समाजवादा चेतना का विकास उच्च स्तर पर पहुच गया हो, और दूसरे, अनुकूल आथिक तथा सामाजिक प्रक्रमो की स्थापना हो चुकी हो।

समाजवादी समाज मे मानव ऐतिहासिक प्रक्रिया के स्वत स्फूत स्वरूप को क़ाबू मे ले आते ह, जिससे सामाजिक विकास की नियमितताग्रो का सज्ञान और चेतन उपयोग एक आवश्यकता का रूप धारण कर लेता है। अतीत म कभी ऐसा नही हुआ कि मानव के सामाजिक ऐतिहासिक कायकलाप का प्रत्यक्ष आधार वस्तुनिष्ठ सामाजिक नियमितताओ के ज्ञान पर हो। वस्तुस्थिति यह है कि समाजवाद का निर्माण तथा कम्युनिज्म की ओर समाज की प्रगति माक्सवादी-लेनिनवादी सिद्धात तथा कम्युनिस्ट और मजदूर पार्टियो के वैज्ञानिक कायक्रमा के आधार पर होती है, जिनम सैद्धातिक उसूला को जन काय की ठोस योजना के रूप म पेश किया जाता है। कम्युनिस्ट सरचना के अतगत सामाजिक विकास के वस्तुनिष्ठ नियम मानवा पर एक पराई शक्ति के रूप मे हावी नही होते, बल्कि मानव के चेतन नियत्रण म आ जाते हैं।

समाजवाद के अतगत समाज का विकास चेतन रूप धारण करता है, इस अथ म नही कि मानव मनमाने ढग से इतिहास की बाग को जिधर

चाह मोड सकते हो, बल्कि इस अर्थ मे कि वे इतिहास के नियमो के अनुसार, जिनको वे समझने लगे है, काम कर सकते हैं। इसी लिये समाजवाद के अतर्गत यह जरूरी है कि समाज के हर सदस्य की चेतना को बढाया जाये और उसे पूरे समाज के हितो व अववोधन, इसके विकास के नियमो के अववोधन के स्तर तक पहुचा दिया जाये। ज्यो ज्यो समाजवाद का विकास होता है, अधिक से अधिक सख्या मे लोग इतिहास के चेतन निर्माण मे शरीक होते है और इससे सामाजिक विकास की गति बहुत तेज हो जाती है।

जो कुछ कहा गया है उसका यह मतलब नही समझना चाहिये कि समाजवाद के अतर्गत अनियत्रित विकास के तत्व बिल्कुल नही रहते और यह कि मानव पूर्णतया अपने कार्यो के परिणामो का पूर्वानुमान कर सकते। वास्तविकता यह है कि सज्ञान की प्रक्रिया का कोई अत नही और व्यावहारिक तौर पर असम्भव है कि निश्चित ठोस स्थितियो मे वस्तुनिष्ठ नियमितताओ के तमाम तकाजो का हिसाब किया जा सके। इसके अलावा, समाज द्वारा स्वत स्फूर्त तत्वो का नियत्रित करने के लिये अकेला ज्ञान काफी नही है। ऐसा कर सकने के लिये भौतिक साधनो की भी जरूरत है। लेकिन सम्पूर्ण रूप से, ज्यो ज्यो समाजवाद का विकास होता है समाज अधिकाधिक मानवो के कार्यों के परिणामो का पूर्वानुमान करने तथा एक दूसरे के साथ और प्रकृति के साथ मानवो के सबधो का चेतन नियत्रण करने लगता है। कम्युनिज्म का निर्माण एक चेतन प्रक्रिया, करोडो इनसानो के चेतन प्रयास का नतीजा है। अभी तक किसी भी समाज का निर्माण सामाजिक विकास के आविष्कारित नियमो के आधार पर सचेत रूप से नही किया गया है। यही कम्युनिस्ट सामाजिक सरचना की उत्पत्ति और विकास की गुणात्मक दृष्टि से एक नयी विशेषता है। यह सरचना उत्पादन तथा समस्त सामाजिक जीवन के सगठन का चरम और सबसे युक्तिपूर्ण रूप है।

अत पूजीवाद से समाजवाद मे सक्रमण के साथ उत्पादन के नियोजित सगठन और पूरे समाज के पैमाने पर मनुष्यो के कार्यों के सामाजिक परिणामो का पूर्वानुमान करने की बढती सम्भावनाओ से सम्बद्ध चेतन कार्यकलाप का दायरा बढता जाता है। मानवो का व्यावहारिक कार्यकलाप एक नयी अवस्था पर पहुच जाता है। जहा अतीत मे इसका हासिल इससे ज्यादा नही थी कि प्रकृति की वस्तुओ मे उद्देश्यपूर्ण परिवर्तन किया जाता

तथा सामाजिक जीवन की स्वत स्फूत बदलनेवाली स्थितिया से चतन अनुकूलता स्थापित की जाती थी और क्राति के समय मे पुरानी व्यवस्था और सडे गले सवधो को सचेत ढग से नष्ट किया जाता था, वहा समाजवादी क्राति की सफलता के बाद मानव नये सामाजिक सवधो का चेतन निर्माण करने लगते हैं।

कम्युनिस्ट सरचना के विकास की समाजवादी मजिल पर मानव **आर्थिक तथा सामाजिक प्रक्रियाओ के सगठन और प्रबध** के ऐसे विशिष्ट रूपो जस सम्पूण समाज के पैमाने पर पूवज्ञापन और नियोजन, समाजवादी प्रतियोगिता, वैज्ञानिक निदेशन और प्रबध, आदि को विकसित करत और काम म लात हैं। मगर समाजवादी समाज चूकि पजीवाद की कोख से जम लेता है, उसे अनेक पुरानी आर्थिक तथा सामाजिक क्रियाविधिया विरासत मे मिलती हैं। वह उन्हे नया अतय प्रदान करता और उन्ह अपने विकास के लिये इस्तेमाल करता है। समाजवादी समाज माल उत्पादन, मूल्य नियम, मुद्रा तथा व्यक्तिगत भौतिक प्रोत्साहन का समाजवादी अथतत्र के आवश्यक तत्वो के रूप मे इस्तेमाल करता हैं। यह बात कि समाजवाद के अतगत मनुष्य सामाजिक उत्पादन मे व्यक्तिगत भौतिक लाभ के लिये भाग लेता है, पुराने ढग के ऐतिहासिक विकास का अवशेष है, यद्यपि समाजवाद के अतगत इससे एक नया अतय पैदा हो गया है। भविष्य म मूल्य नियम और इसके अनुवर्ती वृत्त मिट जायेगे और आर्थिक विकास केवल कम्युनिस्ट सरचना के विशिष्ट नियमो के अधीन होगा।

समाजवाद के अतगत सामाजिक नियमितताओ पर नियत्रण तथा समाज का प्रबध राज्य तथा कानूनी व्यवस्था द्वारा किया जाता है। सामाजिक सगठन के ये रूप भी वर्गीय समाज की पदावार ह। मगर समाजवादी राज्य श्रमजीवी जनगण का राज्य है, एक नये ढग का राज्य है, जो समाजवादी क्राति के दौरान मे पुरानी राज्य मशीनरी के खडहर पर कायम हुआ है।

अपने विकास के दौरान मे समाजवादी समाज ऐतिहासिक प्रगति को पुरानी कायविधिया के इन तत्वो का नये ढग से प्रयोग करते हुए, भविष्य म उनके मिट जाने की आवश्यक स्थितिया तैयार करता है। समाजवादी समाज उन्ही कायविधिया के दायरे म तथा उनकी सहायता से, जो उसे अतीत से विरासत म मिली है, नयी कायविधियो का निर्माण करता है,

गो कम्युनिस्ट सरचना की विशिष्टता है। इस तरह समाजवादी राज्य की परिधि के अन्दर और उसकी सहायता से कम्युनिस्ट सामाजिक स्वशासन के नये तत्वो की उत्पत्ति होती है।

ऐतिहासिक विकास की उन कार्यविधियो का उपयोग जो ऐतिहासिक प्रगति की अतर्विरोधी मजिल की पैदावार हैं, उसकी परिधि के भीतर धीरे धीरे ऐतिहासिक प्रगति की एक मूलत नयी कार्यविधि का निर्माण, जो कम्युनिस्ट सरचना की विशिष्टता है, तथा अतीत से मिले तत्वो का धीरे धीरे मिटते जाना, कम्युनिज्म की ओर प्रगति की समाजवादी अवस्था की एक खास विशेषता है। यह प्रक्रिया अतर्विरोधी है, मगर इसके अतर्विरोध प्रतिरोधी नही हैं। उनका समाधान कम्युनिज्म की उच्चतर मजिल मे सक्रमण के दौरान मे कम्युनिज्म के भौतिक और तकनीकी आधार के निर्माण, कम्युनिस्ट सामाजिक सबधो तथा समाजवादी जनवाद के विकास तथा प्रबध और सगठन के रूपो मे सुधार के जरिये हो जाता है।

इस सामाजिक कार्य की पूर्ति का सबध कम्युनिज्म की ओर प्रगति की एक और बुनियादी समस्या से है और वह है अर्थतत्र, विज्ञान तथा सस्कृति की समस्त उपलब्धियो का उपयोग मनुष्य के अपने सामजस्यपूर्ण विकास के लिये, व्यक्ति की स्वतत्रता के विकास के लिये। इन परिस्थितियो मे स्वय मानव, हर मेहनतकश, समाज के हर सदस्य के विकास की अवस्था नये समाज की सामाजिक प्रगति के स्तर की अभिव्यक्ति और उसका सूचक होती है। यह एक उत्कृष्ट और मानववादी कार्य है, और इसकी पूर्ति कम्युनिस्ट प्रगति का परम लक्ष्य है। कम्युनिज्म एक युक्तिपूर्ण सामाजिक सगठन है, जो एक अत्यत विकसित तकनीकी आधार पर क़ायम होता है, जो मानवो को एकताबद्ध करता है ताकि वे प्रकृति की शक्तियो पर आगे भी विजय पाते रहें, अपने सामाजिक सबधो पर अपना नियत्रण स्थापित करें तथा पूरी सामाजिक व्यवस्था तथा समस्त भौतिक और बौद्धिक सस्कृति का निदेशन मनुष्य के विकास के लिये, व्यक्ति के सामजस्यपूर्ण विकास के लिये करें। कम्युनिज्म का अर्थ है इतिहास के रहस्यो का आविष्कार, सामाजिक प्रगति का शिखर और यह एक विश्व व्यापी ऐतिहासिक परिघटना है। एकमात्र कम्युनिज्म ही मानवजाति को उसके दुखद द्विविधा से छुटकारा दिलाता है। इसी लिये देर सवेर सभी राष्ट्रो को कम्युनिज्म का मार्ग अपनाना पडेगा।

इसमें कोई सन्देह नही कि कम्युनिस्ट सरचना विश्व व्यापी होगी और आगे चलकर सभी राष्ट्र एक समान स्तर पर पहुच जायेंगे, जिसके बाद एकताबद्ध मानवजाति का एकताबद्ध इतिहास होगा।

यह है मार्क्सवादी दृष्टिकोण और इस सवाल का जवाब कि सामाजिक विकास की सम्भावनाए क्या ह।

आज जबकि ससार दो विरोधी व्यवस्थाओ म बटा हुआ है, भविष्य के प्रश्न पर, इस सवाल पर कि इनमे से कौन सी व्यवस्था मानवजाति के सामने क्या सम्भावनाए उपस्थित करती है, घोर सद्धातिक सघर्ष मचा हुआ है। पूजीवादी विचारक, चाहे सामाजिक प्रगति के प्रति उनका रुख कुछ भी हो, इस सवाल से बचकर नही निकल सकते। वे जिस सामाजिक व्यवस्था का समर्थन करते ह उसका तक़ाज़ा है कि वे किसी न किसी तरह उसकी सम्भावनाओ का नक्शा खीचे, हर सम्भव तरीके से वज्ञानिक कम्युनिज्म के विचारो के मुकाबले म ऐसी प्रस्थापनाए पश कर, जिनको विज्ञान का समर्थन प्राप्त हो, जिनमे विज्ञान का कुछ आभास हो। इसी लिये हम देखते ह कि पूजीवादी कृतियो मे केवल यही नही कि प्रगति के विचार के विरुद्ध तक प्रस्तुत किये जाते हैं, थर्मोन्युक्लियर युद्ध तथा उसके विनाशकारी परिणामो के खतरे की परिस्थिति मे निराशा की भावना प्रकट की जाती है, बल्कि भविष्य की ओर, चाहे अगले चन्द दशको के लिये ही क्या न हो, पूर्वसकेत करने, सामाजिक विकास की प्रवृत्तियो का सैद्धातिक विश्लेषण करने का प्रयास भी किया जाता है। इन सामाजिक तक़ाज़ो की ही पैदावार "औद्योगिक समाज" की धारणा और इसके भिन्न स्वरूप हैं।

इस धारणा के निर्माताओ ने शुरू किया इस मार्क्सवादी प्रस्थापना को अपना कर कि उत्पादक शक्तियो का विकास ही सामाजिक विकास का आधार है, मगर इसको उन्होने विकृत अर्थ देने का प्रयत्न किया है। जहा व ये कहते हैं कि उत्पादन का स्तर विभिन्न समाजो की तुलना करने का आधार बन सकता है, वही वे इस बात से इनकार करते हैं कि उत्पादक शक्तिया और उत्पादन सबधो का कोई नियमबद्ध ताल्लुक है। वे सामाजिक ढाचे को सीधे तकनीकी विकास की पैदावार मानते ह। इसका तात्पर्य यह है कि सभी देशो का उनके उत्पादन स्तर के अनुसार विभिन्न श्रेणियो म बाटा जा सकता है। जिन देशो मे आधुनिक उद्योग नही है, उन्हें

"परम्परागत समाज" कहा गया और जिन देशा मे विकसित उद्योग है, उन्ह "औद्योगिक समाज" का नाम दिया गया। इनके बीच मे सक्रमण की निश्चित मजिल निर्धारित कर ली गइ। अत "औद्योगिक समाज" की धारणा का प्रयोग पूजीवादी तथा समाजवादी समाजा को एक साथ लाने के लिये किया जाता है। इन दोनो को "औद्योगिक समाज" का केवल भिन्न रूप कहा जाता है।

"औद्योगिक समाज" की धारणा, जिसके बारे म रेमाड आरोन का कहना है कि वह "हमारे युग की बुनियादी धारणा" है, दरअसल हमारे युग के बुनियादी तथ्य पर परदा डालने के लिये पेश की गई है, यानी इस बात पर कि इस युग का अतय पूजीवाद से समाजवाद म सक्रमण है। मार्क्सवाद के वरखिलाफ पूजीवादी विचारक यह सिद्ध करना चाहत है कि समाजवाद पूजीवाद का स्थान नही लेता और यह कि पूजीवाद मे और अधिक विकास की सम्भावनाए मौजूद ह। ये सम्भावनाए क्या ह?

कुछ लोगा का कहना है कि विश्व का विकास "एक औद्योगिक समाज" की दिशा म हो रहा है, जिसम पूजीवाद और समाजवाद के अतर को बिल्कुल मिटा दिया जाता और गौण कर दिया जाता है। इस विचार का समथन, औरा के अलावा, दक्षिणपथी सोशल-डिमोक्रेसी के अनेक विचारक करते हैं। कई पूजीवादी समाजशास्त्रियो ने सगम (convergence) का सिद्धात प्रस्तुत किया है, जिसका विचार यह है कि पूजीवाद तथा समाजवाद एक दूसरे के निकट आ रहे हैं, जिसकी दिशा भविष्य मे पूवकालीन विकास के सभी परिणामा का "सामाजिक-सास्कृतिक सश्लेषण" की ओर है। पूजीवादी समाजशास्त्रियो की एक और टोली यह सावित करने मे सलग्न है कि "औद्योगिक समाज" के विकास के साथ कम्युनिज्म की सारी सम्भावनाए समाप्त हो गइ। इस सिद्धात को पेश करनेवालो म घोर कम्युनिस्ट विरोधी वाल्ट रोस्टो, "आर्थिक विकास की मजिलो" के सिद्धात के निर्माता, भी हैं। उनकी "मजिले" सामाजिक विकास की सीढिया ह, जिनम पहली सीढी "परम्परागत समाज" है और अतिम "अधिक जन उपभोग" समाज है, जहा सयुक्त राज्य अमरीका अभी से पहुच चुका ह। मगर सोवियत सघ उस मजिल पर कम्युनिज्म के कारण नही पहुच सका है, जो "जन उपभोग समाज" मे सक्रमण के साथ धीरे धीरे "मिट" जायेगा। इन लचर दावा को रोस्टो ने "गैर कम्युनिस्ट घोषणापत्र" के

नाम से प्रचारित किया है। यह विचार कि कम्युनिज्म का सबध उत्पादन के विकास के निम्न स्तर से, दरिद्रता और ग़रीबी से है, कोई नया विचार नही है और मार्क्सवाद ने बहुत पहले ही इनका खडन कर दिया है।

वास्तविकता यह है कि कम्युनिज्म केवल यही नही कि विशाल मेहनतकश जनता के सामने उच्चतर भौतिक स्तर तक पहुचने की सम्भावना पैदा कर देता है, बल्कि वह यह भी मानता है कि यह अपने आपमे कोई ध्येय नही, सिर्फ एक शर्त और साधन है व्यक्ति को भौतिक मूल्यो की चिन्ता से मुक्ति दिलाने का और उसकी दिलचस्पियो को सर्जनात्मक कायकलाप के क्षेत्र की ओर आकृष्ट करने का।

अत मे वैज्ञानिक और तकनीकी क्राति के तेज विकास तथा उत्पादन मे सगठन, प्रबध, इलेक्ट्रोनिक कम्प्युटर (उत्पादन के स्वचालन के सबध म) के महत्व मे बडी तेज़ी से वृद्धि होने के कारण अब यह दावा किया जाने लगा है कि "औद्योगिक समाज" की मजिल भी ऐतिहासिक दृष्टि से सीमित है और इस के बाद "औद्योगिकोत्तर समाज" आयेगा। इस शब्द का प्रयोग डैनियल बेल ने उस स्थिति का वणन करने के लिये किया है, जिसमे उसके ख्याल मे सयुक्त राज्य अमरीका और ससार के सबसे धनी देशो का एक छोटा सा गुट सन् २००० मे पहुच जायेगा। उनका कहना है कि अन्य देश "औद्योगिक" या "प्रागौद्योगिक" अवस्था मे हागे।

इसमे सन्देह नही कि "औद्योगिक समाज" की धारणा सवथा निराधार नही है। वास्तव मे आधुनिक उद्योग के विकास के कारण पूजीवाद तथा समाजवाद दोनो के अतर्गत अनेक समान प्रवृत्तिया और प्रक्रियाए जन्म लेने लगती है, जैसे नागरीकरण, रोज़मर्रे के जीवन का रूपातरण, आदि। सच तो यह है कि वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति ग़रीबी को दूर करने और सामाजिक समस्याओ को हल करने की व्यापक सम्भावनाए उपस्थित करती है। लेकिन इनमे से कोई भी चीज इस मुख्य तथ्य का निराकरण नही करती कि पूजीवाद और समाजवाद ये दोनो विरोधी सामाजिक व्यवस्थाए ह। और पूजीवादी विचारक अपनी धारणाओ के ज़रिये इसी पर परदा डालने का प्रयास कर रहे हैं ताकि वे इस वास्तविकता से इनकार कर सके कि समाजवाद अनिवायत पूजीवाद का स्थान लेने के लिये अग्रसर है और यह कि केवल समाजवाद ही आधुनिक सामाजिक प्रगति की सभी मौलिक समस्याओ का जवाब दे सकता है।

हर राष्ट्र अपने ऐतिहासिक विकास के विभिन्न स्तरों तथा अपनी अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परम्पराओं सहित अपने अपने ढंग से समाजवाद और कम्युनिज्म की ओर कदम बढ़ायेगा। यह एक पेचीदा, अंतर्विरोधी मार्ग है, जिसमें कहीं जीत है और कभी हार। यह कठिन संघर्ष का मार्ग है। इन बहुमुखी प्रक्रियाओं का सही मूल्यांकन तथा हर अवसर पर सही लाइन और आचरण को तय करना सृजनात्मक मार्क्सवाद-लेनिनवाद का काम है।

शब्दार्थिका

अधिभूतवाद (Metaphysics) दशनशास्त्र के इतिहास मे यह शब्द दो भिन्न सदर्भों, दो भिन्न अर्थों म इस्तेमाल होता रहा है। प्राचीन काल मे इसका प्रयोग यूनानी दाशनिक अरस्तू की दाशनिक विरासत के उस भाग के लिए होने लगा, जिसमे अरस्तू ने सभी अस्तित्ववान वस्तुओ के "सर्वोच्च" सिद्धातो का अध्ययन किया है, जिन तक ज्ञानेन्द्रियो की पहुच नही है, जिनका केवल चिन्तन और मनन के ज़रिये बोध किया जा सकता और जो सभी विज्ञानो के लिये अनिवाय हैं। इसी अथ मे दशनशास्त्र मे इस शब्द का प्रचलन हुआ। आधुनिक युग म इसका प्रयोग द्वद्ववाद विरोधी चिन्तन शैली के लिये किया जाने लगा है, जिसका कारण सज्ञान के मामले मे अधिभूतवाद का एकागीपन है। वह वस्तुआ तथा परिघटनाओ को अचल, अपरिवतनशाल तथा एक दूसरे से असम्बद्ध और स्वाधीन मानता है। वह यह नही मानता कि अतनिहित द्वद्व ही प्रकृति और समाज के विकास का असली स्रोत है। द्वद्ववाद-विरोध के अथ म अधिभूतवाद का प्रयोग सबसे पहले हेगल न किया। लेकिन उन्होंने इसका विवेचन नही किया था। यह मार्क्स और एगेल्स ने किया, जिन्होने विज्ञान तथा सामाजिक प्रगति द्वारा उपलब्ध सामग्री का सामान्यीकरण करके चिन्तन की अधिभूतवादी शैली का वैज्ञानिक दीवालियापन सिद्ध किया।

अनुभववाद (Empiricism) सज्ञान सिद्धात मे एक प्रवृत्ति है, जो सवेदी यानी ज्ञानेद्रियो के अनुभव को ज्ञान का एकमात्र स्रोत स्वीकार करती

है। इसका मत है कि समस्त ज्ञान का आधार अनुभव है और वह अनुभव के माध्यम से प्राप्त होता है। भाववादी अनुभववाद (बर्कले, ह्यूम, आदि) अनुभव को संवेदनाओं तथा अनुबोधों के समूह तक सीमित मानता है और इस बात से इनकार करता है कि अनुभव का आधार वस्तुनिष्ठ जगत है। इसके विपरीत भौतिकवादी अनुभववाद (फ्रांसिस बेकन, हाब्स, लाक, तथा १८वीं सदी के फ्रांसीसी भौतिकवादी दार्शनिक) यह स्वीकार करता है कि संवेदी अनुभव का मूल स्रोत बाह्य जगत है।

अनुभववाद की मुख्य त्रुटियां हैं अनुभव की भूमिका के संबंध में अधिभूतवादी अतिशयोक्ति, ज्ञान में वैज्ञानिक विविक्तियों तथा सिद्धांतों की भूमिका का अल्पानुमान, चिन्तन की सक्रिय भूमिका तथा आपेक्षिक स्वतंत्रता से इनकार।

एकत्ववाद (Monism) एक दार्शनिक मत, जिसके अनुसार समस्त अस्तित्व का अंतर्निहित आधार एक है। एकत्ववाद दोनों प्रकार का होता है—भौतिकवादी भी और भाववादी भी। भौतिकवादी भूत को विश्व का आधार मानते हैं, और भाववादी, भाव, आत्मा या विचार को। भाववादी एकत्ववाद का सबसे व्यवस्थित उल्लेख हेगेल के दर्शनशास्त्र में किया गया है। वैज्ञानिक तथा अविरोध भौतिकवादी एकत्ववाद द्वंद्वात्मक भौतिकवाद की विशेषता है, जो यह मानकर चलता है कि विश्व मूलतया भौतिक है, कि विश्व की सभी परिघटनाएं गतिमान भूत के विविध रूप हैं। मार्क्सवादी दर्शन में भौतिकवाद बढ़कर सामाजिक परिघटनाओं को भी अपने दायरे में ले लेता है। एकत्ववाद का उल्टा द्वैतवाद है।

उपयोगवाद (Pragmatism) आधुनिक दर्शनशास्त्र का एक प्रचलित आत्मनिष्ठ भाववादी मत है। इसके अनुसार सत्य का मूल्य उसके व्यावहारिक उपयोग पर निर्भर करता है। व्यावहारिक उपयोग से उपयोगवाद का आशय वस्तुनिष्ठ सत्य को व्यवहार की कसौटी पर रखना नहीं, बल्कि यह देखना है कि व्यक्ति के आत्मनिष्ठ हित कहां तक पूरे होते हैं। बहुत दिनों से संयुक्त राज्य अमरीका के दार्शनिक जीवन पर उपयोगवाद का प्रभुत्व रहा है।

द्वद्ववाद (Dialectics) अपने पूणतम, गहनतम तथा व्यापकतम रूप मे विकास का सिद्धात, बाह्य ससार, समाज और मानव चिंतन की गति के सामान्य नियमो का विज्ञान है जिसके अनुसार प्रकृति और समाज की हर वस्तु और परिघटना तथा स्वय मानव चिंतन और सज्ञान निरन्तर परिवतन और विकास की स्थिति मे है। वस्तुए और परिघटनाए वही कुछ है जो विकास की प्रक्रिया मे वे बन रही है और वे जो बन रही है उसमे प्रवृत्ति के रूप मे उनका भविष्य निहित है कि वे क्या बन जायेगी। द्वद्ववाद के लिये कुछ भी अतिम चिरकाल सत्य और पवित्र नही है। वह हर चीज मे, और हर चीज की अनित्यता का दशन कराता है। उसके नजदीक आवागमन के अबाध क्रम को छोडकर, निम्न से ऊर्ध्व की ओर अविराम उन्नति को छोडकर कुछ भी चिरन्तन नहीं है। इसका एक परिणाम मानव ज्ञान की आपेक्षिकता का सिद्धात है, जिसमे हमे सतत विकासमान भूत का, प्रकृति और समाज का प्रतिबिब मिलता है।

इस विकासक्रम का मुख्य स्रोत, उसकी चालक शक्ति द्वद्व है। किसी भी वस्तु, परिघटना या समाज मे घात प्रतिघात करनेवाली विभिन्न शक्तिया अथवा प्रवत्तिया के अन्तविरोध तथा टकराव स विकास के लिये आन्तरिक प्रेरणा मिलती है। विकासक्रम मे मालूम होता है कि पहले की मजिले फिर लौट कर आ रही ह परन्तु ये मजिले एक दूसरे ढग से, एक और ऊचे स्तर पर आती है ("नास्ति का नास्ति"), यह विकास सीधी रेखा मे न होकर शखुतुल्य आवतपूण होता है, यह विकास हठात, क्राति और विध्वस द्वारा भी होता है ("क्रमविकास मे खडन"), मात्रा का गुण मे परिवतन होता है, प्रत्येक घटनाक्रम के सभी अगा म परस्पर निभरता, और इस प्रकार निकटतम और अटूट सम्बद्धता होती है, इस सम्बद्धता से एकरूप, नियमचालित तथा विश्वव्यापी गतिक्रम सभव होता है। द्वद्ववाद की ये कुछ विशेषताए है।

द्वद्ववाद, प्रकृति तथा समाज की छानबीन करने की एक दाशनिक विधि है। एकमात्र सही द्वद्वात्मक दृष्टिकोण ही से वस्तुनिष्ठ सत्य की जटिल तथा विरोधपूण उत्पत्ति का बोध, विज्ञान के विकास म प्रत्येक पग पर निरपेक्ष तथा सापेक्ष स्थायी तथा परिवतनीय तत्वो के सबध का ज्ञान, तथा सामान्यीकरण के एक रूप स दूसरे, अधिक गम्भीर तक सक्रमण सम्भव होता है।

नियतिवाद और अनियतिवाद (Determinism and Interminism) कारणता के महत्व और भूमिका के सबध मे दो परस्पर विरोधी दल। नियतिवाद समस्त परिघटनाओ के साविक कारणवाची उत्पत्ति का सिद्धात है।

नियतिवाद की धारणाए प्राचीन दशनशास्त्र द्वारा ही पश की गयी थी। आगे चलकर प्राकृतिक विज्ञान तथा भौतिकवादी दशन (बेकन, गलिलिओ, न्यूटन, लोमोनोसोव, तथा अठारहवी शती के फ्रासीसी भौतिकवादियो) द्वारा इसको पुष्टि हुई। वैज्ञानिक विकास के स्तर के अनुरूप उस समय का नियतिवाद यान्त्रिकी तथा अमूत था। कारणता के रूपा को परम तथा यान्त्रिकी के ठेठ गत्यात्मक नियमा द्वारा नियन्त्रित माना जाता था, कारणता तथा आवश्यकता को एक समझा जाता था और आकास्मिकता की वस्तुनिष्ठता अस्वीकार की जाती थी। इस प्रकार का नियतिवाद आगे चलकर भाग्यवाद की ओर ले जाता है।

क्वाटम यान्त्रिकी म अनिश्चितताओ के परस्पर सबध की खोज ने यान्त्रिकी नियतिवाद को निरथक बना दिया, मगर इससे लाभ उठाकर भाववादी दाशनिको ने अनियतिवादी ढग से इसकी व्याख्या की। उन्हाने इससे एलेक्ट्रोन की "स्वतत्र इच्छा" तथा लघु क्रियाओ मे कारणता के अभाव आदि के निष्कष निकाले। द्वद्वात्मक भौतिकवाद ने यान्त्रिकी नियतिवाद की त्रुटिया को दूर किया। वह कारणता का वस्तुनिष्ठ तथा साविक स्वरूप स्वीकार करता है, मगर वह नही मानता कि कारणता और आवश्यकता एक है।

प्रत्यक्षवाद (Positivism) आधुनिक पूजीवादी दशन की एक प्रवृत्ति है। वह यह नही मानता कि दशन एक विश्व विचारधारा है और दशनशास्त्र की परम्परागत समस्याओ (चित और सत का सबध, आदि) को यह कह कर अस्वीकार करता है कि वे "अतिभौतिक" है और अनुभव से उनको परखा नही जा सकता। प्रत्यक्षवाद का प्रयत्न ऐसी विधि अथवा "विज्ञान का तक" विकसित करना है जो भौतिकवाद तथा भाववाद के अतविरोध के ऊपर या उनस परे हो। अध्ययन के सबध म प्रत्यक्षवादियो का एक मुख्य सिद्धात यह है कि विज्ञान का

काम तथ्यो का केवल विवरण करना है, उनकी व्याख्या करना नही। दशनशास्त्र म प्रत्यक्षवाद के "तटस्थता, निरपेक्षता" के दावा के गहरे सामाजिक ग्राधार हैं। उनम सबसे महत्वपूण विशिष्ट विज्ञाना के प्रति पूजीवादिया का ग्रतविरोधी रुख है। एक ग्रोर पूजीपति वग चाहता है कि प्राकृतिक विज्ञाना का विकास हो, क्याकि इसके बिना उत्पादन का विकास नही हो सकता। दूसरी ग्रोर वह उनसे ऐसे दाशनिक निष्क्ष नही निकालना चाहता, जो प्राकृतिक-वैज्ञानिक सिद्धातो की सीमा से बाहर जायें ग्रौर पूजीवादी समाज के सनातन होने के विचार को कमज़ोर करे।

भाग्यवाद (Fatalism) एक दाशनिक धारणा, जिसके ग्रनुसार ससार तथा मानव जीवन मे सब कुछ पहले ही से भाग्य द्वारा निर्धारित होता है। *प्राचीन काल मे यह धारणा ग्राम थी कि मनुष्य ग्रौर देवता दोना ही* भाग्य के ग्रधीन ह। दशनशास्त्र के इतिहास मे भाग्यवाद की भिन्न भिन्न व्याख्याए की गई हैं ग्रौर हर व्याख्या इस बात पर निभर करती थी कि इच्छा की स्वतत्रता के सवाल पर क्या धारणा ग्रपनाई गई है। कुछ लोगो ने मानव को भगवान या प्रकृति के हाथो की कठपुतली माना, जो पूव निर्धारित घटनाक्रम मे कोई हेर-फेर नही कर सकता। धामिक भाग्यवाद (इसलाम, सत ग्रगस्तीन, लूथर, कालविन, इत्यादि) ने यह स्वीकार किया कि कुछ सीमाग्रा के भीतर मानव को इच्छा की ग्राज़ादी प्राप्त है। परन्तु ये सिद्धान्त भगवान के "ग्रच्छे" इरादे तथा मानव के "बुरे" इरादो मे कोई तालमेल नही कायम कर सके। ऐतिहासिक दृष्टि से भाग्यवाद ने प्रतिक्रियावादी भूमिका ग्रदा की है। एक ग्रोर मानव के जीवनक्रम के पूवनिधारित होने की धारणा से ग्रकमण्यता तथा स्थितियो के ग्रागे चुपचाप सिर झुका देने की भावना पदा होती है ग्रौर दूसरी ग्रोर यह विश्वास कि ईश्वर सवशक्तिमान है तथा उसके "प्रिय पात्रो" की विजय ग्रौर प्रभुता ग्रवश्यभावी है, धामिक कट्टरता ग्रौर दुराग्रह को जम देता है।

भाववाद (Idealism) एक दाशनिक प्रवृत्ति है, जो भौतिकवाद की कट्टर विरोधी है ग्रौर यह मानकर चलती है कि ग्रध्यात्मिक तथा ग्रभौतिक

तत्व—आत्मा—मूल है तथा भूत गौण है। भाववाद के कुछ मतावलबियो के अनुसार भूत भी आत्मा की उपज है। इस प्रकार काल और स्थान म विश्व की परिमिति तथा भगवान द्वारा उसकी सप्टि के प्रश्न पर भाववाद धम के बहुत निकट जा पहुचा है।

भाववाद की दो मुख्य धाराए—आत्मनिष्ठ भाववाद तथा वस्तुनिष्ठ भाववाद ह। आत्मनिष्ठ भाववाद के अनुसार विश्व के अस्तित्व की कल्पना मानव क सवेदनात्मक धम तथा सवेदन के साधन से अलग करके की ही नहीं जा सकती। इसके क्लासीकी प्रतिनिधियो म बकले प्रसिद्ध हैं। वतमान काल म प्रागमातिज्म (उपयोगवाद) तथा एक्जिस्टेन-शलिज्म (अस्तित्ववाद) इसी के भिन्न रूप है।

वस्तुनिष्ठ भाववाद विश्व के अस्तित्व को परमात्मा के अधीन स्वीकार करता है, अत उसे अलग अलग व्यक्तियो की चेतना से स्वतन्त्र मानता है। विश्व क अधिकाश धर्मावलबियो का यही मत है।

भौतिकवाद क विपरीत भाववाद रूढिवादी तथा प्रतिक्रियावादी वर्गों और श्रेणियो का विश्वदृष्टिकोण रहा है, जिनका हित न तो अस्तित्व के सही प्रतिबिम्बन म होता है, और न उत्पादन शक्तियो के विकास और सामाजिक सबधो के बुनियादी पुनर्निर्माण म।

पूजीवाद की साम्राज्यवादी अवस्था म एक ओर भाववाद के विभिन्न अतविरोधी मतो का विकास हुआ है, जिसका कारण पूजीवादी चेतना का विगठन तथा साम्राज्यवाद की राजनीतिक शक्तियो से भाववादी दशन को "मुक्त" करने की इच्छा है, और दूसरी ओर, इसक विपरीत, समान कम्युनिस्ट विरोध के आधार पर समकालीन भाववाद की विभिन्न धाराए निकट आयी।

भूत (Matter) एक दाशनिक प्रवग के रूप म इससे वस्तुनिष्ठ यथाथ का सकेत मिलता है, जिसका अस्तित्व चेतना से स्वतत्र है, मगर जो चेतना म प्रतिबिंबित होता है। विज्ञान की प्रगति के साथ भूत के सबध म हमारी धारणा भी बदलती और विकसित होती रही है। अत आज यह कहा जा सकता है कि भूत परिघटनाओ, वस्तुओ एव व्यवस्थाओ की अनत बहुलता है। वह गति के सभी विभिन्न गुणो, सबधो, परस्पर क्रियाओ एव रूपो का आधोस्तर है। भूत का अस्तित्व सरचनात्मक

सगठन के ठोस रूपा की अनत विविधता म होता है। प्रत्येक रूप क विभिन्न गुण, परस्पर क्रियाए तथा सरचना की अपनी जटिलता होती है और हर रूप एक अधिक सामाय व्यवस्था का तत्व होता है। अत इसके ठोस रूपा से अलग किसी "प्राथमिक" वस्तु के रूप म भूत की तलाश व्यथ है। भूत की अभिव्यक्ति इसके विविध गुणा तथा परस्पर क्रियाग्रा के माध्यम से होती है और इ्ही को जानना भूत को जान लेना है। भूत की सरचना जितनी जटिल होगी उतने ही उसके परस्पर सवध और गुण अधिक विविधतापूण तथा अन्तरित होगे। अपनी जटिलता के उच्चतम स्तर पर, जहा चेतन प्राणिया का प्रादुर्भाव होता है, भूत मे कुछ नये गुणो जैसे चेतना की उत्पत्ति होती है, मगर ये इतने असाधारण प्रतीत होते हैं कि भूत से उनका कोई सवध ही नही जान पडता। चेतना और भूत के सवध को ही न समझ पाने के कारण भाववादी अथवा द्वैतवादी धारणाग्रा का ज म हुआ। एक ने चेतना को मूल तथा भूत को किसी न किसी प्रकार से उसकी उपज वताया, और दूसरी ने दोना को समानान्तर धाराए माना। द्वद्वात्मक भौतिकवाद की दृष्टि से भूत और चेतना का विरोध आपेक्षिक तथा सीमित है।

भूत की एकमात्र यही विशेपता नही कि उसका वस्तुनिष्ठ अस्तित्व है और वह मानव चेतना से स्वतत्व है। उसकी विशपता यह भी है कि गति, काल तथा स्थान के विना उसका अस्तित्व नही हो सकता। उसमे आत्मविकास की क्षमता होती है तथा वह अपने अस्तित्व के हर स्तर पर परिमाणात्मक और गुणात्मक दोना दष्टियो से अनत होता है।

भोडा भौतिकवाद (Vulgar Materialism) १६वी सदी के मध्य की वह धारणा थी, जो भौतिक्वाद के मूल सिद्धाता को अति सरलित रूप मे पेश करती थी।

प्राकृतिक विज्ञाना के विकास के कारण यूरोप मे जब धामिक विश्वासो और भाववादी धारणाग्रो की एक एक इट खिसकने लगी तो इससे प्रभावित होकर कुछ लोग सिरे से दशनशास्त्र तथा दाशनिक सामान्यीकरण की आवश्यक्ता से ही इनकार कर बठे। उनके नजदीक ससार की समस्त परिघटनाग्रा का बोध करने तथा तमाम दाशनिक

समस्याओ का समाधान करने के लिये अलग अलग प्राकृतिक विज्ञानो द्वारा शोधकार्य और छानबीन काफी थी।

यह एक यात्रिक धारणा थी जिसमे भूत के विकास के नये स्तरो पर नये गुणो की उत्पत्ति की कल्पना नही है। इस धारणा के समर्थक मानव चेतना और भूतद्रव्य को एक मानते थे, यानी यह समझते थे कि मनुष्य के मस्तिष्क से एक प्रकार का रस निकलता है और वही चेतना है। अत उनके अनुसार मानव मन की समस्त क्रियाओ का रहस्य शारीरिक प्रक्रियाओ म ढूढना चाहिये। यह बात कि चेतना मानव समाज के अस्तित्व और विकास की उपज है, उनकी समझ से बाहर थी।

भौतिकवाद (Materialism) एक वैज्ञानिक दार्शनिक मत है जिसके अनुसार भूत, भौतिक और मानस, चेतना गौण है।

भौतिकवाद की दृष्टि से जगत सनातन है, किसी भगवान ने इसकी सृष्टि नही की और वह काल तथा स्थान मे अपरिमित है। चेतना भूत की उपज, वस्तुनिष्ठ जगत का प्रतिबिब है। इसका अर्थ यह है कि विश्व ज्ञानयोग्य है। दर्शनशास्त्र के इतिहास मे भौतिकवाद हमेशा समाज के प्रगतिशील वर्गों और श्रेणियो की विचारधारा रहा है, जो विश्व का सही ज्ञान प्राप्त करना तथा प्रकृति पर मनुष्य का अधिकार जमाना या बढाना चाहते थे। भौतिकवादी सिद्धातो की उत्पत्ति दर्शनशास्त्र के उदय के साथ खगोलविज्ञान, गणितशास्त्र तथा अन्य क्षेत्रो म वैज्ञानिक ज्ञान के विकास के फलस्वरूप प्राचीन भारत, चीन तथा यूनान के दास प्रथावाले समाजो मे हुई। प्राचीन भारत मे लोकायत, चीन मे लाओ त्सू और यूनान म हेरैक्लिटस, एपिक्यूरस आदि भौतिकवाद के सस्थापको म उल्लेखनीय हैं।

प्राचीन काल से आधुनिक युग तक प्राकृतिक विज्ञान की प्रगति तथा सामाजिक विकास के साथ भौतिकवाद का विकास विभिन्न अवस्थाओ से होता रहा। मार्क्स और एगेल्स द्वारा निरूपित और लेनिन द्वारा विकसित द्वद्वात्मक भौतिकवाद मे वह अपने विकास की चरम सीमा पर पहुच गया।

मार्क्स और एगेल्स ने पुराने, अपने से पहले के भौतिकवाद के ये दोष बताये थे १) वह प्रधानत यात्रिक था और प्राकृतिक विज्ञानो,

जीवशास्त्र ग्रादि के नवीनतम विकास की ग्रोर उसने ध्यान नही दिया था। मार्क्स ग्रौर एगेल्स के बाद लेनिन ने वैज्ञानिक भौतिकवाद के विवेचन मे बीसवी सदी मे भौतिकी की नवीनतम उपलब्धिया का भी ग्रपने सामान्यीकरण का ग्राधार बनाया है, २) वह ग्रनतिहासिक ग्रौर ग्रद्वद्वात्मक था ग्रौर सभी क्षेत्रा मे सगत रूप से विकास के दृष्टिकोण का ग्रनुसरण नही करता था, ३) वह "मनुष्य का सार" भाववाचक रूप मे समझता था, उसे सभी सामाजिक सबधा के समन्वय के रूप मे नही देखता था—ग्रौर इस प्रकार वह ससार की "व्याख्या करता था" जब कि प्रश्न उसे "बदलने" का था, ग्रर्थात "क्रातिकारी व्यावहारिक कारवाई" का महत्व उसने नही समझा था।

सकल्पवाद (Voluntarism) दशनशास्त्र की एक भाववादी प्रवत्ति, जिसके ग्रनुसार विश्व का प्राथमिक ग्राधार सकल्प है। यह प्रवृत्ति सकल्प को प्रकृति ग्रौर समाज के वस्तुनिष्ठ नियमो के विरुद्ध पेश करती तथा वातावरण पर मानव सकल्प की निभरता से इनकार करती है। सकल्पवाद के दो रूप ह—वस्तुनिष्ठ भाववादी (शोपनहावर) ग्रौर ग्रात्मनिष्ठ भाववादी (निटशे)। ग्रात्मनिष्ठ सकल्पवाद फासिज्म की विचारधारा का एक स्रोत तथा उसकी एक विशेपता है। रूस म सकल्पवाद नरोदनिको म बहुत प्रचलित था जो इतिहास के वस्तुनिष्ठ नियमा के बजाय "ग्रकेले सूरमाग्रा" की सरगर्मी पर ग्रधिक जोर देत थे। मार्क्सवाद-लेनिनवाद सकल्पवाद को ग्रस्वीकार करता है। उसके ग्रनुसार सकल्प की स्वतत्रता सापेक्ष है। वह मानव सकल्प को प्रकृति ग्रौर समाज के विकास के वस्तुनिष्ठ नियमा की उपज मानता है।

सापेक्षवाद (Relativism) मानव सज्ञान का एक भाववादी सिद्धात है, जो मनुष्य द्वारा वस्तुनिष्ठ ज्ञान प्राप्ति की सम्भावना को ग्रस्वीकार करता है। ग्रत यह धारणा ग्रज्ञेयवाद तथा सशयवाद से बहुत निकट है। द्वद्वात्मक भौतिकवाद सज्ञान की सापेक्षता को केवल इस ग्रथ म स्वीकार करता है कि मनुष्य का ज्ञान इतिहास की हर मजिल पर सीमित होता है ग्रौर इसकी यह सीमा उत्पादक शक्तिया ग्रौर विज्ञान के विकास द्वारा निर्धारित होती है। मगर इस सीमा के भीतर द्वद्वात्मक भौतिकवाद मानव ज्ञान की वस्तुनिष्ठ सत्यता को स्वीकार करता है।

पाठका से

प्रगति प्रकाशन इस पुस्तक की विपय-वस्तु, अनुवाद और डिजाइन के बारे म आपके विचार जानकर अनुगहीत होगा। आपके अन्य सुझाव प्राप्त करके भी हम वडी प्रसन्नता होगी। कृपया हम इस पते पर लिखिये

प्रगति प्रकाशन,
जूबोव्स्की बुलवार, २१
मास्को, सोवियत सघ।